दैनिक अयोध्या टाइम्स

RNI NO.: UPHIN/2015/67284

समस्या आपकी-आवाज हमारी

Email:dainikayodhyatimes@gmail.com

www.dainikayodhyatimes.in/.page

वर्ष : 8 अंक : 143 पब्लिकेशन स्थानः कानपुर नगर पृष्ठ : 08, मूल्य : 2 रुपये, शनिवार 23 जुलाई 2022 (डाक पंजीयन संख्याः 272/2021–23)

संक्षिप्त समाचार

अजय देवगन और सूर्या को बेस्ट एक्टर का अवार्ड, बेस्ट एक्ट्रेस बनीं अपर्णा बालमुरली

मुंबई।नेशनल फिल्म अवार्ड 2022 के विजेताओं के नामों का ऐलान हो चुका है। हिंदी फिल्म अभिनेता अजय देवगन को उनके फिल्में तानाजीरू द अनसंग वॉरियर और साउथ के सुपरस्टार सूर्या को उनके फिल्म सोरारई पोट्टु के लिए बेस्ट एक्टर का खिताब मिला है। बेस्ट एक्ट्रेस का खिताब अपर्णा बलमुरली को सोरारई पोट्टु के लिए गया है। सूर्या और अपर्णा की फिल्म सोरारई पोट्टु को ही बेस्ट फीचर फिल्म का

अवार्ड भी दिया गया है। आपको बता दें कि यह फिल्म साल की सबसे बड़ी फिल्म है। बेस्ट गीतकार का पुरस्कार मनोज मुंतशिर को फिल्म सायना के लिए मिला है। वहीं, अजय देवगन की फिल्म तानाजीरू द अनसंग वॉरियर को बेस्ट पॉपुलर फिल्म प्रोवाइड इन होल्सम एंटरटेनमेंट का अवार्ड दिया गया है। इस बार बेस्ट म्यूजिक का खिताब विशाल भारद्वाज को दिया गया है। विशाल भारद्वाज को फिल्म 1232 किलोमीटर– मरेंगे तो वही जाकर के लिए बेस्ट म्यूजिक डायरेक्टर का अवॉर्ड मिला है। वहीं,मध्यप्रदेश के खाते में भी एक किताब गया है। सच्चिदानंदन केआर ने मरणोपरांत मलयालम फिल्म एके अय्यप्पनम कोशियुम के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार जीता है। सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म का पुरस्कार टूलिडास जूनियर को गया है। मध्यप्रदेश को बेस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट का नेशनल अवार्ड दिया गया है। आपको बता दें कि फिल्ममेकर विपुल शाह इस साल के 68 में नेशनल फिल्म अवार्ड की 10 मेंबर्स की जोड़ी को लीड कर रहे थे। इसमें प्रियदर्शन मिस्टर जीपी विजय कुमार और अमित शर्मा को भी शामिल किया गया था।

रेल किराये में बुजुर्गों को छूट देने के लिए सरकार के पास 1500 करोड़ रुपये नहीं:राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रेल किराये में वरिष्ठ नागरिकों को छूट नहीं दिए

जाने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि सरकार के पास 8400 करोड़ रुपये का हवाई जहाज खरीदने के लिए पैसे हैं, लेकिन रेल किराये में बुजुर्गों को रियायत देने के लिए 1500 करोड़ रुपये नहीं हैं। उन्होंने ट्वीट किया, ''विज्ञापनों का खर्च 911 करोड़ रुपये, नया हवाई जहाजरू 8,400 करोड़ रुपये, पूंजीपति मित्रों के टैक्स में छूटरू 1,45,000 करोड़ रुपये प्रति वर्ष, लेकिन सरकार के पास बुजुर्गों को रेल टिकट में छूट देने के लिए 1500 करोड़ रुपये नहीं हैं।'' राहुल गांधी ने आरोप लगाया, ''मित्रों के लिए तारे तक तोड़ कर लाएंगे, मगर जनता को कौड़ी–कौड़ी के लिए तरसाएंगे।''

नीरव मोदी पर ईडी की बड़ी कार्रवाई, कुर्क की गई 250 करोड़ रुपये की संपत्ति

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत भगोड़े जौहरी नीरव मोदी की 253.62 करोड़ रुपये की संपत्ति, आभूषण और बैंक बैलेंस कुर्क किया है। नीरव मोदी समूह की कंपनियों के खिलाफ धारा 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति की डिलीवरी के लिए प्रेरित करना), 467 (मूल्यवान सुरक्षा की जालसाजी), 471 (फर्जी दस्तावेज के रूप में उपयोग करना), 120–बी के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर कार्रवाई की गई। नीरव मोदी वर्तमान में यूके की जेल में बंद है और पंजाब नेशनल बैंक धोखाधड़ी मामले में भारत के लिए अपनी प्रत्यर्पण याचिका लगाई है। पीएनबी धोखाधड़ी मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा और पीएनबी घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग के लिए ईडी द्वारा जांच की जा रही है। ब्रिटेन की एक अदालत ने 25 फरवरी को कहा कि नीरव मोदी को धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का सामना करने के लिए भारत में प्रत्यर्पित किया जा सकता है। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि नीरव मोदी को भारत प्रत्यर्पित किए जाने पर निष्पक्ष सुनवाई नहीं होगी।

सभी को जल की एक-एक बूंद की कीमत समझना होगा : योगी आदित्यनाथ

राम कृपाल सिंह

नेशनल ब्यूरोचीफ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को प्रदेशवासियों से आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग किये जाने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी को जल की एक–एक बूंद की कीमत समझना होगा। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां लोक भवन के सभागार में 'भूजल सप्ताह–2022 के राज्य स्तरीय समापन समारोह' को संबोधित करते हुए कहा कि सभी को जल की एक–एक बूंद की कीमत को समझना होगा तथा पुराने सरोवर, तालाबों तथा कुओं को फिर से पुनर्जीवित करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल है तो जीवन है, जल और जीवन के इस सम्बन्ध को सभी जानते हैं, लेकिन इसके उचित प्रबंधन के बारे में जो प्रयास होना चाहिए, उसमें व्यक्ति चूक जाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश में नदियों में गंदगी न डालने के लिए लोग प्रोत्साहित करते थे, नदियों को पवित्र भाव से देखा

जाता था और उसे मां जैसा दर्जा प्रदान किया गया।

सरकार के प्रयासों की चर्चा करते हुए उन्होंने दावा किया कि विगत पांच वर्षों के दौरान प्रदेश में 60 से अधिक नदियों को पुनर्जीवित किया गया है।

योगी ने बिना नाम लिए पूर्ववर्ती सरकारों को निशाना बनाते हुए कहा कि ये नदियां कभी उस क्षेत्र विशेष में कृषि उत्पादन की रीढ़ रही होंगी, लेकिन लापरवाही के कारण वे लुप्तप्राय सी हो गयी थीं।

उन्होंने कहा कि जन सहभागिता के माध्यम से ग्राम्य विकास और अन्य विभागों ने जल शक्ति विभाग के साथ मिलकर इनके पुनर्जीवन के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया और आज ये नदियां पुनर्जीवित हुई हैं। योगी ने कहा कि भारतीय मनीषा इस बात को जानती है कि जल के बगैर जीव–जन्तु और सृष्टि की कल्पना नहीं की जा सकती। उल्लेखनीय है कि भूजल सप्ताह का आयोजन प्रदेश के सभी जिलों में 16 से 22 जुलाई के बीच किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं व व्यक्तियों को सम्मानित किया।

योगी ने कहा कि जिस तेजी के साथ आबादी बढ़ी और औद्योगीकरण हुआ, उसके फलस्वरूप भूगर्भीय जल का दोहन भी बढ़ा, लेकिन उस अनुपात में भूगर्भीय जल के संरक्षण और संवर्धन के लिए जो कदम उठाये जाने चाहिए थे उनमें बीच के कालखण्ड में लापरवाही बरती गयी जिसका व्यापक असर प्रदेश के भूजल स्तर पर पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनेक विकास खण्ड अतिदोहित की श्रेणी में आकर डार्क जोन की श्रेणी में चले गये थे। आज उन्हें धीरे–धीरे सामान्य स्थिति में लाने की कार्यवाही की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने भूजल एटलस का विमोचन भी किया। भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए उत्तर प्रदेश को दिया गया सम्मान चिन्ह को मुख्यमंत्री को सौंपा गया।

आत्मविश्वास-कठिन परिश्रम से परीक्षा और जीवन में मिलेगी सफलता: धर्मेंद्र प्रधान

राम कृपाल सिंह

नेशनल ब्यूरोचीफ

नयी दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम के बाद छात्रों को बधाई दी। मंत्री ने कहा कि आत्मविश्वास, कठिन परिश्रम और दृढ़ता उन्हें परीक्षा और जीवन, दोनों में ही सफलता प्राप्त करने में मददगार साबित होंगे। प्रधान ने अपने स्कूली दिनों को याद किया और कहा कि वह एक औसत छात्र थे। शिक्षा मंत्री ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, ''दुनिया ऐसे लोगों के उदाहरणों से भरी पड़ी है, जिन्होंने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन जीवन में बहुत अच्छा किया। मैं अपने आप को एक औसत छात्र के रूप में याद करता हूं जिसने परीक्षा में बहुत अधिक अंक प्राप्त नहीं किये। जीवन में अकल्पनीय चीजें सामने आती हैं,

अगर हम इसे अपनाने और कड़ी मेहनत करने के लिए तैयार हैं।''

प्रधान ने कहा कि मेरे युवा मित्रों को यह भी याद रखना चाहिए कि केवल परीक्षाएं ही आपकी सफलता को मापने का पैमाने नहीं हैं। जो भी छात्र अपने परीक्षा परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, उनके पास जीतने के लिए पूरी दुनिया है। कड़ी मेहनत करें, चमत्कार करें। मंत्री ने कहा कि यह भी खुशी की बात है कि लड़कों के मुकाबले लड़कियां लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं जो समाज में एक सकारात्मक बदलाव का संकेत है। प्रधान ने कहा, '' सीबीएसई परीक्षाओं में सफल होने वाले मेरे युवा मित्रों को बधाई। भारत के अगली पीढ़ी के नेतृत्वकर्ताओं को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। अपनी अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले सभी युवा मित्रों से, मैं उनसे अपना सर्वश्रेष्ठ देने का आग्रह करता हूं। आत्मविश्वास, कठिन परिश्रम और दृढ़ता, परीक्षा और जीवन दोनों में ही सफलता प्राप्त करने में मददगार साबित होंगे।''

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शुक्रवार को 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिसमें लड़कियों ने लड़कों से बाजी मारी। हालांकि, पिछले साल के 99.37 प्रतिशत के मुकाबले इस साल 92.71 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। (सीबीएसई) ने शुक्रवार को 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए, जिसमें लड़कियों ने लड़कों के मुकाबले 1.41 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है। सीबीएसई की 10वीं कक्षा की परीक्षा में 94.40 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। यह पहली बार है, जब सीबीएसई ने 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम एक ही दिन घोषित किए हैं।

महंगाई भत्ते में की तीन फीसदी की बढ़ोतरी, योगी सरकार का राज्य कर्मचारियों को बड़ा तोहफा

लखनऊ। उत्तरप्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है. राज्य सरकार ने राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में 3ः की वृद्धि की है. मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट कर के इसकी जानकारी दी है. राज्य कर्मचारियों के व्यापक हित का ध्यान रखते हुए साएम योगी आदित्यनाथ ने दिनांक 1 जनवरी 2022 से महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की दर 31प्र. के स्थान पर 34प्र. करने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्विटर पर लिखा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य कर्मचारियों के व्यापक हित का ध्यान रखते हुए दिनांक 1 जनवरी 2022 से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत की दर 31 प्र. के स्थान पर 34प्र. करने का निर्णय लिया है। आगे लिखा गया कि यूपी सरकार अपने कार्मिकों को परिवार का हिस्सा मानती है. इसी प्रकार का भाव कर्मचारियों को आम जनता के प्रति रखना चाहिए, जिससे आम जनमानस को शासन की सुविधाओं का पूरा लाभ प्राप्त हो सके। बता दें कि इससे पहले केंद्र सरकार ने 1 जनवरी, 2022 से सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) में 3प्र. की बढ़ोतरी को मंजूरी दी थी. इससे पहले अक्टूबर 2021 में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के डीए को 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 31 प्रतिशत करने का फैसला किया था।

महाराष्ट्र में संभावित कैबिनेट विस्तार से पहले मंत्री पद के लिए 90 करोड़ की डिमांड, 18 करोड़ एडवांस, क्राइम ब्रांच ने 4 आरोपियों को पकड़ा

मुंबई। क्राइम ब्रांच ने महाराष्ट्र में विधायकों को मंत्री पद की पेशकश के लिए कथित तौर पर 100 करोड़ रुपये की मांग करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया। महाराष्ट्र में संभावित कैबिनेट विस्तार से पहले आया है। हालांकि विस्तार की अंतिम तारीख अभी नहीं आई है। भाजपा के अंदरूनी सूत्रों ने कहा कि कैबिनेट विस्तार पार्टी के एजेंडे में प्राथमिक रूप से हैऔर जुलाई के चौथे सप्ताह में इसकी संभावना है। मुंबई क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने आज सुबह एएनआई को बताया कि राजनीतिक स्थिति का फायदा उठाने के लिए, चार आरोपियों ने कैबिनेट में मंत्री पद की पेशकश के नाम पर तीन विधायकों को धोखा देने की कोशिश की।

आरोपियों की पहचान रियाज शेख (41), योगेश कुलकर्णी (57), सागर सांगवई (37) और जफर अहमद उस्मानी के रूप में हुई है। आरोपी रियाज शेख ने अपने निजी सहायक के जरिए विधायक राहुल कुल से संपर्क करने की कोशिश की। अगले दिन निजी सहायक ने विधायक कुल से बात की, जिसके बाद उन्होंने शेख को नरीमन पॉइंट के एक होटल में मिलने के लिए बुलाया। विधायक कुल ने एक पोर्टफोलियो की बात की, जिस पर आरोपित शेख ने कहा कि इसके लिए आपको 90 करोड़ देने होंगे।

विधायक ने इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। शेख ने राशि का 20 प्रतिशत 18 करोड़ रुपये अग्रिम रूप से मांगे। कुल ने शेख को राशि लेने के लिए एक प्रमुख होटल में बुलाया

और मुंबई पुलिस के शीर्ष अधिकारियों को भी सतर्क किया। 18 जुलाई की दोपहर करीब 1.30 बजे जैसे ही शेख होटल पहुंचा, पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

होटल में विधायक कुल, उनके सहायक और एक अन्य भाजपा विधायक होटल में मौजूद थे। पूछताछ के दौरान शेख ने दो और आरोपियों कुलकर्णी और सांगवई की भूमिका के बारे में जानकारी साझा की, जिसके बाद उन्हें भी सोमवार देर रात ठाणे से गिरफ्तार कर लिया गया। कुलकर्णी और सांगवई ने बताया कि उस्मानी नाम के शख्स ने दावा किया था कि वह दिल्ली में किसी ऐसे व्यक्ति को जानता है जो इस मामले में भी शामिल है।

कंगना से लेकर रश्मिका तक कई सेलेब्स ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दी बधाई

राम कृपाल सिंह

नेशनल ब्यूरोचीफ

नई दिल्ली। गुरुवार को देश में हुए राष्ट्रपति चुनाव 2022 के

नतीजों का एलान किया गया. जिसके तहत एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू के नाम पर बतौर राष्ट्रपति की मुहर लगी है. द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने के बाद सोशल मीडिया पर महामहिम को ढेर सारी बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है. इसमें बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस कंगना रनौत और साउथ सिनेमा की सुपरस्टार रश्मिका मंदाना सहित कई सेलेब्स शामिल हैं।

बताते चलें कि द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति के चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को भारी मतों के अंतराल से हराया है. इस बीच बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस कंगना रनौत ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी में द्रौपदी मुर्मू के लिए खास मैसेज लिखा है. कंगना ने कहा है कि श्भारत की 15वीं राष्ट्रपति बनने पर द्रौपदी मुर्मू को बधाईंया. देश की पहली आदिवासी और दूसरी बतौर महिला राष्ट्रपति चुने जाने पर आपको बेस्ट विशेस। कंगना रनौत के अलावा अन्य हस्तियों ने भी द्रौपदी मुर्मू को बधाईयां दी हैं।

द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनने के मौके पर सोशल मीडिया पर तमाम सेलेब्स अपने रिएक्शन दे रहे हैं. कंगना रनौत के बाद बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान ने भी इंस्टाग्राम के जरिए द्रौपदी मुर्मू को बेस्ट विशेस दी हैं. इतना ही नहीं साउथ सिनेमा की दिग्गज कलाकार रश्मिका मंदाना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी के जरिए लिखा है कि श्द्रौपदी मुर्मू आपका धन्यवाद, आप लाखों महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी हैं कि कैसे अपने सपने को पूरा किया जाता है।

तेजस्वी यादव ने द्रौपदी मुर्मू के बारे में कहा था कि ''हम राष्ट्रपति भवन में मूर्ति नहीं चाहते'' के बयान पर बोले अनुराग ठाकुर कुछ लोग नीचे गिर जाते हैं

नई दिल्ली। राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू जीत हासिल कर चुकी हैं। उन्हों ने विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को हराया है। द्रौपदी मुर्मू को 64 फीसदी वोट मिले। द्रौपदी मुर्मू भारत की दूसरी महिला और पहली आदिवासी राष्ट्रपति होंगी। उन्हें हर तरफ से बधाई संदेश मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी द्रौपदी मुर्मू को उनके जीत पर बधाई दी है। इसके साथ ही राजद नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बयान पर भी

अनुराग ठाकुर ने पलटवार किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति में कुछ लोग इतना नीचे गिर जाते हैं कि राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार पर टिप्पणी करने से पहले सोचते नहीं हैं। अब उपराष्ट्रपति पद का चुनाव आया है, इसमें वे सहयोग करें।

इसके साथ ही अनुराग ठादुर ने कहा कि एक आदिवासी महिला को सर्वोच्च पद पर आने का अवसर मिला इससे बड़ा सौभाग्य आजादी के 75वें वर्ष पर क्या होगा। उन्हें न केवल छक। बल्कि छक। से बढ़कर रिकॉर्ड वोट मिले। मैं सभी वोटर्स का भी आभार प्रकट करता हूं। आपको बता दें कि राष्ट्रपति चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने द्रौपदी मुर्मू के बारे में कहा था कि ''हम राष्ट्रपति भवन में मूर्ति नहीं चाहते। किसी ने कभी उन्हें (मुर्मू) कुछ बोलते सुना है? उन्होंने अपने नाम की घोषणा होने के बाद एक भी पत्रकार वार्ता को संबोधित किया है? हम सभी ने कम से कम यशवंत सिन्हा के बारे में सुना है और जानते हैं कि उनका क्या रुख है।'' भाजपा ने तेजस्वी के बयान पर उस समय भी आपत्ति जताई थी। तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने तेजस्वी की मां और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का उदाहरण दिया। उन्होंने 1990 के दशक के अंत में चारा घोटाले में नाम आने पर लालू प्रसाद के मुख्यमंत्री पद छोड़ने और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के अचानक राजनीति में प्रवेश करने का जिक्र करते हुए कहा, ''तेजस्वी यादव ने अपने परिवार में ही देखा है कि किस तरह एक अशिक्षित गृहिणी को पार्टी में अनेक अनुभवी नेताओं की अनदेखी कर सर्वोच्च पद पर बैठा दिया गया।'' जायसवाल ने कहा कि मुर्मू अपने दम पर यहां तक पहुंची हैं और ओडिशा विधानसभा की सदस्य के रूप में खुद को साबित कर चुकी हैं, जिन्हें एक बार सर्वश्रेष्ठ विधायक का खिताब भी मिल चुका है।

बुलंदशहर की बेटी तान्या सिंह ने किया टॉप, हासिल किए 500 में से 500 अंक

बुलंदशहर। 12सीबीएसई ने शुक्रवार को 12वीं के रिजल्ट घोषित कर दिए. इस बार सीबीएसई की 12वीं की परीक्षा में कुल 92.71 फीसदी छात्र–छात्राओं ने पास किया है. वहीं बुलंदशहर के डीपीएस की तान्या सिंह ने 12वीं की परीक्षा में इस बार टॉप किया. डीपीएस में पढ़ी तान्या सिंह ने 500 में से 500 अंक हासिल किए हैं. ऐसे में देखा जाए तो उन्होंने परीक्षा में 100 फीसदी अंक हासिल किए हैं। बुलंदशहर की तान्या सिंह के टॉप करने पर घर काफी खुश नजर आए. वहीं तान्या सिंह अपने टॉप करने का श्रेय स्कूल के शिक्षकों को दिया है. उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कड़ी मेहनत से ही मुझे ये कामयाबी मिल पाई है. वहीं तान्या सिंह से अपने आगे की पढ़ाई और भविष्य के सपने को लेकर कहा कि वे आईएएस बनना चाहती हैं।

संक्षिप्त समाचार

उन्नतिशील सब्जी की फसल एवं पुष्प प्रजाति के अनुदान प्राप्त करने हेतु अपना आवेदन पत्र के माध्यम से सीधे आनलाइन करायें

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में उन्नतिशील सब्जी की फसल एवं पुष्प प्रजाति के अनुदान प्राप्त करने हेतु अपना आवेदन पत्र के माध्यम से सीधे ऑनलाइन कराते हुये राज्य सेक्टर योजना अनुसूचित जाति औद्यानिक विकास कार्यक्रम में वर्ष 2022–23 में शाकभाजी कार्यक्रम में कद्दू वर्गीय लौकी कार्यक्रम 06 हे0. संकर टमाटर–100 हे0, संकर मिर्च 2.0 हे०, आई0पी0एम0–05 हे0, संकर शिमला मिर्च– 02 हे0, खरीफ प्याज –05 हे0. गेंदा कार्यक्रम – 1.0 हे0, मौन वंश एवं मौन गृह संख्या–100 कृषकों को 75 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत अनुदान पर कृषकों को फसल उत्पादन पर देय है। कृषक अपना आवेदन ऑनलाइन कराने के पश्चात ऑफलाइन आवेदन के साथ खतौनी, बैंक पास बुक, आधार कार्ड, दो फोटो इत्यादि की छाया प्रतियाँ कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, कानपुर देहात (विकास भवन, माती) में उपलब्ध कराएंगे एवं प्रथम आवक–प्रथम पावक के सिद्धान्त पर डी०बी०टी० प्रक्रिया से कृषकों का चयन किया जायेगा। इच्छुक कृषक दिनाक 30 जुलाई 2022 तक अपना आवेदन उद्यान विभाग की बेवसाइट dbt.horticulture.com पर कर सकते हैं।

निर्वाचक नामावली में मतदाताओं की प्रविष्टियों का प्रमाणीकरण 1 अगस्त से प्रारंभ

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी नेहा जैन ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ०प्र० द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में अवगत कराया है कि निर्वाचक नामावली में मतदाताओं की प्रविष्टियों का प्रमाणीकरण करने एवं भविष्य में उन्हें बेहतर चुनावी सेवाएं प्रदान करने हेतु स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही दिनॉक 01.08.2022 से प्रारम्भ की जा रही है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं से आधार नम्बर एकत्र किए जाने हेतु आयोग द्वारा निर्धारित फार्म–6बी को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से भरने की सुविधा प्रदान की गयीं हैं। ऑफलाइन माध्यम से मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर सम्बन्धित बी०एल०ओ० द्वारा या सम्बन्धित तहसीलों में प्राप्त किए जाएगें तथा ऑनलाइन फार्म–6बी भरने हेतु सुविधा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित NVSP Portal तथा VHA इत्यादि पर उपलब्ध है। इसी क्रम में उन्होंने जनपद के समस्त कार्यालयाध्यक्षों को अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारी ६ कर्मचारियों को यह निर्देश देने हेतु निर्देशित किया किवह सभी मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र करने के कार्यक्रम को सफलतावूक सम्पन्न कराने हेतु विधानसभा निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित अपने पारिवारिक सदस्यों, पड़ोसी इत्यादि के फार्म–6बी उक्त एप के माध्यम से ऑनलाइन भरकर कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत करें आवेदन

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर कानपुर देहात। भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजनान्तर्गत वर्ष 2022–23 में जनपद कानपुर देहात के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के इच्छुक युवक/युवतियों को उद्योग के लिए 50 लाख एवं सेवा क्षेत्र हेतु 20 लाख तक का ऋण प्राप्त करनें के लिये आवेदन पत्र खादी आयोग की बेबसाइट www.kviconline.gov-in पर आवेदन कर सकते है। साइट पर आवेदन पत्र भरने के उपरान्त निम्नलिखित प्रपत्र भी Upload करना आवश्यक है। वेबसाईट पर अपलोड किये गये आवेदन पत्रों को ही स्कोर कार्ड एवं डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन के आधार पर बैंक शाखाओं को अग्रसारित किये जायेंगे। इस योजना में नई वयवस्था के तहत पोल्टी फार्म, मत्स्य पालन, डेयरी आदि के लिये भी आवेदन कर सकते है। उपरोक्त जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग चन्द्रभान सिंह ने बताया कि अधिक जानकारी हेतु कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, रनियां कानपुर देहात में कार्यालय दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। आधार कार्ड, फोटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, ग्रामीण क्षेत्र का है तो प्रधान का जनसंख्या प्रमाण पत्र, शिक्षा प्रमाण पत्र, यदि किसी आरक्षण वर्ग से हो तो जाति प्रमाण पत्र, रू0 10–00 के स्टाम्प पेपर पर प्रस्तावित कार्य हेतु किसी वित्तीय संस्थान से इसके पूर्व ऋण प्राप्त नही किया है एवं डिफाल्टर न होने विषयक शपथ पत्र, कार्य स्थल निजी होने का प्रमाण अथवा 10 वर्ष की किरायेदारी का अनुबन्ध पत्र, बैंक पासबुक की फोटोकापी जिसमें बैंक शाखा का नाम एकाउण्ट नं0 एवं आईएफएससी कोड का स्पष्ट उल्लेख हो।

शहर का जायजा लेने सड़कों पर स्वयं उतरे पुलिस कप्तान

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज। कन्नौज। नवांगतुक पुलिस अधीक्षक के आदेश के चलते जनपद में विभाग पूरी तरह एक्टिव मोड पर नजर आ रहा है जुमे की नमाज के चलते जाम मस्जिदों के बाहर पुलिस मुस्तैद नजर आई तो वही मुख्य मार्गों के चौराहों पर लगी वाहन चेकिंग के चलते वाहन स्वामियों में अफरा तफरी का माहौल देखने को आया

शहर की व्यवस्थाओं का जायजा लेने स्वयं पुलिस अधीक्षक लाव लश्कर के साथ जनपद में भ्रमण करते लोगों से सीधा संवाद प्रस्तुत करते नजर आए । जुमे की नमाज के चलते ब पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जनपद की पुलिस पूरी तरह एक्टिव मोड पर क्षेत्रों में मुस्तैद नजर आई जनपद के विभिन्न शहरों और कस्बों में चौराहों, तिराहों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाकर बड़ी तादाद में चालान किए गए अगर मकरंद नगरचौराहे पर सब इंस्पेक्टर पारूल चौधरी की अगुवाई में पंद्रह वाहनों का चालान किया गया जिसके चलते वाहन स्वामियों में हड़कंप मचा दिखाई दिया अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने की दिशा में सीसीटीवी कैमरों का जाल बिछाने की हकीकत जानने व जुमे की नमाज के चलते पुलिसकर्मियों की कार्यशैली का जायजा लेने स्वयं पुलिस अधीक्षक अपने काफिले के साथ आम जनमानस और दुकानदारों से सीधा संवाद कर सुरक्षा का भरोसा दिलाते दिखाई दिए स यही वजह है जिस कारण पुलिस अधीक्षक जनपद में चर्चाओं में बने हुए हैं।

धूमधाम से मनाया गया चतुर्थ स्थापना दिवस समारोह

दैनिक अयोध्या टाइम्स सवांद कानपुर। पेस्ट कंट्रोल के क्षेत्र में अग्रणी और राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रही पवन पेस्ट कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा चतुर्थ स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए वर्तमान भाजपा विधायक मा. महेश त्रिवेदी जी ने डायरेक्टर पवन गुप्ता एवं कंपनी के उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर कंपनी के समस्त स्टाफ और समाजसेवी लोगों को सम्मान और प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। संस्थान के निदेशक पवन गुप्ता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने कर्मठ स्टाफ को दिया और बताया कि कंपनी विगत 4 वर्षो से संपूर्ण के सरकारी और निजी संस्थानों में सफलता पूर्वक पेस्ट कंट्रोल के क्षेत्र में काम कर रही है। इस अवसर पर ईश्वर प्रेम आश्रम की संचालिका बहन प्रतिमा प्रेम जी, लाला बंधानी हींग के निदेशक मुकेश गुप्ता, रामनिवास सिंह एडवोकेट एवं समस्त स्टाफ व क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ परिवारी जन भी उपस्थित थे।

आप पार्टी के कार्यकर्ताओं नें बस्ती की सफाई कर कूड़ा उठाकर किया निस्तारण

कानपुर।आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर आप के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष उमेश यादव के नेतृत्व में वार्ड नं 19मिरजापुर नहर के किनारे न्यू बस्ती में कल्याणपुर के राजकुमार। कनौजिया के साथ बस्ती की सफाई कर कूड़ा उठाकर निस्तारण किया और इसी तरह सफाई अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर कार्य क्रम संयोजक राजकुमार कनौजिया ने कहा कि न क्षेतर के लोगों का सहयोग से सेवा करने का अवसर प्रदान किया इस

अवसर पर मुख्य रूप से सवश्री आदित्य कनौजिया,दीपक पाल, धर्मेन्द्र कनौजिया, राहुल पाल, रमेश सिहवानी, विशाल,पिंकू, ब्रजेश बाल्मीकि,आयुष झा, आदि का विशेष सहयोग रहा।

आनलाइन घोषणा पत्र व समिति सदस्यता नहीं प्राप्त करेगे तो आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्ति/सट्टा संचालन वाधित हो सकता है

कानपुर नगर दिनांक 22 जुलाई, 2022 ।

जिला गन्ना अधिकारी, कानपुर नगर ने बताया है कि गन्ना समिति गुटैया घाटमपुर एवं उन्नाव की शक्ति व उपयोगिता बढ़ाने के उद्देश्य से सहकारी गन्ना विकास समिति लि0 उन्नाव एवं गुटैया द्वारा उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा 7 (1) (घ) धार की अपेक्षाओं की पूर्ति न कर पाने, अपने उद्देश्यों की पूर्ति न कर पाने, सुव्यवस्थित कारोबार ना कर पाने, गन्ना समितियों में कर्मचारियों की संख्या नगण्य होने, गन्ना क्षेत्रफल गन्ना आपूर्ति कर्ता कृषकों की संख्या व गन्ना आपूर्ति बहुत कम होने आदि बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए स0ग0वि0 समिति लि0 उन्नाव एवं गुटैया को यथास्थिति में स0ग0वि0 समिति लि0 घाटमपुर में सविलियन किये जाने का आदेश पारित किया जाता है।

उन्होंने बताया कि गन्ना सट्टा एवं आपूर्ति नीति 2022–23 के अनुपालन में ग्राम स्तरीय व्यापक एकीकृत गन्ना सर्वेक्षण प्रदर्शन दिनांक 20 जुलाई, 2022 से 30 अगस्त, 2022 तक चलेगा। सभी गन्ना कृषक बंधुओं से अपील है कि अपने गन्ना सर्वेक्षण एवं सट्टा का मिलान अवश्य कर ले प्रदर्शन के दौरान यदि कोई भिन्नता प्रदर्शित हो तो उसके संशोधन हेतु लिखित प्रार्थना पत्र मय घोषणा पत्र प्रदर्शन कर्मी को उपलब्ध करा दें जिसका मौके पर सत्यापन करने के पश्चात ही नियमानुसार संशोधन किया जा सके। प्रदर्शन अवधि के पश्चात कोई संशोधन/प्रार्थना पत्र ग्राहय किया जाना संभव नहीं होगा। enquiry.caneup.in वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन घोषणा पत्र भरे गये गन्ना कृषक सदस्यता ले सकेंगे। यदि ऑनलाइन घोषणा पत्र व समिति सदस्यता नहीं प्राप्त करेंगे तो आगामी पेराई सत्र में गन्ना आपूर्तिध्सट्टा संचालन वाधित हो सकता है व विगत 05 वर्षों से लगातार गन्ना आपूर्ति न करने वाले गन्ना कृषकों की सदस्यता ए0जी0एम0 की बैठक में समाप्त की जा सकती है।

मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के मामलों के निस्तारण हेतु हुयी बैठक

• राष्ट्रीय लोक अदालत 13 अगस्त को मोटर दुर्घटना प्रतिकर के अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण हेतु दिये निर्देश

संवाददाता अनुज प्रताप सिंह छायाकार राधा ठाकुर

कानपुर देहात 22 जुलाई 2022

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में देवराज प्रसाद सिंह, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, कानपुर देहात के द्वारा प्री लिटिगेशन बैठक आहुत की गयी। प्री–ट्रल बैठक में मोटर दुर्घटना प्रतिकर के वादों से सम्बंधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं व बीमा कम्पनियों के अधिकारियों के साथ सुलह–समझौते के आधार पर वाद निस्तारण की चर्चा की। देवराज प्रसाद सिंह, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं संगीता सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात द्वारा बताया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13.08.2022 को मोटर दुर्घटना प्रतिकर के अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में. अधिवक्तागण संजय प्रताप सचान, दिलीप कुमार सिंह, विकास मिश्र, सुशील कुमार, प्रवीन रोठौर, राम नरेश त्रिवेदी, श्याम सिंह चौहान, शिवम् कुमार, अजीत कुमार द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

मंडलायुक्त/अध्यक्ष कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, सीईओ/नगर आयुक्त, नगर निगम और नोडल अधिकारी, केएससीएल के साथ चुन्नी गंज में चल रहे आधुनिक कन्वेंशन सेंटर के स्थल का किया दौरा

राम कृपाल सिंह नेशनल ब्यूरोचीफ कानपुर।

मंडलायुक्त/अध्यक्ष कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड, सीईओ/नगर आयुक्त, नगर निगम और नोडल अधिकारी, केएससीएल के साथ चुन्नी गंज में चल रहे आधुनिक कन्वेंशन सेंटर के स्थल का दौरा किया। कन्वेंशन सेंटर कानपुर की प्रतिष्ठित परियोजना है, जो कानपुर शहर और क्षेत्र में कला, संस्कृति, व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए "सेंट्रल एक्टिविटी हब" होगा। इस परियोजना की कुल लागत 80 करोड़ है, जिसमें से 67.41 करोड़ का कार्य बहुमंजिला भवन के निर्माण के लिए है जिसमें शामिल हैः–

बैठने की क्षमता अत्याधुनिक सभागार, 16000 वर्ग फुट प्रदर्शनी हॉल, 12000 वर्ग फुट प्रदर्शनी हॉल, 300 बैठने की क्षमता सम्मेलन कक्ष, 3 संख्या–100 क्षमता बैठक कक्ष, 6 अतिथि कमरे, 2 सुइट अतिथि कमरे, 8000 वर्ग फुट फूड कोर्ट, 68 वाहनों की कवर्ड पार्किंग, 8 व्यावसायिक दुकानें, व्यापार केंद्र रेस्टोरेंट, ईपीसी मॉडल पर विकासकर्ता ने इस प्रोजेक्ट के लिए थीम बेस्ड डिजाइन तैयार किया है। भवन में कमल के फूल की थीम होगी। आयुक्त ने बताया कि कीचड़ मिट्टी में जन्म लेने के बाद कमल सुंदर रूप में खिलता है, और यह डिजाइन के लिए प्रेरणा का एक स्रोत है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इमारत को ख्याति दिलाने के लिए कड़ी मेहनत के साथ तैयार किया गया है। इस परियोजना को शीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था द्वारा साइट पर युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है तथा जमीन की मिट्टी की जांच की जा चुकी है। वर्तमान में इस परियोजना की भौतिक प्रगति 25 प्रतिशत तथा वित्तीय प्रगति 10 प्रतिशत है। इसके साथ ही परियोजना के मुख्य भवन की नींव का काम पूर्ण हो चुका है तथा पूर्व इंजीनियर संरचना का निर्माण कार्य भी 40 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है।

भवन को ग्रीन बिल्डिंग के रूप में डिजाइन किया गया है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) को भवन में शामिल किया गया है। छत पर लगे सोलर पैनल के साथ पूरा भवन एनर्जी एफिशिएंट होगा, जिससे बेसिक लाइटिंग की जाएगी। पूरी सुविधा वातानुकूलित होगी, जिसमें ढाई मंजिला संरचना में सुविधाजनक पारगमन के लिए आठ लिफ्ट और चार एस्केलेटर होंगे। अनुबन्ध के अनुसार इस परियोजना को माह दिसम्बर, 2023 तक पूर्ण किया जाना है।

इस पर आयुक्त ने नगर आयुक्तध्मुख्य कार्यकारी अधिकारी को कार्यदायी संस्था के द्वारा इसे माह जुलाई, 2023 तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए, ताकि जल्द से जल्द इससे आम जनमानस को लाभान्वित किया जा सके। इस परियोजना की एचबीटीयू द्वारा आर्किटेक्चर और स्ट्रक्चर ड्राइंग की जांच नियमित रूप से की ज रही है। इस परियोजना की मासिक प्रगति एवं थर्ड पार्टी गुणवत्ता की जांच हेतु मण्डलायुक्त द्वारा प्रोफेसर–एच0बी0टी0यू0 की अध्यक्षता में गठित संयुक्त निदेशक–उ0प्र0 राज्य सेतु निगम एवं अधिशाषी अभियंता–लो0नि0वि0 की समिति द्वारा पूर्व में दो बार इसकी संयुक्त रूप से समीक्षा कर अपनी संतोषजनक रिपोर्ट स्मार्ट सिटी कार्यालय को प्रेषित की गयी है। आयुक्त ने नगर आयुक्त को इस माह के अन्त तक इसकी पुनः थर्ड पार्टी जांच कराये जाने कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बेहतर रख रखाव और गुणवत्ता पूर्ण संचालन के लिए इस कन्वेन्शन सेंटर को पीपीपी मॉडल पर संचालित किया जाएगा। आयुक्त ने नगर आयुक्त को इस परियोजना हेतु आवश्यक फीनिशिंग आइटम्स को प्राप्त करने के लिए माह अक्टूबर के अन्त तक निविदा आमन्त्रित करने को कहा। मण्डलायुक्त द्वारा भी उक्त परियोजना की नियमित समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण कार्य कार्य प्रगति की समीक्षा की जा रही है।

सूकरों की मृत्यु की सूचना पर प्रभावित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से रक्तसीरम एवं बिसरा के नमूने एकत्र कर परीक्षण हेतु भेजा

कानपुर नगर। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी कानपुर नगर डा0 आर0पी0 मिश्रा ने बताया है कि जनपद के नगरीय क्षेत्र में कुछ सूकरों की मृत्यु की सूचना पर प्रभावित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से रक्त सीरम एवं बिसरा के नमूने एकत्र कर परीक्षण हेतु राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, आनन्द नगर भोपाल, म0प्र0 को भेजे गये थे जिसकी परीक्षण रिपोर्ट दिनांक 21 जुलाई, 2022 को प्राप्त हुई है जिसमें अफ्रीकन स्वाईन फीवर वायरस की पुष्टि हुई है। यह वायरस सूकर प्रजाति को संक्रमित करता है। इससे मनुष्य एवं अन्य पशु प्रजाति में कोई संक्रमण नहीं होता है। इसलिए इस रोग से किसी भी प्रकार से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है, परन्तु फिर भी गोविन्द नगर थाना क्षेत्रान्तर्गत (परम पुरवा, निराला नगर, बाबूपुरवा, खटिकाना, गोविन्द नगर, फजलगंज) सूकर प्रजाति में इस वायरस के प्रसार की रोकथाम हेतु निग्न प्रतिबन्ध कड़ाई के साथ लागू किये जाने के आदेश पारित किये गये है। उन्होंने बताया कि रोग प्रभावित क्षेत्र में सूकरो का आवागमन पूर्णतया प्रतिबन्धित किया जाता है, रोग प्रभावित क्षेत्र में किसी भी प्रकार के सूकर बाजार का आयोजन पूर्णतया प्रतिबन्धित किया जाता है, रोग प्रभावित क्षेत्र में सूकर मांस की बिक्री को पूर्णतया प्रतिबन्धित किया जाता है, रोग प्रभावित क्षेत्र में सूकर तथा सूकरों से निर्मित उत्पादों की बिक्री को पूर्णतया प्रतिबन्धित किया जाता है, प्रभावी क्षेत्र में सघन सफाई. डिस्इन्फैक्शन एवं सेनेटाईजेशन का कार्य स्थानीय निकाय द्वारा युद्ध स्तर पर किया जाये। इस कार्य हेतु पशुचिकित्साधिकारी कानपुर नगर, नोडल अधिकारी होंगे, रोग से पीड़ित सूकरों का उपचार एवं जागरूकता का अभियान युद्ध स्तर पर चलाया जाए, नगरीय क्षेत्र में नगर निगम तथा ग्रामीण क्षेत्र में विकास खण्ड स्तर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि उनके क्षेत्रान्तर्गत सूकर किसी भी दशा में खुले में घूमते हुए न पाये जायें तथा सूकर पालकों द्वारा सूकरों को बाड़ो मे ही संरक्षित रखा जायें, सूकरों के किसी भी प्रकार की अस्वाभाविक मृत्यु की सूचना पशुपालन विभाग, कानपुर नगर के जनपदीय नोडल अधिकारी डा0 अशोक कुमार उप मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी मुख्यालय कानपुर नगर के मोबाईल नम्बर 9412124284 पर अथवा पशुपालन विभाग के जनपदीय कन्ट्रोल रूम नम्बर 0512–2535098, 9415453726 पर तत्काल प्रेषित की जाए। खुले में सूकर घूमते हुए दिखने की स्थिति/साफ–सफाई कीट नाशक दवाओं के छिड़काव आदि में नगर निगम के कन्ट्रोल रूम नम्बर 0512– 2526004, 0512– 2526005 पर तत्काल सूचना प्रेषित करें।

उन्होंने बताया कि पशुपालन विभाग तथा नगर निगम की टीम द्वारा समस्त सूकर पालकों से सम्पर्क कर उक्त रोग पर प्रभावी नियन्त्रण हेतु सूकरबाडों का विसंक्रमण एवं साफ –सफाई हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी के मोबाइल नम्बर 7651904486 पर सम्पर्क किया जा सकता है तथा पीड़ित सूकरों का लगातार उपचार किये जाने हेतु पशु चिकित्सा धिकारी फजलगंज के मोबाईल नम्बर 9457127861 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने समस्त सूकर पालकों से अपील कि है कि वे अपने सूकरों को बाड़ों मे ही संरक्षित रखे, सूकर किसी भी दशा में घूमते हुये न पाये जाये इसके अतिरिक्त सूकर बाड़ों में साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें तथा कोई भी सूकर बीमार होता है तो उसकी सूचना तत्काल पशुपालन विभाग एवं नगर निगम को उपलब्ध करा दें ताकि पीड़ित सूकर का उपचार समय से करते हुये उक्त रोग की रोकथाम की जा सके।

अस्थायी गौशालाओं में जानवरों को हरे चारे के साथ भूंसा, दाना आदि को मिश्रित कर पोषकपूर्ण आहार दिया जाए

कानपुर देहात। अस्थायी गौशालाओं में जानवरों को हरे चारे के साथ भूंसा, दाना आदि को मिश्रित कर पोषकपूर्ण आहार दिया जाए। पशुचिकित्सा अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण कर पशुओं को उचित उपचार मुहैया कराते हुए उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखें। गौशालाओं में नियमित एवं व्यापक साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। सहभागिता बढ़ाते हुए जरूरतमंदों को पशु हस्तांतरित किये जायें। गौशालाओं में निगरानी हेतु विशेष प्रबंध किए जाएं। उक्त निर्देश आज मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय द्वारा जनपद की विभिन्न गौशालाओं की व्यवस्थाओं एवं पशुओं को दी जा रहीं सुविधाओं का जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों व चिकित्सक को दिए।

उन्होंने भूसे की गुणवत्ता को बनाये रखने एवं पशुओं को दिए जाने वाले हरे चारे के रूप में नेपियर घास का प्रयोग किये जाने के संबंध में जानकारी करने के साथ ही चारे के साथ साथ पशुओं को दिए जाने वाले दाने के साथ ही पेयजल व छांव के भी उचित प्रबंध करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्थाई गौशाला में पशुओं की देखभाल अपना दायित्व समझ कर इंसानियत एवं दयाभाव के दृष्टिगत भी व्यक्तिगत रुचि लेकर गौवंशों की सेवा करें। उन्होंने बरसात ऋतु के दृष्टिगत टीनशेड, साफ सफाई सहित पेयजल की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने हेतु भी सभी को आवश्यक निर्देश दिए। तदोपरान्त उन्होंने विकास खण्ड वार पशुओं की समीक्षा की जिसमें उन्होंने सभी को ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंदों को सहभागिता योजना के अंतर्गत सौंपे जाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि गोवंशों के संरक्षण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है, जिसमें लापरवाही किसी भी स्तर पर छम्य नहीं होगी। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को स्वयं समस्त गौशालाओं का निरीक्षण कर उनकी पंजिका में अंकन किये जाने जिसमें नए पुराने एवं गौशालाओं में मृत हुए पशुओं का भी ब्यौरा का अंकन पंजिका में देखा जाए। बैठक के दौरान समस्त खण्ड विकास अधिकारी, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सहित संबंधित अधिकारीधचिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित थे।

थाना रुरा पुलिस द्वारा हत्या की घटना से सम्बन्धित वांछित शातिर अभियुक्त राजू उर्फ राजीव पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम गहोबा थाना रुरा कानपुर देहात को किया गिरफ्तार

कानपुर देहात। थाना रुरा पुलिस द्वारा हत्या की घटना से सम्बन्धित वांछित शातिर अभियुक्त राजू उर्फ राजीव पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम गहोबा थाना रूरा कानपुर देहात को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदया जनपद कानपुर देहात के मार्गदर्शन एंव अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन मे अपराध पर अंकुश लगाये जाने व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी अकबरपुर के कुशल नेतृत्व में थाना रुरा पुलिस द्वारा हत्या के वांछित अभियुक्त राजू उर्फ राजीव पुत्र बाबूराम उम्र करीब 39 वर्ष निवासी ग्राम गहोबा थाना रूरा कानपुर देहात को दिनाँक 22.07.2022 को थाना रूरा क्षेत्र के रूरा डेरापुर मार्ग पर स्थित राधास्वामी सत्संग स्थल से गिरफ्तार किया गया है।

ज्ञात हो कि दिनांक 25.09.2021 को थाना रुरा क्षेत्र के ग्राम गहोबा में मारपीट के दौरान घायल मुनेश कुमार पुत्र जगमोहन की मृत्यु दिनांक 26.09.2021 को इलाज के दौरान हैलट अस्पताल कानपुर नगर में हुई थी जिसके सम्बन्ध में मृतक के पिता जगमोहन पुत्र कल्लू प्रसाद द्वारा अपने ही गांव के 10 नामजद व 3–4 अज्ञात के विरुद्ध आरोप लगाते हुये तहरीर दी तहरीर के आधार पर थाना रुरा में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटना की गम्भीरता को देखते हुये घटना के अनावरण हेतु पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात द्वारा टीमों का गठन करते हुए प्रभारी निरीक्षक थाना रुरा को गिरफ्तारी के सम्बन्ध में निर्देशित किया था जिसके क्रम में पुलिस टीम के अथक प्रयासोपरांत घटना का सफल अनावरण करते हुये 03 नामजद अभियुक्तों को पूर्व में ही जेल भेजने के उपरान्त आज दिनांक 22.06.2022 को 01 नामजद अन्य अभियुक्त राजू उर्फ राजीव उपरोक्त की संलिप्तता हत्या की घटना में पाये जाने पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जायेगा।

द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति बनाए जाने पर अनुसूचित जनजाति में खुशी, कराया मुंह मीठा

पलियाकलां,खीरी। देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पर उड़ीसा राज्य के एक सामान्य जनजाति परिवार की द्रोपदी मुर्मू के निर्वाचित होने पर भारतीय जनता पार्टी संपूर्णानगर मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अनुसूचित जनजाति थारू समाज के लोगों का मुंह मीठा कराकर जश्न मनाया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने अपने सहयोगी दलों के समर्थन के साथ उड़ीसा राज्य की अनुसूचित जनजाति समाज की द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित कर यह साबित कर दिया कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास सर्वोपरि है। विगत दिनों संपन्न हुई मतगणना में देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पर द्रौपदी मुर्म निर्वाचित हुई हैं जोकि अनुसूचित जनजाति समाज से हैं और हमारे पलिया विधानसभा के संपूर्णानगर मंडल के चंदन चौकी क्षेत्र के अनेकों गांव में हमारे अनुसूचित जनजाति समाज के लोग निवास करते हैं। आज हम सबके लिए बड़े गर्व और गौरव की बात है।

इस दौरान मनखुशी राम राणा, प्रताप राणा, रामचंद्र राणा, निवादा राणा, सदई राणा, भजन देवी, रामशरण राणा, सुखलाल राणा, स्वाति राणा, सहवनिया राणा सहित बड़ी संख्या में जनजाति समाज के लोग मौजूद रहे।

मत्स्य विभाग की टीम ने 30 कुंतल थाई मांगुर मछली को कराया दफन

मितौली,खीरी। मत्स्य विभाग की टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार सुबह करीब 30 कुंटल थाई मांगुर मछली बरामद कर उसे दफन करा दिया है। जिला मत्स्य अधिकारी संजय यादव ने बताया कि दो पिकअप में भरकर करीब 30 कुंतल थाई मांगुर मछली दिल्ली से बहराइच ले जाई जा रही थी। जिसे शुक्रवार सुबह मितौली में पकड़ा गया है। उन्होंने बताया कि वह टीम के साथ शुक्रवार सुबह मितौली क्षेत्र से गुजर रहे थे। इसी दौरान बड़ागांव की तरफ 2 पिकअप जाती हुई दिखाई दी। शक होने पर मितौली के गंगारामपुर के पास दोनों पिकअप को रोका गया। जांच के दौरान दोनों पिकअप में थाई मांगुर मछली पाई गई। उन्होंने बताया कि थाई मांगुर मछली को प्रतिबंधित किया गया है। इसी के चलते दो पिकअप में भरी करीब 30 कुंटल मछली को गंगारामपुर के पास सड़क किनारे जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर दफन करा दिया गया हैं। इस मौके पर मत्स्य निरीक्षक अवनीश सिंह, मत्स्य विकास अधिकारी विनय कुमार आदि लोग मौजूद रहे। मछली पकड़े जाने की खबर फैलते ही मौके पर काफी लोग जमा हो गए। टीम के चले जाने के बाद भी मौके पर घंटों लोग जमा रहे।

78.37 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार

- गौरीफंटा बार्डर से सटे नेपाल के शहर धनगढी में नेपाली पुलिस ने पकड़ा
- मुखविर की सूचना पर पुलिस ने दिया कार्रवाई को अंजाम

पलियाकलां,खीरी। पलिया नगर के तीन युवाओं को गौरीफंटा बॉर्डर से सटे नेपाल के शहर धनगढ़ी में भारी मात्रा में ब्राउन शुगर के साथ नेपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ के बाद उन पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया गया है। पलिया नगर में इन दिनों ब्राउन शुगर व स्मैक का कार्य जोरों पर किया जा रहा है। इतना ही नहीं पलिया से इन नशीले पदार्थों को शहर के युवा नेपाल में ले जाकर ऊंचे दामों पर बेचने का कार्य कर रहे हैं। गौरीफंटा बॉर्डर से सटे नेपाल के शहर धनगढ़ी में पलिया शहर के मोहल्ला बाजार निवासी दो व एक अन्य मोहल्ले के आरोपी को नेपाली पुलिस ने 78.37 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया। नेपाली पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम लवि गुप्ता पुत्र स्व. विकास, सुमित गुप्ता व महेंद्र होना बताया है। नेपाली पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से ब्राउन शुगर का काम कर रहे थे।

लेकिन मुखबिर की सूचना पर इस बार आरोपियों को धर दबोचा गया।

धोखाधड़ी कर निकाले गये 20 हजार पुलिस ने कराए वापस

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। पुलिस अधीक्षक चारू निगम व अपर पुलिस अधीक्षक शिष्यपाल के मार्गदर्शन में साइबर सेल औरैया द्वारा धोखाधड़ी कर फोन पे के माध्यम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा निकाले गये 20 हजार रुपये पीडिता को वापस कराये गये। अवगत कराना है कि शिकायत कर्ता पीड़िता कुमारी कृतिका पुत्री मानसिंह निवासिनी सत्तेश्वर, गायत्री नगर थाना कोतवाली औरैया, जिला औरैया द्वारा पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक के समक्ष उपस्थित होकर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे से निकाले गये 20 हजार रुपये शिकायतकर्ता को वापस प्राप्त करा दिये गये। रुपये वापस मिल जाने पर शिकायतकर्ता कुमारी कृतिका द्वारा पुलिस अधीक्षक व साइबर सेल टीम औरैया की प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया गया। रुपए दिलाने में साइबर सेल टीम औरैया सत्येन्द्र सिंह यादव, प्रभारी साइवर सेल, आरक्षी विजय कुमार, साइबर सेल टीम औरैया, आरक्षी अनुराग मिश्रा, साइबर सेल टीम औरैया,आरक्षी आशीष बरूआ साइवर हेल्प डेस्क पुलिस मुख्यालय, औरैया आदि शामिल रहे। प्रभारी साइबर सेल ने आम

फोन पे के माध्यम से मेरे खाते से रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा निकाल लिये गये है। पुलिस अधीक्षक औरैया द्वारा शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए साइबर सेल औरैया को विधिक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया।

साइबर सेल औरैया द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई , जिसके फलस्वरूप शिकायतकर्ता के खाते जनमानस को सावधान करते हुए कहा है कि किसी भी प्रकार की अन्जान काल से सावधान रहे , किसी प्रकार के लालच में न आयें, बैंक सम्बन्धी निजी जानकारी व ओटीपी किसी से शेयर न करें तथा किसी भी साइबर अपराध के सम्बन्ध में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 व साइबर सेल औरैया के मोबाइल नम्बर 7839864119 पर सम्पर्क करें।

संचारी रोग अभियान को लेकर हुई समीक्षा बैठक

लखीमपुर,खीरी। निदेशक उत्तर प्रदेश चिकित्सा सेवा डॉ. एके सिंह व अपर निदेशक लखनऊ मंडल लखनऊ मेजर डॉ. जीएस बाजपेई द्वारा संचारी रोगों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक सीएमओ कैंप कार्यालय पर आयोजित हुई। जिसमें शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान सीएमओ डॉ. अरुणेंद्र कुमार त्रिपाठी सहित एसीएमओ डॉ. अश्विनी कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. धनीराम भार्गव भी उपस्थित रहे।

निदेशक संचारी डॉ. एके सिंह द्वारा संचारी रोग और दस्तक अभियान की समीक्षा के दौरान कहा गया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचारी रोगों को फैलने से रोकने के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण पखवाड़ा और दस्तक अभियान चलाया गया है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों को आशा और आंगनबाड़ी सहित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा डेंगू, मलेरिया फाइलेरिया और मच्छर जनित रोगों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। फाइलेरिया को लेकर विस्तृत प्रचार भी किया जा रहा है। वृहद रूप से दोनों ही कार्यक्रमों को आयोजित करने के पीछे शासन की मंशा बेहद साफ है कि समस्त संचारी रोगों में पिछले वर्षों की भांति कमी लाई जा सके।

साथ ही उन्होंने कहा कि दस्तक अभियान के जरिए घर–घर तक पहुंच कर आशा, आशा संगिनी और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा आम जनमानस को समस्त संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। जिससे न सिर्फ इन रोगों में कमी लाई जा सके

बल्कि इनसे होने वाली मृत्यु दर में भी कमी लाई जा सके। इस दौरान अपर निदेशक लखनऊ मंडल लखनऊ मेजर डॉ. जीएस बाजपेई ने कहां की गांव–गांव तक एंटी लारवा का छिड़काव कराया जाए। जहां–जहां अधिक पानी भरा है वहां पर उसकी निकासी की व्यवस्था के साथ लोगों को साफ पानी में पनपने वाले मलेरिया और डेंगू जैसे खतरनाक मच्छरों इसके बारे में भी जानकारी दी जाए। इस दौरान जिला मलेरिया अधिकारी शैलेंद्र श्रीवास्तव, स्टेनो कार्तिकेय मिश्रा, सौरभ शुक्ला सहित कार्यक्रम से जुड़े सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

विधायक सौरभ सिंह ने कांवड़ियों को प्रदान किए अंग वस्त्र

मितौली,खीरी। सावन माह के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ के भक्तों का जत्था ग्राम पंचायत दतेली कला से बाबा जंगली नाथ प्राचीन शिव मंदिर से फर्रुखाबाद पांचाल घाट गंगा नदी के लिए रवाना हुआ। कांवर भरने जा रहे सैकड़ों की संख्या में कांवरियों को विधानसभा कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने बरम बाबा के स्थान पर सभी कांवरियों को अंग वस्त्र प्रदान किए और कांवडियों को यात्रा की शुभकामनाएं दी। इसके अलावा ग्राम प्रधान पदम प्रकाश मिश्र ने भी कावड़ यात्रा करने वाले शिव भक्तों को भगवा अंगोछा व दक्षिणा दे कर यात्रा के लिए प्रस्थान करवा कर शुभकामनाएं दी। बताते चले दतेली कला मे शिव मंदिर जंगली नाथ से कांवर यात्रा आरंभ कर फर्रुखाबाद पांचाल घाट पवन मां गंगा का जल भरने के लिए जाने वाले कांवरियों में श्यामू मिश्रा, अंकित, मेवालाल, रजनीश, प्रेम, पीयूष दीक्षित, शिव सेवक मिश्रा, सचिन वर्मा, अनूप कनौजिया, रिंकू कनौजिया, नारायण दीक्षित व निर्मल सहित सैकड़ों कांवड़ यात्री भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए फर्रुखाबाद से जल लाने के लिए रवाना हुये।

- कांवरियों को पांचाल घाट के लिए भेजने आए लोग

शुक्रवार को दिन के करीब दो बजे के आसपास दतेली कला सराय नदी तट स्थित प्राचीन शिव मंदिर से जाने वाले सैकड़ों की संख्या में कांवरियों को भेजने के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। जिसमें कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजीव वर्मा, भूत अध्यक्ष अनुराग दीक्षित, पूर्व प्रधान सत्य प्रकाश मिश्रा, शैलेंद्र दीक्षित, धर्म जागरण रक्षा प्रमुख अवध प्रांत प्रेम किशोर अवस्थी, अनूप कुमार, राजेंद्र कुमार दीक्षित, सुभाष मिश्रा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सांसद ने किया मितौली सीएचसी में बूस्टर डोज बूथ का शुभारंभ

मितौली,खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में कोविड टीकाकरण की बूस्टर डोज बूथ का शुभारंभ सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रेखा अरुण वर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, अधीक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार सिंह द्वारा टीकाकरण के बारे में अवगत कराया।

इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी रेखा अरुण वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में शासन द्वारा बूस्टर डोज पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है तो छुट्टी हुई सेकंड डोज शिविर लगाकर लगवाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कारण कोरोना जैसे खतरनाक वायरस को वैक्सीन के माध्यम से रोका गया है भारत आज विकासशील देशों से कहीं पर भी पीछे नहीं है भारतीय वैज्ञानिकों ने वैक्सीन बनाकर देश का नाम रोशन किया है। एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि सांसद रेखा अरुण वर्मा द्वारा जननी सुरक्षा योजना के लाभार्थियों को फल वितरण किया गया तथा शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। जिसमें ब्लाक

मितौली द्वारा अच्छे कार्य की सराहना भी की तथा आयुष्मान गोल्डन कार्ड की समीक्षा करते हुए सभी लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवाने हेतु निर्देशित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में दी जा रही सेवाओं से संतुष्ट रही। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका पाण्डेय, डॉ. पुरुषोत्तम वर्मा ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक मोहम्मद तैय्यब सिद्दीकी, बीसीपीएम रोहित पाल, बैम अमित सक्सेना, एलटी शिवेंद्र सिंह, रिशा शुक्ला, सानिया नाज, प्रियंका यादव, श्याम श्रीवास्तव, अभिषेक मिश्रा आदि कर्मचारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आरटीओ ने बताये एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के फायदे

लखीमपुर,खीरी। शुक्रवार को सम्भागीय परिवहन अधिकारी लखनऊ आरपी द्विवेदी ने परिवहन विभाग के रोड सेफ्टी अवेयरनेस हाल में जनपद के समस्त बस, ट्रक, आटो, ई–रिक्शा, टैक्सी यूनियन के प्रबन्धकों, पदाधिकारियों, वाहन स्वामियों संग कार्यालय स्तर पर बैठक करते हुए उपस्थित लोगो को एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के तहत सभी व्यवसायिक वाहनों के प्रति बकाया कर पर देय शास्ति से शत–प्रतिशत छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व), उप्र लखनऊ द्वारा एक मुश्त शास्ति समाधान योजना एक अप्रैल 2020 को या उसके पूर्व पंजीकृत एवं बकाया कर से आच्छादित परिवहन यानों पर देय शास्ति से शत–प्रतिशत छूट प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने योजना के क्रियान्वयन हेतु कार्यालय स्तर पर अधिकारियों, कर्मचारियों को सहयोग करने हेतु निर्देशित किया। उक्त बैठक में एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन रमेश कुमार चौबे, यात्री कर अधिकारी संजय शर्मा, यात्रीकर अधिकारी, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) पंकज, सभी कार्यालय कर्मचारीगण तथा एक सौ से अधिक यूनियन पदाधिकारियों व वाहन स्वामियों ने प्रतिभाग किया। बताते चलें कि योजना के तहत शुक्रवार को 46 आवेदकों ने पंजीकरण कराया। जिससे उनके वाहन के प्रति बकाया कर पर लगने वाले शास्ति से शत–प्रतिशत छूट प्राप्त की जा सके। यदि अन्य वाहन स्वामी जिनकी वाहन के प्रति बकाया कर, शास्ति की देयता है तो अविलम्ब कार्यालय में स्वयं अथवा अपने किसी प्रतिनिधि के माध्यम से सम्पर्क कर बकाया कर की शास्ति (पेनाल्टी) में शत–प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते है। विभाग द्वारा यह योजना 26 जुलाई तक प्रभावी है। उक्त के अलावा सम्भागीय परिवहन अधिकारी, लखनऊ ने कार्यालय के आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित आवेदन पत्रों के सम्बन्ध में जानकारी की। आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों, शिकायतों के त्वरित निस्तारण के विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया।

ताबड़तोड़ दबिश में 12 शराब कारोबारियों पर मुकदमा दर्ज

लखीमपुर,खीरी। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी संजीव सुमन के दिशा निर्देश, डीईओ कुलदीप दिनकर के नेतृत्व में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के लिए प्रशासन–पुलिस–आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें दैनिक प्रवर्तन अभियान चला रही है।

डीईओ कुलदीप दिनकर ने बताया कि सभी आबकारी निरीक्षक लगातार अपने–अपने क्षेत्रो में कार्य कर रहे, जिससे किसी प्रकार की अवैध मदिरा की बिक्री न होने पाये, जिस कारण जनपद में दबिश के दौरान जनपद में कुल 12 अभियोगो को पंजीकृत किया। 235 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 1200 किग्रा लहन बरामद की। शुक्रवार को जनपद खीरी के आबकारी निरीक्षक क्षेत्र–1 सदर ने ग्राम कोरैया छीट, भंसडिया थाना कोतवाली सदर में दबिश दी। दबिश में कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को मौके पर गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक रुद्र कांत मिश्र क्षेत्र 2 मितौली ने मय स्टाफ ग्राम खकिन, टेंगुन खुर्रमनगर, झारा खेमपुर, खेमसराय थाना मोहम्मदी में दबिश दी। दबिश के दौरान एक अभियुक्त को कच्ची शराब बनाते हुए गिरफ्तार किया। आबकारी निरीक्षक विजय चंद्र जायसवाल क्षेत्र 6 मितौली ने मय स्टाफ ग्राम आशिक नगर थाना मैगलगंज में दबिश दी। आबकारी निरीक्षक अब्दुल अजीज क्षेत्र 7 धौरहरा व थाना ईसानगर पुलिस स्टाफ ने संयुक्त रूप से ग्राम दरिगापुर थाना ईसानगर में दबिश दी। दबिश के दौरान एक अभियुक्त को कच्ची शराब बेचते हुए मौके पर गिरफ्तार कर जेल भेजा।

संक्षिप्त समाचार

अटल आश्रयगृह के समीप हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

- आसपास के दुकानदारों को सौंपी गई देखभाल की जिम्मेदारी

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया द्वारा पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत क्लीन औरैया ग्रीन औरैया को दृष्टिगत रखते हुए गत् वर्षो की भांति इस वर्ष भी छायादार, लंबी आयु व सर्वाधिक आक्सीजन देने वाले पौधों के पौधारोपण के लिए जीवनधारा पौधारोपण अभियान लक्ष्य– 5100 पौधों का पौधारोपण के अंतर्गत यमुना तट मार्ग, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, स्कूल कॉलेज, महाविद्यालयों, पार्कों आदि सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 22 जुलाई 2022 को अटल आश्रय गृह के समीप सार्वजनिक मार्ग पर समिति के सदस्यों द्वारा ट्री गार्ड के साथ कदम, चितवन, पकड़िया व अशोक के पौधों का पौधारोपण किया गया।

समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकट ने बताया कि पेड़–पौधे से हमें जीवनदायिनी प्राण वायु के साथ तमाम दुर्लभ औषधियां, फल, फूल, मावा व लकड़ी आदि चीजें सुगमता से प्राप्त होती हैं, पेड़ पौधों से तमाम जीव–जंतुओं को भोजन व रहने आश्रय मिलता है, पेड़ पौधे वर्षा करने में सहायक होते हैं, हमारे जीवन में पर्यावरण व पेड़ पौधों की महत्वपूर्ण भूमिका हैं। इनकी अनदेखी से पर्यावरण असंतुलित हो रहा है, लोगों को निरोग व प्रसन्न चित्त रहने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण कर प्रकृति का श्रंगार करना चाहिए, तथा जागरूक लोगों को पेड़ पौधों के महत्व के बारे में बताते हुए पौधारोपण हेतु प्रेरित करना चाहिए। पौधारोपण अभियान में प्रमुख रूप से अन्नू यादव, संदीप पोरवाल, सभासद छैया त्रिपाठी, आदित्य पोरवाल, आनन्द गुप्ता डाबर, नितिन वर्मा, रानू पोरवाल, कपिल गुप्ता, अर्पित गुप्ता, सर्वेश कुमार वर्मा, सतीश पोरवाल, प्रमोद कुमार वर्मा, देवदास सोनी, रामचंद्र वर्मा व योगेश कुमार वर्मा आदि पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

करंट की चपेट में आकर ससुर-बहू की मौत, मां-पुत्र घायल

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में बेला क्षेत्र के एक गांव में मकान में रखे टीनशैड में आ रहे बिजली करंट की चपेट में पूरा परिवार आ गया। जिससे गृहस्वामी व उसकी बहू की मौत हो गयी जबकि पत्नी व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सभी को सीएचसी बिधूना में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया जबकि दो का उपचार चल रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेला क्षेत्र के गांव दौलतपुर में बीती शाम एक ही परिवार के चार सदस्य जगदीश (65), उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी (60), पुत्र अनुराग (26) व बहू रेखा देवी (22) अपने मकान में सोये हुए थे। रात्रि में करीब दो बजे जगदीश पेशाब जाने के उठे थे। देखा टीनशैड के पाइप में बकरी बंधी है बकरी को दूसरी जगह बांधने के लिए जैसे ही उन्होंने पाइप पकड़ा वैसे ही वह उसमें आ रहे बिजली के करंट की चपेट में आकर चीखने लगे। चीखने की आवाज सुनकर पत्नी लक्ष्मी व पुत्र व बहू जाग गये और उन्हें बचाने को दौड़े। बिजली करंट का प्रवाह इतना अधिक था कि देखते देखते परिवार के चारों उसके चपेट में आ गये।करंट की चपेट में आकर परिवार के चारों सदस्य गंभीर रूप से झुलस गये। चीखने चिल्लाने की आवाज सुन पड़ोसी व गांव के लोग मौके पर पहुंच गये। जिन्होंने बिजली की लाइन काटी और वह सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिधूना लेकर आये जहां पर चिकित्सकों ने जगदीश व उनकी बहू रेखा देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि लक्ष्मी देवी व अनुराग को भर्ती कर कर उनका उपचार शुरू कर दिया है।वहीं थानाध्यक्ष जीवाराम ने बताया कि दौलतपुर गांव में टीनशैड में आ रहे करंट की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई है। दोनों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है।

हाईवे रोड पर मिनी बस ने अश्टो में मारी टक्कर,महिला व एक मासूम की मौत

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। नेशनल हाइवे पर कोतवाली के गांव पूर्वा रहट के सामने एक ऑटो में मिनी बस ने टक्कर मार दी। जिससे ऑटो पलट गया। घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने एक महिला व एक मासूम की मौत हो गई।सूचना पर रोते बिलखते परिजन भी पहुंच गये। कानपुर देहात के राजपुर निवासी 60 वर्षीय इदरीश अपनी 55 वर्षीय पत्नी विश्मिल्ला के साथ बाबरपुर में अपनी एक रिस्तेदारी में जा रहा था। उनके साथ उसके ही रिस्तेदार 35 वर्षीय नगमा पत्नी इजराइल अपनी 8 साल की मासूम जैनब के साथ मायके से खानपुर औरैया के लिए आ रही थी। सिकंदरा से एक ऑटो पर औरैया आने के लिए सवार हुआ। इस बीच तेज बारिश शुरू हो गई। चालक ऑटो रोककर त्रिपाल डालने लगा इस बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार मिनी बस ने टक्कर मार दी। टक्कर से ऑटो पलट गया और सवारियां दब गई। चीख पुकार सुनकर आस पास के लोग दौड़े और एसआई ब्रजेश भार्गव को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने 55 वर्षीय विस्मिल्ला व 8 साल जैनब को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों ने बताया कि विस्मिल्ला को चोट नहीं लगी हो सकता है कि हादसे के कारण अटैक से मौत हुई हो और जैनब के सिर व नाक पर चोट आई है। पुलिस ने दोनों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सूचना और रोते बिलखते परिजन भी आ गये थे।

जिला उद्योग बंधु की बैठक 25 जुलाई को

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि जिला उद्योग बंधु की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुख्यालय ककोर में आयोजित की जाएगी। सभी सम्मानित सदस्यों से अनुरोध है कि अपने विभाग की प्रगति के साथ बैठक में ससमय से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। इस बैठक में उद्यमियों की समस्याओं पर भी विचार किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी जिला सूचना कार्यालय द्वारा दी गई है।

सम्पादकीय....

बुढ़ापे का सहारा, चार पैसे बचा के रखो, बुढ़ापे में काम आएंगे

वैश्विक स्तरपर भारतीय संस्कृति और सभ्यता प्रतिष्ठा के लिए प्रसिद्ध है जिसे खास देखने, अनुभव करने, दुनियाभर के सैलानी भारत की पावन धरती पर अपनी जिज्ञासा की अनुभूति करने आते हैं। यूं तो भारतीय संस्कृति और सभ्यता के ऐसे हजारों व्यवहार, रिश्ते, मान सम्मान, आतिथ्य, बड़े बुजुर्गों की कहावतें, अपनापन, उनका मान सम्मान, भगत प्रह्लाद, भगवान राम सहित अनेकों प्रतीक हैं परंतु वर्तमान पाश्चात्य संस्कृति के पैर पसारने को लेकर ही हमारे बड़े बुजुर्गों चिंतित हैं। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से उनकी कहावतों और चिंताओं पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम बुढ़ापे के सहारे की करें तो बड़े बुजुर्गों की कहावत है कि चार पैसे बचा के रखो बुढ़ापे में काम आएंगे, एक सटीक मिसाल वर्तमान प्रैक्टिकल लाइफ में हमें देखने को भी मिल रही है!! हालांकि बुढ़ापे के सहारे में अपना परिवार, बेटा, औलाद भी सशक्त माध्यम है,सहारा है परंतु वर्तमान परिपेक्ष में जिस तरह हम देख रहे हैं कि अपने बड़े बुजुर्गों, माता–पिता के साथ ऐसा नकारात्मक व्यवहार किया जा रहा है कि परिवार टूट रहे हैं, औलाद अपने जीवन साथी के साथ देश विदेश में जॉब करने निकल पड़े हैं!!बुजुर्गों की वृद्धाश्रम में बढ़ती संख्या और पारिवारिक झगड़ों झमेलों को देखकर बुजुर्गों की उपरोक्त कहावतों का संज्ञान लेना जीवन का आवश्यक अंग बन गया है।

साथियों बात अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में कुछ अपवादों को छोड़कर बुजुर्गों की करें तो, वृद्धावस्था में जब उन्हें सबसे ज्यादा औलाद के सहारे की जरूरत होती है, तब उन्हें वृद्धाआश्रमों में या कहीं भी यूं ही बेसहारा छोड़ दिया जता है। उम्र के साथ–साथ शंकित और सामर्थ्य में कमी आने लगती है, इसे पहले की तरह स्वीकार करने की बजए परिवार का हर सदस्य उनके व्यवहार और आचरण के प्रति शिकायती रुख अपना लेता है। उन्हें अनुपयोगी समझ उनसे किसी भी तरह छुटकारा पाना चाहता है।

साथियों इन पारिवारिक झगड़ों पर अदालती फैसलों के सामने आने से समस्या की गंभीरता का पता चलता है। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में जिस तेजी से बूढ़ों की संख्या बढ़ रही है, उससे स्थिति आगे और गंभीर हो सकती है। परिवार में उपेक्षित बुजुर्गो को रोज–रोज के अपमान से बचाने और उनके स्वास्थ्य व सुविधाओं का ध्यान रखने के लिए देश में इसके समाधान को तीव्र गति से रेखांकित करनें की जरूरत है।

साथियों बात अगर हम इन्हीं औलादों को माता–पिता द्वारा बचपन से युवा बनाने की करें तो, माता पिता के कितने भी बच्चे हों, वे आज भी कई कष्ट उठाकर और अपना पेट काट कर भी सबको प्यार से पालते हैं। कोई बच्च कितना भी नालायक क्यों न हो, वे उसे अपने से अलग करने की बात सोच भी नहीं सकते, लेकिन दुख की बात है कि बड़े होने पर यही बच्चे मिलकरभी अपने माता–पिता का उत्तरदायित्व नहीं निभा सकते। ऐसी औलाद माता–पिता की संपत्ति पर तो अपना अधिकार जताती है, लेकिन उनके प्रति अपना फर्ज भूल जती है।

साथियों बात अगर हम यौन अवस्था से ही रोडमैप बनाकर बुढ़ापे की तैयारी की करें तो, यौवनारंभ से बुढ़ापे की सोचकर नियमित आय का श्रोत बनाना बुढ़ापे का सबसे बड़ा सहारा है। हम साठ पैसठ साल तकनिष्क्रिय रह कर कैसे आशा कर सकते हैं कि इस आयु में कुछ कर पाएंगे, इस लिए यौवनारंभ से ही इस आयु का सामना करने की तैयारी आवश्यक है। हम पर सहारे की गारंटी नियमित आय श्रोत है। बुढ़ापा हमारे जीवन की वह अवस्था है जो हर इंसान के जीवन में आना ही है। हमसे पहले की पूरी पीढ़ी तो बुढ़ापे के लिए खुद को तैयार करने के बारे में सोच भी नहीं सकती थी क्योंकि उनके व्यवहार और परिवार दोनों के सहारे जीवन यात्रा कैसे पूरी हो जाती थी ,उन्हें पता ही नहीं चलता था ।

साथियों अब वह समय नहीं रह गया है और ना ही वैसे लोग रह गए हैं जिनके पास किसी दूसरे के लिए फुर्सत हो इसलिए व्यक्ति को सोचना पड़ जाता है। थोड़ा सा ध्यान दें तो बुढ़ापा सुखद हो सकता है। पैसे के मामले में हमेशा दिमाग से काम ले और समस्त धन कों बच्चों पर ना लुटा कर थोड़ा सा बुढ़ापे के लिए अवश्य संचित करके रखें। बुढ़ापे में धन का होना बहुत आवश्यक होता है।कभी किसी अन्य वजह से अपनी तुलना न करें। थोड़ा सा ध्यान रखकर हमारा बुढ़ापा संतोषजनक हो सकता है। सबसे संबंध अच्छे रखें जिससेकि बुढ़ापे में यदि बच्चे दूर रहते हो तो आपका सामाजिक दायरा हमारे काम आए और हमको अकेलापन व घबराहट न महसूस हो।

साथीयों जवानी में हर व्यक्ति को संतुलित जीवन जीना होगा जिससे कि बुढ़ापा आने तक उसका शरीर रोगों का घर ना हो जाए। अच्छी आदतें और उचित खानपान शरीर को अधिक समय तक स्वस्थ रखता है।व्यक्ति को अपने कार्य स्वयं करने की आदत होनी चाहिए ।यह आदत बुढ़ापे तक व्यक्तिको सक्रिय रहती है और थकान नहीं आने देती।अपने शौक को बुढ़ापा आ गया है समझ कर, कभी समाप्त न करें। आपके शौक आपको विटामिन की भांति ऊर्जा देंगे और आपके समय का सदुपयोग होगा, यह हमेशा याद रखें। बच्चों से संबंध अच्छे रखना चाहिए। हर वक्त उन पर अपनी इच्छाओं को थोपना उचित नहीं होता। यदि हमारी अनावश्यक इच्छा है उन पर नहीं थोपेंगे तो वे हमारा और अधिक ध्यान रखेंगे।बच्चों की यथासंभव मदद अवश्य करे। बहू के साथ हमेशा अच्छा व्यवहार करें।

साथियों अब वह समय नहीं रह गया है और ना ही वैसे लोग रह गए हैं जिनके पास किसी दूसरे के लिए फुर्सत हो इसलिए व्यक्ति को सोचना पड़ जाता है। थोड़ा सा ध्यान दें तो बुढ़ापा सुखद हो सकता है। बुढ़ापा हमारे जीवन की वह अवस्था है जो हर इंसान के जीवन में आना ही है। हमसे पहले की पूरी पीढ़ी तो बुढ़ापे के लिए खुद को तैयार करने के बारे में सोच भी नहीं सकती थी।क्योंकि उनके व्यवहार और परिवार दोनों के सहारे जीवन यात्रा कैसे पूरी हो जाती थी ,उन्हें पता ही नहीं चलता था ।

साथियों बात अगर हम, सरकार की पहल की करें तो, बैंकों ने 'रिवर्स मॉरगेज' का प्रावधान शुरू किया है, जिसके तहत जिनके पास अपना मकान है, वे उसे बैंक को गिरवी रखकर बदले में पैसा ले सकते हैं और उस मकान में रहते हुए उस पैसे से अपना जीवन–यापन कर सकते हैं।

उनकी मृत्यु के बाद अगर उनके बच्चों को वह मकान चाहिए तो बैंक का कज़ और ब्याज चुकाकर वापस ले सकते हैं। बुढ़ापे में सुख–शांति से रहने के लिए ऐसे ही और उपायों पर भी गौर करना जरूरी है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बुढ़ापे का सहारा जरूरी है। चार पैसे बचा कर रखो, बुढ़ापे में काम आएंगे। सृष्टि में जब तक जीवन है बड़े बुजुर्गों की कहावतें सत्य का प्रतीक साबित होती रहेगी।

–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट
किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

महिला सशक्तिकरण की शक्तिशाली प्रतीक, देश की प्रथम महिला आदिवासी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू

राष्ट्र की जनसंख्या की कुल 8.9 प्रतिशत आदिवासी समुदाय की प्रतिनिधि, एवं महिला सशक्तिकरण की वैश्विक प्रतीक संघर्ष, जिजीविषा की जीती जागती प्रतिमूर्ति देश की 15वीं निर्वाचित राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को देश की जनता का अभिवादन, सलाम।

नेशनल डेमोक्रेटिक एलाइंस की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू ने विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को एकतरफा मुकाबले में हराने के साथ ही भारत की पहली आदिवासी राष्ट्रपति बनकर एक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय लिख दिया।

उन्हें यशवंत सिन्हा के खिलाफ 64: वोट प्राप्त हुए और यशवंत सिन्हा को पराजित कर वे राष्ट्रपति निर्वाचित घोषित की गई। द्रौपदी मुर्मू जी को 540 सांसदों सहित 2824 मतदाताओं का साथ मिला जबकि यशवंत सिन्हा को 208 सांसदों सहित 1877 मतदाताओं का समर्थन प्राप्त हुआ था।

यह भारत का सौभाग्य है की द्रौपदी मुर्मू जी देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति एवं प्रथम अनुसूचित जनजाति की राष्ट्रपति निर्वाचित हुई है। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व राष्ट्रपति श्री राम कोविंद जी भी दलित समुदाय का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। यह सुखद संयोग है कि भारतीय महिलाओं के लिए 21 जुलाई एक विशेष दिन है इसके पूर्व 15 वर्ष पहले 21 जुलाई को ही श्रीमती प्रतिभा पाटिल देश की 12वीं राष्ट्रपति निर्वाचित हुई थी एवं 25 जुलाई को शपथ ग्रहण किया था। श्रीमती प्रतिभा पाटिल वर्ष 2005 से लेकर 2012 तक देश की राष्ट्रपति रही।

इसी तरह श्रीमती द्रौपदी मुर्मू भी 25 जुलाई को शपथ ग्रहण करेंगी। श्रीमती मुर्मू 20 जून 1958 को सुपरबेड़ा जिला मयूरभंज उड़ीसा में जन्मी थी। वे देश की सबसे कम उम्र की राष्ट्रपति होंगी, इसके पूर्व कम उम्र के राष्ट्रपति होने का रिकॉर्ड डॉक्टर नीलम संजीव रेड्डी का 1977 में बना था जब वे निर्विरोध निर्वाचित राष्ट्रपति बने थे।

भारत में जनसंख्या के हिसाब से महिलाओं की आबादी पुरुषों के बराबर ही है यानी कि 50: है। द्रोपदी मुर्मू की जीत से महिला सशक्तिकरण को काफी बल तथा ऊर्जा मिलने वाली है। स्त्री सशक्तिकरण का एक स्पष्ट संदेश न सिर्फ महिलाओं में जाएगा बल्कि आदिवासी क्षेत्र में रहने वाले समूचे आदिवासी जगत में भी यह संदेश राष्ट्रीय एकता के रूप में जाने वाला है। यह आपको बता दूं देश में 47 लोकसभा तथा 487 विधानसभा की सीटों के लिए अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण की सुविधा भारतीय संविधान ने उपलब्ध कराई गई है। देश की महिलाओं के लिए द्रौपदी मुरमू जी संघर्ष का एक बड़ा प्रतीक मानी जाती हैं। स्त्री सशक्तिकरण एवं महिलाओं की समाज में राजनीति में शासकीय सेवाओं में एवं अन्य क्षेत्रों में बराबर की भागीदारी को निश्चित तौर पर बल प्राप्त होने वाला है। यह भी सुखद संयोग है कि वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री एवं नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का जन्म स्वतंत्रता के बाद ही हुआ है। श्रीमती मुर्मू स्वतंत्रता के बाद पैदा होने वाली प्रथम राष्ट्रपति हैं, वे स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग 11 साल बाद पैदा हुई थी। इनके पूर्व जितने भी राष्ट्रपति थे वे सब स्वतंत्रता के पूर्व यानी 1947 के पूर्व ही जन्मे थे। अपनी राजनीतिक पार्षद पद से शुरू करके राष्ट्रपति तक बनने की गौरवशाली यात्रा करने वाली देश की प्रथम राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मू ही होंगी। देश में आदिवासी महिलाओं का सशक्त प्रतिनिधित्व करने वाली श्रीमती द्रौपदी मुर्मू तामझाम तथा तड़क–भड़क से दूर सीधे–साधे स्वभाव की महिला है। ब्रह्माकुमारी आश्रम के ध्यान तथा चिंतन की गहन अभ्यासी भी हैं वे मृदुभाषी तथा आध्यात्मिक प्रवृत्ति की महिला हैं, उल्लेखनीय है कि श्रीमती मुर्मू उपरबेड़ा जैसे छोटे गांव में जन्म लेकर पार्षद से लेकर रायरंगपुर कि 2 बार विधायक रह कर उड़ीसा में दो बार मंत्री पद भी संभाला है, उसके पश्चात वे झारखंड में राज्यपाल भी रही पर अपने व्यक्तिगत जीवन में उन्होंने काफी अवसाद भी झेले हैं। उन्होंने गंभीर अध्यात्म एवं चिंतन उस समय शुरू किया जब 2009 से लेकर 2015 तक 6 वर्षों की अवधि में अपने दो पुत्रों, पति, माता तथा अपने भाई को खोया था। व्यक्तिगत क्षति होने के बाद उन्होंने अध्यात्म और चिंतन के दम पर अपने आप को संभाला एवं सार्वजनिक जीवन में प्रवेश कर महिला सशक्तिकरण की आवाज को बुलंद किया। इसके पश्चात दो बार मंत्री रह कर झारखंड की राज्यपाल भी बनी, उसके पश्चात अब वे राष्ट्र का सर्वोच्च पद महामहिम राष्ट्रपति का गरिमामय पद संभालेंगीं, यह राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरव का विषय है की एक दलित आदिवासी संघर्षशील महिला छोटे गांव से उठ कर राष्ट्र के सर्वोच्च पद को संभालने का गौरव प्राप्त कर रही हैं। निसंदेह देश की करोड़ों महिलाओं के लिए वे एक बड़े ही प्रेरणा एवं ऊर्जा का स्रोत होंगी, एवं युवा वर्ग की महिलाओं बेटियों के लिए वह एक आदर्श महिला की तरह भी स्थापित हो चुकी हैं।

उन्हें हम सबका विनम्र अभिवादन एवं शुभकामनाएं।

संजीव ठाकुर, चिंतक, लेखक, स्तंभकार, रायपुर छत्तीसगढ़

सबसे ऊंचाई पर लड़ा गया 1999 का वह युद्ध

जम्मू कश्मीर राज्य की सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच लगभग 814 किलोमीटर लंबी वास्तविक नियंत्रण रेखा का निर्धारण किया गया है। यह नियंत्रण रेखा जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती क्षेत्रों राजौरी, पुंछ, उड़ी, कारगिल और लेह होते हुए सियाचिन तक जाती है। इस नियंत्रण रेखा से लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग 1 है जो कि श्रीनगर, कारगिल, द्रास और लेह को जोड़ता है । इस राजमार्ग के बंद होते ही लेह का संबंध देश से टूट जाता है। इन क्षेत्रों में 6000 फीट से 17000 फीट तक की ऊंचाई वाले पहाड़ है । जिन पर पूरे वर्ष 20 से 30 फीट तक मोटी बर्फ जमी रहती है । इस क्षेत्र में 15000 फीट तक गहरी खाईयां, दूर दूर तक फैली कटीली झाड़ियां तथा संकरे और दुर्गम मार्ग हैं। इन क्षेत्रों में पूरे वर्ष बर्फ जमीं रहती है सितंबर अक्टूबर में तापमान शून्य से भी नीचे पहुंच जाता है।

भारत और पाकिस्तान के बीच 1999 में 08 मई से 26 जुलाई तक कश्मीर के कारगिल जिले में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए भीषण युद्ध को कारगिल युद्ध के नाम से जाना जाता है। कारगिल युद्ध वही लड़ाई थी जिसमें पाकिस्तानी सेना ने द्रास, कारगिल की पहाड़ियों पर कब्जा करने की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने इस लड़ाई में पाकिस्तानी सेना को बुरी तरह परास्त किया था। पाकिस्तान की प्रवृत्ति हमेशा धोखे की रही है। वह जानता है कि घोषणा करके युद्ध लड़ना उसके बस की बात नहीं है। उसने 1947 तथा 1965 के दोनों युध्दों में भी शुरू में अपने नियमित सैनिकों को कबीलाई कहता रहा है। वह इस बार भी अपने नियमित सैनिकों को मुजाहिदीन कहता रहा। कारगिल का यह युध्द पिछले बीस सालों से चले आ रहे जिहादियों की नीति के पोषक पाकिस्तान तथा उसकी दबी इच्छाओं का अभियान था। यह अनेक मामलों में पहले की दोनों लड़ाइयों से भिन्न है।

03 मई 1999 को एक चरवाहे ने बटालिक सेक्टर की पहाड़ियों में कुछ पाकिस्तानी लोगों को देखा । उसे पहाड़ियों के ऊपर कुछ गड़बड़ लगी। उसने वहां से वापस जाकर इसकी सूचना भारतीय सेना की 3 पंजाब रेजिमेंट को दी। इस सूचना की पुष्टि के लिए 3 पंजाब रेजिमेंट के कुछ जवान उस चरवाहे के साथ बतायी हुई जगह पर गये। उन्होंने टेलीस्कोप से काफी छानबीन की। भारतीय सैनिकों ने देखा कि पहाड़ियों पर कुछ लोग घूमते हुए दिखायी पड़ रहे हैं। सैनिकों ने वापस जाकर इस घटना की खबर अपने उच्च अधिकारियों को दी। इस खबर को सुनकर सेना हरकत में आ गयी। लगभग दो बजे एक हेलीकाप्टर से उन पहाड़ियों पर नजर दौड़ाई गयी। तब जाकर पता चला कि बहुत सारे पाकिस्तानी सैनिकों ने कारगिल की पहाड़ियों पर कब्जा जमा लिया है।

घुसपैठियों के वेष में धोखेबाज पाकिस्तानी सैनिक कारगिल स्थित द्रास, मश्कोह, बटालिक आदि अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर अपना ठिकाना बनाकर पूरी सामरिक तैयारी के साथ आक्रमण के उपयुक्त अवसर की प्रतीक्षा कर रहे थे। इसी क्रम में 05 मई को स्थिति का जायजा लेने के लिए एक पेट्रोलिंग पार्टी भेजी गयी। जिसे पाकिस्तानी सैनिकों ने पकड़ लिया और उनमें से 05 सैनिकों की निर्मम हत्या कर दी । 3 पंजाब ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी और 7 मई 1999 तक घुसपैठ की पुष्टि हो गयी। 3 इन्फेंट्री डिवीजन के मुख्यालय ने तत्काल कारवाई शुरू कर दी। 10 मई 1999 तक बटालिक सेक्टर में और दो बटालियनों को तैनात कर दिया गया। इस क्षेत्र में अभियान की कमान सम्भालने के लिए 70 इन्फेंट्री ब्रिगेड का मुख्यालय बटालिक में स्थापित कर दिया गया। 09 मई को पाकिस्तानी हमले में कारगिल में स्थित आयुध भंडार नष्ट हो गया। 10 मई को पता चला कि द्रास, मश्कोह और काकसर में भी पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की है। इसके बाद अन्य क्षेत्रों में भी सतर्कता बढ़ा दी गयी। इस बात की भी पुष्टि हो गयी कि दुश्मन तुरतुक सेक्टर में नियन्त्रण रेखा और उसके दूसरी ओर भी मोर्चा संभाल चुका है। 18–31 मई के बीच चोर बाटला सेक्टर में कुछ ओर सैनिक टुकड़ियां तैनात कर दी गयीं और इस क्षेत्र में दुश्मन के घुसपैठ के प्रयासों को पूरी तरह नाकाम कर दिया गया ।

कारगिल में जो कुछ देखने को मिल रहा था उससे पता चल गया कि वह अपने नियमित सेना का प्रयोग करके हमारी जमीन पर कब्जा करने की सोची समझी योजना का हिस्सा है । यह भी स्पष्ट था कि जिन चोटियों पर दुश्मन ने कब्जा कर लिया था उन्हें खाली कराने के लिए संसाधन और अच्छी तैयारी की आवश्यकता होगी। शुरूआती दिनों में दुश्मन को भगाने के जो प्रयास किये गये, उनमें काफी संख्या में हमारे सैनिक हताहत हुए क्योंकि दुश्मन ऊंची पहाड़ियों पर बैठा हुआ था। जहां से हमारी हर गतिविधि दिखाई पड़ती थी।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए 26 मई को भारतीय वायुसेना को भी इस अभियान में शामिल कर लिया गया । भारतीय वायु सेना ने "सफेद सागर" नाम से अपना अभियान शुरू किया। शुरूआती दौर में हमारी वायुसेना को भी क्षति उठानी पड़ी लेकिन बाद में उसने अपनी रणनीति में सुधार किया। वायुसेना ने आगे के अभियान के लिए थलसेना को अत्यंत महत्वपूर्ण सहायता पहुंचाई। वायु सेना के माध्यम से दुश्मन की शक्ति और उसकी तैनाती के बारे में महत्वपूर्ण सूचनाएं प्राप्त हुईं।

रैकी से पता चला कि बटालिक, कारगिल, द्रास और मश्कोह सेक्टरों में दुश्मन की एक एक एक ब्रिगेड तैनात थी। प्रत्येक ब्रिगेड में शुरू में पाकिस्तान की नार्दन लाइट इन्फेंट्री की 02 बटालियनें, स्पेशल सर्विसेज ग्रुप की 02 कम्पनियां और फ्रंटियर कोर के लगभग 600–700 सैनिक थे। इसके अतिरिक्त प्रत्येक ब्रिगेड में लगभग 02 तोपखाना की यूनिटें, इंजीनियर, सिग्नल और प्रशासनिक इकाईयां शामिल थीं ।

आरम्भ में दुश्मन से उन क्षेत्रों को खाली कराने की योजना थी, जहां से वे राष्ट्रीय राजमार्ग 1ए पर अपना अधिकार जमाए हुए थे और उसके बाद अन्य क्षेत्रों से दुश्मन को खदेड़ने की योजना थी। राजनीतिक और कूटनीतिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए नियन्त्रण रेखा के उस पार न जाने का निर्णय लिया गया । प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले द्रास सेक्टर, मश्कोह घाटी, बटालिक सेक्टर और फिर काकसर सेक्टर को सुरक्षित करने की योजना बनाई गयी।

8 माऊंटेन डिवीजन को कारगिल, द्रास और मश्कोह सेक्टरों से पाकिस्तानियों को भगाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी। उसके नियन्त्रण में तीन माऊंटेन ब्रिगेड थी। 3 इन्फेंट्री डिवीजन बटालिक और तुरतुक के क्षेत्रों के अभियान की जिम्मेदारी सम्भाले हुए थी। एक माऊंटेन ब्रिगेड को बटालिक सेक्टर के अभियान की कमान सम्भालने के लिए पहले ही रवाना कर दिया गया था।

द्रास मश्कोह सेक्टर में सबसे पहले तोलोलिंग पर कब्जा करने की योजना थी । द्रास में 18 ग्रिनेडियर्स तोलोलिंग पर कब्जा करने के लिए तीन प्रयास पहले ही कर चुकी थी। 02 जून को 18 ग्रिनेडियर्स ने तोलोलिंग पर कब्जा करने के लिए अपना चौथा प्रयास किया। भारी प्रतिरोध का सामना करते हुए वह 10जून तक ऐसे स्थान पर पहुंच गयी जो पाकिस्तानी पोजीशन से लगभग 30 मीटर नीचे था।

2 राजपूताना राइफल्स ने 12 जून को तोलोलिंग पर कब्जा करने के लिए उस स्थान को एक मजबूत आधार के रूप में प्रयोग किया। 12 जून को रात 11 बजे उसने हमला शुरू किया और घमासान लड़ाई के बाद प्वाइंट 4590 पर कब्जा कर लिया। उसके बाद 18 ग्रिनेडियर्स ने 12 राजपूतना राइफल्स के साथ आगे बढकर प्वाइंट 4590 से 03 किमी आगे पोजीशन पर कब्जा कर लिया। बाद में प्वाइंट 5140 पर हमला करने के लिए इसी प्वाइंट 4590 का प्रयोग किया गया।

प्वाइंट 5140 पर कब्जा करने के लिए 13 जम्मू कश्मीर राइफल्स ने दो बार प्रयास किये लेकिन उसे ज्यादा सफलता नही मिली थी। 19 जून को 18 गढवाल राइफल्स, 13 जम्मू कश्मीर राइफल्स और 1 नागा ने एक साथ मिलकर हमला किया । अंततोगत्वा 20 जून को रात 3रू35 बजे तक पोजीशन पर कब्जा कर लिया गया। 29 जून को भारतीय सेना ने टाइगर हिल के पास की दो पोस्ट 5060 व 5100 पर फिर से तिरंगा लहराया। यह पोस्ट हमारी सेना के नजरिए से महत्वपूर्ण थी इसीलिए इसे जल्दी कब्जा किया गया।

02 जुलाई के दिन भारतीय सेना के जवानों ने कारगिल को तीनों तरफ से घेर लिया। दोनों देशों की तरफ से खूब गोलीबारी हुई। अंततः टाइगर हिल पर हमारी सेना ने तिरंगा लहराया। हमारी सेना ने धीरे धीरे सभी पोस्टों पर कब्जा जमा लिया। 26 जुलाई को कारगिल युद्ध आधिकारिक तौर पर समाप्त हो गया।

इस युध्द में हमारी सेना ने अदम्य साहस और वीरता के बल पर पाकिस्तानी सेना को धूल चटायी थी । पाकिस्तान आज भी उस दर्द को नहीं भुला पा रहा है। भारतीय सेना के शौर्य से डरकर वह अमेरिका तक भागा था। आज से 22 साल पहले के उन दिनों को याद कर देश उन वीरों के समक्ष नतमस्तक है जिन्होंने मां भारती की रक्षा में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। हम सबका कर्तव्य है कि हम उन शहीदों के परिजनों की हर संभव मदद करें, उन्हें सम्मान दें ताकि वह परिवार स्वयं को अकेला महसूस न करें।

सरकार और विभिन्न सरकारी कार्यालयों में उच्च पदों पर बैठे लोग उस समय शहीदों के परिजनों से किया गया वादा भूल चुके हैं। कारगिल ही क्या अब तक सेना द्वारा लडे गये अन्य युद्धों के शहीदों के परिजनों का कमोबेश यही हाल है। मात्र दिवस मनाने, अमर रहें के नारे लगाने या शहीदों की प्रतिमाओं पर पुष्प चढ़ा देने से हमारे कर्तव्यों का निर्वहन नहीं हो जाता। हमारे देश के वीर शहीदों ने अपना वादा पूरा कर दिया है, अब हमारी बारी है कि हमने शहीदों के पयताने खड़े होकर जो वादा किया था उसे शीघ्र पूरा करें, यही हमारे युद्ध नायकों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

– हरी राम यादव
स्वतंत्र लेखक



अयोध्या टाइम्स के लिए **मुद्रक, प्रकाशक एवं स्वामी बृजेश कुमार मौर्य** द्वारा किशोर प्रिन्टर्स 124/659 बी ब्लाक गोविन्द नगर, कानपुर नगर से मुद्रित व संजय नगर, गोविन्द नगर, कानपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

राम कृपाल सिंह
मुख्य संपादक/नेशनल ब्यूरोचीफ
मो. : 9956096265
सम्पादक : डॉ अनवेश सिंह
मो. : 9918523251
आर.एन.आई. नं. : यूपीएचआईएन 2015/67284
DAVP CODE 133691
डाक पंजीयन सं.: 272/2021–23
E-mail : dainikayodhyatimes@gmail.com
Website: dainikayodhyatimes.page

आवश्यक सूचना

समाचार पत्र से संबंधित समस्त प्रकार के विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर न्यायालय ही होगा। – संपादक

: प्रसारित :

दिल्ली, लखनऊ, औरैया, इटावा, चित्रकूट, फर्रूखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, आगरा, मथुरा, हाथरस, कासगंज, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, पीलीभीत, संत कबीर नगर, बांदा, हमीरपुर, ललितपुर, मैनपुरी, बहराइच, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती, अमेठी, गाजीपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, देवरिया, बरेली, मदोही, आजमगढ़, गोरखपुर, महाराजगंज, जालौन, बिजनौर, सोनभद्र, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर, शामली, अन्य स्टेट : मध्य प्रदेश, बिहार, असम/त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र

संक्षिप्त समाचार

मत्स्य विभाग की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत वर्ष 2022-23 के लिए विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं अन्तर्गत विभागीय आनलाइन पोर्टल 1 जुलाई 2022 से जनसामान्य को आवेदन हेतु पुनः खोला गया

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर सहायक निदेशक मत्स्य सुरेश कुमार ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि मत्स्य विभाग की प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत–वर्ष 2022–23 के लिये विभिन्न मात्स्यिकी परियोजनाओं अन्तर्गत विभागीय आनलाइन पोर्टल 01 जुलाई, 2022 से जनसामान्य को आवेदन हेतु पुनः खोल दिया गया है। आवेदन करने की अन्तिम तिथि जो पूर्व में 15 जुलाई, 2022 तक थी। जिसे बढ़ाकर 31 जुलाई, 2022 तक कर दिया गया है। अभी तक फिंगरलिंग्स रियरिंग यूनिट लघु आर०ए०एस०ई बायोफ्लाक, बैकयार्ड आ०ए०एस०, लाइव फिश वेन्डिंग सेन्टर तथा क्योस्क के लिये किसी भी श्रेणी का आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि थ्री व्हीलर जिसका लक्ष्य महिला वर्ग में है, कोई आवेदन प्राप्त नहीं है। उन्होने बताया कि इस योजनान्तर्गत परियोजनाओं का विस्तृत विवरण इकाई लागत आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख आदि विभागीय पोर्टल http://fymis.upsdc.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट http://fymis.upsdc.gov.in पर देखते हुए तत्काल आवेदन करें। विगत वर्ष दिसम्बर–जनवरी में आवेदन करने वाले व्यक्तियों को भी पुन आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, विकास भवन, भिनगा में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नम्बर 180018 05661 अथवा जनपदीय सम्पर्क सूत्र 9410064292 638848 2042, 9415737824 पर भी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को जीत की दी बधाई

कानपुर। राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू की जीत के बाद भारतीय नरेंद्र मोदी संघ के कार्यकताओं ने कार्यालय में जमकर जश्न मनाया.वही राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार तोमर ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू की जीत पर कार्यालय में बधाई दी।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बधाई देते हुए कहा कि द्रौपदी मुर्मू को भारत का राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बहुत–बहुत बधाई व हार्दिक शुभकामनाएं. द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति चुना जाना संपूर्ण भारतवासियों के लिए गौरव का क्षण है. उन्होंने कहा कि द्रौपदी मुर्मू की जीत अचंभित करने वाली बात नहीं है, इसकी संभावना पहले से थी. कई विपक्षी दलों ने भी समर्थन दिया था और उनकी ऐतिहासिक जीत हुई है.आज पूरे भारतवर्ष में खुशी मनायी जा रही है क्योंकि एक आदिवासी संथाल महिला राष्ट्रपति बन गयी है।राष्ट्रीय महामंत्री प्रशांत सिंह ने द्रौपदी मुर्मू को नवनिर्वाचित राष्ट्रपति बनने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में शीर्ष संवैधानिक पद पर न केवल पहली बार आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनी है,बल्कि देश के सबसे युवा राष्ट्रपति बनने का सौभाग्य भी मिला है।

मौसम विभाग ने जताई अगले चार दिन बारिश की आशंका

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिनांक 22 जुलाई अगले 4 दिनों के दौरान जिले के अधिकांश स्थानों पर कन्नौज जिले के विभिन्न स्थानों पर गरज और बिजली गिरने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है. अनुमानित 5 दिनों के दौरान बादल छाए रहेंगे। अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशरू 32.6–36.4 और 23.5–27.2 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम और न्यूनतम क्रमशरू 59–76: और 41–46: रहेगी। अगले पांच दिनों तक पुरवाई हवा चलने की संभावना है, जो 14–21 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने किसानों को सलाह देते हुए बताया किधान के खेत में मिट्टी की नमी बनाए रखने के लिए 1 किलो प्रति एकड़ पूसा हाइड्रोजेल का उपयोग करके धान की रोपाई पूरी करें ब मूंगध्उर्द की फसल को कैच क्रॉप के रूप में बोएं और डीएसआर तकनीक का उपयोग करके धान की फसल बोएं।

विद्यालय में टाप कर सक्षम ने लहराया परचम

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में शहर की प्रमुख शिक्षण संस्था कानपुर पब्लिक स्कूल का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा विद्यालय के छात्र सक्षम दुबे ने 90: अंक पाकर विद्यालय टॉप किया जबकि फातिमा मोहम्मद ने 89.2: अंक पाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इसी तरह तृषा मिश्रा एवं सिद्धांत अवस्थी ने संयुक्त रूप से 89 प्रतिशत अंक हासिल किए वही परीक्षा में सम्मिलित कुल 67 छात्र–छात्राओं में 25 छात्र छात्राओं ने 75: से अधिक अंक अर्जित किए तथा 61 छात्र छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है विद्यालय के प्रबंधक आलोक कटियार एवं आनंद मिश्रा ने संयुक्त रुप से सभी छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्य मूवी ना कामरान ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विद्यालय स्टाफ का भी धन्यवाद किया।

सदस्य जिला पंचायत पद के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। पंचायत उप निर्वाचन 2022 की नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के उपरान्त निर्वाचन अधिकारी, सदस्य जिला पंचायत/ मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 जयइन्द्र सिंह ने बताया है कि अवधेश कुमार जिला पंचायत सदस्य वार्ड नम्बर–8 हरिहरपुररानी चतुर्थ से निर्विरोध निर्वाचित हुए है। निर्वाचित सदस्य को निर्वाचन अधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष संख्या–38 में निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत दद्दन मिश्रा, जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम, कमलेश मिश्रा, पंकज मिश्रा, सुनील तिवारी उपस्थित रहे।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में बालक एवं बालिका वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जिला क्रीड़ाधिकारी शिव कुमार यादव के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत महानायक मंगल पांडे के पुण्यतिथि पर जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रावस्ती में 19 एवं 20 जुलाई, 2022 को बालक एवं बालिका वर्ग में खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिला क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि खो–खो प्रतियोगिता में छः टीम बालक वर्ग में एवं छः टीम बालिका वर्ग में प्रतिभाग किया गया। बालक वर्ग में मोहम्मद आलम की टीम विजेता रही। वहीं विकास यादव की टीम उपविजेता रही क्रमशः बालिका टीम में रेनू यादव की टीम विजेता और सिम्मी आदमी की टीम उपविजेता रही जिला क्रीड़ा अधिकारी शिव कुमार यादव के द्वारा महानायक मंगल पांडे के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई एवं खेल का आरंभ किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल अधिकारी कृष्ण स्वरूप मिश्रा, रवि कुमार, अतुल कुमार, प्रधानाचार्य कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज भिनगा कैसर जहां, खो–खो प्रशिक्षक जागेश्वर सैनी, हांकी प्रशिक्षक विवेक प्रकाश सिंह, खो–खो प्रशिक्षक मोहम्मद मुस्लिम आदि उपस्थित रहे।

अज्ञात व्यक्तिका कंकाल मिलने से हडकंप

दैनिक अयोध्या टाइम्स

मौदहा हमीरपुर। गुरूवार देररात कस्बे के एसडीएम आवास के निकट बनी पुरानी मंडी चौकी के निकट आ रही दुर्गंध के कारण लोगों ने देखा तो किसी अज्ञात व्यक्ति का कंकाल मिलने की बात सामने आई है सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कंकाल का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।हालांकि पांच छः महीने पहले इस क्षेत्र में एक पागल घूमता था और कुछ समय से दिखाई नहीं दे रहा है हालांकि अभी तक कंकाल की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

कस्बे के प्रशासनिक दृष्टिकोण से न्यायालय,एसडीएम आवास, क्षेत्राधिकारी आवास सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों के मुखियाओं का निवास स्थान होने के बाद भी पुरानी मण्डी चौकी के निकट बबूल की झाडियों के बीच करीब पांच महीने पुराना कंकाल मिलने से लोगों के बीच चर्चाओं का बाजार गर्म है।गुरुवार देररात कोतवाली में तैनात होमगार्ड को दुर्गंध आने के बाद होमगार्ड बाबूराम ने पुलिस को सूचना दी।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।जबकि पोस्टमार्टम के बाद कंकाल की पहचान कराने के उद्देश्य से डीएनए टेस्ट भी कराया जाएगा।लेकिन सवाल यह उठता है कि जबतक किसी गुमशुदगी की सूचना न हो तबतक डीएनए जांच की कोई अहमियत नहीं है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पटेल ने बताया कि, होमगार्ड बाबूराम द्वारा सूचना दी गई थी कि कस्बे की मंडी समिति चौकी के पास स्थित बबूल के जंगल की झाड़ियों की आड़ में अज्ञात व्यक्ति का कंकाल व सिर का कंकाल व सड़े गले कपड़े व काला पड़ा जैकिट दिखाई पड़ा है।

दुर्गंध देने के कारण सुरक्षा ड्यूटी पर लगने के कारण यहां समय करीब 00:15 बजे रात्रि देखने पर जानकारी हुई ।आसपास से दिन दो–तीन माह पूर्व ठंडी के समय एक पागल अज्ञात व्यक्ति कस्बे में टहलता था काफी समय से नहीं दिख रहा है संभावना है उसी का कंकाल है। कंकाल व कपड़े कब्जे में लिए गए हैं कंकाल को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कंकाल का डीएनए टेस्ट कराकर शिनाख्त की कोशिश की जाएगी। फिलहाल शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय लोक अदालत पड़ने के कारण 12 अगस्त का अवकाश किया गया निरस्त

ओंकार नाथ चौधरी बलरामपुर। जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह ने बताया कि मेरे पूर्वाधिकारी द्वारा पारित आदेश दिनांक 10 जुलाई को रविवार अवकाश में पड़ने वाले ईद–उल–जुहा अवकाश के एवज में दिनांक 12 अगस्त शुक्रवार को रक्षाबन्धन अवकाश घोषित किया गया था, परन्तु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त सूचना के अनुसार माह अगस्त, 2022 में राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13 अगस्त, 2022 को प्रस्तावित है। दिनांक 12 अगस्त को रक्षाबन्धन अवकाश घोषित होने के कारण दिनांक 13 अगस्त को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत प्रभावित होगा। ऐसी स्थिति में दिनांक 12 अगस्त को घोषित रक्षाबन्धन अवकाश निरस्त किया जाता है। ईद–उल–जुहा अवकाश के एवज में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा हेतु आदेश बाद में निर्गत किया जायेगा।

छात्रों को आपदा से लड़ने के लिए तैयार कर रही है एन0डी0आर0एफ0

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। जनपद में सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत एन0डी0आर0 एफ0 की तैनाती की गई है। वर्तमान में बाढ़ न होने के कारण जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के संयोजन में एन0डी0आर0एफ0 द्वारा छात्रों को सम्भावित आपदाओं से बचने व अपने आस–पास के समुदाय को बचाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी क्रम में एन0डी0आर0एफ0 की टीम ने केन्द्रीय विद्यालय भिनगा में छात्रों को आपदाओं से निपटने के गुण बताये। विद्यालय में कमाण्डेंट मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में पहुंची टीम की अगुवाई टीम कमाण्डर धीरेन्द्र उपाध्याय ने की। उन्होने बताया कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए धैर्य बहुत आवश्यक है। धैर्य के साथ उचित जानकारी होने के साथ हम बड़ी से बड़ी आपदाओं से सफलतापूर्वक निपट सकते है। टीम ने बच्चों के सामने आग से बचाव, स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार, हीट स्ट्रोक से बचाव, सड़क सुरक्षा, कोविड–19 से बचाव, बाढ़ से बचाव, गले में फंसी वस्तु को बाहर निकालना आदि समस्याओं के समाधान बताये व बच्चों को भी प्रैक्टिकल कर बचाव की तकनीक सीखने के लिए प्रेरित किया। केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से देश की भावी पीढ़ी आपदाओं से निपटने में सक्षम बनेगी। आपदाऐं अचानक आती है और बहुत नुकसान करके जाती है। एन0डी0आर0एफ0 टीम द्वारा दी गई जानकारी हमें भारी नुकसान से बचा सकती है। इस अवसर पर अध्यापक अभिनव चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक शिवपूजन सिंह, एन0डी0आर0एफ0 की टीम सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सरकारी विभागों/ कार्यदायी संस्थाओं द्वारा टी0डी0एस0 कटौती के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

ब्यूरो चीफ श्रावस्ती ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती। राजस्व संग्रह में प्रगति लाने हेतु सरकारी विभागोंध्कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किये जा रहे भुगतान पर टी0डी0एस0 कटौती हेतु मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में सहायक आयुक्त, राज्य कर, श्रावस्ती द्वारा सभी आहरण वितरण अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को विस्तारपूर्वक जीएसटी कटौती के बारे में बताया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सरकारी विभागों, ग्राम पंचायतों एवं कार्यदायी संस्थाओं को टीडीएन नम्बर प्राप्त कर नियमानुसार टीडीएस एवं जीएसटी कटौती किये जाने का निर्देश दिया। सहायक आयुक्त राज्य कर, गोण्डा अनुभव सिंह द्वारा बताया गया कि सरकारी विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कान्ट्रैक्टर को ढ़ाई लाख रूपये से अधिक के भुगतान पर नियमानुसार जीएसटी एवं टीडीएस कटौती किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि सरकारी विभाग, कार्यदायी संस्था उन्हीं ठेकेदारों को कार्य दें, जिनके पास जीएसटी नम्बर अनिवार्य रूप से हो एवं यह भी सुनिश्चित कर लें कि जीएसटी नम्बर एक्टिव हो। उन्होने बताया कि सरकारी विभागों द्वारा जीएसटी कटौती के लिए टीडीएन नम्बर होना अनिवार्य है। इसके लिए विभाग के बेवसाइट www.gst.gov.in पर जाकर रजिस्ट्रेशन कराकर टी0डी0एन0 नम्बर प्राप्त कर सकते हैं। सरकारी विभाग कार्यदायी संस्था कान्ट्रैक्टर को ढ़ाई लाख रूपये से अधिक के भुगतान पर हर महीने 10 तारीख तक जीएसटीआर–7 रिटर्न आनलाइन दाखिल करना जरूर सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत स्तर पर भी होने वाले कार्यों पर टीडीएस एवं जीएसटी कटौती किया जाना अनिवार्य है। सरकारी विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के जीएसटी कटौती को लेकर शंकाओं एवं समस्याओं के लिए सहायक आयुक्त, राज्य कर, कृष्ण मुरारी यादव के दूरभाष संख्या मोबाइल नम्बर 7235003375 एवं राज्य कर अधिकारी, श्रावस्ती योगेद्र कुमार के दूरभाष संख्या 7235003299 प्रदान किया गया। इस अवसर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 शारदा प्रसाद तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 जेता सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी गिरीश कुमार, एआरटीओ वी0के0 मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक सन्त प्रकाश, उप कृषि निदेशक कमल कटियार, अधिशाषी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग अनवारूल हक, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, सहायक आयुक्त उद्योग अरविन्द भास्कर, राज्य कर निरीक्षक तरूण पाण्डे सहित विभिन्न विभागों के आहरण वितरण अधिकारी मौजूद रहे।

हत्या की घटना में वांछित 25 हजार का इनामिया अभियुक्तगिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स

हमीरपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र में कमलेश कुमारी पत्नी सत्यनारायण राजपूत निवासी बिलगांव द्वारा थाना जलालपुर पुलिस को सूचना दी गई कि उसके पति सत्यनारायण राजपूत के मामा मुन्ना राजपूत निवासी बिलगांव के घर पर कुंआ पूजन का कार्यक्रम था। कार्यक्रम में उसके पति सत्यनारायण, जेठ चंद्रशेखर पुत्र दशरण व शिवकान्त व राजेन्द्र पुत्र गण चंद्रशेखर भी गये थे। रात्रि मे नाच गाने का प्रोग्राम था सभी लोग नाच देख रहे थे। उसी समय रात्रि करीब 02 बजे सत्यनारायण नाच देखकर अपने घर के लिये वहाँ से निकले थे तो चंद्रशेखर व उनके लड़के शिवकान्त व राजेन्द्र अपने–2 हाथों में कुल्हाड़ी लिये हुये उनके पीछे चल दिये थे। प्राथिया को शंका हुई कि ऐसा तो वह अपनी ननद को साथ लेकर उनके पीछे पीछे गई, व पति के ना मिलने पर अपने परिवार के अन्य लोगों के साथ ढूंढने लगी शाम को करीब 7 बजे गांव के किनारे पथनौड़ी (खलिहान) के मैदान मे झांड़ियों के बीच उसके पति का शव मिला, चेहरे पर कुल्हाड़ी के चोट के निशान थे। प्रार्थिया के पति सत्यनारायण को चंद्रशेखर पुत्र दशरथ व शिवकान्त पुत्र चंद्रशेखर, राजेन्द्र पुत्र चंद्रशेखर ने कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर दी है। उपरोक्त सूचना पर थाना जलालपुर में मु0अ0स0 –222/21, धारा–302/ 120बी आईपीसी में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना में अभियुक्ता बबली पत्नी चंद्रशेखर निवासी गण ग्राम बिलगाँव थाना जलालपुर धारा–120बी आईपीसी में प्रकाश में आया था। पुलिस द्वारा,चन्द्रशेखर पुत्र दशरथ ,शिवकान्त पुत्र चन्द्रशेखर को 3,श्रीमती बबली पत्नी चंद्रशेखर निवासी गण ग्राम बिलगांव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

अभियुक्त राजेन्द्र राजपूत पुत्र चन्द्रशेखर निवासी ग बिलगांव थाना जलालपुर उपरोक्त घटना में वांछित चल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा 25,000/– की पुरस्कार घोषित किया गया था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त राजेन्द्र राजपूत को पुरैनी राठ तिराहा से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के संबन्ध में अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0स0–111/22, धारा–3/25 आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार करने वाली टीम

थानाध्यक्ष जलालपुर संजय कुमार सिंह एसओजी प्रभारी विनोद कुमार राय उ0नि0 शब्बीर अहमद का0 रविन्द्र प्रताप आदि शामिल रहे।

बढ़ती मॅहगाई को लेकर आम आदमी पार्टी ने किया धरना प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

मो मुनब्बर ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स कन्नौज

कन्नौज। खाद्य पदार्थों पर लगाई

जीएसटी और बढ़ती महंगाई को लेकर जहां विपक्ष एक ओर सरकार को घेरते हुए नजर आ रहा है वही आम आदमी पार्टी भी कहीं से पीछे नजर नहीं आ रही है आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष अगुवाई मे दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में महंगाई के विरोध में नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा खाद्य पदार्थों पर लगाई गई जीएसटी एवं बढ़ती महंगाई को लेकर जहां एक और विपक्ष सरकार पर हमलावर दिखाई देता है किसी भी मौके को मनाने में झुकता नहीं दिखाई देता है वहीं विपक्षी पार्टी आम आदमी पार्टी कन्नौज के जिला अध्यक्ष डॉक्टर चंद्रकांत यादव की अगुवाई में दर्जनों का कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट मैंधरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की रसोई गैस पर आए दिन की जाने वाली बढ़ोतरी खाद्य पदार्थों पर लगाई गई जीएसटी एवं जनपद में कोल्ड मालिकों द्वारा मनमाने तरीके से वसूले जा रहे भाड़े को वापस लेने के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार रखे वही अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजपूत सोनू कठेरिया उमेश चंद यादव सत्येंद्र वर्मा फिरोज खान सौरव यादव सुरेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

विधायक बारा के जन्मोत्सव पर हुए विविध कार्यक्रम आयोजित

• कार्यकर्ताओ ने बुके भेटकर दी शुभकामनाऐ

प्रयागराज। एमवी ग्रुप आफ इन्स्टीट्यूट द्वारा विधायक बारा डॉ. बाचस्पति का जन्मोत्सव फाउंडर डे के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर बारा विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने पूरामुफ्ती पहुंच कर बुकें भेंटकर विधायक बाचस्पति को जन्मोत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक बाचस्पति और पत्नी मधु बाचस्पति ने केक काटकर जन्मदिवस की खुशिया सभी के बीच शेयर किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष यमुनापार विभावनाथ भारती,वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत विश्वकर्मा,चन्द्र दत्त शुक्ला, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी,जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुभाष सिंह पटेल, जिला सह–संयोजक व विधायक प्रतिनिधि उमेश शुक्ला, राकेश विश्वकर्मा, संदीप सिंह गहरवार आदि ने गुरूवार देर शाम शुभकामनाए देकर जन सेवा की शक्ति समर्थ देने की ईश्वर से प्रार्थना किया।

संक्षिप्त समाचार

आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 11 से 17 अगस्त तक मनाया जायेगा 'हर घर तिरंगा एवं स्वतंत्रता सप्ताह'

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन सुलतानपुर। शासन के निर्देशानुसार जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में गुरूवार को स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगॉठ के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाये जाने के क्रम में 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के सम्बन्ध में विकास भवन के प्रेरणा सभागार में बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष बबिता जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, सरकारी अधिकारी कर्मचारी, शिक्षकगण, स्वयं सहायता समूह, विभिन्न संगठनों, वाणिज्यिक एवं व्यवसायिक समूहों एवं संगठनों, सभी ब्लाकों के प्रधान संघ के अध्यक्षों ने प्रतिभाग किया। उक्त बैठक में उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव जेल विजिटर अमर बहादुर सिंह ने कहा कि जिले के सभी थानों पर समिति के 15 –15 लोगों की कमेटी बनी हुई है और कमेटी के हर एक सदस्य 5 घरों पर झंडा फहराएंगे इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि हमारा यह प्रयास है कि जिले के पंद्रह सौ घरों पर झंडा फहराएंगे इस पर जिलाधिकारी ने सचिव को धन्यवाद एवं साधुवाद कहा उन्होंने कहा कि आपकी कमेटी प्रशासन के साथ सहयोग के लिए हमेशा साथ खड़ी रहती है उक्त बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष बबिता जायसवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नगर के सभी प्रतिष्ठानों, शहीद स्थलों पर तिरंगा फहराये जाने हेतु सभी संगठनों के साथ बैठक कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है तथा उन्हें झण्डा उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगॉठ को यादगार के रूप में मनाये जाने हेतु सभी अपने–अपने घरों पर तिरंगा फहराएं। जिलाधिकारी ने सभी संगठनों एवं जन सामान्य से अपील करते हुए कहा कि आजादी की 75वीं वर्षगॉठ के अवसर पर मनाया जाने वाला 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को फ्लैग कोड का पालन करते हुए हर्षोल्लास व जश्न के साथ मनाया जाय। उन्होंने कहा कि 11 से 17 अगस्त, 2022 तक चलने वाला हर घर तिरंगा कार्यक्रम को जन–जन तक पहुँचाया जाय तथा इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने हेतु लोगों को जागरूक किया जाय।

उन्होंने सभी संगठनों सरकारी विभागोंनआम जनमानस से आवाह्न करते हुए कहा कि जिस प्रकार शादी के अवसर पर पहने जाने वाले कपड़े को सम्भाल कर रखते हैं उसी प्रकार स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगॉठ के अवसर पर फहराये जाने वाले झण्डे को स्मृति के रूप में सम्भाल कर रखें। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी भवनों, इमारतों, शहीद स्थलों, शिक्षण संस्थाओं आदि की साफ–सफाई करायी जाय तथा उनका सौन्दर्यीकरण कराते हुए तिरंगा फहराया जाय। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी शिक्षा प्रेरणा महिला समूह की शिव कुमारी द्वारा निर्मित झण्डा शुल्क देकर खरीदा गया। इसी प्रकार सभी संगठनों के प्रमुखों द्वारा स्वयं सहायता समूह की दीदीयों द्वारा निर्मित झण्डे को खरीदा गया। मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी विभागों संगठनों ग्राम प्रधानों की भूमिका महत्वपूर्ण है। आप सभी से अपील है कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम में बढ़चढ़ कर हिस्सा लें तथा इसे जनांदोलन का रूप प्रदान कर सफल बनायें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नगर में अधिशाषी अभियन्ता नगर पालिका तथा ग्रामीणांचल में जिला पंचायतराज अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गीतध्राष्ट्रगान के साथ फ्लैग कोड का पालन करते हुए हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत अपने–अपने घरों पर झण्डा फहरायें। विभिन्न व्यापारिक संगठनों, रेडक्रास सोसाइटी, सभी ग्राम प्रधान संगठनों के अध्यक्षों द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने हेतु अपने–अपने सुझाव दिये तथा पूर्ण सहयोग करने का वादा किया। लायंस क्लब के अध्यक्ष बलदेव सिंह ने सुझाव देते हुए कहा कि सभी चौक चौराहों पर सजाया जाय तथा लोग अपने घरों में दीप प्रज्ज्वलित कर झण्डा फहरायें। लघु उद्योग भारती के संयोजक भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के प्रदेश महामंत्री रवीन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि जनपद सुलतानपुर में लगभग 60 बाजारों में व्यापारिक संगठन सक्रिय है हम सभी व्यापारियों से झण्डा लगाने की अपील करते हैं तथा सभी दुकानदारों से यह भी अनुरोध करेंगे कि आने वाले ग्राहकों को झण्डा लगाने हेतु प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हम जागरूकता अभियान चलाकर तिरंगा झण्डा लगाने हेतु लोगों को प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सी0पी0 पाठक, उप जिलाधिकारी कहकशॉ अंजुम, जिला पंचायतराज अधिकारी आर0के0 भारती सहित जनपद स्तरीय अधिकारी व्यापारिक संगठन स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं अपराध निरोधक समिति के जिला सचिव जेल विजिटर अमर बहादुर सिंह उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति एवं मंडल अध्यक्ष पत्रकार एकता संघ अलीमुद्दीन जिला सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष बलदेव सिंह लायंस क्लब के डॉ डीएस मिश्रा उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के नगर महामंत्री एवं पत्रकार एकता संघ के जिला सचिव विनय सेन उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रविंद्र त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

आयुष आपके द्वार योजना के तहत शिविर लगाया गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई,जालौन। उरई तहसील क्षेत्र के ग्राम बरहा में दिन बुधवार को आयुष आपके द्वार योजना के अंतर्गत राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय हरदोई गूजर के तत्वाधान में शिविर का आयोजन किया गया शिविर में सर्व प्रथम ग्राम प्रधान द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र पर पूजन अर्चन एवं माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया गया जिसमें आयुर्वेदिक चिकित्सालय ग्राम हरदोई गूजर के
चिकित्साधिकारी डॉ सत्येन्द्र सिंह द्वारा 193 रोगियों का परीक्षण कर उन्हें 5 से 7 दिन की निशुल्क औषधियों का बितरण किया गया शिविर में बातरोग चर्मरोग स्वास ज्वर कायवहीं परीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी डॉ सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि बदलते मौसम में सावधानियां बरतने की सलाह दी एवं अनुसार खान पान के बारे में लोगों को जागरूक किया वहीं शिविर में आयुर्वेद विद्या का प्रचार प्रसार किया गया और ग्रामीणों ने शिविर का भरपूर लाभ लिया और सराहना की इस दौरान सहयोगी के रूप में फार्मासिस्ट उदनपुर एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गगन आदि लोग सहयोग में लगे रहे।

जिला महिला अस्पताल के गेट लगा हाईटेंशन का जर्जर पोल

• कभी भी हो सकता हादसा, जर्जर पोल के नीचे से होकर गुजरते हजारों लोग प्रतिदिन इतने लापरवाह कैसे हो सकते हैं विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। जिला मुख्यालय स्थित महिला जिला अस्पताल गेट पर जर्जर पोल लगा है जिसके ऊपर से 11 हजार हाईटेंशन की लाइन निकली हुई यह जर्जर पोल मुख्य मार्ग से सटा हुआ है जिसके नीचे से प्रतिदिन सैकडों आम जनता निकती है। जिला मुख्यालय स्थित मुख्य मार्ग जिला महिला अस्पताल के ठीक गेट सड़क पर वर्षों पुराना विद्युत पोल खड़ा हुआ है जिसके ऊपर से 11 हजार हाईटेंशन की लाइन निकली हुई है। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते यह विद्युत पोल नीचे से गल कर टूटा पड़ा है जो कभी भी गिरने की हालत में है।बताते चले कि विद्युत जर्जर पोल जो कि मुख्य मार्ग पर लगा हुआ है जिसके नीचे से दिन–रात हजारों की संख्या में आम जनता निकलती रहती है।अगर समय रहते विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पोल न बदलने का काम नहीं किया तो कभी भी बड़ा हादसा होने से कोई नहीं रोक सकता है। शहर के गणमान्य नागरिकों ने विभाग से विद्युत पोल बदलवाये जाने की मांग उठाई है। जल्द से जल्द विद्युत विभाग टूटे हुए पोल को जल्द से जल्द बदलने का काम पूरा करें कहीं ऐसा ना हो के कोई बड़ा हादसा हो जाए।

बुंदेलखंड को प्रथक राज्य बनाये जाने की मांग उठाई तैलिक समिति ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौपा अतिरिक्तमजिस्ट्रेट को

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। भारतीय तैलिक समिति उ.प्र." ने प्रधानमंत्री को सम्बोधित जिलाधिकारी के द्वारा सुनील हिन्दुस्तानी प्रबन्धक/संस्थापक के नेतृत्व में "बुन्देलखण्ड को प्रथक राज्य बनाने और बुन्देलखण्ड को सुखा घोषित" करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मनोज राठौर (कोटरा) ने कहा कि भाजपा ने राज्य व केंद्र में सरकार बनाने से पहले बुन्देलखण्ड वाशियों से आश्वासन किया था कि बुन्देलखण्ड को पृथक राज्य बनायेंगे।
लेकिन 2 बार सरकार बनने के बाद भी बुन्देलखण्ड को पृथक राज्य बनाने की प्रक्रिया शुरू नहीं की है। बुन्देलखण्ड में सुखा पड़ने के कारण किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है। वरुण राठौर ने कहा कि बुन्देलखण्ड का युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है, गरीबी और बेरोजगारी के चलते वह रोजगार के लिए दुसरे राज्यों की ओर पलायन कर रहा है। इसी क्रम में आगे अर्जुन राठौर (रिक्की) ने कहा कि बुन्देलखण्ड में खनिज का सबसे बड़ा उत्पादन है, लेकिन फिर भी बुन्देलखण्ड को पृथक नहीं किया जा रहा है, जिससे बुन्देलखण्ड बहुत ही पीछे रह गया है और पिछड़ेपन के कारण न ही बुन्देलखण्ड में बड़े उद्योगों की स्थापना हो पा रही है। ज्ञापन देते समय डॉ भगवन सिंह राठौर, जय प्रकाश राठौर (अध्यक्ष), अर्जुन सिंह राठौर, संजीव राठौर, वरुण राठौर, अजय राठौर (एड), लोकेन्द्र राठौर, दीपचन्द्र राठौर, अशोक राठौर आदि समाज के लोग उपस्थित रहे।

दबंग कोटेदार से जनता परेशान, राशन वितरण में करता घटौली, देता है गाली ग्रामीणों ने की मुख्यमंत्री पोटल पर कोटेदार की शिकायत

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री गरीबों की हक की बात करते हैं लेकिन कोटेदार अपनी दबंगई पर कायम है और राशन कार्ड धारकों को कम राशन देता है। ऐसा ही एक मामला विकासखंड कोंच के ग्राम चमारी का सरकारी दुकानदार वलीमुहम्मद कई सालों से दबंगई के बल पर राशन वितरण कर रहा है। लोगों का आरोप है कि उक्त कोटेदार प्रति यूनिट दर 20 किलो राशन में से 3 किलो कम देता है पुराने तराजू बांट कांटे से इस काम को बखूबी अंजाम दे रहा है। जब गांव वाले इसका विरोध करते हैं तो कोटेदार व उसका दबंग लड़का अकबर धमकी देता है कि ज्यादा बोलोगे तो मार मार कर हाथ पैर तोड़ दूंगा, साथ ही राशन कार्ड भी निरस्त करवा दूंगा। चमारी ग्राम पंचायत के गांव हिनौना, चौतराई के ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत गांव के प्रधान से की तो कोटेदार प्रधान से भी अभद्र व्यवहार किया साथ ही मारपीट और गाली–गलौज भी कर चुका है। ग्राम प्रधान नौशाद आलम मंसूरी और गांव वाले मिलकर कोटेदार की शिकायत योगी पोर्टल पर एवं एसडीएम तथा संबंधित अधिकारियों से कर चुके हैं लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही के नाम पर लीपापोती हो जाती है, जिम्मेदारों की अनदेखी से कोटेदार खुलेआम गरीबों का राशन खाये जा रहा है। यह स्थिति बन चुकी है कि गांव में कभी भी भारी मारपीट हो सकती है। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट करा कर उक्त कोटेदार पर कार्यवाही कराने की मांग की है।

विभिन्न समस्याओं को लेकर उद्योग मंत्री तथा प्रमुख सचिव, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन से मिला व्यापारियों उद्यमियों का प्रतिनिधिमंडल

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर ब्यूरो चीफ घनश्याम वर्मा। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री रवींद्र त्रिपाठी की अगुवाई में व्यापारियों तथा उद्यमियों का एक प्रतिनिधिमंडल माननीय उद्योग मंत्री राकेश सचान से तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के प्रमुख सचिव अनीता सिंह जी से मिलकर उद्यमियों की समस्याओं के बारे में चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल द्वारा माननीय मंत्री जी से निवेदन किया गया कि सुल्तानपुर से जब अमेठी अलग हुआ तो सारी औद्योगिक इकाइयां अमेठी जनपद में चली गई सुल्तानपुर जनपद नए उद्योगों की स्थापना हेतु कोई भी औद्योगिक एरिया दीक्षित नहीं की गई जिसके कारण नए उद्योगों को लगने में बहुत ही समस्या उत्पन्न हो रही है प्रतिनिधिमंडल ने माननीय मंत्री जी से मांग किया कि जनपद सुलतानपुर में नए औद्योगिक एरिया को विकसित करवाने की कृपा करें जिससे वहां पर नए–नए उद्योग स्थापित हो सके उद्यमियों ने उद्योग बंधु की बैठक को और प्रभावी बनाने तथा उन में आने वाली समस्याओं का निदान ना होने पर प्रत्येक जनपदों से उन समस्याओं को प्रदेश स्तर पर लगा कर निस्तारित कराया जाए। प्रतिनिधि मंडल द्वारा उद्योग लगाने के लिए जमीन के खरीदने पर स्टांप अन्ना लेने का जो शासनादेश है उसे प्रभावी बनाने की भी मांग की।
उद्यमियों ने माननीय मंत्री जी को यह भी अवगत कराया कि उद्यमियों को उद्योग लगाने हेतु सरकारी योजनाओं के तहत बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध कराने में आनाकानी की जाती है बैंकों द्वारा सूचना लेने के कारण प्रदेश में उद्योग लगने में समस्या उत्पन्न हो रही है। व्यापारी तथा उद्यमी नेता रविंद्र त्रिपाठी ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के बगल औद्योगिक एरिया विकसित करने का सुझाव माननीय मंत्री राकेश सचान जी को दिया। मनी मंत्री जी ने उद्यमियों तथा व्यापारियों की समस्याओं को त्वरित निस्तारित कराते हुए सभी बिंदुओं पर कार्यवाही करने का आश्वासन उद्यमियों के प्रदीप मंडल को दिया। प्रमुख सचिव/आयुक्त महोदय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ उत्तर प्रदेश को दिए गए मांग पत्र में व्यापारियों उद्यमियों ने लिखा है कि आदरणीय महोदया प्रदेश के विभिन्न जनपदों ने भ्रमण के दौरान निम्नलिखित समस्याओं के बारे में व्यापारियों ने अवगत कराया है जिसका निदान करवाने की कृपा करें। व्यापारियों ने यह शिकायत की है कि खाद्य सुरक्षा औषधि एवं प्रशासन के लाइसेंस के लिए निर्धारित शुल्क से कई गुना अधिक रुपया लेकर लाइसेंस बनाया जाता है अधिकतर जिलों से शिकायत है कि 100 की जगह 700 से लेकर 15 सो रुपए और 2000 शुल्क की जगह 5000 से 7000 लिया जाता है और यदि जो व्यापारी या उद्यमी ऑनलाइन प्रार्थना पत्र पंजीयन के लिए अप्लाई करता है तो या तो उसका प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया जाता है या फिर रुपया अलग मद में चला जाता है। जिससे उसका लाइसेंस जारी नहीं हो पाता।

पंजीयन पारदर्शिता पूर्ण हो इसके लिए उचित होगा कि जनपदों में विभिन्न बाजारों में कैंप लगाकर स्थानीय व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ लेकर फूड के पंजीयन एवं लाइसेंस जारी किए जाएं। 2 अधिकतर जनपदों से यह भी शिकायत है कि नमूना भरने के दौरान या दुकानों के सर्वे के दौरान फूड अधिकारियों द्वारा अपने साथ प्राइवेट व्यक्तियों को लेकर जाया जाता है और उसी प्राइवेट व्यक्ति के माध्यम से व्यापारियों से अवैध वसूली की जाती है निवेदन है कि एक निर्देश पूरे प्रदेश के लिए जारी करने की कृपा करें कि कोई भी फूड अधिकारी अपने साथ किसी भी प्राइवेट व्यक्ति को लेकर न चले और जब व्यापारी के प्रतिष्ठान पर जाएं तो अपना परिचय पत्र साथ लेकर जाएं और अपना परिचय देने के उपरांत ही कोई कार्यवाही करें।
3–आदरणीय महोदय हम लोग नमूना भरने के खिलाफ नहीं हैं लेकिन नमूना भरने की धमकी देकर अवैध वसूली ना की जाए कई जनपदों में भ्रमण के दौरान यह शिकायत आई की नमूना भरने की धमकी देकर अधिकारियों द्वारा व्यापारियों से अवैध वसूली की जाती है जो रुपया नहीं देते हैं उन्हीं के यहां नमूना भरा जाता है और जो इनके अवैध वसूली का विरोध करता है उसे टारगेट करके परेशान किया जाता है उसका नमूना भरा जाता है। 4 कई जनपदों में यह भी शिकायत आई है कि फूड अधिकारी जब व्यापारियों के प्रतिष्ठान पर जाते हैं तो उनका मोबाइल छीन लेते हैं दहशत का माहौल पैदा करते हैं जिससे व्यापारी डर जाता है निवेदन है कि फूड अधिकारी जब व्यापारियों की दुकान पर जाएं तो अपना परिचय दें और कोई भी मानवीय कृत्य व्यापारी के साथ ना करें। 5नमूना भरने पूरी टीम जाए अकेले कोई भी पूरा अधिकारी नमूना ना करें तथा एक ही व्यापारी को टारगेट करके बार–बार उसी के यहां नमूना ना भरा जाए। आपसे विनम्र अनुरोध है कि उपर्युक्त बिंदुओं पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए समस्याओं का निदान करवाने की कृपा करें। प्रतिनिधिमंडल में राजेंद्र का शोधन राम बहादुर वर्मा जय भारत मिश्र अरविंद गुप्ता विनोद मोदनवाल मौजूद रहे।

मोहर्रम व रक्षाबंधन पर्व को लेकर हुई पीस कमिटी की बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो कोंच,जालौन। मोहर्रम और रक्षाबंधन पर्व को लेकर कोतवाली में पीस कमिटी की बैठक प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही की अध्यक्षता में संपन्न हुई।उन्होंने आपसी प्रेम भाईचारे और सद्भाव के साथ पर्व मनाने का आह्वान किया। उन्होंने लोगों से उनकी दिक्कतों को भी जानने की कोशिश की।
आगामी दिनों में होने वाले मोहर्रम और रक्षाबंधन पर्वों को लेकर कोतवाली में हुई पीस कमिटी की बैठक में प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही ने दोनों समुदायों के लोगों से कहा कि पर्व और त्योहार हमारी गौरवशाली भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंबन करते हैं। हमें अपनी इस विरासत को न केवल सहेज कर रखना है बल्कि आपसी भाईचारे और सद्भाव से पर्व मनाकर इसे और भी मजबूती के साथ आगे बढाना है। उन्होंने कहा, समाज में ज्यादातर लोग अच्छे और शांतिप्रिय होते हैं लेकिन एकाध खुराफाती तत्व ऐसे भी होते हैं जो माहौल को बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं जिसका खामियाजा पूरे समाज को भुगतना पड़ता है। ऐसे खुराफातियों से न सिर्फ सावधान रहना है बल्कि उन पर निगाह भी रखनी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि उनके आसपास कोई संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त है या कोई बाहरी संदिग्ध व्यक्ति है तो उसके बारे में पुलिस को जरूर सूचित करें ताकि समय रहते उसकी गतिविधियों की जांच कर कार्रवाई की जा सके। शहर काजी वशीरउद्दीन और हाजी रहम इलाही कुरैशी ने बिजली के ढीले तारों को कसे जाने और ताजिया रूट पर पड़ने वाले पेड़ों की बढी शाखाओं को तराशे जाने की बात कही। इस पर कोतवाल ने कहा कि ताजिया रूट का निरीक्षण कर लिया जाएगा और जहां भी समस्या होगी उसे दूर कर लिया जाएगा। बैठक में कोतवाल बलिराज शाही ने सोमवार को बिजली चेकिंग के दौरान विद्युत विभाग की टीम पर हुए हमले और उनके साथ की गई मारपीट की घटना का जिक्र भी किया। इस तरह की घटना को गलत और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उन्होंने अपेक्षा जताई कि सरकारी अधिकारियों या कर्मचारियों के साथ आगे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। अगर किसी को किसी की कार्यशैली पर कोई ऐतराज है

तो उचित मंच पर उसकी शिकायत करें लेकिन कानून अपने हाथ में कतई न लें। इस दौरान एसएसआई आनंद कुमार सिंह, मंडी चौकी इंचार्ज सर्वेश कुमार, दोहर मंदिर के पुजारी कमलेश द्विवेदी, कढोरेलाल यादव, हाजी मोहम्मद अहमद, काजी वशीरउद्दीन, हाजी रहम इलाही कुरैशी, सभासद महावीर यादव, अब्दुल हमीद, मुश्ताक अली, आजाद सिद्दीकी, इरफान, नईम मंसूरी, वशीर मंसूरी, संदीप श्रीवास्तव, हमीद आदि मौजूद रहे।

विधानसभाओं की मतदाता सूची में शामिल वोटरों को उनके आधार कार्ड नम्बरों से जोड़ा जाये

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो उरई (जालौन)। विधान सभाओं की मतदाता सूची में शामिल वोटरों को उनके आधार नंबर से भी जोड़ेगें। इसके लिए आगामी एक अगस्त से डोर टू डोर अभियान शुरू होगा। इसके लिए मतदाता को फार्म – 6ख पर आवेदन करना है। मुहिंग में मतदाता अपना आधार नम्बर देने के लिए बाध्य नहीं होगा। मतदाता सूची में आधार नंबर शामिल करना किसी वोटर के लिए बाध्यकारी नहीं है। अपर जिलाधिकारी(वि./रा.)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूनम निगम की अध्यक्षता में जनपद के समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आहूत कर आयोग के निर्देशों से अवगत करया। अपर जिलाधिकारी ध्रुप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग द्वारा निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही 01 अगस्त से जनपद में अवस्थित समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 219– माधौगढ़, 220– कालपी एवं 221 – उरई (अ०जा०) में बूथवार नियुक्त बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा प्रारम्भ किया जायेगा। बीएलओ द्वारा घर–घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं से आधार नम्बर एकत्रित करने हेतु आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये फार्म – 6बी पर सूचना प्राप्त करेंगे। मतदाताओं से प्राप्त किये गये फार्म – 6बी को बीएलओ द्वारा गरूणा एप या निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रयोग किये जा रहे ईआरओ नेट पर फार्म – 6बी की प्राप्ति से 07 दिवसों के अन्दर डिजीटाइज्ड किया जायेगा। आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम के दौरान दिनांक 07 अगस्त (रविवार) एवं 21 अगस्त (रविवार) को विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थलों पर आयोजित किया जाएगा। विशेष कैम्प के आयोजित का व्यापक प्रचार–प्रसार कराये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक जालौन ६ स्वीप नोडल अधिकारी को निर्देश दिये कि उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से जनपद में कराया जाये। अपर जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि आधार नम्बर एकत्रीकरण के बारे में कैम्प दिवस के दिन आने वाले जन सामान्य को यह अवश्य बताया जाए कि आधार नम्बर उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नही किया जायेगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नहीं कराया गया है। किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक डोमेन में भौतिक रूप से रखे गए फार्मो के किसी समांहमे के लिए सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उत्तरदायी होंगे। बैठक में भाजपा से शांतिस्वरूप महेश्वरी, सपा से नवाब सिंह यादव, कांग्रेस से दीपांशु सामाधिया, बसपा से धीरेंद्र चौधरी सहित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि तथा अधिकारीगण मौजूद रहे।

सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम हुआ घोषित, विद्यार्थियों के खिले चेहरे

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुल्तानपुर रिपोर्ट विनय सेन सुल्तानपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा इंटरमीडिएट का परीक्षा फल घोषित किया गया। जिसमें महर्षि विद्या मंदिर का परीक्षा फल 80: रहा। नामांकित 193 विद्यार्थियों में से 154 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे।
इसमें प्रथम स्थान पर श्रमी वर्मा 96.2:, द्वितीय स्थान मान्या रावत 95.8:, तृतीय स्थान हेमंत सिंह 95.6:, चतुर्थ स्थान रितेश राज 95:, पंचम स्थान अनुराग जयसवाल 94: , क्रमशः तृप्ति 93.4: अस्तित्व सिंह 91.6: गौरव यादव 91.4: के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
आज ही के दिन अपरहन 2:00 बजे के लगभग सीबीएसई बोर्ड ने 10वीं का रिजल्ट भी जारी किया। जिसमें सौम्या वर्मा तथा अखिल सोनी ने 96.8: अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। श्रेया वर्मा 93.8: द्वितीय, आशीष पांडे ने 92.8: तृतीय स्थान, ऋषभ मिश्रा 92.6: चतुर्थ स्थान , वैभव शालिनी 92.4: पंचम स्थान ,स्तुति सिंह 91.4: षष्ठ स्थान, राहुल निषाद 90. 6:अंक के साथ सप्तम स्थान हासिल किया।
विद्यालय के इन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्य जगत नारायण उपाध्याय ने माल्यार्पण कर, मिष्ठान खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्र–छात्राओं ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने विषय अध्यापकों, गुरुजनों तथा माता–पिता को दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

Hemant Singh 95.6%

गरीबनाथ का दर्शन कर कांवरियां का जत्था बाबाधाम के लिए रवाना

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सारण। जिले के गरखा प्रखंड अंतर्गत कोठियां नरांव अवस्थित बाबा गरीबनाथ मंदिर का दर्शन करने का सिलसिला जारी है इसी कड़ी में आज साठ कांवरियां का जत्था कोठियां सोडागोदाम से चलकर सर्व प्रथम बाबा गरीबनाथ मंदिर धनौरा का दर्शन करने के पश्चात सुल्तान गंज के लिए रवाना हो गया। सुल्तानगंज से यह टीम गंगा जलभरी कर बाबा नगरी देवघर के लिए कांवर के साथ पैदल चलकर बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक करेंगे। देवघर बाबा धाम जल चढ़ाने के बाद बासुकीनाथ, दक्षिणेश्वर काली मंदिर,काली घाट मंदिर, गंगासागर, रजरप्पा छिन्मस्तिका मंदिर, राजगीर का दर्शन करते हुए वापसी का प्रोग्राम है। सभी भक्तों में उत्साह एवं उमंग चरम पर था जो हर हर महादेव एवं जय गरीबनाथ बाबा का जयकारा लगाते हुए आगे की यात्रा शुरू किया। कांवरियां के जत्थे में अधिकांश व्यवसायिक वर्ग के थे जिसमें बच्चे, महिला एवं नौजवान के साथ ही बुजुर्ग भी शामिल थे। कांवरियां जत्था का नेतृत्व गोपाल साह एवं प्रदीप शर्मा संयुक्त रूप से कर रहे थे जिसमें कुणाल शर्मा, राहुल शर्मा, रंजन शर्मा, करण साह ,मनोज कुमार, इंद्रजीत कुमार ,हरे कृष्णा, कृष्णा महतो, भोला महतो, शिवनाथ साह,ललन राय, टुनटुन शर्मा, प्रमिला देवी, श्रीदेवी, शीला देवी, शिवकुमारी देवी,लालबाबु महतो मुख्य रूप से शामिल रहे।

डीएम ने शिक्षक बन बच्चों को पढ़ाया साथ में जमीन पर बैठ बच्चों के मध्यान्ह भोजन में शामिल

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। गोपालगंज जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी उचकागांव प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र छात्राओं से बात चीत की साथ ही पनबिजली, पर्यावरण, जल प्रपात समेत विभिन्न विषयों के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने बच्चों के साथ मध्यान भोजन कर पौष्टिकता की जाँच की। दरअसल सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को त्वरित एवं प्रभावी ढंग से लागू करने को लेकर जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी द्वारा जिले के विभिन्न पंचायतों में चल रहे विभिन्न योजनाओं की जांच की। गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने उचकागांव प्रखण्ड में विद्यालय, मनरेगा, आंगनवाड़ी, नल जल, सामाजिक सुरक्षा,आवास से सम्बंधित योजनाओं की विन्दुवार जांच कर कई अधिकारीयो को कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने वहीं उचकागांव प्रखण्ड के चरवाहा विद्यालय व उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शिक्षकों एवं बच्चो से वार्ता की। साथ ही शिक्षकों के उपस्थिति पंजी सहित अन्य पंजियों का निरीक्षण किया। इसके बाद कक्षाओं में जाकर छात्र एवं छात्राओं से पठन पाठन की स्थिति का जायजा लिया।वे इस दौरान एक शिक्षक के रूप में भी नजर आए। उन्होंने बच्चों

को ना सिर्फ गणित बल्कि पर्यावरण को लेकर कई प्रश्न पूछे बल्कि उक्त विषय से सम्बंधित पठनीय बातों से अवगत भी कराया।

कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर शशिनाथ झा गरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर निरंजन जायसवाल दरभंगा। कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर शशिनाथ झा को बुधवार की देर शाम गिरफ्तार किया गया है। उनकी गिरफ्तारी पटना हाईकोर्ट में सदेह हाजिर नहीं होने के कारण हुई है। दरअसल, बताया जा रहा है कि अलीनगर प्रखंड स्थित सर्वजीत

उपशास्त्री महाविद्यालय, लहटा में नियुक्ति मामले में पटना हाइकोर्ट में केस चल रहा था। इसी मामले में कुलपति को हाइकोर्ट में सदेह उपस्थित होना था। पुलिस ने कुलपति को उनके आवास से गिरफ्तार किया है।इस संबंध में एसएसपी अवकाश कुमार ने बताया कि कुलपति को 20 जुलाई को किसी मामले में पटना हाइकोर्ट में सदेह उपस्थित होना था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद हाइकोर्ट ने कुलपति के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी कर दरभंगा पुलिस को उन्हें 21 जुलाई को पटना हाइकोर्ट में सदेह उपस्थित करने का आदेश जारी किया। हाइकोर्ट के इस आदेश पर कुलपति को बुधवार की रात करीब नौ बजे विश्वविद्यालय थाना प्रभारी ने उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया। कुलपति को 21 जुलाई को हाइकोर्ट में सदेह उपस्थित करने के लिए पटना ले जाया गया है। अलीनगर प्रखंड के सर्वजीत उपशास्त्री महा विद्यालय, लहटा के प्रधानाचार्य प्रो. अमित चंदन ने कहा कि पूरा मामला पेंशन भुगतान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि कॉलेज के पूर्व कर्मचारी स्व. रमेश चंद्र झा के पेंशन का भुगतान नहीं होने पर उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी ने पटना हाइकोर्ट में केस किया था। इसी मामले में हाइकोर्ट ने कुलपति को सदेह हाजिर होने को कहा था। लेकिन हाजिर नही हुआ। प्रो. चंदन ने कहा कि पूर्व प्रधानाचार्य सुशील कांत झा ने अभी तक मुझे चार्ज नहीं दिया है। सारी फाइलें भी वे अपने घर पर ही रखे हुए हैं। इसी वजह से पेंशन भुगतान सहित अन्य कार्यों को निबटाने में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। कॉलेज के सचिव की ओर से कई बार पत्र लिखने के बावजूद उन्होंने अब तक चार्ज नहीं दिया है।

रेजमा डबल मर्डर मामला शिवहर पहुचे चिराग पासवान ने बिहार सरकार पर किया कड़ा प्रहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर अनुमण्डल ब्यूरो चीफ शिवहर,सीतामढ़ी। शिवहर थाना क्षेत्र के रेजमा गांव में पिछले दिनों हुए दो दलित भाईयो के डबल मर्डर के बाद आज लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान अपने समर्थकों के साथ रेजमा पहुँचे।इस दौरान स्वर्गीय राम लाल पासवान एवं केश्वर पासवान के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी है।वही आप सभी को इस जानकारी से अवगत करा दू चिराग पासवान ने आरोप लगाया है कि इसमें पुलिस प्रशासन की स्थिति लचीलापन है।पुलिस चाहे तो साजिशकर्ता एवं शूटर को गिरफ्तार किया जा सकता था। वही चिराग पासवान ने नीतीश सरकार पे बढ़ते आरोप को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार में प्रतिदिन अपराधियों का तांडव हो रहा था ।मुख्यमंत्री जी चिराग पासवान से दुश्मनी है तो हम से दुश्मनी निकाल लीजिए ,इन गरीबों का क्या कसूर जो इनकी लगातार हत्या हो रही है।

बिहार में अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है।

अपराधी पुलिस के पकड़ में नही आता है। चिराग ने बताया है कि रामलाल पासवान एवं केश्वर पासवान की हत्या की साजिश शिवहर जेल में ही रची गई थी। दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी है। साथ ही उन्होंने बढ़ती महंगाई पर केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि खाने के सामानों पर कभी टैक्स नही आज तक लगा है।आज दही, दूध, आटा पर ळैज लग गया है। सरकार इसे तुरंत वापस ले।नही गरीब को काफी परेशानी होगी। वही मौके पर लोजपा के प्रदेश महासचिव रंजन कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष विजय कुमार पांडे सहित भारी संख्या में लोजपा (रामविलास) के समर्थक मौजूद थे।

तंबाकू इस्तेमाल करने वालों पर एक्शन- सदर अस्पताल में चला अभियान, आधा दर्जन लोगों का कटा चालान

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। सदर अस्पताल में तम्बाकू उत्पादों का सेवन करने वाले लोगों के खिलाफ तम्बाकू नियंत्रण कोषांग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को भी सदर अस्पताल और उसके आस–पास तंबाकू उत्पादों को खाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। तंबाकू नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिन्हा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सदर अस्पताल परिसर में तंबाकू का इस्तेमाल करने वाले आधा दर्जन से अधिक लोगों का चालान काटा गया। उनके पास से तम्बाकू सम्बंधित सामग्री को जब्त किया गया। मौके पर एनसीडीओ डॉ. सुनील कुमार सिन्हा ने कहा कि सीतामढ़ी एनसीडी टीम की ओर से समय–समय पर अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि सितंबर 2020 में जिले को धूम्रपान मुक्त घोषित किया जा चुका है। एनसीडी की टीम संकल्प के साथ काम कर रही है कि सीतामढ़ी को तंबाकू मुक्त जिला बनाया जाए। एनसीडीओ डॉ सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि तंबाकू का सेवन जन स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। थूकना संक्रमण रोग के फैलने का एक प्रमुख कारण है। तंबाकू सेवन करने वाले की प्रवृति यत्र–तत्र थूकने की होती है। थूकने के कारण कई गंभीर बीमारी यथा कोरोना, इंसेफलाइटिस, यक्ष्मा, स्वाइन फ्लू आदि का संक्रमण फैलने की संभावना रहती है। तंबाकू चबाने वालों को गंभीर रोग जैसे– कैंसर, फेफड़े की गंभीर बीमारी और मधुमेह से ग्रसित होने की संभावना सबसे अधिक रहती है। डॉ सुनील कुमार सिन्हा ने बताया कि तंबाकू का किसी भी तरह से सेवन कैंसर का कारक है। पान मसाले के साथ तंबाकू मिलाकर सेवन करने और खैनी खाने से मुंह के कैंसर के केस तेजी से बढ़ रहे हैं। यह युवाओं में ज्यादा देखने को मिल रहा है। ग्लोबल एडल्ट टोबैको सर्वे रिपोर्ट 2017 के अनुसार, बिहार में 25.9 प्रतिशत वयस्क किसी न किसी रूप में तंबाकू उत्पादों का सेवन करते हैं। वहीं 13 से 15 वर्ष के करीब 14.6 फीसदी बच्चे तंबाकू उत्पादों का सेवन करते हैं।

यह एक धीमे जहर के रूप में कार्य करता है। अभियान में रंजन मिश्रा, मनोज कुमार, मनोज झा, आरती कुमारी आदि शामिल थे।

ग्रामीणों का फूटा शराब कारोबारियों के खिलाफ गुस्सा, पहुंच गए थाना, मचा दिया बवाल

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। पूर्वी चंपारण में शराब के खिलाफ ग्रामीण एकजुट होने लगे हैं। शहर के केसरिया थाना पर सैकड़ों ग्रामीण पहुंचकर शराब कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। केसरिया नगर पंचायत के वार्ड नम्बर छह हमीदपुर गांव के ग्रामीणों ने शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए थानाध्यक्ष से गुहार लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में धड़ल्ले से शराब का कारोबार किया जा रहा है और पुलिस को जानकारी तक नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि केसरिया थाना पुलिस कई बार छापामारी कर कारोबारियों पर कार्रवाई किया है। लेकिन फिर भी कारोबारी अपनी आदत से बाज नहीं आते है। शराब बन्दी वाले राज्य में कारोबारी धड़ल्ले से शराब का कारोबार कर रहे है। सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर से ग्रामीणों ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर शराब के कारोबार पर रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीण दिनेश राउत का कहना है कि ग्रामीणों ने शराब के कारोबार गांव में नहीं होने देने की कसम

खाया है। जिसमें सहयोग के लिए ग्रामीणओं ने एकजुट होकर थाना पुलिस को आवेदन दिया है। वहीं ग्रामीण विनोद राम का कहना है कि पुलिस कई बार कार्रवाई तो करती हैं। कारोबारी पकड़े जाते और जेल भी जाते हैं लेकिन जेल से आने के बाद फिर से वही कारोबार करते हैं। जिसके कारण लोगों का जीना दुभर हो गया है। उन्होंने कहा कि थानाध्यक्ष ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। साथ ही ग्रामीणों ने शपथ लिया है कि गांव में शराब का कारोबार नहीं होगा।

पांच संदिग्ध टीबी मरीजों की हर माह करें पहचान- राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आशा फैसिलिटेटर का उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित, मिले कई निर्देश

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) सीतामढ़ी। जीएनएम स्कूल, सीतामढ़ी के सभाकक्ष में शुक्रवार को राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिलेभर की आशा फैसिलिटेटर का उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। संचारी रोग पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार द्वारा 115 आशा फैसिलिटेटर का उन्मुखीकरण किया गया। इस अवसर पर जिला सामुदायिक उत्प्रेरक समरेंद्र नारायण वर्मा द्वारा हर आशा को प्रतिमाह कम से कम पांच संदिग्ध यक्ष्मा मरीजों की जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में कराने का निर्देश दिया गया। संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने यक्ष्मा रोग के बारे में विस्तार से बताया तथा निर्देश दिया कि अपने पोषण क्षेत्र अंतर्गत किसी भी व्यक्ति को दो सप्ताह या उससे अधिक की खांसी, बुखार लगना, वजन कम होना, भूख नहीं लगना, पसीना आना आदि लक्षण की जानकारी मिले तो उनकी जांच नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में सुनिश्चित करें। डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि जिलेभर के स्वास्थ्य केंद्रों पर बलगम की जांच माइक्रोस्कोप एवं टूनेट सीबीनेट मशीन द्वारा निःशुल्क उपलब्ध है। जिला यक्ष्मा केंद्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एक्सरे की सुविधा भी उपलब्ध है। मरीजों की जांच उपरांत यक्ष्मा रोग की पुष्टि होने पर पूरा इलाज उनके घर पर ही डॉट प्रोवाइडर के माध्यम से निःशुल्क किया जाता है। डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि विगत माह में 458 नए यक्ष्मा रोगी की खोज की गई है एवं वर्तमान में लगभग 2500 रोगियों का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि नए यक्ष्मा रोगी चिन्हित होने पर उनके पारिवारिक सदस्यों को भी टीवी प्रीवेंटिव ट्रीटमेंट दिया जाता है, ताकि परिवार के अन्य सदस्यों में यह बीमारी नहीं फैले। डीपीसी रंजन कुमार एवं डीईओ सह लेखापाल रंजन शरण ने बताया कि यक्ष्मा मरीजों को आशा कार्यकर्ता द्वारा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच हेतु रेफर किए जाने और रोग की पुष्टि होने पर उन्हें प्रथम सूचक के रूप में 500 की राशि भुगतान की जाती है। मरीजों को इलाज अवधि में प्रतिमाह 500 निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत उनके बैंक खाता में दी जाती है। अंत में सभी आशा कार्यकर्ताओं द्वारा 2025 तक जिले से यक्ष्मा उन्मूलन के लक्ष्य को देखते हुए अपना पूर्ण प्रयास करने का संकल्प लिया गया।

चांद में सात साल का बालक और दो महिला समेत 7 मिले कोरोना पॉजिटिव

- सदर अस्पताल में संदिग्ध की कोरोना जांच करता हेल्थकर्मी।
- संक्रमित मरीजों की संख्या अब बढ़कर पहुंची 18 मरीज डिस्चार्ज किए गए

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। कैमूर जिले में संक्रमण के केस धीरे–धीरे बढ़ रहे हैं। पिछले 24 घंटों के भीतर जिले के चांद प्रखंड इलाके में एक 7 साल का बालक व दो महिला समेत सात लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। स्वास्थ्य महकमा से मिली जानकारी के मुताबिक चांद इलाके के सभी 7 लोगों की कोरोना संक्रमित होने की रिपोर्ट आरटीपीसीआर से जांच में पॉजिटिव होने की आई है।इसकी पुष्टि प्रभारी सिविल सर्जन डॉक्टर जितेंद्र नाथ सिंह ने की है। जिला प्रतिरक्षण कार्यालय के मदुसूदन कुमार ने बताया है कि जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या अब बढ़कर 18 पहुंच गई है। हालांकि जिले में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के केस के बीच पहले के कोरोना संक्रमित 9 मरीज डिस्चार्ज किए गए हैं।जिन्हें फिलहाल जरूरी सावधानियां बरते जाने की नसीहत दी गई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक जिले में अब तक कुल 5071 लोग कोरोना संक्रमित हो चुके हैं,जबकि इनमें से अब तक 5003 लोग रिकवर हो चुके हैं।

संक्षिप्त समाचार

जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में राधाकृष्णन भवन, मोतिहारी में जनता दरबार का आयोजन किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक की अध्यक्षता में राधाकृष्णन भवन, मोतिहारी में जनता दरबार का आयोजन किया गया । जनता दरबार में जिलाधिकारी महोदय द्वारा 152 फरियादियों की फरियाद को सुना गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों का त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आपूर्ति, भूमि विवाद, पर्चा वितरण ,परिवहन , राजस्व, मद्य निषेध ,शिक्षा, नगर निगम, भू अर्जन, अतिक्रमण,आईसीडीएस ,पेंशन,भूमि विवाद आदि से संबंधित आवेदन को शीघ्र निष्पादन हेतु जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर सभी संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा जिले के उत्कृष्ट कराटे प्लेयर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) जिलाधिकारी, श्री शीर्षत कपिल अशोक के द्वारा जिले के उत्कृष्ट कराटे प्लेयर को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई ।

विदित हो कि 15 एवं 16 जुलाई 2022 को छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा ऑल इंडिया कराटे चौंपियनशिप का आयोजन किया गया था। बिहार कोच जियाउल्लाह की अगुवाई में पूर्वी चंपारण के पांच कराटे खिलाड़ियों को चयनित कर छत्तीसगढ़ भेजा गया था । जिसमें से चार कराटे खिलाड़ी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मेडल से सम्मानित किया गया है। इस कराटे प्रतियोगिता में पूर्वी चंपारण के होनहार कराटे खिलाड़ी दीपक कुमार , गोल्ड मेडल ,चितरंजन कुमार , सिल्वर मेडल रेहान फिरोज, सिल्वर मेडल एवं सूरज कुमार को ब्रॉन्ज मेडल से नवाजे गए हैं।

फुटपाथ पर लगतीं हैं ठेला पर दुकानें, राहगीर परेशान

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। न्गर का फुटपाथ बदहाल है। जिससे राहगीरों को सड़क पर चलने की मजबूरी है।बचों महिलाओं व छात्र छात्राओं को काफी परेशानी होती है। जरा सी लापरवाही जान पर भारी पड़ सकती है। इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। फुटपाथ के रखरखाव पर नगर पंचायत का ध्यान है नहीं किसी जनप्रतिनिधि का। भगवान भरोसे लोग सड़कों पर चल रहे हैं। चांदनी चौक से पूरब एनएच 30 मोड़ की तरफ जाने जीटी रोड के सर्विस लेन के बगल का फुटपाथ लंबे समय से बदहाल है। फुटपाथ पर दर्जनों की संख्या में अतिक्रमणकारी ठेला पर दुकान लगाकर कब्जा जमाए हुए हैं। दक्षिण तरफ डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाकर पार्क बनाया गया है। इससे यहां सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है।

महाराजगंज के सिकटिया में दहेज लोभियों ने नंदनी कों मार डाला

दैनिक अयोध्या टाइम्स अनुमंडल ब्यूरो चीफ विनय कुमार पाण्डेय महाराजगंज,सिवान। महाराजगंज थाना क्षेत्र के सिकटिया गांव में 1 साल पहले ब्याही छपरा जिले के खैरा थाना क्षेत्र के बन्नी गांव की रहने वाली नंदनी को दहेज के लालच में मार डाला। मिली जानकारी के मुताबिक छपरा की रहने वाली नंदिनी की शादी 8 मई 21 में हिंदू रीति रिवाज के अनुसार महाराजगंज थाना क्षेत्र के सिकटिया निवासी पंकज कुमार शर्मा पिता निरंकार शर्मा से हुई थी। नंदनी के पिता केशव शर्मा ने महाराजगंज थाने को दिए आवेदन में यह स्पष्ट रूप से कहा है कि शादी के बाद से ही मेरी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करते रहे छोड़ देने की धमकी भी दे रहे थे कई बार समझाया भी गया था परंतु 21 जुलाई को रात्रि सूचना मिलने पर जब हम लोग 9:00 बजे रात को आए तो वह मरी हुई मिली केशव शर्मा ने आवेदन में कहा है कि रस्सी से गला दबाकर मौत के घाट उतार दिया गया है। थानाध्यक्ष महाराजगंज रणधीर कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा वही नंदिनी के पति पंकज कुमार शर्मा को गिरफ्तार भी कर लिया गया है पोस्टमार्टम के बाद नंदनी के पिता चाचा तथा सारण के बन्नी गांव से पहुंचे लोगों ने सिकटिया में ही हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार किया गया जहां पति पंकज कुमार शर्मा ने नंदनी को मुखाग्नि दी।



जी एन एम के द्वारा कोविड-19 तथा अन्य बीमारियों का टीकाकरण संपन्न हुआ

(बिपिन बिहारी मौर्य संवाददाता अयोध्या टाइम्स ढ़ाका पूर्वी चम्पारण) ढ़ाका। ढाका प्रखंड के ग्राम पंचायत राज करसाहिया में जी एन एम महिमा कुमारी के द्वारा ढाका –करसहिया ,वार्ड नंबर 9 ,कुशवाहा टोला,केंद्र संख्या 251 पर कोविड–19 , बीसीजी , ओपीभी, डीपीटी, टेटनस, हेपेटाइटिस बी, मिजिल्स आदि टीका 6 साल तक के बच्चे ,नौजवान , बुढे तथा गर्भवती माताओं को टीकाकरण किया गया। यहां उपस्थित आशा –रंजू देवी , फैसीलेटर –कामिनी कौशल, सेविका – कुमारी निरमा , सहायिका लालपरी कुमारी ,भेरीफायर –संदीप कुमार इन सभी लोगों के द्वारा टीकाकरण का कार्यक्रम सफल किया गया।

इसमें 6 साल तक के बच्चों , गर्भवती माताओं के साथ पोषक क्षेत्र के लाभुकों एवं अभिभावकों ने भी भाग लिया।

जिलाधिकारी प्रणव कुमार ने आज अपने कार्यालय कक्ष में आम लोगों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं से रुबरु हुए

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी प्रणव कुमार ने आज अपने कार्यालय कक्ष में आम लोगों से मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। साथ ही जिलाधिकारी के द्वारा दर्जनों मामलों का त्वरित निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। कई आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निष्पादन करने के

ज्यादातर मामले वृद्धा पेंशन, भूमि विवाद , जमीन का सीमांकन ,ट्राई साइकिल ,जन वितरण, आयुष्मान कार्ड आईसीडीएस और आपदा प्रबंधन ,नल जल ,कन्या उत्थान ,वासगीत पर्चा से संबंधित थे, घरेलू विवाद, पुलिस के मामले, मकान मालिक और किरायेदार विवाद से सम्बंधित थे। ,रामप्रवेश दास जमालाबाद, कृष्ण सहनी कांटी, रामप्रवेश प्रसाद सिवाइ पट्टी ,अजय कुमार कलमबाग रोड, डॉक्टर फिरोज अहमद मुजफ्फरपुर, राजीव रंजन मुजफ्फरपुर, नीलम सिंह मुजफ्फरपुर ,राम बहादुर कुशवाहा पारु, बिंदा देवी पानापुर मीनापुर, उर्मिला देवी पारु,दीपक कुमार सकरा के साथ अन्यलोगों ने भी अपना आवेदन दिया और अपनी समस्याएं रखी।

दृष्टिगत उपलब्ध कराया गया और निर्देश दिया गया कि दिए गए आवेदनों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित किया गया जाए। आवेदकों में शिव शंकर चौधरी मोतीपुर

बिहार के इस अस्पताल के OPD में डॉ की जगह बैठा है कुत्ता मरीज डॉ के इंतजार में ५ कुत्ता मरीज के लिए हाजिर, वाह स्वास्थ्य व्यवस्था

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। बिहार सरकार और विभाग बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था बहाल करने का लाख दावा कर ले। लेकिन धरातल पर कुछ अलग ही स्थिति दिख रही है। पूर्वी चंपारण का स्वास्थ्य विभाग हमेशा अपनी कारनामों के लेकर सुर्खियों में रहता है। इस बार एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में ओपीडी में डॉक्टर के टेबल पर कुत्ता बैठकर व्व्क चला रहा है। ओपीडी के टेबल पर कुत्ता के बैठे हुई तस्वीर और वीडियो क्लिप अस्पताल में इलाज कराने आये किसी मरीज ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर ओपीडी टेबल पट कुत्ता के बैठे तस्वीर खूब ट्रौल हो रहा है। लोग यह कहते नहीं थक रहे कि यही है स्वास्थ्य विभाग का हाल 10 बजे लेट नहीं 12 बजे भेंट नहीं वाली स्थिति अस्पताल की है। मरीज सुबह से डॉक्टर को दिखाने के लिए अस्पताल में बैठे रहते हैं। लेकिन डॉ साहब जब 12 बजे आएंगे तो कुत्ता ओपीडी नहीं चलाएगा तो क्या होगा। वायरल वीडियो सुगौली सीएचसी का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो गुरुवार की सुबह की बतायी जा रही है। वायरल वीडियो में अस्पताल में मरीज डॉ के इंतजार में बैठे हैं।

अस्पताल में डॉ नदारद है। ओपीडी में लगे चिकित्सक के टेबल पर कुत्ता आराम से बैठा हुआ नजर आ रहा है। चौनल वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

नाबार्ड द्वारा प्रायोजित 150 महिलाओं का मुर्गी पालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। चौरादानो प्रखंड में स्थित हीरामानी पंचायत में आनंद अतिरेक, डीडीएम नाबार्ड, पूर्वी चंपारण ने नाबार्ड की अजीविका और उद्यम विकास योजना के अंतर्गत, कृषक विकास समिति संस्था द्वारा संचालित मुर्गी पालन पर प्रशिक्षण पर कार्यक्रम का उद्गाठन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 150 महिलाओं को मुर्गी पालन से सम्बंधित कई बारीकीयों से अवगत कराया जायेगा. साथ ही एक प्रदर्शन इकाई का भी निर्माण किया जायेगा जिससे चौरादानो और आस पास के लोगों को काफी सहायता होगी. आनंद ने सभा में उपस्थित प्रशिक्षणार्थिओं को संबोधित करते हुए मुर्गी पालन

के व्यवसाय से जुड़ने के कई फायदों के बारे में बताया. उन्होंने कहा कि इस व्यवसाय में चार गुना फायदे की सम्भावना रहती है और काफी काम लागत में और काम जगह में काफी मुनाफा कमाया जा सकता है. उन्होंने बताया कि पोल्ट्री उत्पादों कि जिले में काफी खपत है और इसे देखते हर मुर्गी पालन एक फायदेमंद व्यवसाय साबित हो सकता है. कृषक विकास समिति के अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद ने प्रतिभागियों को बताया कि कृषि के साथ साथ पशुपालन भी जरुरी है क्यूंकि इसकी सहयता से किसान अपनी आय को और बढ़ा सकते हैं और कृषि में नुकसान होने पर पशुपालन से उस नुकसान की भरपाई कर सकते हैं. जीविका के प्रबंधक मनोज कुमार ने महिलाओं को समूह से जुड़ने का महत्व बताया और नाबार्ड डीडीएम को जीविका सदस्यों के लिए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को शुरू करने के लिए धन्यवाद दिया. सभा में जीविका के बीपीएम अखिलेश कुमार, फिशिरीज कंसलटेंट पवन कुमार, प्रशिक्षक शमशीर आलम उपस्थित थे. डीडीएम आनंद ने कार्यक्रम का समापन ये बताते हुए किया कि प्रशिक्षण के बाद महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए बैंक ऋण दिलवाने में भी संस्था कृषक विकास समिति पूरा सहयोग करेंगी।

उप विकास आयुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में उप विकास आयुक्त विनय कुमार की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्ट्रीट चिल्ड्रेन की पहचान, संरक्षण एवं पुनर्वासन तथा विभिन्न योजनाओं से जोड़ने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी सीडीपीओ को एक सप्ताह के अंदर सर्वे कराकर योजनाओं से जोड़ने हेतु निर्देशित किया गया। पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को प्रचार–प्रसार करने का निर्देश दिया गया। माननीय मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की समीक्षा में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दो सप्ताह के अंदर लंबित आवेदनों का निष्पादन करने हेतु सुनिश्चित किया गया। परवरिश योजना में सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अनाथ, एचआईवी पीड़ित या कुष्ठ पीड़ित माता–पिता के बच्चे को सर्वे कराकर योजना का लाभ देना सुनिश्चित करें। बाल सहायता योजना की समीक्षा में कोविड–19 के कारण अनाथ हुए बच्चों को सर्वे कराकर सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी योजना का लाभ दें। प्रखंड पंचायत एवं वार्ड स्तर पर गठित बाल संरक्षण समिति के नियमित बैठक की समीक्षा के क्रम में निदेश दिया गया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी प्रखंड बाल

विकास परियोजना पदाधिकारी निर्धारित तिथि को ससमय बैठक कर कार्यवाही प्रतिवेदन जिला बाल संरक्षण इकाई सीतामढ़ी को उपलब्ध कराएं। वही बाल गृह (बालक) एवं विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान के समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण तथा उनकी अन्य सुविधाओं का ख्याल रखते हुए उनपर ध्यान देने का निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सोनी कुमारी, सिविल सर्जन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीजु राम के साथ संबंधित विभाग के जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

मोहनदास करमचंद गांधी के प्रथम बिहार/मुजफ्फरपुर आगमन के उपलक्ष्य में 2 अक्टूबर 2022 को विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। इस संबंध में आज जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर प्रणव कुमार के कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महात्मा गांधी के प्रथम आगमन के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। उक्त अवसर पर 2 अक्टूबर को स्कूली बच्चों के बीच महात्मा गांधी के जीवनवृत्त पर आधारित निबंध लेखन एवं क्विज प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी। इस हेतु स्टूडेंट्स का आवेदन 25 सितंबर तक लिया जाएगा। गांधीजी के आदर्श एवं विचारों पर आधारित संदेश का वाचन जिले के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों के द्वारा किया जाएगा। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है।गांधी जी का पटना से मुजफ्फरपुर आना और फिर बग्घी पर बैठकर गंतव्य तक जाना ,इसका रोल प्ले भी किया जाएगा। इसके लिए सामाजिक कार्यकर्ता अशोक भारती को नोडल बनाया है। अन्य कार्यक्रमों के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया जाएगा। श्री अशोक भारती ने बताया कि गांधीजी के प्रथम मुजफ्फरपुर आगमन को लेकर 2 अक्टूबर को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा रही है। मालूम हो कि पहली बार महात्मा गांधी का मुजफ्फरपुर आगमन अप्रैल 1917 में बहुत चर्चित चंपारण यात्रा के क्रम में हुआ। मुजफ्फरपुर स्टेशन पर आचार्य कृपलानी ने छात्रों को लेकर गाजे– बाजे के साथ मुजफ्फरपुर स्टेशन पर गांधी जी का स्वागत किया था। स्टेशन से बग्घी के माध्यम से एलएस कॉलेज और उसके बाद ख्याति प्राप्त अधिवक्ता गया बाबू के यहां गए थे।आज के बैठक में अपर समाहर्ता राजस्व संजीव कुमार ,कला संस्कृति पदाधिकारी विवेक कुमार ,जिला जनसंपर्क अधिकारी कमल सिंह, डीपीओ आईसीडीएस चांदनी सिंह तथा अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के जनता दरबार में प्राप्त आवेदन, सीएम डैशबोर्ड एवं सीपीग्राम योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई

रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार सीतामढ़ी। समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री के जनता दरबार में प्राप्त आवेदन, सीएम डैशबोर्ड एवं सीपीग्राम योजना से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राप्त एवं निष्पादित आवेदनों से संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि संबंधित विभाग के सक्षम प्राधिकार परिवाद का अपने स्तर से अंतिम निष्पादन करते हुए कृत कारवाई प्रतिवेदन मुख्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अगर संबंधित परिवाद उनके विभाग से संबंधित नहीं है तो उसे संबंधित विभाग को प्रेषित करते हुए कार्यालय को सूचित करें। एवं इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर जिला आईटी प्रबंधक से संपर्क करें। साथी ही 28 जुलाई तक आवेदनों का निष्पादन करते हुए अनुपालन प्रतिवेदन के साथ अगली बैठक में उपस्थित हो। बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले में हो रही बारिश को लेकर संबंधित अधिकारी से नदियों के जलस्तर की समीक्षा की गई एवं आपदा के समय में गोदाम में खादान की उपस्थिति, सर्पदंश की दवा एवं अन्य सुविधाओं को लेकर आवश्यक

दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही आकस्मिक फसल योजना, सुखाड़ की स्थिति को लेकर समीक्षा की गई। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त विनय कुमार, अपर समाहर्ता मनीष कुमार शर्मा, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश कुमार दास, सिविल सर्जन,नगर आयुक्त मुमुक्षु चौधरी,वरीय उप समाहर्ता शशि भूषण कुमार,डीसीएलआर पुपरी ललित कुमार सिंह, डीएसपी मुख्यालय राम कृष्णा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी अविनाश कुमार, ओएसडी प्रशांत कुमार के साथ संबंधित विभाग के पदाधिकारी एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित थे।

भागलपुर के नवगछिया के होटल में पुलिस ने देखा कि चारों कमरे में एक-एक लड़का और लड़की हैं,पुलिस सभी को उठाकर थाने ले गई,वहीं होटल संचालक को भी हिरासत में लिया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) भागलपुर। भागलपुर के नवगछिया में पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक होटल में छापेमारी करने पहुंची। पुलिस के पहुंचने पर होटल संचालक सकते में आ गया और वहां से भागने लगा। पुलिस ने उसे पकड़कर कमरे की तलाशी दिलाने में सहयोग करने को कहा। पुलिस ने कई कमरों में जाकर देखा। चार कमरे दिन में ही अंदर से बंद मिले। पुलिस ने चारों कमरे को खोलने के लिए दरवाजे पर दस्तक दी और गेट खटखटाया लेकिन किसी भी कमरे का दरवाजा नहीं खोला गया। इसपर पुलिस ने जब सख्ती की, तब इन चारों कमरों के गेट खुले। अंदर के हाल देख पुलिस जिस काम के लिए छापा मारने गई थी, उसकी पुष्टि हो गई। माने चार कपल्स यहां मौजूद मिले। पुलिस ने देखा कि चारों कमरे में एक–एक लड़का और लड़की हैं। पुलिस सभी को उठाकर थाने ले गई। वहीं होटल संचालक को भी हिरासत में लिया गया। कमरे से कुछ आपत्तिजनक सामन भी मिलने की सूचना है। हालांकि दो जोड़े खुद को पति–पत्नी बता रहे हैं। लेकिन दो जोड़े कुछ नहीं बोल रहे।इसके चलते मामला संदिग्ध हो गया है। जानकारी के अनुसार,नवगछिया के गोपालपुर थाना अंतर्गत एनएच 31 के किनारे एक होटल पर पुलिस के वरीय अधिकारी के निर्देशानुसार नवगछिया रंगरा एवं गोपालपुर पुलिस के संयुक्त छापेमारी की। चार जोड़ा लड़का लड़की को आपत्तिजनक स्थिति में पुलिस ने कमरे में देखा। पुलिस ने होटल संचालक एवं उनके दो कर्मियों को भी हिरासत में ले लिया है। साथ ही चार लड़का और चार लड़की को भी थाने में रखा गया है। कहा जा रहा है कि मकनपुर चौक पर स्थित इस होटल में देह व्यापार चलाने का मामला सामने आया है। कहा जा रहा है कि इस होटल में अक्सर लड़का लड़की आते रहते हैं, जो कई घंटे भी रुककर चले भी जाते हैं। कई जोड़े को रात भर यहां देखा गया है। सूचना यह भी मिली है कि इस होटल में लड़की उपलब्ध भी कराया जाता है। बाहर से लड़कियों को बुलाकर अवैध धंधा करवाया जाता है। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि सत्यापन के बाद बताया जाएगा कि चारों जोड़ा कहां से आया है और किस काम के लिए यहां रुका था।

नेशनल हेराल्ड केस में ई०डी० के खिलाफ कांग्रेसी नेताओं ने प्रदर्शन किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स सुमित सिंह शिवहर,सीतामढ़ी। नेशनल हेराल्ड केस में ई०डी० द्वारा सोनिया गांधी से पूछताछ के विरोध में शिवहर जिला कांग्रेस कमिटि द्वारा जिला अध्यक्ष मो असद के अध्यक्षता में शिवहर शहर में हक मार्केट कांग्रेस कार्यालय से लेकर केंद्र सरकार के प्रतिष्ठान पोस्ट ऑफिस के प्रांगण तक ई०डी० के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में कांग्रेसी नेताओं ने ई०डी० मुर्दाबाद, नरेंद्र मोदी मुर्दाबाद, महंगाई कम करो और सोनिया गांधी जिन्दाबाद का नारेबाजी किया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो असद ने कहा कि भाजपा की तानाशाह सरकार ने 75 साल में पहली बार खाद्य सामग्री पर ळैज लगाया है। जिससे आम जनता महंगाई से त्रस्त हो रही है एवं कांग्रेस की अध्यक्षता सोनिया गांधी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी जनता की आवाज को मजबूती से उठा रहे जिससे डरकर भाजपा सरकार सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी को ई०डी० के माध्यम से परेशान करने की नाकाम कोशिश कर रही है। ई०डी० की धमकी से कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता न कभी डरा है न डरेगा। विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रवक्ता मुकेश सिंह, नसीम अहमद, जिला सचिव अफरोज आलम, कोषाध्यक्ष सद्दाम हुसैन, महासचिव नेयाज अहमद, प्रमोद राय, मो महबूब आलम, मो आसिफ, मो इनाम, गगनदेव राम, मो एहसान, मो नफीस, कौशल जहाँ, आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

दुर्गावती में तीन ट्रक पर लदी प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली बरामद

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर) भभुआ। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर मत्स्य विभाग और पुलिस ने प्रतिबंधित थाई मांगूर प्रजाति की मछली को भारी मात्रा में बरामद किया। प्रतिबंधित मछली को तीन ट्रकों पर लादकर कोलकाता से यूपी ले जाया जा रहा था। मछलियों की प्रजाति की पहचान होने के बाद पुलिस ने तीनों ट्रकों में लदी थाई मांगुर मछली को कब्जे में ले लिया। जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि गड्ढा खोदकर मछलियों को नष्ट किया जाएगा। ज्ञात हो कि मत्स्य विभाग सूचना प्राप्त हुई कि प्रतिबंधित मछली की प्रजाति थाई मांगुर की तस्करी की जा रही है। इसके बाद विभाग ने जीटी रोड तीन ट्रक को रोककर जांच किया। जांच में इनमें थाई मांगुर प्रजाति की मछलियां पाई गईं। अब पुलिस प्रशासन मछलियों को गड्ढा खोदकर नष्ट करने में जुटी हुई है। साथ ही तीनों ट्रकों को भी जब्त कर लिया है। हालांकि तीनों के चालक भाग गए। बताया जाता है कि ट्रक में बड़े–बड़े प्लास्टिक में पानी भर कर मछलियों को रखा गया था। बताया जाता है कि थाईलैंड में पाई जाने वाली थाई मांगुर मछली पूरी तरह से मांसाहारी मछली है। इसकी विशेषता यह है कि यह किसी भी पानी (दूषित पानी) में तेजी से बढ़ती है, जहां अन्य मछलियां पानी में आक्सीजन की कमी से मर जाती है लेकिन यह जीवित रहती है। भारत सरकार ने



साल 2000 में ही थाई मांगुर मछली के पालन और बिक्री पर रोक लगा दी थी। लेकिन इसकी बिक्री जारी है। इस मछली के सेवन से घातक बीमारी हो सकती है। इसे कैंसर का वाहक भी कहा जाता है। यह मछली मांस खाती है। सड़ा हुआ मांस खाने के कारण इन मछलियों के शरीर की वृद्धि एवं विकास बहुत तेजी से होता है। यही कारण है कि यह मछलियां तीन माह में दो से दस किलोग्राम वजन की हो जाती हैं। इन मछलियों के अंदर घातक हेवी मेटल्स जिसमें आरसेनिक, कैडमियम, क्रोमियम, मरकरी, लेड अधिक पाया जाता है जो स्वास्थ्य के लिए बहुत अधिक हानिकारक है।

कारगिल विजय दिवस पर प्रभात फेरी का आयोजन

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। वेटरन्स ऑल इंडिया (अखिल भारतीय पूर्व सैनिक संगठन सीतामढी) द्वारा कारगिल युद्ध में सीतामढ़ी जिले के निवासी कारगिल बलिदानी मेजर चंद्रभूषण द्विवेदी समेत पूरे भारतवर्ष में कारगिल युद्ध में शहीद

जवानों को श्रद्धांजलि स्वरुप सीतामढ़ी जिले में दिनांक 24.07.2022 रविवार को सुबह 06:30 बजे बाजार समिति मंदिर प्रांगण से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है। संरक्षक डॉ प्रतिमा आनंद ने बताया आयोजन में गाने बाजे के साथ हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता, जय हिंद, वंदे मातरम के जयकारों के साथ सभी पैदल मार्च करेंगे, जिसमें स्थानीय सैनिक, पूर्व सैनिक, ैठ के अधिकारी एवं जवान,पुलिस प्रशासन, महिला – पुरुष, युवा समाजसेवी, शिक्षाविद, चिकित्सक स्कूल कॉलेज के स्थानीय बच्चे शामिल होंगे, संगठन के जिला कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व सैनिक अनिल कुमार ने बताया प्रभात फेरी बाजार समिति मंदिर प्रांगण से आजाद चौक होते हुए मेहसौल चौक से कारगिल चौक पर निर्मित कारगिल द्वार पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समापन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उद्घाटन कर्ता जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सीतामढ़ी होंगे। संगठन के अध्यक्ष रामबाबू महतो ने मिडिया के माध्यम से समस्त जिला वासियों से अपील किया की उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर हम सभी सैनिक पूर्व सैनिक एवं अर्धसैनिक बलों के जवानों का अफजाई करें और बलिदानी जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करें। खेल प्रकोष्ठ के सतीश यादव विधि व्यवस्था के संधारण में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे।

117 गांवों में हो रही कालाजार की स्क्रीनिंग,18 जुलाई से हुई है शुरुआत,25 गांवों में घर घर खोजे जाएंगे कालाजार रोगी

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार) मुजफ्फरपुर। जिले के 117 गांवों में कालाजार के रोगियों की खोज के लिए स्क्रीनिंग कैंप चल रहा है। इस कैंप की शुरुआत 18 जुलाई से हुई और यह 29 जुलाई तक चलेगी। जिला भीबीडी नियंत्रण पदाधिकारी डॉ सतीश कुमार ने बताया कि स्क्रीनिंग कैंप के लिए गांवों का चयन 2021 –22 में प्रतिवेदित मरीज के आधार पर किया गया है। चयनित गांवों में चिकित्सक, लैब टेक्नीशियन, पैरामेडिकल स्टाफ जाकर कालाजार के संदिग्ध रोगियों की जांच कर रहे हैं । इसके अलावा आज से जिले के 25 राजस्व गांवों में आशा कार्यकर्ता घर –घर जाकर कालाजार रोगियों की खोज करने में जुट गईं हैं। डॉ सतीश ने बताया कि जिले में कालाजार से प्रभावित नए गांवों की संख्या में भी कमी आयी है। 2020 में जहां नए प्रभावित गांवों की संख्या 37 थी, 2021 में वह 21 थी। यह संख्या 2022 में सिर्फ 5 रह गयी है। कालाजार के सही आकलन एवं नए रोगियों की खोज के लिए विभाग एचआईवी और टीबी पॉजिटिव रोगियों में भी कालाजार का टेस्ट कर रही है। कालाजार के सक्रिय रोगियों की खोज के लिए गैप एनालिसिस का भी सहारा लिया जा रहा है। कालाजार से बचाव के लिए अभी आइआरएस का फर्स्ट राउंड चलाया जा

रहा है। इसमें 171 राजस्व ग्राम के 8 लाख 21 हजार की जनसंख्या के 1 लाख 43 हजार 965 घरों में छिड़काव किया जा रहा है। इसमें कुल 70 स्कवायड की सहायता ली जा रही है। डॉ सतीश ने बताया कि जिले को कालाजार मुक्त जिला कर लिया गया है। वर्तमान में जून 2022 तक वीएल के 23 तथा पीकेडीएल के 25 सक्रिय मरीज हैं। 2021 में वीएल की संख्या जून तक 42 तथा पीकेडीएल की 22 थी। वहीं जून 2020 तक जिले में वीएल मरीजों की संख्या 101 तथा पीकेडीएल की संख्या 12 थी।

अच्छे अंक लाकर स्कूल का नाम किया रोशन

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से जारी दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में लवली पब्लिक स्कूल प्रियदर्शनी विहार, दिल्ली के विद्यार्थियों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। पिछली बार की तरह इस बार भी परिणाम शत–प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत रंग लाई। विद्यालय की होनहार छात्रा प्रार्ची शुक्ला ने 94.5 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या भावना मलिक ने प्रार्ची शुक्ला को उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी, उनके अथक और सार्थक प्रयासों की

सराहना तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन्स में परेड की सलामी ली गयी एवं परेड का निरीक्षण किया

आरके शर्मा दैनिक अयोध्या टाइम्स सिद्धार्थनगर।

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस

अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 22–07–2022 को पुलिस लाइन्स में परेड की सलामी ली गयी एवं परेड का निरीक्षण किया गया । तदोपरान्त महोदय द्वारा थानों से आई चार पहिया वाहनों, पीआरवी वाहनों व मोटरसाइकिल दस्ता के आवश्यक उपकरण आदि की सघनता से जांच की गयी, सब्सिडियरी पुलिस कैंटीन, व्यायामशाला, क्वार्टर गार्ड, बारबर शॉप, गैस गोदाम, स्टोर रूम, परिवहन शाखा, पुलिस भोजनालय, बैरक आदि की निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परेडधनिरीक्षण के दौरान श्री देवी गुलाम, पुलिस उपाधीक्षक बांसी लाइन्स, श्री भूतनाथ गुप्ता, प्रतिसार निरीक्षक, उ0नि0 श्री चन्दन, पीआरओ0 पुलिस अधीक्षक व पुलिस लाइन में नियुक्त अधि0क्कर्मचारीगण मौजूद रहें । उक्त के साथ ही साथ जनपद के समस्त थाना प्रभारीध्थानाध्यक्षगण द्वारा अपने अपने थानों पर अपने अधीनस्थ नियुक्त समस्त पुलिसकर्मियों के साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु पीटी/परेड कराई गयी ।

पंजीकृत निर्माण श्रमिक नजदीकी जनसेवा केन्द्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से बनवाये आयुष्मान कार्ड

ब्यूरो चीफ एस० बी० यादवअमेठी। 22 जुलाई 2022, सहायक श्रमायुक्त गोविन्द यादव ने बताया कि श्रम विभाग के अन्तर्गत उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए साचीज के माध्यम से 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' एवं 'मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना' लागू की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना का अपेक्षित लाभ पंजीकृत कामगारों को नहीं प्राप्त हो पा रहा है, जिसका मुख्य कारण निर्माण श्रमिकों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड न होना है।

इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि 25 जुलाई 2022 से 14 अगस्त 2022 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें बोर्ड कार्यालय लखनऊ से जनपदवार आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिये पात्र श्रमिकों की सूची उपलब्ध कराई गई है। जनपद अमेठी में कुल 29579 पात्र ओ0बी0सी0 श्रमिकों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जाना है, जनपद स्तर पर समस्त सी0एस0सी0 एवं राशन वितरण से सम्बन्धित कोटेदारों एवं आरोग्य मित्र आदि के माध्यम से योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि श्रमिक आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक पंजीयन कार्ड व मोबाइल अपने साथ लेकर जाये, श्रमिकों का गोल्डन कार्ड बनने के बाद उन्हें 5 लाख रूपये तक इलाज की सुविधा मिलेगी। जनपद में पंजीकृत 108837 श्रमिकों में से बोर्ड कार्यालय में 29579 श्रमिकों का गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु डाटा भेजा गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि श्रमिकों की सूची सी0एस0सी0 मैनेजर स्वास्थ्य विभाग, जिला आपूर्ति विभाग, खण्ड विकास अधिकारियों व पंचायतीराज विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी, जिनके माध्यम से श्रमिकों को सूचना देकर नजदीकी जन सेवा केन्द्र,• सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर श्रमिक आधार कार्ड, राशन कार्ड, श्रमिक पंजीयन कार्ड व मोबाइल के साथ उपस्थित होकर अपना आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवा सकते है।

जान से मारने की धमकी मिलने के बाद सलमान खान को सता रहा सुरक्षा का डर

मुंबई।फिल्म अभिनेता सलमान खान को बीते दिनों जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिसके बाद मुंबई पुलिस ने एक्टर के घर जाकर पूछताछ भी की थी। सलमान खान फनसालकर से मुलाकात की है।

सूत्रों ने बताया कि बॉलीवुड अभिनेता ने हथियार लाइसेंस के लिए आवेदन दिया है। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने निजी

और उनके पिता सलीम खान को संबोधित करते हुए एक धमकी वाला पत्र भी सामने आया था। जिसमें कहा गया था कि उन्हें भी सिद्धू मूसेवाला की तरह मार दिया जाएगा।

तभी से सलमा खान की जान पर खतरा मंडरा रहा है और इसके मद्देनजर आज फिल्म अभिनेता ने मुंबई के पुलिस आयुक्त विवेक सुरक्षा के लिए हथियार लाइसेंस के लिए मुंबई पुलिस को आवेदन दिया है। बता दें कि अभिनेता को पिछले महीने धमकी भरा पत्र मिला था। कथित तौर पर अभिनेता सलमान खान और उनके पिता सलीम खान को पत्र के माध्यम से धमकी मिली थी कि पिता–पुत्र की जोड़ी का हश्र भी पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला जैसा होगा।

अपने अपने क्षेत्र में ध्वजारोहण हेतु नोडल होंगे जिम्मेदार, अधिकारी अपने पद की सवेदनशीलता के दृष्टिगत कार्य करें सम्पादित - मुख्य विकास अधिकारी

• ग्रामीण स्तर पर भुगतान हेतु बी0सी0 सखी को दें वरीयता एवं खेल के मैदान, चारागाह एवं गूचर आदि की भूमि करायें कब्जामुक्त'

• 'ग्रामीण स्तर पर सराहनीय कार्यों को प्रदर्शित करने हेतु प्रत्येक सप्ताह होंगे प्रस्तुति करण।विभागीय कार्यों से अपने अधिनास्थों को अवगत कराएं'

कानपुर देहात 22 जुलाई 2022

मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय द्वारा विकास भवन सभागार में अंतर्विभागीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, एन0आर0एल0एम0, पंचायती राज, आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आजादी सप्ताह के सफल क्रियान्वयन की विस्तार में चर्चा करते हुए उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 11 अगस्त से 17 अगस्त 2022 के मध्य आजादी सप्ताह के सफल क्रियान्वयन हेतु एवं 13 से 15 के मध्य आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों व हर घर तिरंगा कार्यक्रम में झंडा संहिता का अनुपालन करते हुए ध्वजारोहण कराये जाने एवं विभिन्न क्षत्रों में ध्वज के सम्मान को विधि पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी बनाये गए नोडल को ग्रामीण स्तर पर बैठक आयोजित करने एवं ग्रामीण जनता व नगर निकायों में जनता को ध्वज के रखरखाव व उसके सम्मान से संबंधित जानकारी देने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आप सभी अपने अपने क्षेत्रों में सक्रीयता से कार्य करें, यदि किसी क्षेत्र में कोई अप्रीय घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी संबंधित नोडल की होगी। आम जनता को झंडे को न्यूनतम मूल्य पर क्रय करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों को ब्लॉक कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित कर जागरूक किये जाने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी खण्ड विकास अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी को अपने अपने कार्यों को आकर्षक रूप से साक्ष्य के साथ प्रदर्शित करने हेतु प्रत्येक माह 13 से 16 के मध्य योजनाओं की मासिक समीक्षा अपने समक्ष किये जाने एवं सभी के द्वारा किये जाने वाले निरीक्षणों में उस स्थान पर फोटो सहित निरीक्षण टिप्पणी प्रस्तुत किये जाने एवं प्रधानमंत्री आवास योजना में व्यक्तियों को अपात्र घोषित करने पर जिस कारण अपात्र घोषित कर रहे हैं उसके साथ फोटो सहित साक्ष्य को ग्राम पंचायत में उपस्थित पंजिका में अंकित कराये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, एन0आर0एल0एम0, पंचायती राज विभाग के अंतर्गत विभागीय कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से उनके कार्यों की जानकारी करते हुए उन्हें भू स्थर पर कार्यों का सम्पादन करने एवं अपने कार्यों को गुणवत्ता के साथ सम्पादित कराये जाने, महिला मात को प्राथमिकता दिए जाने, भूलेख/भूनक्शा में भूमि का चिन्हांकन कर श्रेणीवार विभाजित कर पोर्टल पर अंकित करने, खेल के मैदान, चारागाह एवं गूचर आदि की भूमि करायें कब्जामुक्त किये जाने, प्राथमिकता पर वृक्षारोपण में सहयोग देंव व स्वयं रूचि लेकर किये जाने, ग्रामीण स्तर पर खाते खोले जाने, खाते में पैसे का लेन देन, किसान सम्मान का भुगतान, डी0बी0टी0 का भुगतान, मनरेगा का भुगतान, पेंशन का पैसा निकलवाने, पारिवारिक लाभ के फायदे, श्रम विभाग का भुगतान व अन्य भुगतान हेतु बी0सी0 सखी को प्राथमिकताध्वरीयता देने, अपूर्ण पंचायत भवन निर्माण शीघ्र पूर्ण कराये जाने, सामुदायिक शौचालयों का रख रखाव सुनिश्चित करने, ठोस व तरल अवशिष्ट प्रबंधन, आधार सत्यापन व अन्य मुख्य बिंदुओं पर गहन समीक्षा करते हुए सबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान जिला विकास अधिकारी गोरख नाथ भट्ट, परियोजना निदेशक दिनेश कुमार यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी, संबंधित खण्ड विकास अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, उपायुक्त मनरेगा सहित अन्य संबंधित अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

कायाकल्प अभियान में 19 बिंदुओं पर फीडिंग कार्य को सभी एबीएसए शीघ्र पूर्ण करें, खण्ड शिक्षा अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी आपसी सहयोग से करें कार्य

कानपुर देहात ।

कायाकल्प अभियान में 19 बिंदुओं पर फीडिंग कार्य को सभी एबीएसए शीघ्र पूर्ण करें। खण्ड शिक्षा अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी आपसी सहयोग से करें कार्य।

उक्त निर्देश आज जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित खण्ड शिक्षा अधिकारी व सहायक विकास अधिकारियों को दिए। उन्होंने निपुण भारत मिशन के दृष्टिगत बेसिक शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी, जिला समन्वयक, एस०आर०जी० ए०आर०पी०. शिक्षक संकुल एवं निपुण शिक्षक के संबंध में बताया कि सभी को जनपद स्तर ब्लॉक स्तर पर एवं ऑन लाइन बैठक आयोजित करके निपुण लक्ष्यों के प्रति जागरूक किया गया है। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में भी निपुण लक्ष्य चस्पा किया जा रहा है एवं निर्धारित लक्ष्य के अनुसार जनपदीय टास्क फोर्स, जिला समन्वयकों के निरीक्षण एवं डायट मेण्टरों, एस०आर०जी० एवं ए०आर०पी० द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट की समीक्षा की व विकासखण्ड स्तर पर खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ प्रधानाध्यापकों, ए०आर०पी० के साथ बैठकें आयोजित की जा रही है।

उन्होंने शिक्षक संकुलों की मासिक बैठकों की स्थिति का जायजा लिया जिसमें बताया गया की जनपद के समस्त विकासखण्डों में प्रतिमाह शिक्षक संकुलों की बैठक आयोजित की जा रही है एवं ब्लॉक स्तर पर 4 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 20.07.2022 से

23.07. 2022 तक किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन दिनांक 25.072022 से 15.09.2022 के मध्य पूर्ण कराया जाना है, जिस हेतु निर्देश ब्लॉक स्तर पर निर्गत कर दिये गये है। ब्लॉक स्तर से निविदा कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त प्रशिक्षण का आयोजन प्रारम्भ कर दिया जायेगा। उन्होंने बालिका शिक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये कि मिशन शक्ति की कार्ययोजना अनुसार विद्यालयों में विकासखण्ड स्तर पर परिषदीय विद्यालयों में मीना मंच एवं बाल संसद का गठन वर्तमान माह में कराया जा रहा है। उच्च०प्रा०वि० में नव प्रवेशित बालिकाओं को यूट्यूब लिंक के माध्यम से पहे ली की सहेली फिल्म का प्रदर्शन करते हुये उन्हे माहवारी एवं स्वच्छता प्रबन्धन के विषय में जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने करस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए, जिस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष विद्यालयों को झण्डा उपलब्ध कराने, विद्यालयों में पुताई कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में 19 पैरामीटर्स में मूलभूत अवस्थापना सम्बन्धी संतृप्तीकरण की प्रगति के संबंध में बताया कि जनपद स्तर पर ऑपरेशन कायाकल्प वार रूम संचालित किया गया है। जिसके द्वारा प्रतिदिन ब्लॉकवार विद्यालय के प्रधानाध्यापकों को कॉल करके 19 बिन्दु पैरामीटर्स पर संतृप्तीकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जाती है एवं असंतृप्त बिन्दुओं पर संतृप्तीकरण हेतु किये जा रहे प्रयासों का भी अंकन पंजिका में किया जा रहा है। उक्त के साथ ग्राम सचिव से भी वार्ता कर 19 बिन्दु पैरामीटर्स पर कार्य कराने के प्रयास किया जा रहा है, इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विस्तार में चर्चा करते हुए कायाकल्प अभियान को संतृप्त करने हेतु शिक्षा वी पंचायतीराज विभाग का सामंजस्य महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी व सहायक विकास अधिकारियों को एक दूसरे से समन्वय बनाकर शीघ्र कायाकल्प अभियान में सकारात्मक परिणाम देने हेतु निर्देशित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया कि जनपद में 305 चिन्हित जर्जर भवनों में 197 भवनों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

जिसमें 65 भवनों को धवस्त किया जा चुका है। उक्त के साथ अवशेष 108 जर्जर भवनों के मूल्यांकन हेतु ग्रामीण अभियन्त्र सेवा, लोक निर्माण विभाग एवं लघु सिचाई विभाग को पत्र प्रेषित कर सम्पर्क किया गया है।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सौम्य पाण्डेय, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी व सहायक विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित थे।

पाइपलाइन परियोजना में जेई जल निगम द्वारा लापरवाही करने पर जिलाधिकारी ने लगाई कड़ी फटकार, संपूर्ण कार्य दुरस्त करने के लिए निर्देश

• जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर, भारतीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज, बलाई बाजार राजपुर, अमृत सरोवर, पाइपलाइन परियोजना, नगर पंचायत कार्यालय राजपुर, ब्लॉक राजपुर, पंचायत सचिवालय रमऊ, तिरंगा झंडा निर्माण कार्य इत्यादि का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

• जिलाधिकारी ने जैन मंदिर के किए दर्शन, अमृत सरोवर तालाब का किया निरीक्षण

कानपुर देहात 22 जुलाई 2022

जिलाधिकारी नेहा जैन ने सिकंदरा तहसील क्षेत्र के विभिन्न सरकारी कार्यालयों आदि का भ्रमण किया, जिसमें उन्होंने सर्वप्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम उन्होंने जेएसवाई वार्ड का निरीक्षण किया जहां पर तीन मरीज भर्ती पाए गए, इस पर जिलाधिकारी ने मरीजों के सही प्रकार से इलाज करने एवं साफ सफाई के निर्देश उपस्थित पीएचसी प्रभारी को दिए, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ओपीडी, कोविड टीकाकरण केंद्र, औषधि वितरण केंद्र, जांच केंद्र, नेत्र परीक्षण केंद्र, आकस्मिक सेवा केंद्र, आयुष ओपीडी, कोल्ड वैक्सीन कक्ष आदि का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान अस्पताल में सही प्रकार से सुव्यवस्थित व्यवस्था ना मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ए के सिंह को निर्देशित किया कि अस्पताल की संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं तथा 18 प्लस के वैक्सीन के जागरूकता पोस्टर वैक्सीन केंद्र पर अवश्य लगाएं, उन्होंने कहा कि टीकाकरण हेतु प्रचार प्रसार कर शत प्रतिशत टीकाकरण कराएं। वहीं उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से कहा कि मरीजों का इलाज सही प्रकार से करें तथा दवा आदि भी उपलब्ध कराएं वही परिसर में खराब खड़ी एंबुलेंस के कंण्डम कराए जाने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया, जिलाधिकारी ने पीएचसी प्रभारी को निर्देशित किया कि अस्पताल की व्यवस्थाओं पर ध्यान दें तथा संपूर्ण व्यवस्थाएं को दुरुस्त कराएं अस्पताल में साफ–सफाई वृक्षारोपण विशेष रुप से कराएं।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने वही पीएचसी के निकट बलाई बाजार का निरीक्षण किया जहां जलभराव की

स्थिति पाई गई, जिलाधिकारी ने उपस्थित उपजिलाधिकारी सिकंदरा एवं ईओ राजपुर को निर्देशित किया कि पानी निकासी हेतु उचित प्रबंध करें।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने भारतीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज राजपुर का निरीक्षण किया जहां पर शिक्षण कार्य चलता पाया गया, विद्यालय में 8 अध्यापकों की तैनाती पाई गई, विद्यालय में लाइट, बाउंड्रीवाल, साफ–सफाई आदि सही प्रकार से ना मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए उपस्थित प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि विद्यालय की संपूर्ण व्यवस्थाएं दुरुस्त कराएं तथा शिक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने राजपुर स्थित जैन मंदिर में पहुंच दर्शन किए, वही अमृत सरोवर तालाब का भी जायजा लिया, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि अमृत सरोवर तालाब का संपूर्ण कार्य 15 अगस्त से पहले दुरुस्त कर लें।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर, ओपीडी का निरीक्षण किया, जिसमें 10 ओपीडी मौके पर मिली, वहीं जिलाधिकारी को ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत राजपुर के सलेमपुर स्थित 30 सैय्या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर में आकस्मिक उपचार व प्रसव सेवा ना होने की समस्या है तथा यह बिल्डिंग नई बनाई गई है, इसमें लाइट आदि नही है, जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि इस बिल्डिंग का उपयोग हेतु संपूर्ण व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करें तथा इसमें चिकित्सकों एवं अन्य स्टाफ को लगाएं, जिससे कि यहां की जनता को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके, वहीं उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को समस्या के निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने नगर पंचायत राजपुर कार्यालय का भी निरीक्षण किया, जहां पर उन्होंने पत्रावलियों के रखरखाव, व कराए गए विकास कार्यों का जायजा लिया, वहीं सफाई कर्मचारियों ने बताया कि राजपुर नगर पंचायत का किसी अधिकारी को चार्ज ना होने से सफाई कर्मचारियो को वेतन नहीं मिल पा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन को अधिकारी के चार्ज हेतु पत्र भेजा गया है शीघ्र ही किसी अधिकारी को चार्ज मिल जाएगा।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने विकासखंड राजपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवालय रमऊ का निरीक्षण किया, जहां पर उपस्थित पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, प्रधान, सचिव आदि को निर्देशित किया कि पंचायत सचिवालय में आने वाले लोगों की समस्याओं को सुने एवं उनका निस्तारण किया जाए तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का भी प्रचार प्रसार कर उनको लाभान्वित करें।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने गांव में ही भीमसेन स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा फहराया जाने के चलते चल रहे झंडे निर्माण कार्य का भी जायजा लिया तथा जिलाधिकारी को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बताया गया कि अब तक 500 तिरंगे झंडे का निर्माण किया जा चुका है तथा 1600 का लक्ष्य मिला है, इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि समय तिरंगे झंडे का निर्माण पूर्ण कर लें, वही गांव में ग्राम प्रधान द्वारा बिजली के पोलो एवं हैंडपंपों में तिरंगा झंडे की पेंटिंग कराए जाने पर जिलाधिकारी ने उत्साह वर्धन किया। वहीं जिलाधिकारी ने गांव में अमृत सरोवर तालाब का भी निरीक्षण किया तथा उपस्थित खंड विकास अधिकारी आदि को निर्देशित करते हुए कहा कि 15 अगस्त पहले संपूर्ण कार्य पूर्ण करे।

मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जेपी गुप्ता, उप जिलाधिकारी सिकंदरा, तहसीलदार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के सिंह आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

सेवा निवृत्त शिक्षक की सड़क हादसे में मौत

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ एस० बी० यादव अमेठी।जामो सेवा निवृत्त शिक्षक को बृहस्पतिवार की देर सायं अज्ञात वाहन ने फुटहना के पास टक्कर मार दिया।राहगीरों की मदत से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया रास्ते मे उनकी मौत हो गयी।सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

विदित हो कि सेवा निवृत्त शिक्षक राम सिंह उम्र लगभग 68 वर्ष निवासी भीखीपुर बृहस्पतिवार की देर सायं अपने घर से जामो आ रहे थे।फुटहना के पास पहुँचे थे कि पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दिया।हालात काफी गंभीर थी।परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये जहां हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।रास्ते मे उनकी मौत हो गयी।परिजनों का रोरो कर बुरा हाल है।सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कानपुर का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल हैलट बना तालाब

कानपुर। कानपुर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हैलट में बरसात का पानी भर गया है.... ये वो अस्पताल है... जहां रोजाना हजारों की संख्या में कानपुर ही नहीं आस–पास के जिलों के भी मरीज भी आते हैं... इस पूरे मामले की जानकारी होते ही उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने हैलट अस्पताल के डॉक्टरों से जवाब मांगा है।

कांग्रेसियों ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे उद्घाटन क्षतिग्रस्त हो जाने को लेकर कलेक्ट्रेट में किया प्रर्दशन राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौपा

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

उरई (जालौन)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रीमती प्रियंका गांधी के आवाहन पर आज बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के मात्र पांच दिन में ही क्षतिग्रस्त हो जाने को लेकर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वाधान में जिलाधिकारी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल

महोदया को जिलाधिकारी जालौन द्वारा दिया ज्ञापन। जिला अध्यक्ष दीपांशु समाधिया ने कहा कि जिस तरीके से मुख्यमंत्री बुंदेलखंड एक्सप्रेस बे को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बता रहे थे उसकी पोल मात्र 5 दिन में खुल गई। नगर पालिका अध्यक्ष सरिता आनंद अग्रवाल ने कहा जो दुर्घटनाग्रस्त वाहन है उन वाहनों की छति पूर्ति की जाए। प्रदेश सचिव अनुज मिश्रा ने कहा यह बहुत बड़ा घोटाला है भ्रष्टाचार का जीता जागता उदाहरण है उत्तर प्रदेश सरकार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जिलाध्यक्ष दीपांशु समाधिया , प्रदेश सचिव अनुज मिश्रा, शहर अध्यक्ष रेहान सिद्दीकी, सरिता आनंद (नगर पालिका अध्यक्ष कोंच), हाजी ख्वाजा बख्श मंसूरी जी, डॉ. हेमन्त रिछारिया, सद्दाम खान कादरी, अमित पाण्डेय , हाजी आला, जितेन्द्र मिश्रा जी, राघवेंद्र तिवारी, अखिल वैद, श्रीनारायण दीक्षित, देवेन्द्र शर्मा, मोहम्मद सामी, सोनू पाठक, बाबू खान जी, सुमित सम्राट, रामेन्द्र राठौर, अशोक सक्सेना, ऋषभ बिदुआ, ऋषि तिवारी, अवधेश कुमार, नगर जिला महासचिव फैजानुल हक, राजकुमार वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, कमलेश उदैनिया, सुरेशचंद्र, कसीम मंसूरी, सन्तोष ठाकुर, जाहिद अली, गुड्डू रिजवी, मुजीबुर्रहमान , नसीम खान, सागर मिश्रा जी आदि लोग उपस्थित रहे।

चिपको मूवमेंट की भाती पेड़ो के साथ भावनात्मक संबंध जोड़ कर श्री कृष्णा जन कल्याण समिति टीम ने किया 51 पौधो का व्रक्षारोपण

दैनिक अयोध्या टाइम्स। आगरा। कालिंदी विहार स्थित श्री कृष्णा जन कल्याण समिति द्वारा 51 वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया। जिसमे नींबू, अनार, अमरूद, जामुन, आदि फलदार वृक्षों को शामिल किया गया था। श्री कृष्णा जन कल्याण समिति के अध्यक्ष अरुण शर्मा बताते है की व्रक्षारोपण तो लोग बहुत करते है लेकिन उनका उचित रखरखाव न होने के कारण कुछ समय बाद है पेड़ मुरझा कर सुखा जाते है।

जिससे पेड़ो का उचित विकास नही हो होता है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार उत्तराखंड के चमोली जिले में व्रक्षो को कटने से बचाने के लिए लोग पेड़ो से चिपक जाते थे जिसे चिपको मूवमेंट के नाम से जाना जाता है। लोग पेड़ो से चिपक कर अपनी पेड़ो के साथ भावना प्रकट करते थे। ठीक उसी प्रकार श्री कृष्णा जन कल्याण समिति द्वारा एक पौधा बेटियो के नाम अभियान की शुरुआत की है। जिससे लोगो की पेड़ो के साथ भावनात्मक संबंध स्थापित हो और जिस प्रकार लोग अपनी बेटियो का ध्यान रखते है उसी प्रकार इन पेड़ो का भी ध्यान रखे। श्री कृष्णा जन कल्याण समिति द्वारा वृक्षारोपण को कालिंदी विहार के सीमैक्स इंटरनेशनल स्कूल में बेटियो के हाथो वृक्षारोपण का कार्य किया गया। वृक्षारोपण के दौरान संस्था संस्थापक सोवरन शर्मा, अध्यक्ष अरुण शर्मा, अंशुल, अंकित, विद्यालय प्रधानाचार्य संतोष चौधरी, हरिओम सिंह, शैलेंद्र सिंह, पंकज शर्मा आदि लोगो का सहयोग रहा। बेटियो ने बढ़ चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लिया व अपने हाथो से वृक्षारोपण का कार्य किया

सांसद के जन्मदिवस पर यमुनापार के भाजपाईयों दी शुभकामनाएं

प्रयागराज। इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र की सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी के जन्मदिवस के अवसर पर यमुनापार से भारी संख्या में पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने सांसद आवास प्रयागराज पहुंचकर बंधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने बुकें भेंटकर सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी को अपने हाथों मिठाईयां

खिलाकर शुभकामनाएं दी। जिला महामंत्री राजेश शुक्ला जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बुकें भेंटकर शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। शुभकामनाएं देने वालो में सुभाष सिंह पटेल, विनोद प्रजापति,संत प्रसाद पांडेय, अभिषेक शुक्ला, दिनेश तिवारी,अनुज अग्रवाल, सुधीर साहू ष्बऊआष् सुबोध कुमार,विजय बहादुर सिंह,विजय कुमार पुश्वावनी, अरूण दुबे,संजय गौतम,अजय कुमार,सुरेश शुक्ला आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी ने शुभकामनाएं दी। सासंद ने सभी कार्यकर्ताओ पदाधिकारियो का आभार व्यक्त किया।

दो थाना क्षेत्रों में नाबालिग से दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण व अपराधों की रोकथाम के संबंध में दिए गए आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी अतुल कुमार चौबे के नेतृत्व में थानाध्यक्ष पंकज कुमार थाना सिरसिया द्वारा मु0अ0सं0–148/2022 धारा–363,366,376 भा0द0वि0 व 3/4 पोक्सो एक्ट से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त लल्ला उर्फ मनोज कुमार पुत्र राम अभिलाष निवासी पदम चक्की थाना हरैया को मुखबिर खास की सूचना पर बेचईपुरवा बाजार के पास से गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार थाना इकौना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी द्वारा मुखबिर की खास सूचना पर पक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त पवन कुमार उर्फ कालिया पुत्र मालिक राम निवासी परमपुर दाखिला लछमनपुर गोड पुरवा को भोजपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया।

इस दौरान गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी, उपनिरीक्षक योगेंद्र बाबू चौकी प्रभारी सेमरी तरहर सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

अब हर बच्चा होगा शिक्षित, करेगा अपने सपने साकार

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद के इकौना विकास क्षेत्र में स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) परिसर में प्राचार्य के.सी.भारती की अध्यक्षता में निपुण भारत के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक शिक्षा क्षेत्र के 5 ।त्च को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 जुलाई से 25 जुलाई 2022 तक चलेगा। जिस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि इस योजना के माध्यम से सक्षम वातावरण का निर्माण करके बच्चों को बुनियादी स्तर से भाषा और गणित विषय पर समझ विकसित करना है। वहीं नंद कुमार पाठक ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि इससे आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मकता का ज्ञान छात्रों को प्रदान किया जा सकेगा। निपुण योजना के माध्यम से सन 2026–27 तक प्रत्येक बच्चे को तीसरी कक्षा के अंत तक पढ़ने, लिखने एवं अंकगणित को सीखने की क्षमता प्रदान की जाएगी। इस योजना का कार्यान्वयन स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा किया जाएगा। वहीं कार्यक्रम संयोजक आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि यह स्कूली शिक्षा के मूलभूत वर्षों में बच्चों तक पहुंच प्रदान करने और उन्हें बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करेगा, शिक्षक क्षमता निर्माण उच्च गुणवत्ता एवं विविध छात्र व शिक्षण संसाधनों शिक्षण सामग्री का विकास और सीखने के परिणामों को प्राप्त करने में प्रत्येक बच्चे की प्रगति पर नजर रखना तथा इसके अंतर्गत बच्चे अब लिखने, पढ़ने के तरीके भी सीख सकते हैं। ये शिक्षा की ओर एक ऐसा कदम है जिसको सरकार ने बच्चों को आगे बढ़ने का मौका दिया है। ताकि बच्चों की पढ़ाई में एक और सक्रियता जुड़ जाएगी। इसी लाभ के कारण अभिभावक को भी बच्चों को आगे बढ़ते देखना अच्छा लगेगा। अभियान के तहत शिक्षकों की सघन क्षमता निर्माण से उन्हें सशक्त बनाया जाएगा और अध्यापन कला चुनने के लिए अधिक स्वायत्ता प्रदान की जाएगी। इस दौरान कार्यक्रम में आदर्श कुमार सिंह, संत कुमार, नंद कुमार पाठक, प्रशांत मिश्रा उपस्थित रहे।

दिव्यांगों को वितरित किये गए उपकरण

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स

०भाग्यनगर ब्लॉक में कैम्प लगाकर भाग्यनगर व अछल्दा ब्लॉक के दिव्यांगो को बाँटे गए उपकरण।

फफूंद । औरैया। भाग्य नगर ब्लाक परिसर में दिव्यांग उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एलिम्को द्वारा दो सौ चालीस दिव्यांगों को ट्राई साइकिल,छड़ी, बैटरी रिक्शा,व्हील चेयर व कान की मशीन का वितरण किया गया।

शुक्रवार को ब्लाक भाग्यनगर में एलिम्को द्वारा दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया।जिसमे बीते जून माह में रजिस्ट्रेशन कराने वाले अछल्दा के एक सौ नौ व भाग्यनगर ब्लाक के एक सौ इकतीस दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये गए।ब्लाक भाग्यनगर के खंड विकास अधिकारी विश्वनाथ सिंह पाल ने बताया कि शिविर में एक सौ अड़सठ ट्राई साइकिल,पांच बैटरी रिक्शा के साथ ही छड़ी,कान की मशीन,कृतिम अंग,वैशाखी,फोल्डिंग व्हील चेयर आदि का वितरण किया गया है।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे, दिबियापुर सपा विधायक प्रदीप यादव खंड विकास अधिकारी अछल्दा सतीश पांडे,कवि अजय अंजाम, ब्लाक प्रमुख रेशमा दोहरे,आदि मौजूद रहे।

जिला संयुक्त चिकित्सालय छत पर शराब की शीशियां व गंदगी का अंबार

• कहने के बावजूद सफाई कर्मी नहीं देते ध्यान अस्पताल प्रशासन बेखबर

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। केंद्र व प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत मिशन का अभियान भले ही तेज गति चला रही हो, लेकिन इस मिशन की धज्जियां उड़ती साफ तौर पर देखी जा रही है। शहर के विभिन्न मोहल्लों में बरसात के कारण हुए जलभराव के चलते दुर्गंध युक्त गंदगी गलियों में फैली पड़ी है। वहीं दूसरी ओर शहर के 50 शैय्या युक्त जिला संयुक्त चिकित्सालय की छत पर गंदगी का अंबार पसरा हुआ है। सफाई कर्मचारियों को जानकारी देने के बाद भी साफ सफाई पर अमल नहीं किया जाता है। आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन? केंद्र व प्रदेश सरकार स्वच्छता मिशन की भले ही दंभ भर रही हो, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ अलग ही है। जहां एक ओर शहर के कई मोहल्लों में गंदगी का अंबार देखा जा सकता है, वहीं दूसरी ओर जिला संयुक्त चिकित्सालय भी गंदगी से वंचित नहीं है। बारिश के मौसम में गंदगी शहर की नालियों व गलियों में जलभराव के कारण साफ तौर पर दृष्टिगोचर होती है। शहर के मोहल्ला नरायनपुर, बनारसीदास पश्चिमी , दयालपुर, भीखमपुर, गोविंद नगर उत्तरी के अलावा पढीन दरवाजा नई बस्ती, बदनपुर कांशीराम कॉलोनी में गंदगी का आलम देखा जा सकता है। यह गंदगी स्वच्छता मिशन की साफ तौर पर धज्जियां उड़ा रही है। इतना ही नहीं शहर के 50 शैय्या युक्त जिला संयुक्त चिकित्सालय की छत पर भी गंदगी का अंबार कई दिन से देखा जा रहा है। अस्पताल की छत पर गंदगी फैली हुई है। इस गंदगी में देशी व अंग्रेजी शराब की शीशियां , बियर की केने एवं कचरा भी पड़ा हुआ है। प्रश्न उठता है की अखिर अस्पताल की छत पर कौन लोग मदिरा का सेवन करते हैं? अस्पताल प्रशासन बेखबर रहता है। अस्पताल की छत पर बरसात के मौसम में पानी भरा हुआ है, जिसमें गंदगी तैर रही है। इसके साथ ही दुर्गंध फैला रही है। अस्पताल के एक कर्मचारी ने सफाई कर्मी को इस गंदगी की समस्या से 2 दिन पहले अवगत कराया इसके बावजूद सफाई कर्मी ने साफ–सफाई करना मुनासिब नहीं समझा। जिसके चलते गंदगी की समस्या जस की तस बनी हुई है। अस्पताल की छत पर जलभराव होना गुणवत्ता पर सवालिया प्रश्नचिन्ह लगा रहा है। शहर के मोहल्लों में हो रहे दुर्गंधयुक्त जलभराव के विषय में जब नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी बलवीर सिंह से जानकारी चाही तो उन्होंने बताया कि शहर के कुछ मोहल्ले की बस्ती में निचले स्तर पर गलियां बनी हुई हैं, जिससे जल निकासी पर्याप्त मात्रा में नहीं हो पाती है, और जलभराव हो जाता है, जो धीरे–धीरे कम होता है। सरकार द्वारा पर्याप्त बजट मिलने पर गलियों को ऊंचा किया जाएगा, तभी इस समस्या से लोगों को निजात मिल सकेगी। पालिका प्रशासन लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए अनवरत प्रयासरत है। इसी तरह से जब अस्पताल के सीएमएस राजेश मोहन गुप्ता से जानकारी चाही तो अस्पताल में स्टाफ ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएमएस मीटिंग में कानपुर गये हुए हैं। इसलिए कोई बात नहीं हो सकी।

छात्रों को आपदा की हर मुश्किल क्षण में लड़ने के लिए सशक्तकर रही है एनडीआरएफ

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद में सम्भावित बाढ़ के दृष्टिगत एन0डी0आर0एफ0 की तैनाती की गई है। वर्तमान में बाढ़ न होने के कारण जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के संयोजन में एन0डी0आर0एफ0 द्वारा छात्रों को सम्भावित आपदाओं से बचने व अपने आस–पास के समुदाय को बचाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में एनडीआरएफ की टीम ने केन्द्रीय विद्यालय भिनगा में छात्रों को आपदाओं से निपटने के गुण बताये। विद्यालय में कमाण्डेंट मनोज कुमार शर्मा के निर्देशन में पहुंची टीम की अगुवाई टीम कमाण्डर धीरेन्द्र उपाध्याय ने की।

उन्होने बताया कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए धैर्य बहुत आवश्यक है। धैर्य के साथ उचित जानकारी होने के साथ हम बड़ी से बड़ी आपदाओं से सफलतापूर्वक निपट सकते है। टीम ने बच्चों के सामने आग से बचाव, स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार, हीट स्ट्रोक से बचाव, सड़क सुरक्षा, कोविड–19 से बचाव, बाढ़ से बचाव, गले में फंसी वस्तु को बाहर निकालना आदि समस्याओं के समाधान बताये व बच्चों को भी प्रैक्टिकल कर बचाव की तकनीक सीखने के लिए प्रेरित किया।

केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से देश की भावी पीढ़ी आपदाओं से निपटने में सक्षम बनेगी। आपदाऐं अचानक आती है और बहुत नुकसान करके जाती है। एन0डी0आर0एफ0 टीम द्वारा दी गई जानकारी हमें भारी नुकसान से बचा सकती है।

इस अवसर पर अध्यापक अभिनव चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक शिवपूजन सिंह, एन0डी0आर0एफ0 की टीम सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ व छात्र मौजूद रहे।

निर्विरोध निर्वाचित हुए जिला पंचायत सदस्य का भाजपा कार्यालय पर हुआ जोरदार स्वागत

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती द्वारा जिला पंचायत सदस्य वार्ड नं 8 के उप चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित भाजपा प्रत्याशी अवधेश कुमार वर्मा का भाजपा जिला कार्यालय पर भव्य स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम तथा जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ददन मिश्रा, विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय तथा नामांकन दाखिल करने वाले प्रत्याशीगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शुक्रवार। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या 8 के उप चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित भाजपा प्रत्याशी अवधेश कुमार वर्मा का भव्य स्वागत किया गया। विदित हो पिछले दिनों 17 जुलाई को वार्ड संख्या 8 के उप चुनाव हेतु अधिसूचना जारी होने के बाद 19 जुलाई को भाजपा द्वारा अवधेश कुमार वर्मा को वार्ड संख्या 8 का भाजपा समर्थित प्रत्याशी घोषित किया था। 20 जुलाई को नामांकन पत्र दाखिल करने के क्रम में भाजपा प्रत्याशी अवधेश वर्मा सहित कुल 9 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था । 22 जुलाई को नामांकन पत्र वापिस लेने की प्रक्रिया में बाकी सभी निर्दलीय प्रत्याशियों ने भाजपा प्रत्याशी अवधेश वर्मा के समर्थन में अपना पर्चा वापस ले लिया जिसके चलते अवधेश कुमार वर्मा निर्विरोध निर्वाचित होने का रास्ता साफ हो गया। निर्विरोध घोषणा के बाद जिला भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम की अध्यक्षता में आयोजित स्वागत समारोह संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित दल के साथ साथ एक परिवार है और आज अवधेश वर्मा के पक्ष में अमित सिंह पुंजू सहित बाकी सभी जिला पंचायत के संभावित प्रत्याशियों द्वारा अपना समर्थन देकर इस परिवार को भारतीय जनता पार्टी श्रावस्ती परिवार को और मजबूती प्रदान की है। जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने बताया कि आज अवधेष वर्मा की निर्विरोध जीत सिर्फ उनकी ही नही उनको समर्थन देने वाले अन्य प्रत्याशियों की भी हुई है, जिले के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की तथा धरातल पर जन जन के जीवन को संवारने वाले मोदी, योगी जी के जन कल्याणकारी योजनाओं और भाजपा की लोकप्रियता की जीत है। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा ओम तथा जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी द्वारा अमित सिंह पुंजु को भाजपा की टोपी पहनाकर उन्हें भाजपा में शामिल किया। अमित सिंह पुंजु ने कहाकि मैं भाजपा के जन कल्याणकारी योजनाओं और मोदी योगी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हो रहा हूँ भाजपा की नीतियों को आत्मसात करते हुए निरन्तर पार्टी के लिए कार्य करूंगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा तथा विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय ने सभी प्रत्यशियों को माला व अंगवस्त्रम पहनायी और निर्विरोध निर्वाचित अवधेश वर्मा को अपने सम्बोधन के माध्यम से बधाई दी तथा अन्य सभी प्रत्यशियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कैराती पटेल, कमलेश सिंह कमला प्रसाद वर्मा, सुधीर सिंह, संजय यादव, मालिक राम यादव, सुरेश वर्मा, दिवाकर शुक्ला, रमन सिंह, पुरुषोत्तम कौशल, उदय प्रकाश त्रिपाठी, देव प्रताप सिंह, जिला मीडिया प्रभारी संजू तिवारी, सुभाष सत्या, प्रकाश चंद, कमलेश सिंह अधिवक्ता, अभिषेक पाण्डेय आदि भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आधुनिक बस स्टेशन उतरौला में यात्री गन्दा पानी पीने को मजबूर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

उतरौला(बलरामपुर) आधुनिक बस स्टेशन उतरौला में यात्री गन्दा पानी पीने को मजबूर हैं। सरकार द्वारा लगाए गए वाटर एटीएम दो वर्षों से बंद पड़ा है। मजबूरन यात्रियों को बस स्टेशन के बाहर जाकर पानी पीना पड़ता है।

शासन ने करोड़ों रुपए की लागत से आधुनिक बस स्टेशन उतरौला का निर्माण कराया था।और इस बस स्टेशन पर यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए समरसेबिल बोरिंग कराया लेकिन उसका पानी पीला व गन्दा आने से उसको अभी तक दूसरी बोरिंग नहीं कराई गई। बस स्टेशन पर कोल्ड वाटर लगाया गया मजबूरन यात्रियों को पीला लेकिन उसका आरओ वर्षों से खराब पड़ा है जिसके चलते यात्रियों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। सरकार ने यात्रियों की शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए अकुवा कम्पनी से वाटर एटीएम लगवाया लेकिन इस वाटर एटीएम को कम्पनी ने खोलकर उसकी शुरुआत नहीं की। लेकिन इस वाटर एटीएम से यात्रियों को शुध्द पानी आज तक नसीब नहीं हो सका। बस स्टेशन पर लगे वाटर एटीएम सफेद हांथी साबित हो गया है।

आधुनिक बस स्टेशन उतरौला के खराब पेयजल व्यवस्था से यात्रियों को शुद्ध पेयजल न मिलने से यात्री बस स्टेशन के बाहर जाकर पानी पी पाते हैं। बस स्टेशन उतरौला प्रभारी इन्तखाब आलम ने बताया कि समरसेबिल से गन्दा व पीला पानी आने की सूचना विभागीय अधिकारियों को दे दी गई है। वाटर एटीएम चालू न होने की जानकारी एक्वा कम्पनी व विभागीय अधिकारियों को दी जा चुकी है। बस स्टेशन पर यात्रियों को पानी की समुचित व्यवस्था के लिए प्रयास किया जा रहा है।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने किया विकासखंड पचपेड़वा में ग्राम पंचायत भगवानपुर खादर में फ्री वाई फाई सुविधा का उद्घाटन तथा ग्राम खाखादई में किया पेयजल योजना का निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

• कलेक्ट्रेट सभागार में किया योजनाओं की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बलरामपुर! कृषि उत्पादन आयुक्त/अपर मुख्य सचिव पंचायती राज विभाग मनोज कुमार सिंह द्वारा जनपद के एक दिवसीय भ्रमण के दौरान विकासखंड पचपेड़वा के ग्राम पंचायत भगवानपुर खादर में पंचायत भवन में फ्री वाईफाई सुविधा का उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में फ्री वाईफाई सुविधा से शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र एवं अन्य लोगों को लाभ मिलेगा।

इसके बाद कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा विकासखंड पचपेड़वा के ग्राम खाखादई में हर घर जल योजना के तहत निर्माणाधीन पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कार्यदाई संस्था को पेयजल परियोजना में तेजी लाए जाने का निर्देश। तत्पश्चात उन्होंने विकासखंड बलरामपुर में ग्राम पंचायत बिजलीपुर में टेक होम राशन प्लांट का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा–निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक विभिन्न संचालित योजनाओं की प्रगति एवं क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत सभी ग्राम पंचायतों में पेयजल योजना में भूमि अधिग्रहण करते हुए सभी डीपीआर बनाए जाने का निर्देश दिया एवं निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं में तेजी लाए जाने का निर्देश कार्यदाई संस्था को दिया। अमृत सरोवर योजना में प्रत्येक ब्लॉक पर वृहद स्तर पर 3 सरोवर बनाए जाने का निर्देश दिया। अपर मुख्य सचिवकृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा पंचायत भवन,ओडीएफ प्लस,बहुउद्देशीय पंचायत भवन, अंत्येष्टि स्थल आदि की समीक्षा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।इस अवसर पर निदेशक पंचायती राज विभाग अनुज कुमार झा, जिलाधिकारी श्रुति, मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अखिलेश प्रताप सिंह, डीपीआरओ नीलेश प्रताप सिंह, जिलाविकास अधिकारी गिरीश चंद पाठक व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनपद में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक जिलाधिकारी द्वारा नामित परियोजना निदेशक मनीष कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। जिला के लगभग सभी जिला स्तरीय अधिकारी जो उक्त समिति के पदेन सदस्य नामित किये गये है, उपस्थित रहे। इस जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की सचिव श्रीमती ज्योति सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को परिषद के गठन के उद्देश्य एवं कार्यों से अवगत कराया गया।

परियोजना निदेशक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों से पर्यटन एवं संस्कृति के सम्बन्ध में अपने– अपने विचारों से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। जिससे भविष्य में पर्यटन एवं संस्कृति की योजनाओं को प्रचारित प्रसारित करने एवं उनके उत्थान की कार्ययोजना तैयार की जा सके।बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में गौशाला की समीक्षा बैठक आहूत की गई

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित डीआरडीए गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती एकता सिंह की अध्यक्षता में गौशाला की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान गौ आश्रय स्थलों के निर्माण, संरक्षण की समीक्षा, पशुओं का टीकाकरण, पशुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में, गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण सेल की समीक्षा, दुग्ध उत्पादन संघ , कौशल विकास मिशन की समीक्षा की गयी।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि मानसून के दृष्टिगत गौ आश्रय स्थलों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न न होने पाये, तथा चारा भूसा को संरक्षित कर लिया जाये तथा समय–समय पर सम्बन्धित अधिकारी गौशाला का निरीक्षण भी करते रहे, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न उत्पन्न होने पाये। बैठक में परियोजना निदेशक डूडा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, सहायक उपायुक्त उद्योग, जिला पंचायत राज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का गोरखपुर ग्रुप कमांडर द्वारा किया गया निरीक्षण

अयोध्या।स्थानीय डोगरा रेजीमेंट फैजाबाद अयोध्या में 48 यूपी वाहिनी एनसीसी गोंडा के तत्वाधान में चल रहे 10 दिवसीय प्रशिक्षण कैंप का आज एनसीसी गोरखपुर ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर दीपेंद्र रावत का निरीक्षण हुआ ग्रुप कमांडर का स्वागत कैंप कमांडेंट कर्नल सुनीत सिंह एवं कर्नल संजीवा ने किया तत्पश्चात ग्रुप कमांडर को एनसीसी कैडेटों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया एवं कैंप कमांडेंट द्वारा पूरे शिविर के विषय में ग्रुप कमांडर को ब्रीफिंग प्रदान किया गया ट्रेनिंग एरिया में जाकर विभिन्न स्क्वायड पोस्ट पर चल रहे कक्षाओं में कैडेटों से प्रश्नोत्तर के माध्यम से जानकारी प्राप्त किया थल सेना कैंप में चयनित कैडेटों को किस तरह प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है बारीकियों से देखते हुए दिशा निर्देश दिया एवं ड्रिल नर्सरी कैडेटों के लिए उपयोगी बताया ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर दीपेंद्र रावत ने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि एक अच्छे कैडेट के अंदर अच्छा चरित्र अनुशासित जीवन काम के प्रति वफादारी एवं ईमानदारी के साथ देश हित की भावना होनी चाहिए और यह सभी बातें एक एनसीसी कैडेट को प्रशिक्षण के दौरान प्रदान की जाती है जरूरी नहीं है की प्रत्येक कैडेट सेना में सम्मिलित होकर देश की सेवा करें वह किसी भी सेवा में हो ईमानदारी के साथ देश की सेवा कर सकता है ग्रुप कमांडर ने अच्छे कैंप संचालन के लिए कैंप कमांडेंट कर्नल सुनील सिंह को बधाई दिया और सभी एनसीसी कैडेटों को शुभकामनाएं दी इस अवसर पर मेजर राजेश द्विवेदी मेजर राजाराम लेफ्टिनेंट नरेंद्र मिश्रा सूबेदार मेजर इंद्रजीत सिंह उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

सामुदाइक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय महिला ने एंबुलेश में सुरक्षित बच्चे को दिया जन्म

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के प्राथमिक स्वास्थ केंद्र सोनवा की एंबुलेश यूपी 32 ई जी 4394 पर तैनात ईएमटी रवि कुमार श्रीवास्तव,चालक सौरभ श्रीवास्तव को मिली सूचना के आधार पर केशवपुर पजावा निवासी प्रसव पीड़ित महिला मीरा देवी पत्नी तुलसी राम को ले जाते समय अचानक रास्ते में प्रसव पीड़ा होने लगी। जहां एंबुलेश पर तैनात ईएमटी रवि कुमार श्रीवास्तव ने परिवार वालों से अनुमति लेने के बाद बड़े ही सूझबूझ के साथ सुरक्षित बच्चे का जन्म करवाया। तथा जच्चा बच्चा को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवा में भर्ती करवाया। वही प्राथमिक स्वास्थ केंद्र प्रभारी विवेक कुमार गुप्ता ने बताया कि जच्चा बच्चा दोनों स्वास्थ है। इस सुखद घड़ी में प्रसव पीड़ित महिला के पति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ईएमटी रवि कुमार श्रीवास्तव व एंबुलेंस चालक सौरभ श्रीवास्तव सहित साथ में आई आशा बहू को बधाई दी।

सेव द चिल्ड्रेन के नेतृत्व में 61 लोगों का हुआ वैक्सीनेशन

नन्द कुमार गुप्ता श्रावस्ती (दैनिक अयोध्या टाइम्स) जनपद श्रावस्ती के विकास खण्ड जमुनहा के अंतर्गत सब सेन्टर रामपुर के बासगढ़ी में सेव द चिल्ड्रेन की तरुणा मिश्रा के नेतृत्व में ए एन एम संगीता ने उपस्थित लोगों को कोविड–19 के टीके लगाएं गए। तरुणा मिश्रा ने बताया की वैक्सीनेशन के दौरान लड़के एवम लड़कियों को बूस्टर की खुराक दी गई साथ ही 61लोगों को कोविड–19 के टीके लगाए गए। इस दौरान ए एन एम संगीता व आशा जूही व रेखा मौर्य मौजूद रही।

राष्ट्रीय लोक अदालत पड़ने के कारण 12 अगस्त का अवकाश किया गया निरस्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर। जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह ने बताया कि मेरे पूर्वाधिकारी द्वारा पारित आदेश दिनांक 10 जुलाई को रविवार अवकाश में पड़ने वाले ईद–उल–जुहा अवकाश के एवज में दिनांक 12 अगस्त शुक्रवार को रक्षाबन्धन अवकाश घोषित किया गया था, परन्तु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त सूचना के अनुसार माह अगस्त, 2022 में राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक 13 अगस्त, 2022 को प्रस्तावित है। दिनांक 12 अगस्त को रक्षाबन्धन अवकाश घोषित होने के कारण दिनांक 13 अगस्त को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत प्रभावित होगा। ऐसी स्थिति में दिनांक 12 अगस्त को घोषित रक्षाबन्धन अवकाश निरस्त किया जाता है। ईद–उल–जुहा अवकाश के एवज में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा हेतु आदेश बाद में निर्गत किया जायेगा।

खेलो इंडिया सेन्टर(हॉकी) बलरामपुर हेतु प्रशिक्षार्थियों का किया जायेगा चयन/ट्रायल्स का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो रिपोर्ट बजरंगी गुप्ता

बलरामपुर। क्रीडाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण खेलों इंडिया सेन्टर योजना एक जनपद एक खेल के अन्तर्गत जिला खेल कार्यालय बलरामपुर में हॉकी खेल का खेलो इंडिया सेन्टर स्थापित किया गया है जिसके सापेक्ष हॉकी खेल का प्रशिक्षण संचालन के लिए प्रशिक्षार्थियों के चयनध्ट्रायल का आयोजन दिनांक 24 जून, 2022 को किया गया था जिसमें मानक के अनुसार प्रशिक्षार्थियों की संख्या कम होने के कारण चयन/ट्रायल 23 जुलाई को पुनः अपराह्न 03 बजे तक आयोजित किया जायेगा जिसके अन्तर्गत बालकध्बालिका खिलाड़ियों की आयु 01 अप्रैल, 2022 को 09 से 12 वर्ष तथा 12 से 15 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। खेलों इंडिया सेन्टर का संचालन भारतीय खेल प्राधिकरण एवं खेल विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशोंधनियमों के अधीन किया जायेगा।

इच्छुक बालकध्बालिका खिलाड़ 23 जुलाई को अपराह्न 03 बजे तक जिला खेल कार्यालय, बलरामपुर में उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते है। चयनध्ट्रायल के समय प्रशिक्षार्थियों को अपना आधार कार्ड व दो फोटो लाना अनिवार्य होगा। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु हॉकी प्रशिक्षक कमाल अहमद के मो0 नं0 8707889281 पर सम्पर्क कर सकते है।

पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का किया गया निरीक्षण

दैनिक अयोध्या टाइम्स

बाराबंकी। पुलिस अधीक्षक अनुराग वत्स द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल व अन्य कार्यालयों से सम्बन्धित रजिस्टरों आदि की चेकिंग की गई तथा इसके साथ–साथ पुलिस लाइन की साफ–सफाई आदि का भी निरीक्षण किया गया और सम्बन्धित अधिकारी–कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक व पुलिस लाइन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहें।

कोतवाली नगर पुलिस ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी। जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों– वांछित अभियुक्तों व वारंटिओं की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर प्रभारी निरिक्षक संजय कुमार मौर्य के नेतृत्व में गदिया चौकी प्रभारी सौम्य कुमार जयसवाल ने हे.का.शिवमूरत सक्सेना का. जयस राम यादव,का.सुनील यादव ,आदि पुलिस टीम द्वारा दो अभियुक्त– रानू पुत्र रामसरन, रामसरन पुत्र भारत प्रसाद निवासी रसूलपुर मजरे गदिया थाना कोतवाली नगर को असेनी मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भे

समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन असीम अरुण ने जिले के आला अधिकारियों के साथ मीटिंग की

पीलीभीत । भारतीय जनता पार्टी के 100 दिन पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी से राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन असीम अरुण ने जिले के आला अधिकारियों के साथ मीटिंग की जिसमें भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत के जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह , बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रक्ता नंद, पूरनपुर के विधायक बाबू राम पासवान, बीसलपुर के विधायक विवेक वर्मा , पीलीभीत के जिलाधिकारी पुलकित खरे , पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे । जिलाधिकारी पुलकित खरे ने मंत्री जी को अवगत कराया कि जब से योगी जी की दोबारा सरकार उत्तर प्रदेश में आई है ।

उसके 100 दिनों के अंदर पीलीभीत में गोमती नदी जो कि अपना अस्तित्व खो रही थी उसका जीर्णोद्वार एवं खुदाई कराकर फिर से उसमें अविरल धारा वह रही है , खकरा पुल के पास पूरे शहर का कचरा एवं गंदगी इकट्ठी होती थी जहां पर अब एक गार्डन बना दिया गया है अब वहाँ पर लोग अपने परिवार के साथ घूमने आते हैं साथ ही शहर के विभिन्न चौराहों का सौन्दर्यकरण कराया और गौशालाओं में गायों के गोवर से बिभिन्न प्रकार के घरेलू उत्पाद जैसे दिए, मूर्ति, कंडे आदि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बनबाकर उनको मार्केट में बेंचकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है ।

बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रक्तानंद ने शहर में इस्लामिक संगठन द्वारा चलाई जा रही समाज विरोधी गतिविधियों को रोकने के लिए अवगत कराया ।

पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी ने शहर में होने वाली अप्रिय घटनाओं को किस तरह से कंट्रोल किया उसके बारे में अवगत कराया ।

23 दिन पहले ग्रांट आने के बाबजूद अभी तक 16 जून से 30 जून तक 15 दिन का मानदेय भुगतान नहीं

पीलीभीत ।अमरैयाकलां जिले के परिषदीय स्कूलों में समग्र शिक्षा अभियान के तहत कार्यरत शिक्षामित्रों को शासन से 23 दिन पहले ग्रांट आने के बाबजूद अभी तक 16 जून से 30 जून तक 15 दिन का मानदेय भुगतान नहीं किया है। शिक्षामित्रों ने वित्त एवं लेखाधिकारी की लचर कार्यशैली को इसके लिए जिम्मेदार माना है।

पीलीभीत जिले के परिषदीय स्कूलों में समग्र शिक्षा अभियान के तहत करीब 1474 शिक्षामित्र प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे है। जिसमें शासन द्वारा शिक्षामित्रों को 10 हजार रुपए प्रति माह शासनादेश के अनुरूप माह के पहले सप्ताह में देने के सख्त आदेश है। शासन ने जिले में पहली बार 16 जून से 30 जून तक 15 दिन की ग्रांट 29 जून को ही भेज दी थी। मगर जिले में वित्त एवं लेखाधिकारी की कार्यशैली के चलते शिक्षामित्रों को कभी भी समय से भुगतान नहीं मिल पा रहा है। जिससे महंगाई के दौर में अल्प मानदेय समय से न मिलने से शिक्षामित्र आर्थिक तंगी से गुजर रहे है। इधर शिक्षामित्रों ने समय से भुगतान न मिलने पर वित्त एवं लेखाधिकारी पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि लेखाधिकारी जानबूझकर शिक्षामित्रों का अल्प मानदेय मिलने से उनका आर्थिक उत्पीड़न कर रहे है। इधर आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिला प्रभारी दिलनवाज खान ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर 16 जून से 30 जून तक 15 दिन का मानदेय भुगतान अबिलम्ब कराने एवं शासनादेश के अनुरूप प्रति माह समय से मानदेय भुगतान करवाने की मांग की है।

कांवड यात्रा सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों व अधिकारियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने कांवड यात्रा सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों व अधिकारियों को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला द्वारा कांवड यात्रा के दृष्टिगत थाना सिविल लाइन क्षेत्र के कोसीपुल जीरो प्वाइंट पर कांवड यात्रा सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी में लगे सभी पुलिस बल व अधिकारियों की ब्रीफिंग की गई। पुलिस बल को ड्यूटी संबंधी आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये। कांवड यात्रा के दृष्टिगत बनाया गया रामपुर पुलिस कावंड सेवा शिविर, कंट्रोल रूम, आपदा व्यस्थापन, स्वल्पाहार, विश्राम एवं मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट सुविधा का उद्घाटन किया तथा वहां से गुजरने वाले कांवडियों को पेयजल वितरित किया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि रामपुर में कावंड यात्रा के दौरान किसी श्रद्वालु को कोई असुविधा न हो इसके लिए पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास किये गये हैं। उन्होने बताया कि कांवड़ यात्रा वाले रूटों पर सुरक्षा की दृष्टि से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया हैं ताकि कांवडियों को किसी तरह की कोई परेशानी न उठानी पड़े। एसपी ने बताया कि श्रावस मांस व मोहर्रम के त्यौहार को देखते हुए पुलिस को निर्देश दिये

गये हैं कि वह सोशल मीडिया सहित अपने–अपने थाना क्षेत्रों में हो रहीं छोटी सी छोटी गतिविधियों पर पैनी नजर बनाये रखे। उन्होने कहा कि रामपुर की अवाम लगातार पुलिस का सहयोग कर रहीं हैं और उम्मीद हैं कि श्रावण मास व मोहर्रम के त्यौहार पर भी कोई नई परंपरा नहीं डाली जायेगी और पुलिस का पूरा सहयोग करेगी।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक डा. संसार सिंह, सीओ सिटी अनुज चौधरी, थाना प्रभारी लव सिरोही आदि मौजूद थे।

प्रधानाचार्य की अनुपस्थिति में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने परिजनों पर किया हमला ,बेटा घायल

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर।नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में तैनात प्रधानाचार्य द्वारा अपने ही विद्यालय के चतुर श्रेणी कर्मचारी को बगैर आवकास लिए छुट्टी ना देने से नाराज चतुर श्रेणी कर्मचारी ने अपने साथियों के साथ प्रधानाचार्य की बगैर मौजूदगी में उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों के साथ की गाली गलौज मारपीट कर घायल कर दिया प्रधानाचार्य ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने को लेकर तहरीर दी है। पुलिस ने घायल को मेडिकल कराने के लिए भेज दिया है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। शुक्रवार नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में तैनात प्रधानाचार्य रवि शंकर गौड़ का अपने ही विद्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से 21 जुलाई को 2रू00 बजे बगैर अवकाश लिए छुट्ट जाने की जिद करने लगा जिस पर प्रधानाचार्य ने कहा कि तुम्हारी ड्यूटी सुबह 10रू00 बजे से शाम 7रू00 बजे तक है तुम्हें छुट्टी पर जाना है तो अवकाश लेना होगा मगर वह बगैर अवकाश लिए ही छुट्टी पर चला गया प्रधानाचार्य ने विद्यालय की उपस्थिति पंजिका में उसकी गैर हाजिरी अंकित कर दी जब वह दूसरे दिन विद्यालय पहुंचा तो उसे जानकारी हुई की प्रधानाचार्य ने मेरी गैर हाजिरी लिख दी है जिस पर वह आग बबूला हो गया और अपने पत्नी बेटे अन्य के साथ लाठी डंडे व फावड़ा लेकर विद्यालय में ही बने उनके आवास पर पहुंच गए प्रधानाचार्य उस समय अपनी पत्नी की दवा लेने डॉक्टर के यहां गए हुए थे आरोपियों ने जाते ही उनकी पुत्री बा बेटे से प्रधानाचार्य के

बारे में पूछा तो बच्चों ने दवाई लेने जाने की बात बताई। तभी आरोपी बच्चों के साथ ही गाली गलौज करने लगे और प्रधानाचार्य की पुत्री मेघा रानी पुत्र हर्षित के साथ मारपीट शुरू कर दी और उनके पुत्र हर्षित के सिर के ऊपर फावड़े से बार कर दिया जिससे हर्षित लहूलुहान होकर गिर पड़ा और हमलावर फरार हो गए। प्रधानाचार्य ने घायल अपने पुत्र हर्षित को डॉक्टर के यहां इलाज को लेकर पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की तैयारी शुरू कर दी है।

विदा कराने ससुराल पहुंचे परिजनों के साथ की मारपीट

पीलीभीत पूरनपुर।दहेज में दो लाख की नगदी,बाइक ना देने पर विवाहिता को जमकर पीटा।सूचना पर विदा कराने आए विवाहिता के परिजनों के साथ मारपीट की।पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर निवासी एक ग्रामीण ने अपनी पुत्री की शादी घुंघचाई क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक के साथ दो साल पहले की थी।शादी में मायके पक्ष की ओर से काफी दहेज दिया गया।लेकिन दहेज लोभी दिए गए दहेज से संतुष्ट नहीं हुए।शादी के कुछ ही महीनों बाद एक बाइक,दो लाख की नगदी, जमीन नामे कराने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। विवाहिता ने दहेज लाने से इंकार कर दिया।इस पर ससुराली उसको आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे आरोप है कि विवाहिता का पति आए दिन जहर खाने की धमकी देता है।कुछ दिन पहले विवाहिता के परिजन सावन के त्यौहार को लेकर उसकी विदा कराने ससुराल पहुंचे तो ससुरालियों ने गाली–गलौज शुरू कर दी।विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए।विदा कराने आने पर जान से मारने की धमकी देकर घर से भगा दिया।मामले की तहरीर पुलिस को दी गई।कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की तहरीर पर जांच कराई जा रही है।मामला सही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी।

पीलीभीत महिला को उपचार के लिए अस्पताल में कराया भर्ती

पीलीभीत पूरनपुर।परिजनों की गैरमौजूदगी में चारपाई पर सो रही महिला को दबोच जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया।विरोध करने पर पिटाई लगाकर कपडे फाड दिए। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका परिवार किसी काम से बाहर गया हुआ था।वह अपने छोटे बच्चों के साथ घर पर थी।महिला के बच्चे कमरे में सो रहे थे।इसी का फायदा उठाकर पडोस का एक युवक अपने साथी के साथ चोरी चुपके से घर में घुस आए।आरोप है कि चारपाई पर सो रही महिला को गलत नियत से दबोच कर छेड़छाड़ शुरू कर दी।विरोध करने पर पिटाई लगाकर कमरे में खींच ले गए।आरोप है कि डराधमका कर महिला के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की,चीखने चिल्लाने पर युवक ने महिला की पिटाई लगाकर कपडे फाड दिए।इस दौरान महिला के बच्चे भी जाग गए।उन्होने शोर शराबा शुरु कर दिया।इस पर युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी है। कोतवाल अशोक पाल ने बताया मामले की तहरीर पर जांच शुरू कर दी गई है।कार्यवाही कराई जा रही है।शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

पीलीभीत स्पार्किंग से बिजली के जर्जर तारों में लगी आग

पीलीभीत पूरनपुर।बिजली की स्पार्किंग से तारों में आग लग गई।तार टूट कर जमीन पर गिरने से गांव में खलबली मच गई।सूचना पर बिजली सप्लाई बंद कराई गई।लगातार जर्जर लाइनें टूट कर गिर रही है।इससे हादसे की आशंका लोगों में बनी हुई है।

कोतवाली क्षेत्र में कई गांव ऐसे हैं जहां अभी भी कई वर्षों से बिजली के जर्जर तार झूल रहे हैं।आए दिन तारों में स्पार्किंग होती है तो आग लग जाती है।तार टूट कर आए दिन जमीन पर गिरते हैं।शुक्रवार को शेरपुर कला गांव में बिजली के जर्जर तारों में स्पार्किंग से चिंगारियां निकलने लग गई।इसको लेकर खलबली मच गई।कुछ देर बाद तार टूट कर जमीन पर गिर जाने से गांव में हडकंप मच गया।बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।बिजली बिभाग को सूचना देकर बिजली स्पलाई बंद कराई।उसके बाद जर्जर तारों को जमीन से हटाया गया। बताया जाता है कि आवागमन के दौरान अगर तार टूट कर किसी पर गिर जाता तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।कस्बे में जर्जर हो चुके बिजली के तारों को नही बदलवाया जा रहा है।तार लोगों के छातों के ऊपर से झूल रहे हैं।कई बार शिकायतों के बावजूद बिजली के तारों को नही बदला जा रहा है।इसके चलते आए दिन तारों में स्पार्किंग घटनाएं होती रहती है।तार बदलवाने की मांग की है।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने किया

दैनिक अयोध्या टाइम्स

रामपुर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत चार दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने किया।

इस मौके डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने कहा कि ब्लाक संसाधनों में नये क्लेवर में शिक्षक व शिक्षा मित्रों में नई ऊर्जा व टेक्नालाजी के साथ पढ़ाने का तरीका सिखाया जा रहा हैं। विद्यालयों में कक्षा एक से तीन तक बच्चों को निपुण भारत मिशन के तहत पढ़ाया जायेगा। आधुनिक शिक्षा नौनिहालों का भविष्य बेहतर बनायेगी। परिषदीय स्कूलों में प्रतिस्पर्धा देश को नई ऊचाईयों तक ले जायेगी। प्रदेश में 2021 से निपुण मिशन लागू हो चुका हैं जो 2025–26 तक प्राथमिक कक्षाओं में मूलभूत सारक्षरता व संख्या ज्ञान प्राप्त करने का लक्ष्य रखती हैं। उन्होने कहा कि इस युग में जहां हमारा देश विश्व गुरू की श्रेणी में आ रहा हैं वहीं अब परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को भी नये क्लेवर के साथ पढ़ाई कराई जायेगी ताकि वह नई टेक्नालाजी के साथ शिक्षा ग्रहण कर अंग्रेजी मीडियम के बच्चों की तरह आगे बढ़ सके। ग्रामीण अंचलों में बच्चों की प्रतिभाओं में कोई कमी नहीं हैं यदि उन्हे सही समय पर प्रशिक्षण दिया जाये तो वह आगे बढ़ कर देश व दुनिया में अपना नाम रौशन कर सकते हैं इसी को देखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय बुनियादी साक्षारता व संख्यात्मक ज्ञान मिशन की स्थापना की गई हैं। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय द्वारा 2025–26 तक प्राथमिक कक्षाओं में सार्वभौमिक मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त करने व कक्षा एक से तीन तक बाल वाटिका सहित सभी बच्चों में पढने, लिखने व संख्या ज्ञान के ग्रेड स्तर की अपेक्षित योग्यता हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित

किया गया हैं।

इस मौके पर वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार, ब्रजराज किशोर सेवारत प्रशिक्षण प्रभारी, दिवाकर सिंह यादव, तारा चन्द्र, प्रदीप भटनागर, ज्ञान प्रकाश गौतम आदि मौजूद थे।

अफसरों ने फोर्स के साथ लिया कांवड़ रूटों का जायजा ,कांवड़ महंतो से हुए रुबरु

अयोध्या टाइम्स संवाददाता

फरीदपुर। सावन के पवित्र महा और कावड़ यात्रा के चलते उप जिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी कोतवाल ने भारी फोर्स के साथ कावड़ यात्रा के मार्गों का जायजा लिया जगह–जगह रुककर स्थानीय लोगों से वार्ता कर अंत में कावड़ यात्रा के महंतों से रूबरू हुए!

शासन की पहल पर कावड़ यात्रा के मद्देनजर उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय क्षेत्राधिकारी गौरव सिंह प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने भारी फोर्स के सात सावन के दूसरे सोमवार को कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लिया पैदल यात्रा कर कांवड़ यात्रा के मार्गो का निरीक्षण भी किया यात्रा के मार्गों पर स्थानीय लोगों से वार्ता कर नगर से निकलने वाली कावड़ यात्रा के जत्थो के महंतों से रूबरू थी हुए क्योंकि नगर व देहात के कॉमेडी नगर व देहात के कावड़िए राम गंगा कछला और हरिद्वार की हर की पैड़ी से गंगाजल भरकर सड़क मार्ग से नाचते गाते पांडवों द्वारा स्थापित पहलऊं शिव मंदिर गोपाला सिद्ध मंदिर लाइन पर मठिया की नौ देवी मंदिर के अलावा पचौनी स्थित पंचेश्वर नाथ मंदिर ने जलाभिषेक करने आते हैं तो प्रशासन के भी हाथ पैर फूल जाते हैं क्योंकि हाईवे से लेकर लिंक रोड भगवाधारी होकर भोले के भक्तिमय माहौल में तब्दील हो जाते हैं इसी के तहत अफसरों ने कामड़ मारो का जायजा लेकर महंतों से रूबरू हुए हैं!

नगीना में भाजपा गठबंधन की प्रत्याशी द्रोपदी मुर्मू कि राष्ट्रपति चुनाव में हुई प्रसनजीत पर नगीना के भाजपाइयों में खुशी की लहर

नगीना दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता सलाउद्दीन सिद्दीकी । नगीना भाजपा गठबंधन की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू की राष्ट्रपति चुनाव में हुई प्रचंड जीत पर नगीना भाजपाइयों में खुशी की लहर दौड़ गई एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में एकत्रित होकर सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। इस अवसर पर उपस्थित रोहित रवि ने कहा की एक आदिवासी महिला को भारत के राष्ट्रपति पद हेतु आगे लाना भारतीय जनता पार्टी एवं माननीय नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास विचारधारा की पुष्टि करती है। प्रमोद चौहान ने कहा एक महिला को राष्ट्रपति प्रत्याशी बनाना महिला को भी समान अवसर देने का एक उदाहरण है। कृष्ण बलदेव सिंह ने कहा यह अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे लाने का काम है।इस अवसर पर प्रमोद चौहान,पूर्व विधायक सतीश गौतम,भाजपा नेता रोहित रवि, कु. कृष्ण बलदेव सिंह,नीरज विश्नोई, अमित गुप्ता,अजीत अग्रवाल,सौरव मित्तल,शिव शंकर सक्सेना, विशाल

अग्रवाल,अरुण शर्मा, महावीर सैनी,शीशराम ,नीरज सिंह,मनोज टंडन,अमिचंद एडवोकेट, लवी मित्तल, शुभम विश्नोई,संदीप सिंह, टिकेंद्र सिंह, केशव दीक्षित व तमाम भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

श्रद्धेय डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं श्रद्धेय पंडित

किरतपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स शरीफ मलिक । किरतपुर दीनदयाल उपाध्याय जी के सपनों का भारत बनने की ओर अग्रसर, अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को शीर्ष पद पर देखने का सपना आज पूर्ण हो रहा है,

एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार झारखंड की पूर्व राज्यपाल माननीय श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी के राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बहुत–बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं नगर मंडल क्षेत्र के भाजपा कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस ऐतिहासिक जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी छोड़कर हार्दिक शुभकामनाएं दी इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष योगेंद्र राजपूत, विधानसभा संयोजक सोशल मीडिया अनुज अग्रवाल, नगर महामंत्री गौरव पाराशर, जिला संयोजक प्रचार प्रसार विभाग भीष्म सिंह राजपूत, जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉक्टर बैगराज सिंह,नगर मंत्री मयंक अग्रवाल, लक्ष्मण कश्यप, सेक्टर संयोजक हनुमान चौहान, अवनीश चौहान डंपी, अंकित कुमार,अशोक सैनी,ग्राम प्रधान विकास राजपूत, भाजपा महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष बिना राणा, मंजू चौहान,मोनिका कालरा, पंकज राजपूत, भाजपा सभासद घसीटा सिंह तोमर, बूथ अध्यक्ष विकास राजपूत आदि भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

भारत की नव निर्वाचित राष्ट्रपति, महामहिम द्रौपदी मुर्मू का जीवन परिचय

जय प्रकाश वार्ष्णेय,काका भारतीय

किरतपुर दैनिक अयोध्या टाइम्स शरीफ मलिक । भारत की नव निर्वाचित राष्ट्रपति, महामहिम द्रौपदी मुर्मू

देश की दूसरी महिला राष्ट्रपति...

20 जून 1958, जन्मी ग्राम,उपरखेडा पाया धपिता,विरन्ची नारायण टूडे, कबिलाई,मुखिया प्यार पाया/ सहपाठी ,श्याम चरम मुर्मु,से प्रेम विवाह रचाया ,1979,रमादेवी कालिज बी०ए०कर नाम दर्शाया। रामरंगपुर अरबिन्दो इन्टीग्रल, शिक्षिका पद आसीन सिचाई और ऊर्जा कनिष्ठ सहायक पद, नवीन दादा,पिता,दौनो ग्राम में सरपंच पद पाया। खुद भी,रायरंग पुर,पन्चायत पार्षद निभाया,2000और2009, में रायरगपुर विधानसभा सीट, से, विधायक ,पद पर गौरव अनुपम दर्शाया/ ,2006,मे भाजपा०, अनुसूचित जाति रहीं,प्रदेशाध्यक्ष/ ,2009,कुल पूँजी, 09 लाख, 04 लाख था कर्ज /,द्रौपदी मुर्मू,जीवन अन्तहीन पीड़ा रहा भरा।

,2010 से2014,तक,दो पुत्र,पति,म्रत्यु का वियोग रहा बढे बेटे,लक्ष्मण,की म्रत्यु. रहस्यमयी घर में पायी /2012, में छोटे बेटे, बिरन्ची, सड़क हादसे, जान गॅवाई । 2014 में पति,श्याम चरण मुर्मु,स्वर्ग स्थान पाई । सभी हादसों से पीड़ित होकर, घर ,बोर्डिंग स्कूल बनाया ।

जीवटता और सघर्ष की प्रतीक, नाम कमाया आम स्त्री से, लोकतंत्र अनोखा सफर पाया। 6,76803,मत पाकर,यशवंत सिन्हा,को हराया।

आजाद भारत, पैदा होने वाली, पहली राष्ट्रपति,नारी शपथ पर, ,64 साल , 01म हीना, 08 दिन, उम्र प्यारी प्रत्येक,भारतीय,दे रहा शुभ कामनाएं न्यारी मंगल भवन, अमंगल हारी.. विहारी।

संक्षिप्त समाचार

पीलीभीत पुलिस ने 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तीन को भेजा जेल

पीलीभीत पूरनपुर।गौ तस्करी की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर तस्करों ने फायर झोंक दिया।अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ गौ तस्कर फरार हो गए।तीन को मौके पर ही गोवंशीय मांस सहित दबोच लिया गया।पुलिस ने 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तीन को जेल भेज दिया।

कोतवाली पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कुछ तस्कर नेपाल से लाए गए संरक्षित पशुओं का वध कर मांस बिक्री करने की योजना बना रहे हैं।इस पर पुलिस सक्रिय हुई कोतवाली के दरोगा संजीव कुमार पुलिस टीम के साथ मुखविर द्वारा बताए हुए जगह पर पहुंचे।पुलिस को आता देख तस्करों ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया।इससे पुलिस बाल बाल बची।अंधेरा का फायदा उठाकर तीन गौ तस्कर मौके से फरार हो गए।तीन तस्करों को पुलिस ने घेरीवंदी कर दबोच लिया।तलाशी लेने पर उनके पास से 140 कुंटल गोवंशीय मांस,315 वोर तमंचा,कारतूस,खोखा व पशु काटने के उपकरण बरामद किए।पकड़े गए आरोपियों को कोतवाली लाया गया।पूछताछ में तीनों आरोपियों ने अपना नाम सरकार खां,अरशद खां,साबिर निवासी गहलुईया वताया।फरार हुए आरोपियों के नाम रुस्तम, महताब बेग,राजा निवासी गहलुईया वताया।पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ गोवंशीय अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर पकडे गए तीन आरोपियों को जेल भेज दिया।कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।पकड़े गए तीन आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।शीघ्र ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

घर में घुसने का प्रयास,विरोध पर पीटा,कुंडल छीने

पीलीभीत पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी एक महिला ने बताया कि वह अपने घर पर थी।इसी दौरान पड़ोस का ही रहने वाले युवक ने उसके घर में घुसने का प्रयास किया।जब उसने इसका विरोध किया तो महिला को जमकर मारपीटा,आरोप है कि महिला के सोने के कुंडल भी निकाल लिए।जान से मारने की नियत से मारने दौड़ पड़ा।इस पर महिला मौके से भाग कर जान बचाई। घटनाक्रम को लेकर खलबली मच गई।बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।चौकी प्रभारी मंगल सिंह ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।आरोपी को बुलाया गया है।मामले में जो सही होगा उसी के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

वीर खालसा सेवा समिति टापर्स बच्चों को सम्मानित करेगी

दैनिक अयोध्या टाइम्स रामपुर। वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि समिति द्वारा यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड के टॉपर्स बच्चों को सम्मानित करेगी। बच्चों को सम्मान देना उनका हौसला बढ़ाना हैं बच्चे ही देश का भविष्य हैं इसलिए वीर खालसा सेवा समिति इस बार भी टॉपर्स बच्चों को सम्मानित करेगी। उन्होने बताया समिति का मकसद ही बच्चों का हौसला बढ़ाना हैं और बहुत ही जल्द ऐसे टॉपर्स बच्चों को समिति के द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से सम्मानित किया जाएगा। जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इस मौके पर समिति के चेयरमैन निर्मल सिंह, सरदार मनमीत सिंह, सेवा सिंह, गुलशन अरोड़ा, सनी कपूर, सुरजीत जुब्बल, सोनू, मोनू सिंह, मनजीत सिंह, गुरमीत सिंह आदि मौजूद थे।

दिव्यांग बच्चों को सर्जरी के माध्यम से सामान्य जीवन प्रदान करने की कवायद

दैनिक अयोध्या टाइम्स। रामपुर। जिला प्रशासन की पहल मिशन समर्थ के अंतर्गत डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ के नेतृत्व में जनपद के दिव्यांग बच्चों को सर्जरी के माध्यम से सामान्य जीवन प्रदान करने की कवायद के अंतर्गत अलग–अलग चरणों में सर्जन डा. जीएल अरोड़ा द्वारा सर्जरी की जा रही हैं।

20 जुलाई को पांच बच्चों की सर्जरी के बाद डीएम के निर्देश पर जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार बच्चों के स्वास्थ्य का हाल–चाल जानने के लिए टीएमयू पहुंचे। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में डॉक्टर से बातचीत की साथ ही बच्चों के परिजनों से भी हालचाल जाना। चिकित्सक ने बताया कि बच्चों को आगामी तीन से चार दिवसों के उपरांत हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी जाएगी इसके बाद नियमित रूप से इन सभी बच्चों का परीक्षण होता रहेगा। आगामी अगस्त माह में भी पांच दिव्यांग बच्चों की सर्जरी प्रस्तावित हैं।

भगवंत पब्लिक स्कूल का दसवीं का परीक्षाफल रहा शत- प्रतिशत, सत्यम कीर्ति जमदग्नि 94 प्र. अंक पाकर बने स्कूल टापर

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी । चांदपुर आज सीबीएसई कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें भगवन्त पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा है, इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजीव कुमार सक्सेना व सीनियर कोऑर्डिनेटर सुलभ चौहान ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय से 94% अंक पाकर सत्यम कीर्ति जमदग्नि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 92% अंक पाकर प्रीत कुमार ने द्वितीय स्थान एंव 91% अंक पाकर विभोर व कशिश चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

इस उपलब्धि के लिए सभी छात्र छात्राओं को भगवन्त ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर अनिल सिंह व वाइसचेयरपर्सन डॉ आशा सिंह ने वधाई दी और निरंतर इसी प्रसार अपने जीवन में नई सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने की बात कहीं।

एवं विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी स्कूल पहुंचकर शिक्षक व शिक्षिकाओं की सराहना की एंव समस्त शिक्षक शिक्षकाओं ने विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र– छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी और उनके उउज्जवल भविष्य की कामना की।

भगवंत पब्लिक स्कूल 12वीं का परीक्षाफल रहा अति उत्तम शालिनी चौहान 93 प्र.अंक पाकर बनी स्कूल टापर

दैनिक अयोध्या टाइम्स तहसील प्रभारी राधा रानी । चांदपुर शुक्रवार को सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें भगवन्त पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम अति उत्तम रहा है, इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री राजीव कुमार सक्सेना ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी विद्यालय से 93% अंक पाकर शालिनी राजपूत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, 83% अंक पाकर मोहम्मद जैद ने द्वितीय स्थान एंव 75% अंक पाकर खुशी तोमर ने तृतीय स्थान 74%अंक पाकर कार्तिक तोमर ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया ।

इस उपलब्धि के लिए सभी छात्र छात्राओं को भगवन्त ग्रुप के चेयरमैन डॉक्टर अनिल सिंह व वाइसचेयरपर्सन डॉ आशा सिंह ने वधाई दी और निरंतर इसी प्रकार अपने जीवन में नई सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत करने की बात कहीं समस्त शिक्षक शिक्षकाओं ने विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र– छात्राओं को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी और उनके उउज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना आनलाइन तक आवेदन 31 जुलाई करे

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 22 जुलाई,उपायुक्त उद्योग मोहम्मद सउद ने बताया कि हस्तशिल्पियों के कौशल विकास की प्रशिक्षण योजना के अन्तगर्त वर्ष 2022–23 हेतु तारकशी क्राफट में 06 माह के लिए एक प्रशिक्षण कायर्क्रम आंवटित किया गया है, उक्त प्रशिक्षण के संचालन हेतु एक प्रशिक्षक व 10 प्रशिक्षाथिर्यों का चयन किया जायेगा, प्रशिक्षक हेतु तारकशी क्राफट में राष्ट्रीय पुरस्कार, राज्य पुरस्कार, दक्षता पुरस्कार अथवा शिल्पगुरू पुरस्कार से सम्मानित होना चाहिए एंव प्रशिक्षाथिर्यों हेतु आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य हों, अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जनजाति के लिए आयु सीमा में 05 वर्ष की शिथिलता प्रदान की जायेगी। उन्होने जनपद के इच्छुक अभ्यथिर्यों को सूचित किया है कि उक्त तारकशी क्राफट में प्रशिक्षण देना चाहते है, वह अपना

आवेदन पत्र स्वंय आकर कायार्लय में जमा करें एंव प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना आनलाइन पोटर्ल पर दि 31 जुलाई 2022 तक आवेदन कर सकते हैं।

सीबीएसई 10जी क्लास के बच्चों ने आर एस ग्लोबल जिरौली का नाम किया उंचा

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी

- 32 छात्र छात्राओं में से 24 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण।
- इंटर के सभी 25 छात्र–छात्राएं प्रथम श्रेणी में अब्वल।
- शिक्षा के क्षेत्र में आर एस ग्लोबल एकेडमी के सभी छात्र हुए उत्तीर्ण

बिछवा।क्षेत्र के आर एस ग्लोबल एकैडमी जिरौली के हाईस्कूल व इंटर के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई के परिणाम में ऐतिहासिक अंक पाकर क्षेत्र के विद्यालय का जनपद में नाम रोशन किया है इसके लिए क्षेत्र के लोगों ने विद्यालय के प्रबंधक व उनके अनुशासन अध्यापकों की सराहना की है।

साथ ही विद्यालय में प्रथम श्रेणी में आए सभी स्कूली छात्र छात्राओं का विद्यालय में स्वागत सम्मान के साथ मिष्ठान खिलाकर उनका अभिवादन किया गया।

आर एस ग्लोबल एकेडमी जिरौली मैं इंटरमीडिएट में 25 छात्र–छात्राओं ने परीक्षा दी थी सभी छात्र छात्राएं प्रथम डिवीजन में अव्वल रहे हैं प्रथम पांच अच्छे अंक पाने वाले छात्र–छात्राओं आकाश यादव 94.8 : अनुज 90.4: अनुज कुमार 83.6: वंशिका 81.2: अमित नायक 78.8: अंक प्राप्त किए हैं साथी अन्य सभी छात्र छात्राएं प्रथम श्रेणी में ही अब्बल हुए हैं साथ ही विद्यालय में ही इस वर्ष 32 छात्र–छात्राएं हाई स्कूल की परीक्षा में बैठे थे जिसमें टॉप फाइव छात्र रहे अभिलाषा 95.4: विशाल राजपूत 95.2: दुष्यंत 92.2: खुशी 91.

2: अशिका 90.8: अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है विद्यालय में इतने अच्छे अंक लाने के बाद विद्यालय के अध्यापकों में भी खुशी जाहिर की है विद्यालय के प्रबंधक राजन चौहान ने बताया कि विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बिना किसी कोचिंग के इतने अच्छे नंबर लाने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय का नाम जनपद में रोशन किया है प्रधानाचार्य अंजलि तोमर के साथ बृजनंदन सिंह हर्षित अंजनी कुमार शिवम कुमार नारायण आदि लोगों ने छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

जिलाधिकारी ने कौशल विकास मिशन के अंतर्गत समीक्षा बैठक की

15 अगस्त के दिन रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 22 जुलाई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन के अंतर्गत जनपद

में संचालित कौशल प्रशिक्षण कायर्क्रम की समीक्षा एवं जिला कौशल विकास योजना के प्रस्तुतीकरण के उपरांत जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सेवायोजन अधिकारी, कौशल विकास कायर्क्रम के प्रभारी, उपायुक्त उद्योग को आदेशित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के दिन वृहद रोजगार मेले का आयोजन कर कम से कम 1500 प्रशिक्षित युवाओं को बहुराष्ट्रीर्य कंपनियों, जनपद में संचालित उद्योगों में रोजगार उपलब्ध कराया जाए, आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 15 अगस्त को आयोजित रोजगार मेले में कौशल विकास द्वारा 750, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा 500, सेवायोजन द्वारा 200 एवं उद्योग विभाग द्वारा कम से कम 50 युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जाए, जिन संस्थाओं में कौशल प्रशिक्षण कायर्क्रम संचालन हैं, वह कम से कम 05– 05 कंपनियों से एम.ओ.यू. कर रिपोट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

समीक्षा के दौरान प्रधानाचाय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि जनपद में 10 निजी, राजकीय प्रशिक्षण प्रदाता कार्यरत हैं, जिनमें 14 से 35 आयु वग के युवक–युवतियों का पंजीकरण कर इलैक्ट्रॉनिक ट्रेड, हेल्थ केयर, रिटेल, हेण्डीक्राफ्ट एंड कापेर्ट, इलेक्ट्रीशियन, कंस्ट्रक्शन, घरेलू उपकरण, निमार्ण आदि में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष2022–23 में कौशल विकास मिशन के अंतर्गत जनपद में 06 निजी प्रशिक्षण प्रदाता का चयन कर माह मई में 1161 का लक्ष्य आवंटित किया गया था, जिसके सापेक्ष अब तक 324 प्रशिक्षणाथिर्यों का पंजीकरण कर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो निधार्रित लक्ष्य का 28 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि अवशेष के सापेक्ष निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा लाभाथिर्यों का मोबिलाइजेशन कर पंजीकरण प्रक्रिया की जा रही है।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार ने प्रधानाचाय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था से कहा कि निजी प्रशिक्षण प्रदाताओं के कार्यस्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगवाये जायें और वह संचालित रहें, सीसीटीवी कैमरों की मॉनीटरिंग प्रशिक्षण संस्था द्वारा की जाये साथ ही वायोमेट्रिक हाजिरी की भी ऑनलाइन चौकिंग की जाये, जिन युवक–युवतियों द्वारा विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण पूण कर लिया जाये उनके शत–प्रतिशत प्लेसमेंट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

बैठक में उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, उपायुक्त उद्योग मो. सऊद, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश कुमार, जिला सेवायोजन अधिकारी विकास मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका लालचन्द भारती आदि उपस्थित रहे, बैठक का संचालन प्रधानाचाय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संजय सागर ने किया।

जल्द विद्यालयों की व्यवस्था सुधारे, नही तो होगी कड़ी कार्यवाही - जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी जिला अनुश्रवण समिति समग्र शिक्षा एवं मिड–डे–मील टास्क फोर्स समिति की बैठक में दिखे नाराज
- परिषदीय विद्यालयों की अव्यवस्था पर जिलाधिकारी दिखे नाराज

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 22 जुलाई,जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला अनुश्रवण समिति समग्र शिक्षा एवं मिड–डे–मील टास्क फोर्स समिति की बैठक में असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद के कुछ परिषदीय विद्यालयों में शैक्षिक स्तर बेहद खराब है, कुछ विद्यालयों में मूल–भूत सुविधाएं भी नहीं है, अभी तक कई विद्यालय ऑपरेशन कायाकल्प के अंतगर्त सभी बिंदुओं से संतृप्त नहीं हुए हैं, जिला स्तरीय अधिकारियों के निरीक्षण में कुछ शिक्षक बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से लंबे समय से किसी न किसी अवकाश पर चल रहे हैं, कुछ विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन खिलाने के अलावा शिक्षकों द्वारा कोई कार्य नहीं किया जा रहा है, परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले गरीब परिवारों के बच्चों के भविष्य के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बदार्शत नहीं होगा, खंड शिक्षा अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों का तत्काल निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, विद्यालयों में शैक्षिक वातावरण सुधरे, सभी शिक्षक समय से अपने–अपने विद्यालयों में उपस्थित होकर बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करें, विद्यालय में पंजीकृत शत–प्रतिशत बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आएं, जो बच्चे विद्यालय न आएं, शिक्षक उनके अभिभावकों से

वार्ता कर उन्हें प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करें, जो शिक्षक लंबे समय से निरंतर अवकाश पर चल रहे हैं उन्हें चिन्हित कर रिपोट प्रस्तुत की जाए, सभी विद्यालयों में आगामी 01 सप्ताह में व्यवस्थाएं सुधरे अन्यथा संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को जिम्मेदार मानते हुए निलंबन की संस्तुति की जाएगी।

श्री सिंह ने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को जहां छात्र संख्या अधिक हो, एक–एक विद्यालय गोद दिया जाए, गोद लिए गांव में अधिकारी प्रतिमाह भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं, जो शिक्षक समय से उपस्थित न हों या विद्यालय में कोई कमी हो तो उसकी सूचना तत्काल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी को दें, खंड शिक्षा अधिकारी अपने गोद लिए विद्यालय में सप्ताह में दो बार पूरे समय उपस्थित रहकर व्यवस्थाएं देखें, गोद लिए विद्यालय सभी योजनाओं से संतृप्त हों, वहां के छात्रों को प्रत्येक विषय में कमांड हो। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में अधिक छात्र संख्या है, वहां खंड शिक्षा अधिकारी अपने स्रोतों से पुस्तकालय की स्थापना कराना सुनिश्चित करें, पुस्तकालय में सभी विषयों की पयार्प्त मात्रा में पुस्तकें उपलब्ध रहें, तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में प्रतिमाह आयोजित कराई जाएं, बैठक में खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी प्रत्येक दशा में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आगामी अनुश्रवण समिति की बैठक में प्रत्येक खंड शिक्षा अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु किए गए बेहतर कार्यों का 05 मिनट का प्रस्तुतीकरण दें, बैठक से पूर्व इसकी पी.पी.टी. तैयार की जाए।

उन्होंने जानकारी करने पर पाया कि अभी जनपद के 1510 विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय नहीं है, जिसमें सवार्धिक 108 विद्यालय बेवर क्षेत्र के, 229 मैनपुरी क्षेत्र के, 140 जागीर, क्षेत्र के, 165 सुल्तानगंज क्षेत्र के एवं 143 करहल क्षेत्र के हैं, जनपद के 16 प्रतिशत विद्यालय फनीचर, 36 प्रतिशत विद्यालय यूरिनल, 17 प्रतिशत विद्यालय बाउण्ड्रीवॉल से संतृप्त नहीं है, जिस पर उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी, खंड विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि कल से प्रत्येक दशा में अवशेष विद्यालयों में दिव्यांग शौचालय, यूरिनल का कार्य प्रारम्भ करायें और आगामी 15 दिन में अवशेष विद्यालय सभी 19 बिन्दुओं से पूरी तरह संतृप्त हों, सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यालय में साफ–सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें, विद्यालयों में पीने हेतु स्वच्छ पानी की उपलब्धता रहे, विद्यालय परिसर में कहीं भी जल–भराव की स्थिति पैदा न हो, विद्यालय के आसपास भी सफाई व्यवस्था रहे, खंड शिक्षा अधिकारी अपने– अपने खंड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक विद्यालय में सफाई कमी से सफाई का कार्य करायें, बच्चों को वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव हेतु जागरूक किया जाए। उन्होंने बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वेक्टर जनित बीमारियों के लिए गांव–गांव दवा का छिड़काव कराया जाए, सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर पयार्प्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध रहे, चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ समय से उपस्थित हो, सपर्दश से किसी भी व्यक्ति की मौत न हो, सपर्दश के केस में किसी भी दशा में रेफर न किया जाए बल्कि उसे जनपद के स्वास्थ्य केंद्र पर ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर उसकी जान बचाई जाए, सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी वेनम उपलब्ध रहे। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पी.पी. सिंह, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, परि योजना निदेशक के.के. सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला कायर्क्रम अधिकारी ज्योति शाक्य, समस्त खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

जनपद में अधिकारी यूरिया, डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित करे, किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो- जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी ने जिला उर्वरक समिति की बैठक की

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी 22 जुलाई, जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने जिला उर्वरक समिति की बैठक में जिला कृषि अधिकारी, उप कृषि निदेशक को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में मांग के अनुसार यूरिया, डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, प्रत्येक सहकारी समिति, खाद–बीज की दुकान पर यूरिया, डीएपी उपलब्ध रहे, सभी किसानों को निधार्रित मूल्य पर यूरिया, डीएपी मिले, यूरिया के साथ कोई भी दुकानदार किसान को अन्य दवा, बीज, उवर्रक आदि क्रय करने हेतु बाध्य न करें, सभी दुकानों पर इस आशय का बैनर लगाया जाए यदि किसी दुकानदार द्वारा निधार्रित मूल्य से अधिक मूल्य वसूला गया या कोई अन्य दवा, उवर्रक खरीदने को किसान को मजबूर किया गया तो उसके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही होगी। उन्होने कृषि विभाग के अधिकारियों को आदेशित करते हुए कहा कि किसानों को खाद, बीज, उवर्रकों की समय से उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए, सभी समितियों पर

यूरिया, डीएपी, पयार्प्त मात्रा में उपलब्ध रहे, राजकीय कृषि बीज भंडारों, सहकारी समितियों पर भी उवर्रक उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों, प्राइवेट दुकानदार निधार्रित मूल्य पर ही उवर्रकों, बीज आदि की बिक्री करें, किसानों का शोषण किसी भी स्तर पर न हो, सुनिश्चित किया जाये।

श्री सिंह ने कहा कि किसानों को यूरिया निधार्रित दर 266.50, डी.ए.पी. 1350 रू. पर ही मिले, किसी भी दशा में अधिक दरों पर बिक्री किसी भी दशा में न की जाये, ऐसा कृत्य करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाये। उन्होने थोक विक्रेताओं को सचेत करते हुये कहा कि अनावश्यक भंडार न करे, अनावश्यक भंडार किये जाने, यूरिया का कृत्रिम अभाव पैदा किये जाने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। उन्होने उवर्रकों की उपलब्धता की जानकारी करने पर जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि खरीफ अभियान–22 में यूरिया 54052 मै. टन लक्ष्य के सापेक्ष 35664 मै.टन उपलब्ध है, जिसमें से 13538.74 मै. टन वितरित की गयी, डी.ए.पी. 12824 मै.टन लक्ष्य के सापेक्ष 9987. 81 उपलब्ध है, जिसमें से 2406.42 मैटन वितरित की गयी, एन. पी. के. 196 मै.टन लक्ष्य के सापेक्ष 285 मै. टन उपलब्ध है, जिसमें से 148.35 वितरित की जा चुकी है, एम. ओ.पी. 2299 मै.टन लक्ष्य के सापेक्ष 961 मै. टन उपलब्ध है, जिसमें से 692.35 वितरित की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार ने समीक्षा के दौरान ए.आर. को–ऑपरेटिव, पीसीएफ प्रबन्धक को आदेशित करते हुये कहा कि बफर में जो यूरिया, डी ए पी उपलब्ध है उसे तत्काल समितियों को वितरित किया जाए ताकि समितियों पर पयार्प्त मात्रा में उवर्रक उपलब्ध रहें। उन्होने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है, अब यूरिया की मांग बढ़ेगी इसलिए पीसीएफ गोदाम में जो भी यूरिया उपलब्ध है उसे दिन–रात ढुलान कराकर समितियों, दुकानों पर भिजवाया जाये, ए. आरको–ऑपरेटिव दिन में 02 बार पीसीएफ गोदाम का भ्रमण कर उठान की प्रगति की जानकारी करें, किसी भी दशा में किसानों लव को यूरिया के लिए परेशान न होना पड़े, जिस किसान को जितनी यूरिया, अन्य उवर्रकों की जरूरत हो उन्हें निधार्रित मूल्य पर तत्काल मुहैया करायी जाये।

बैठक में उप जिलाधिकारी सदर नवोदिता शर्मा, उपकृषि निदेशक डी.वी.सिंह, जिला कृषि अधिकारी सूय प्रताप, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता अमित त्यागी के अलावा अन्य सम्बन्धित अधिकारी, उवर्रकों के थोक विक्रेता आदि उपस्थित रहे।

आवारा गौवंशो के आकस्मिक निधन होने के बाद नगर पालिका परिषद द्वारा कराया गया अंतिम संस्कार

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

भरथना,इटावा। जनपद के भरथना नगर पालिका परिषद भरथना क्षेत्र के अंतर्गत दो आवारा गौवंश की आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु होने के उपरांत उनके शवों का अंतिम संस्कार पालिका द्वारा समुचित तरीके से कराया गया। शुक्रवार सुबह आवारा गोवंश किसी अन्य क्षेत्र से आकर मोहल्ला शुक्लागंज में स्थित नाले में गिर गया,जिसकी नाले में फंसने से मृत्यु हो गई इसके अतिरिक्त मंडी समिति रोड गेट के सामने एक विद्युत खंभे में करंट आ जाने के कारण एक आवारा गौवंस की मृत्यु हो गई जिसकी सूचना मोहल्ले वासियों द्वारा पालिका को दी गई जिसके उपरांत पालिका के सफाई प्रभारी राजेंद्र कुमार व आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया,सफाई नायक महेश कुमार एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा उक्त मृत गोवंश का अंतिम संस्कार समूचित तरीके से कराया गया इसके अतिरिक्त मोव ब्रजराजनगर में एक आवारा गाय बीमार पाए जाने पर उसका इलाज पशुपालन विभाग के द्वारा कराया गया। इस दौरान वार्ड सभासद शिवराम सिंह यादव सहित अन्य लोगो का विशेष सहयोग रहा।

पत्रकार एवं एनजीओ द्वारा संचालित प्याऊ से हजारों लोगों व पशु पक्षियों की बूझ रही प्यास

बाह। जो काम सरकार के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा करना चाहिए उस काम को एंग्री यूथ एनजीओ एवं पत्रकार लवकुश श्रीवास्तव के द्वारा किया जा रहा है। आपको बताते चलें कि नगर में आगरा इटावा मुख्य मार्ग पर प्रिंस पेट्रोल पंप से लेकर देवता पेट्रोल पंप तक मात्र दो जगह एनजीओ की मदद से वाटर कूलर लगाए गए हैं। दोनों वाटर कूलरो से प्रतिदिन हजारों यात्री एवं ग्रामीण अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

करीब पन्दह हजार लीटर पानी यात्रियों एवं स्थानीय लोगों के द्वारा पिया जा रहा है। वही इटावा बस स्टैंड पर लगे वाटर कूलर की देखरेख पत्रकार लवकुश श्रीवास्तव के द्वारा की जा रही है। वही केनरा बैंक के सामने लगे वाटर कूलर की देखरेख अमित दुबे द्वारा की जा रही है। वहीं वाटर कूलर पर अपनी प्यास बुझाने वाले लोग संचालकों को जमकर दुआ दे रहे हैं। पत्रकार लवकुश श्रीवास्तव ने बताया की अगली गर्मियों के सीजन में 2 नऐ वाटर कूलर नगर में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसमे नंबर एक नगर स्थित कैजरा तिराहा एवं नंबर दो भदावर विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पर लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

संक्षिप्त समाचार

दो साल से फरार चल रहे 10हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

कोतवाली भोगांव में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस आरोपी के खिलाफ भोगांव कोतवाली में गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा भी दर्ज था। पिछले 2 साल से फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी भोगांव के फर्दपुर तिराहे के निकट से की गई। मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा गया है।

बादशाहपुर में एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक की चाकू से गोदकर हत्या

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी में थाना घिरोर क्षेत्र के बादशाहपुर में एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। बृहस्पतिवार की देर रात शव दन्नाहार क्षेत्र में जौहरी नगर नहर के पास पड़ा मिला। परिजन ने तीन लाख रुपये लूटने के बाद हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

गांव बादशाहपुर निवासी 34 वर्षीय अमीर सिंह गांव में ही घर के नीचे एसबीआई बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र चलाते थे। बृहस्पतिवार की शाम करीब तीन बजे वह बैंक से तीन लाख रुपये निकालने गए थे। जब काफी देर तक घर नहीं लौटे तो पत्नी अनुपम परेशान हो गईं। परिचित व रिश्तेदारों को फोन कर जानकारी ली गई, लेकिन कोई खबर नहीं मिल सकी। अमीर का फोन भी स्विच ऑफ आ रहा था। रात साढ़े दस बजे परिजन को दन्नाहार क्षेत्र में अमीर सिंह का शव पड़ा होने की जानकारी मिली। पत्नी व अन्य परिजन मौके पर पहुंच गए। शव से कुछ दूर उनकी वैगनआर कार भी खड़ी हुई थी। सीने में चाकू से कई वार कर हत्या की गई थी।

पत्नी अनुपम ने आरोप लगाया कि पति से तीन लाख रुपये लूटने के बाद हत्या की गई है। वहीं एसपी मैनपुरी कमलेश दीक्षित का कहना है कि मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस को अहम सुराग हाथ लगे हैं। जल्द हत्याकांड का खुलासा कर आरोपियों को जेल भेजा जाएगा।

हत्या जिस स्थान पर की गई वहां फोरेंसिक टीम के एक्सपर्ट ने पहुंचकर जांच की। मौके से कुछ नमूने भी लिए गए। खोजी कुत्ता भी घटनास्थल पर सुरागकशी करता नजर आया। पुलिस ने नहर के आसपास काफी देर तक घटना से जुड़े सुराग आदि की तलाश की। कुछ खास हाथ नहीं लग सका।

फाइनेंसर बनकर दबंगों ने दिल्ली जा रहे युवक की कार रोकी मां बेटे के साथ की अभद्रता

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी में फाइनेंसर बनकर दबंगों ने दिल्ली जा रहे युवक और उसकी कार को रोक लिया। 32 हजार रुपये पहले मांगे, इसके बाद 14 हजार रुपये देकर गाड़ी छोड़ने की बात कही गई। पीड़िता की मां मौके पर पहुंची तो दबंगों ने उसके साथ भी अभद्रता की। चार घंटे पीड़िता चौकी में बैठी रही। घटना की तहरीर चौकी पुलिस को दी गई है। मामला करहल थाना क्षेत्र की मीठेपुर चौकी इलाके का है।

इटावा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला आलमपुरा निवासी दीपिका गुप्ता पत्नी प्रवीन गुप्ता ने मीठेपुर पुलिस चौकी पर तहरीर देकर जानकारी दी कि उनका पुत्र अमन अपनी कार से 22 जुलाई की सुबह इटावा से दिल्ली जा रहा था। उसे कठफोरी चौकी क्षेत्र में कुछ युवकों ने रोक लिया और कहा कि गाड़ी पर बैंक का लोन बकाया है इसलिए उसकी गाड़ी खींचकर ले जाएंगे। अमन ने इसकी सूचना अपनी मां को दी तो वे मौके पर पहुंच गईं। तीन–चार युवक गाड़ी को घेरे हुए खड़े थे। जब उन्हें बताया कि सारे रुपये दे दिए गए हैं तो उन्होंने 32 हजार रुपये बकाया होने की जानकारी दी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी के दौरान महिला की तबीयत बिगड़ी, उपचार दौरान मौत

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ

मैनपुरी, कुरावली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी के दौरान तबीयत बिगड़ी तो उसे सीधे सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर करा दिया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। महिला की मौत हुई तो स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। सीएमओ डा. पीपी सिंह चिकित्सकों की टीम लेकर सैफई पहुंच गए। परिजनों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया गया है।

गुरुवार को कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नसबंदी कैंप का आयोजन किया गया था। इस कैंप में 19 महिलाओं को नसबंदी के लिए बुला लिया गया था। सर्जन डा. गौरव पारिख की टीम ने 17 महिलाओं की नसबंदी कर दी थी। 18वीं महिला 30 वर्षीय सुनीता पत्नी संजू निवासी नगला धर्मपाल का ऑपरेशन हुआ तो अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी पाकर सीएमओ डा. पीपी सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने तत्काल महिला को सैफई मेडिकल कॉलेज भिजवाया। सीएमओ, डा. पारिख के साथ अस्पताल पहुंच गए लेकिन महिला को बचाया नहीं जा सका।

सड़क के किनारे लावारिस हालत में मिला टेंपो पुलिस ने किया सीज

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ मैनपुरी। बिछवा। थाना क्षेत्र के जीटी रोड पर नगला जी सुख के समीप चंद्र कमल महाविद्यालय के सामने 3 दिन से एक टेंपो लावारिस हालत में खड़ा है मामले की सूचना पुलिस को दी गई तो पुलिस ने उसे थाने लाकर लावारिस में दाखिल कर दिया।

जीटी रोड के किनारे चंद्र कमल महाविद्यालय के सामने एक टेंपो तीन दिनों से लावारिस हालत में खड़ा था पहले दिन खेतों में धान की फसल रोपने गए। किसानों को लगा कि कोई बाहर से लेवर आई होगी जो सड़क के किनारे से खड़ा करने के बाद खेतों में काम करने चली गई होगी लेकिन शाम तक टेंपो वापस नहीं गया दूसरे दिन भी वहीं खड़ा रहा फिर मजबूरन तीसरे दिन खेतों में काम करने वाले लोगों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी पुलिस ने उसे थाने लाकर सीज कर दिया थाना अध्यक्ष विदेश कुमार त्यागी ने बताया कि टेंपो मालिक का पता लगाया जा रहा है किसी से एक्सीडेंट हुआ था वह चालक उसे छोड़ कर भाग गया है मामले की जांच की जा रही है उसे दाखिल कर दिया गया।

जनपद भदोही ज्ञानपुर विधानसभा के पूर्व विधायक विजय मिश्रा के पुत्र विष्णु मिश्रा विभिन्न अभियोगों में वांछित

भदोही मोहम्मद मासूम।। जनपद भदोही के ज्ञानपुर विधानसभा के पूर्व विधायक विजय मिश्र के पुत्र विष्णु मिश्रा विभिन्न अभियोगों में वांछित एवं पूर्व में 25,000/– पुरस्कार घोषित अभियुक्त पूर्व विधायक विजय मिश्र

के पुत्र विष्णु मिश्रा की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस की संस्तुति पर श्रीमान् अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन वाराणसी महोदय द्वारा ईनाम राशि में बढ़ोतरी करते हुए 1,00,000/–(एक लाख रुपये) किया गया घोषित।' 'उक्त के सम्बन्ध में एसपी भदोही इतनी जानकारी दी।

भदोही पुलिस अधीक्षक द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

संवाददाताअयोध्या टाइम्स

• ड्यूटीरत कर्मियों को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश

जनपद में कावड़ यात्रा के दृष्टिगत राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था के चाक–चौबंद इंतजाम किए गए हैं। सम्पूर्ण जनपदीय राजमार्ग क्षेत्र के चप्पे–चप्पे पर प्रशासनिक

अधिकारियों सहित पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। श्री राजेश भारती, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों की चेकिंग करते हुए उन्हें सतर्कता के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन एवं ड्यूटी के दौरान कर्तव्य पालन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। कांवरियों के लिए आरक्षित राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तरी लेन पर किसी भी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर पूर्णतयाः प्रतिबंध लगाया जाय। वाहनों को रोके जाने के दौरान किसी भी व्यक्ति के साथ दुर्व्यवहार न किए जाने निर्देश दिये गए। समस्त जोनल/सेक्टर प्रभारियों व संबंधित सेक्टर के चेकिंग अधिकारियों को ड्यूटियों की पॉइंटवार चेकिंग करने हेतु निर्दशित किया गया।

नही रहे संसार पुर के,हजरत मौलाना मुकर्रम हुसैन,गमगीन माहौल

(रिपोर्ट जिला संवादाता) दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली जिशान काजमी जलालाबाद, शामली, उत्तर प्रदेश प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद सहारनपुर,के तारीखी गांव संसार पुर की,मारूफ अजीम शख्सियत,बुजुर्ग आलिम ए दीन,खलीफा हजरत मौलाना शाह अब्दुल कादिर राय पूरी, हजरत मौलाना सैयद मुकर्रम हुसैन काजमी, साहब का,जुमा की नमाज से कब्ल इंतिकाल हो गया है। यह गमगीन खबर जैसे ही फैली गहरे रंज ओ गम का माहौल हो गया। एक अजीम शख्सियत,रहनुमा को खो दिया जलालाबाद ,अतराफ में जैसे ही ये गमगीन खबर पहुंची,बेहद रंज ओ गम के साथ मरहूम की मगफिरत के लिए दुआ की गई,हजरत के आबायी वतन संसार पुर में जनाजे में शामिल होने के लिए निकल पड़े हजरत के इंतिकाल पर खानकाह मसीह उल मशहूर तालिमी.इदारा.मिफ्ता.उल.उलूम.के. मोहतमिम,हजरत कारी वली उल्लाह खान शेरवानी,हक एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी के महासचिव सैयद वजाहत मिया, मौलाना आरजू मिया, शामली जमीयत उलेमा के महा सचिव,मौलाना अय्यूब, शहर काजी सैयद शारिक हुसैन, मुशीर खान, फैज शेरवानी,जिशान. काजमी,थानाभवन ,खानकाह मौलाना मो नजम, डा सलाउद्दीन फारूकी, शहजाद साहिल,मुफ्ती मो दानिश, डा सऊद हसन, सैयद हिफ्जुल कदीर, प्रोफेसर तनवीर चिश्ती, शाहब अहमद काजमी, एडवोकेट शहजाद अहमद, हाफिज मो राशिद,कारी माजिद, शुएब खान, काजी तारिक, चौधरी इस्तिखार, आदिल खान, अब्दुल रहमान

सिद्दीकी, सैयद मो सलमान, अयाज सिद्दीकी, आरिफ राव, मो बिलाल, फर्रुख शेरवानी,मुफ्ती फरजान खान वगैरा ने गहरे अफसोस के साथ, ताजियत पेश करते हुए,दुआ मगफिरत की गई अल्लाह हजरत की मगफीरत फरमाए जन्नत उल फिरदौस में आला मुकाम अदा करे अहले खाना को सब्र ए जमील अता फरमाए।

भाकियू की बैठक में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। पूर्व प्रधान के आवास पर चार गांवों के किसानों की संयुक्त भाकियू की किसान मजदूर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों की समस्याओं पर विचार–विमर्श किया गया। शुक्रवार को क्षेत्र के गांव शेखुपुरा में पूर्व प्रधान ईश्वरपाल सिंह के आवास पर चार गाँवों कंडेला, हिंगोखेड़ी, जगनपुरा व शेखुपुरा के किसानों ने संयुक्तरूप से भाकियू किसान मजदूर पंचायत का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र व संचालन गय्यूर हसन ने किया।भाकियू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मैनपाल चौहान ने कहा कि सरकार जुमलेबाजी से काम ले रही है और किसानों को लॉलीपॉप दे रही है। किसानों की मुख्य फसल गन्ना खेती है,जिसका समय पर भुगतान नहीं हो रहा है। किसान अपने बीमार बच्चों की दवाई व छात्रों की फीस भी नहीं भर पा रहा है। बच्चों की शादियां कर्ज लेकर कर रहा है, जिससे किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। विद्युत विभाग का हंटर भी किसानों पर चल रहा है। बिना किसानों की सहमति के ट्यूबवेलों पर मीटर स्थापित करके किसानों की कमर तोड़ने का कार्य

किया जा रहा है। किसानों की आये दोगुनी करने का सपना दिखाने वाले हुक्मरान दिल्ली और लखनऊ में बैठकर किसानों की फजीहत करा रहे हैं।किसान समस्याओं से कर्राह रहा है, लेकिन उसकी पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है। बैठक में समस्याओं का निराकरण न होने पर जल्द ही जिला मुख्यालय पर विशाल धरना–प्रदर्शन करने पर सहमति बनी है।इस दौरान श्याम सिंह, बृहमपाल सिंह एडवोकेट, कासिम, प्रेम सिंह, बृहम सिंह,सुरेंद्र, राजपाल प्रधान,भवर सिंह, हाशिम प्रधान सहित सैंकड़ों किसान मौजूद रहे।

द्रौपदी मुर्मू को भारत के 15वें राष्ट्रपति बनने पर भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया जश्न

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। एन डी ए की उम्मीदवार भारत की प्रथम आदिवासी महिला श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को भारत का 15वां राष्ट्रपति बनने पर देश भर में

हर्ष का माहौल है इसी क्रम में जनपद की भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व पटाखे फोड़कर खुशी मनाई गई। इस दौरान रोडवेज बसस्टैंड के आस पास महामहिम की फोटो लेकर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों द्वारा पैदल गस्त भी किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया(संजू चाचा) भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष विरला शाक्य व पूर्व नगर पालिका प्रत्याशी विनीता गुप्ता व अन्य महिला पदाधिकारी मौजूद रहीं।

कलेक्ट्रेट कर्मियों ने बुस्टर डोज लगवाकर जिम्मेदार नागरिक के रूप में लोगों से किया अपील

जनता दर्शन में आये फरियादियों ने डीएम से प्रेरित होकर लगवाया बुस्टर डोज

जिलाधिकारी द्वारा बुस्टर डोज आह्वान का दिखा सकारात्मक असर

संवाददाताअयोध्या टाइम्स

भदोही 22 जुलाई, 2022:–जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा भदोहीवासियों से निःशुल्क बुस्टर डोजध्एहातिहाती खुराक लगवाकर जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील का सकारात्मक असर दिखा, जिसका परिणाम स्वरूप जनपद के कलेक्ट्रेट परिसर, जिला न्यायालय परिसर, तहसील ज्ञानपुर परिसर सहित अन्य टीकाकरण विशेष कैम्पों में लोगों ने उत्साह के साथ टीकाकरण लगवाया। कलेक्ट्रेट परिसर में लगे विशेष कैम्प पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी से प्रेरित होकर जिला सूचना कार्यालय में कार्यरत मानवेन्द्र कुमार कम्प्यूटर आपरेटर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय में कार्यरत कुमुद श्रीवास्तव, श्वाहिद कुमार व अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों/जनमानस ने 'टीका जीत का' लगावाया। कलेक्ट्रेट परिसर में कुल 47 व्यक्तियों ने कोरोना रोधी टीका लगवाते हुए स्वस्थ्य भारत को मजबूत करने में अपनी सहभागिता दी।

सफलता की कहानी, लाभार्थी की जुवानी के क्रम में 'टीका जीत का' लगवाते हुए उत्साह के साथ मानवेन्द्र कुमार ने भदोहीवासियों से अपील किया कि सभी लोग बुस्टर डोज लगवाकर अपने साथ प्रदेश व देश को सुरक्षा कवच से अच्छादित करें। अनुशासित भदोहीवासी की प्रतिबद्धता एवं सहयोग से कोरोना हारेगा देश जीतेगा। उन्होंने युवाओं से विशेष आग्रह किया कि आप स्वयं जीवन रक्षक डोज लेते हुए अपने परिवार, गॉव, समाज के लोगों को ही टीकाकरण से अच्छादित करने से अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभायें।

लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोग निःशुल्क अपनी नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्रोंधविशेष कैम्पों पर बुस्टर डोज अवश्य लगवायें। हम स्वस्थ्य रहेंगे तभी गॉव समाज को स्वस्थ कर पायेंगे।

उन्होंने बताया कि विगत विधानसभा निर्वाचन में सभी निर्वाचन कर्मियों ने कोरोना का द्वितीय/बुस्टर डोज लगवाकर आत्मविश्वास के साथ निर्वाचन कार्य को सम्पादित किया। और कही किसी को कोइ दिक्कत नही हुआ।

इसी क्रम में 'जनता दर्शन' में जिलाधिकारी के पास अपनी फरियाद लेकर आयी 60 वर्षीय विजया देवी ने जिलाधिकारी के आह्वान पर तत्काल कलेक्ट्रेट परिसर में ही बुस्टर डोज लगवाया और उन्होंने बताया टीकाकरण के बाद वे आत्मीय संस्तुष्टि के साथ एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में एक गौरवान्वित महसूस कर रही है। जनपद की सभी महिलाओं के लिए मिशाल बनकर सभी से कोरोना टीकाकरण महायज्ञ में बुस्टर डोज लगवाकर अपनी आहूति सुनिश्चित करने कि अपील की।

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि भदोहीवासी बुस्टर डोज लगवाते हुए कर्मिक रूप विजय प्राप्त होगी।

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संतोष कुमार चक ने बताया कि दिनांक 24 जुलाई 2022 से नियमित रूप से जनपद के सभी स्वास्थ्य केन्द्रो एवं विशेष कैम्पों पर निःशुल्क बुस्टर टीकाकरण लगाया जाएगा।

कांग्रेसियों द्वारा जिलाधिकारी शामली को सौंपा ज्ञापन

(रिपोर्ट जिला संवाददाता) दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली जिला कांग्रेस कमेटी ने महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम जिलाधिकारी शामली को जिला काग्रेस कमेटी शामली द्वारा सौंपा ज्ञापन आपको बताना चाहती हैं की भारत सरकार में बैठे सत्ताधारी जो काग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी जी व राहुल गांधी जी को ईडी का डर दिखाकर बेवजह परेशान किया जा रहा है सरकार को ऐसे घृणित कृत्य से बचना चाहिए तथा लोकतंत्र की आवाज को दबाना नहीं चाहिए जब सरकार और सत्ता तानाशाह का रास्ता अख्तियार करती हैं तो वह जनता की आवाज और विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है स क्योंकि यह देश इस समय हर क्षेत्र में एक नकारात्मक बिंदु की ओर बढ़ रहा है स चाहे वह महंगाई का हो, चाहे वह बेरोजगारी हो, चाहे निजीकरण हो, चाहे देश के सार्वजनिक संपत्तियों को नीलाम करना हो, चाहे गिरती अर्थव्यवस्था हो, चाहे डॉलर के मुकाबले रुपया

कमजोर हो रहा हो, चाहे संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग हो हर जगह सरकार फेल होती जा रही है स जिसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी शुरू से ही लोगों के बीच में जागरूकता तथा इस षड्यंत्र को जनता के बीच में ला रही है स जिससे परेशान होकर मोदी जी कांग्रेस पार्टी तथा गांधी परिवार की आवाज को दबाने के लिए संवैधानिक संस्थाओं का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं लोकतंत्र की बुनियाद को कमजोर करने का काम मोदी सरकार कर रही है स लेकिन कहते हैं कि तानाशाह को सबसे ज्यादा डर अपनी आलोचना से लगता है, तो कांग्रेस पार्टी साफ शब्दों में यह कह देना चाहती है कि जनता की आवाज, लोकतंत्र की आवाज, संवैधानिक संस्थाओं की आवाज हम हमेशा की तरह उठाते रहेंगे बिना डरे स कांग्रेस ने एक बार ईस्ट इंडिया कंपनी से देश को आजाद कराया था स कांग्रेस ने एक बार पुनः अदानी और अंबानी जिसका मोदी जी एजेंट बनकर काम कर रहे हैं उस कंपनी से भी इस देश को आजाद कराएगी स जनता और कांग्रेस के आवाज को ईडी और सीबीआई के माध्यम से दबाया नहीं जा सकता स यदि दबाया गया तो कांग्रेस इस बदले की राजनीति को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी दीपक सैनी कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण तरार जिला उपाध्यक्ष बिजेन्द वमाँ.जिला महासचिव शैखरपाल प्रदेश महासचिव निर्भय कुमार सिह प्रदेश महासचिव अशवनी शर्मा प्रदेश.महासचिव राजपाल पवार एडवोकेट खुरशीद नगर,अध्यक्ष बनत रामशरन नामदेव सदीप शर्मा जिला सचिव राहुल शर्मा.जिला सचिव अरविद झझोट प्रमोद कशयप रिजवान सेवादल जिला अध्यक्ष महाबीर सैनी.निन्ना अन्सारी विनोद सेन शुभम शर्मा सुरेन्द सैनी बिजेन्द सैनी अरुण जैन प्रतीक अगरवाल सुधीर चौधरी रामपाल पाचाल आदि शामिल हुए।

होली पाइंट अकैडमी के सीबीएसई बोर्ड का रिजल्ट रहा शत प्रतिशत,सभी छात्र व अभिभावक खुश

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

भरथना,इटावा। भरथना क्षेत्र के विवेक विहार स्थित होली प्वाइंट एकेडमी का सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजुकेशन का सीनियर सेकेण्ड्री (12वीं) का परीक्षाफल शानदार रहा। विद्यालय परीक्षा में सम्मिलित सभी परीक्षार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

विद्यालय के छात्र शिवजी यादव ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र शिवजी ने भौतिक विज्ञान में 94, रसायन विज्ञान में 97, गणित में 94 व शारीरिक शिक्षा में 94 अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार अरूनिता चौवे ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अरूनिता चौवे ने गणित में 94, भौतिक विज्ञान में 92 व शारीरिक शिक्षा में 95 सर्वाधिक अंक प्राप्त किए।अंकुश शर्मा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सर्वाधिक अंक भौतिक विज्ञान में 94, गणित में 94 शारीरिक शिक्षा में 93 व रसायन विज्ञान में 92 अंक प्राप्त किए। इस प्रकार विद्यालय के 25 छात्रों ने गणित में, 35 छात्रो ने भौतिकी में 40 छात्रों ने रसायन विज्ञान में जीव विज्ञान मे 20 छात्रों ने अंग्रेजी में 40 छात्रों ने तथा शारीरिक शिक्षा मे 50 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाकर विशेष योग्यता प्राप्त की। इन छात्रध्छात्राओं के अलावा विद्यालय की सूची में नेहा कटियार, पीयूष शाक्य, हिमान्शु तिवारी, सूर्यांश देव, यशी सिंह, देवेश कुमार व दिव्यम गुप्ता ने भी मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के शानदार परीक्षाफल पर नगर के चेयरमेन हाकिम सिंह, श्री भगवान पोरवाल , डा0 योगेन्द्र दुबे, पूर्व राज्य मंत्री अशोक यादव,पूर्व राज्य मंत्री श्रीकृष्ण यादव, करूणा शंकर दुबे के अतिरिक्त नगर के विशिष्ट नागरिकों रवि मिश्रा, डा0 समीर पाण्डेय, राजेन्द्र दीक्षित एवं सुबोध कुमार दीक्षित एडवोकेट आदि ने संस्था के डायरेक्टर प्रदीप चन्द्र पाण्डेय तथा प्रधानाचार्य आलोक तिवारी को बधाई दी।इस अवसर पर विद्यालय में उपस्थित अध्यापक अनुराग दीक्षित, अमित श्रीवास्तव, दीपक चौहान, प्रमोद दुबे, आनन्द तिवारी, केदार नारायण, गौरव वर्मा, अश्विन गुप्ता, अनुराधा पाठक, निधिश्रीवास्तव तथा अरूणमोटवानी को संस्था के शैक्षणिक प्रमुख आलोक तिवारी व डायरेक्टर प्रदीप चन्द्र पाण्डेय ने सफलता के लिए बधाई देते हुए उनकी लगन तथा कठिन परिश्रम की सराहना की।

मूसलाधार बारिश की वजह से शहर में कई जगह हुआ जल भराव,प्रशासन की खुली पोल

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

इटावा। जनपद में हुई मूसलाधार बारिश की वजह से कई जगह जल भराव की समस्या सामने आई है भयानक बारिश होने के कारण मैनपुरी इटावा अंडर ब्रिज में बड़े पैमाने पर पानी भर गया है। एक ट्रक फंस गया है। चालक और परिचालक थे जिनको दमकल टीम ने मौके पर पहुंच कर निकाला। मैनपुरी अंडर ब्रिज में इस समय कम से कम 15 फुट पानी भरा हुआ है। नगर पालिका प्रशासन की टीमें अंडर ब्रिज के दोनों तरफ मुस्तैद कर दी गई है अब इस अंडर ब्रिज में किसी भी वाहन को जाने की इजाजत नहीं दी जा रही है। नगर पालिका के सफाई नायक मुस्ते हसन अपनी टीम के साथ पूरी तरह से एलर्ट बने हुए है। डॉ.भीमराव अंबेडकर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय पानी से हुआ सराबोर। विकास भवन भी बरसती पानी से हुआ लबालव। लोक निर्माण विभाग के आफिसों में भी बरसती पानी घुसा। मैनपुरी अंडर ब्रिज पर दोनो ओर लगाई गई बैरीगेटिंग। सिविल लाइन थाना पुलिस और नगर पालिका प्रशासन के लोगों की तैनाती की गई। जिससे कि बारिश होने के समय कोई भी वाहन या कोई व्यक्ति वहाँ से न गुजरे।

मन,शरीर और वाणी को शांत करती है विपश्यना-विकास भदौरिया

चन्द्रप्रताप सिंह जिला संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स इटावा

उदी,इटावा। जनपद के पारपट्टी क्षेत्र के बढ़पुरा गांव के स्वयंसेवक विकास भदौरिया ने विपश्यना के बारे में विस्तार से जानकारी दी और सभी को जागरूक होने के लिए भी अपने जीवन के आधार पर प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि एकांत, मौन, विच्छेद पिछले कुछ दिनों से आप सभी के साथ उपस्थित नहीं था क्योंकि जिस कार्य को करने गया था उसे पूरा करने के लिए कुछ शर्तें थीं। जिनमे से एक थी पूर्ण आर्य मौन साथ ही मोबाइल फोन से दूर ताकि आप जो कार्य कर रहे हैं उसे सफलता पूर्वक ढंग से कर सकें। २०१६ में मैं पहली बार पुष्कर, राजस्थान में विपश्यना करने के लिए गया हुआ था उस समय इसके बारे में कुछ आइडिया नहीं था बस इतना जानता था कि इसमें जाकर ध्यान करते हैं। आप में से अधिकतर लोगों को विपश्यना के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं होगी अपनी जानकारी के हिसाब से यह वो प्रक्रिया है जिसमें हम ५ शीलों का पालन करते हुए एवं पूर्ण मौन से साथ ध्यान करते हैं। विपश्यना ध्यान शिविर के दौरान साधक बाहरी दुनिया से पूरी तरह से कट जाता है. दिन भर शिविर में ध्यान करते हुए ही बिताना पड़ता है और किसी से भी बातचीत की इजाजत नहीं होती है। ऐसे में न बाहरी लोगों को साधक के

बारे में पता होता है और न ही साधक को दुनिया की कोई खबर होती है। विपश्यना यह गौतम बुद्ध द्वारा बताई गई एक योग साधना हैं। विपश्यना का अर्थ है विशेष प्रकार से देखना (वि. पश्य. ना)। विपश्यना प्राचीन ध्यान पद्धति है, जिसका अर्थ देखकर लौटना होता है। यह आत्मशुद्धि और आत्मनिरीक्षण की एक पद्धति है। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध को विपश्यना के जरिये ही बुद्धत्व हासिल हुआ था। इसमें पहले सांसों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है फिर दूसरे स्टेप में चुपचाप अपने शरीर और मन की प्रतिक्रियाओं पर नजर रखी जाती है। इससे मन को शांत करने तनाव कम करने नकारात्मकता को दूर करने जैसे कई लाभ है। यह वास्तव में सत्य की उपासना है। सत्य में जीने का अभ्यास है। विपश्यना इसी क्षण में यानी तत्काल में जीने की कला है। भूत की चिंताएं और भविष्य की आशंकाओं में जीने की जगह भगवान बुद्ध ने अपने शिष्यों को आज के बारे में सोचने के लिए कहा। विपश्यना सम्यक् ज्ञान है। जो जैसा है, उसे ठीक वैसा ही देख–समझकर जो आचरण होगा, वही सही और कल्याणकारी सम्यक आचरण होगा। विपश्यना जीवन की सच्चाई से भागने की शिक्षा नहीं देता है बल्कि यह जीवन की सच्चाई को उसके वास्तविक रूप में स्वीकार ने की प्रेरणा देता है। आज के इस दौर में लोगों को इसे करने में बहुत सारी कठिनाई लगती है लेकिन यह भारत की बहुत ही पुरानी विद्या है जिसे गौतम बुद्ध ने २५०० वर्ष पूर्व अपने शील,समाधि व प्रज्ञा का अनुसरण करते हुए पुनः खोज निकाला था। गौतम बुद्ध के निर्वाण के ५०० वर्ष बाद तक यह अपने वास्तविक स्वरूप में लोगों का कल्याण करती रही लेकिन धीरे धीरे करके यह विद्या भारत से विलुप्त हो गयी। ऐसी कल्याण करने वाली विद्या जो भारत से निकलकर पूरे विश्व भर में पहुँची और फिर थोड़े समय के बाद भारत से ही नहीं बल्कि लगभग सभी देशों से समाप्त हो गयी। लेकिन इन सभी में एक ऐसा देश (बर्मा, आज का म्यांमार) जिसमें अपनी गुरु शिष्य परम्परा के द्वारा इसे, इसके वास्तविक स्वरूप में जीवित रखा,भले ही उन लोगों की संख्या अत्यधिक नहीं थी। कुछ समय बाद जब श्री एस एन गोईंका जी एक बीमारी से जूझ रहे थे और अथक इलाज करवाने के बावजूद भी उस बीमारी से छुटकारा नहीं मिल पा रहा था तो भटकते भटकते वो उन लोगों के पास पहुँच ही गए जहाँ विपश्यना का वास्तविक स्वरूप था फिर वहीं गोइंका जी १४ वर्षों तक गुरुजी के सानिध्य में रहकर यह विद्या सीखते रहे और सीखने के दौरान उनके मन में हमेशा से यही विचार आता रहता था कि भारत से विलुप्त हुई इस विद्या को पुनः भारत में स्थापित करना है, लोगों को इसके वास्तविक स्वरूप से अवगत करवाना है। कुछ वर्षों बाद जब इनकी माताजी का स्वास्थ्य बिगड़ा तो ये पुनः भारत वापस लौट आए और यहाँ आकर इस विद्या को सर्वप्रथम अपने माता पिता तथा कुछ अन्य व्यक्तियों को एक शिविर लगाकर सिखाई। इसके बाद से एक श्रृंखला सी बन गई और देखते देखते विपश्यना सीखने वालों की संख्या बढ़ती गयी। आज यह संख्या काफी बढ़ गयी है। भारत समेत विश्व भर में शिविरों का आयोजन किया जाता है और इसके माध्यम से अनेक लोगों का कल्याण हो रहा है। आज देश के जाने माने लोग इसे कर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

बजरंग दल बोल बम कावरिया संघ ग्राम बहुता का जत्था रवाना

संवाददाताअयोध्या टाइम्स । सुरियावा क्षेत्र के ग्राम बहुता बजरंग दल बोल बम का जत्था आज शुक्रवार को बाजा बाजा के साथ सुरियावां रेलवे स्टेशन पर आया और इंटरसिटी ट्रेन जो लखनऊ से वाराणसी जाने वाली ट्रेन से बैठकर वाराणसी गए वहां पर सुल्तानगंज से जल उठा कर बाबा बैजनाथ धाम पर जाकर जल चढ़ाएंगे इस जत्थे में कृष्ण कुमार सिंह प्रमोद सिंह राजेश सिंह रवि सिंह संजय माली अंकित वर्मा मुकेश प्रजापति दीपक सिंह गोलू सिंह कृष्ण मुरारी सिंह सोनू विश्वकर्मा पप्पू सिंह राणा सिंह दिलीप माली डब्बू प्रजापति शामिल रहे ।

108 एम्बुलेंस में गूंजी किलकारी

संवाददाताअयोध्या टाइम्स । सुरियावा सीएससी के अंतर्गत ग्राम सनकडीह विकासखंड सुरियावां के द्वारा सूचना पर सीएचसी सुरियावा पर तैनात 108 एंबुलेंस कमलेश वनवासी के घर पहुंचा तो वहां कमलेश की पत्नी फूलन देवी उम्र 22 साल की डिलीवरी के लिए सीएससी आना था एंबुलेंस में फोटो फूलन देवी उम्र 22 बरस को व साथ मे उसकी मौसी बोलता देवी को लेकर सीएससी सुरियावां आ रहे थे तभी मोढ़ के बाद मकनपुर के पास जब एंबुलेंस पहुंचा तो फुलन को तेज दर्द होने लगा फिर वहां के आशा फोटो देवी को बुलाकर के एंबुलेंस में ईएमटी करन शाह , पायलट रामबाबू द्वारा सुरक्षित प्रसव कराया गया लड़का पैदा हुआ। इसके बाद 108 एम्बुलेंस के तैनात कर्मी यम ईएमटी कारण साह व पायलट रामबाबू द्वारा सीएचसी सुरियावां लाकर भर्ती किया गया। जच्चा बच्चा दोनो स्वस्थ है।

निर्माणाधीन सड़क का ईओ ने किया निरिक्षण

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के मोहल्ला गुंबद में हो रही सड़क निर्माण का ईओ मणि अरोड़ा ने निरीक्षण किया और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को नगर के मोहल्ला गुंबद में नगर पालिका परिषद कैराना द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण का निरिक्षण करने ईओ मणि अरोड़ा पहुँची, जहां उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता को परखा और ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में घटिया सामग्री से किए गये निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मानकों के अनुरूप ही सड़क के निर्माण करने की इजाजत होगी।

पुलिस सुरक्षा में अदा की गई जुमे की नमाज

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना कांवड़ यात्रा को मद्देनजर रखते हुए मुख्य मार्ग पर स्थित मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल तैनात रहा और शांति के साथ जुमे की नमाज अदा कराई गई।

शुक्रवार को कांवड़ यात्रा के चलते मुख्य पानीपत खटीमा मर्ग पर स्थित मस्जिदों के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। किसी भी तरह की घटना से निपटने के लिए मस्जिदों के मुख्य द्वार पर पुलिस तैनात रही और शांति के साथ जुमे की नमाज सम्पन्न कराई गई।कांवड़ यात्रा के दौरान जहां मर्ग से कांवड़ियों का जनसैलाब गुजर रहा था, वहीं दूसरी ओर शामली बस स्टैंड, कांधला बस स्टैंड, तितरवाड़ा रोड़, मदरसा इशातुल इस्लाम में जुमे की नमाज अदा की जा रही थी। नमाज सकुशल सम्पन्न होने पर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।



पुल की टूटी बाउंड्री पर कराई बेरिकेडिंग

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने पुल की टूटी बाउंड्री पर बेरिकेडिंग कराई शिवभक्त कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए खण्ड विकास अधिकारी कैराना जीतेन्द्र मिश्रा ने पुराने पुल पर टूटी बाउंड्री पर बेरिकेडिंग कराई और प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त कराते हुए अस्थाई विद्युत लाइन खिंचवाकर बल्ब आदि लगवाए। यमुना ब्रिज पर स्थित पुराने पुल की बाउंड्री कई जगह से टूटी हुई थी और अंधेरा छाया हुआ था। अंधकार के बीच से ही शिवभक्तों को होकर गुजरना पड़ रहा था। साथ ही अधिकतर शिवभक्त इसी क्षतिग्रस्त बाउंड्री पर अपनी कांवड़ रखकर आराम करते थे। कोई घटना न हो जाए इसके लिए प्रशासन ने बल्लियों से बेरिकेडिंग करा दी है।

फ्री कोरोना बूस्टर डोज के लिए आधा दर्जन गांवों में लगे कैंप

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। शुक्रवार से सभी व्यस्क लोगों को अगले 75 दिनों तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों को स्वास्थ्य विभग कैम्प लगाकार फ्री में बूस्टर डोज लगाएगा। इसके लिए आधा दर्जन गांवों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैम्प लगाए गए हैं चिकित्साधीक्षक कैराना शैलेन्द्र चौरसिया ने बताया कि प्रीकॉशन डोज लगाने का 75 दिन का कार्यक्रम शुरू किया गया है। आज से लगभग आधा दर्जन गांवों भूरा, कसेरवा खुर्द,तितरवाड़ा,सुन्हेटी, सहपत व जहानपुरा आदि में स्वास्थ्य विभाग की ओर से कैम्प लगाकर मुफ्त में प्रिकॉशन डोज लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इससे पूर्व में बूस्टर डोज की सरकार की ओर से धनराशि निर्धारित की गई थी, जिसे अब मुफ्त में लगाया जा रहा है।

बेसुध पड़े कांवड़िए को अस्पताल में कराया भर्ती

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। दो दिन से बेसुध पड़े शिवभक्त कांवड़िए को डायल 112 पुलिस के सहयोग से सीएचसी पर भर्ती कराया गया है शुक्रवार को नगर के पब्लिक इंटर कॉलिज में स्थित कांवड़ सेवा समिति द्वारा लागये गए शिविर में दो दिन से एक कांवड़िया बेसुध हालात में पड़ा हुआ था। शिविर संचालक पहले तो यह समझते रहे कि भोला आराम कर रहा है, लेकिन जब लगातार दो दिनों तक बेसुध कांवड़िया नहीं उठा तो डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कांवड़िए को सीएचसी कैराना पर भर्ती कराया है, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।भोला हरियाणा निवासी बताया जा रहा है।

चोरी हुआ मोबाइल कांवड़िए को लौटाया

(रिपोर्ट अहसान अली सैफी) ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स जनपद शामली कैराना। धर्मनगरी हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर वापस लौट रहे कांवड़िए का पंजीठ स्थित शिविर से मोबाइल चोरी हो गया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर भोले को सौंप दिया है शुक्रवार की दोपहर धर्मनगरी हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे शिवभक्त कांवड़िए सचिन निवासी पानीपत का पंजीठ स्थित शिविर से अज्ञात चोरों द्वारा मोबाइल चोरी कर लिया गया था। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई थी। इसी दौरान सिविल वर्दी में तैनात किए गए कॉन्स्टेबिल योगेंद्र

गैर-कानूनी तरीके से भूजल निकाल रहे हैं आर ओ प्लांटः रविंद्र आर्य

• उत्तर प्रदेश की अधिनियम 7 अगस्त लखनऊ 2019 जल दोहन एक्ट का दुरुपयोग

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश की अधिनियम 7 अगस्त लखनऊ 2019 जल दोहन एक्ट की नियमावली 2020 मे लागू हुई थी। भूगर्भ जल विभाग इसके लिए मूल विभाग है। जिसमे की 2 साल के अंतराल में अबैध आर ओ प्लांट प्रतिबंधित नहीं किये गए। जब की आर ओ प्लांट सालों से भूगर्भ से भूजल दोहन कर जमीन को खोखला कर रहे हैं। देश में सतही पानी की कमी के चलते निरंतर भूमिगत जल का अंधाधुंध दोहन हो रहा है। भूमिगत जल के तटीय क्षेत्रों में भूमिगत जल के स्तर में काफी गिरावट दर्ज की गई है। अपको बता दे की आर ओ प्लांट के संचालक बोरिंग हार्वेस्टिंग सिस्टम भी नहीं कराते। जिससे की जमीन का पानी जमीन में ही चला जाए। ओर आर ओ प्लांट सैकड़ो लीटर पानी नालियों में बहा देते है। शहरों में सैकड़ों की तादात में आर ओ प्लांट भूजल दोहन कर पानी के व्यवसाय से पैसा भी कमा रहे है।

यह जल दोहन का व्यवसाय प्रकृति के खिलाफ खिलवाड़ है। हम यह भूल जाते हैं कि हम स्वयं भी तो प्रकृति ही हैं। प्रकृति ने करोड़ों सालों में एक अनुशासन और नियंत्रण की व्यवस्था बनाई थी, जिसे हमने यह मानकर बिगाड़ दिया कि हम इसका विकल्प बना सकते हैं। दुर्भाग्य की बात यह है कि प्रकृति का यह नया संतुलन हमारे जीवन के संतुलन को बिगाड़ रहा है। हम जितनी जल्दी इस बात को समझ जाएं, उपचार की संभावनाएं उतनी ही बची रहेंगी।

बता दे की यह जल दोहन का व्यवसाय कोई गुप्त तरीके से भी नहीं होता है। मार्किट में अबैध आर ओ प्लांट खुलेआम देखे जाते है। क्यों की आर ओ प्लांट से पानी की सप्लाई टैंकरो ओर बोतलों से घर–घर ओर दुकानदारों को मार्किट में खुलेआम की जाती है।

इसमें जनता जल संबंधित विभाग जैसे भूगर्भ जल एवं लघु सिचाई खंड को शिकायत पत्र आदि भी नहीं करती। उसका मुख्य कारण है की आम जनता को भी आर ओ पानी की आदत आज एक जरुरत बन गई है। जब की बिना जनमानस की सहभागिता के भूजल दोहन पर लगाम लगाने का कार्य कभी पूरा नहीं हो सकता। इसमें जनता ही नहीं चाहती की जल दोहन कर रहे आर ओ प्लांटो पर लगाम लगे।

पिछले कुछ वर्षों में दिल्ली, चेन्नई, इंदौर, कोयंबटूर, मदुरै, विजयवाड़ा, देहरादून, जयपुर, इलाहाबाद, गाजियाबाद, कानपुर और लखनऊ के कुछ हिस्सों में यह गिरावट चार मीटर से अधिक थी। दिन प्रतिदिन भूगर्भ का जलस्तर घटता जा रहा है। जिसमे की आम जनता ही जमीन में बोरिंग करके भूमि को खोखला कर व्यवसाय कर रही है। कुछ व्यवसाय व्यक्ति तो व्यवसाय भी जल दोहन से ही कर रहे है। जब की भूगर्भ जल विभाग या लघु सिचाई खंड से प्राप्त बिना एनओसी (छव व्इरमबजपवद ब्मतजपपिबंजमे) अनुमति के व्यक्ति भूगर्भ से भूजल दोहन नहीं कर सकते। भूजल का उपयोग करने से पहले सभी कंपनियों को सरकार से एक एनओसी लेनी होती है, भारत में भूजल दोहन करने के दिशानिर्देशों के मुताबिक, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के अंतर्गत आने वाले केवल शहरी क्षेत्रों में माइक्रो और स्मॉल एंटरप्राइजेज ही बिना एनओसी के एक दिन में 10 क्यूबिक मीटर से कम का भूजल उपयोग कर सकते हैं। बताते चले की एक आर ओ प्लांट छोटे पानी की क्षमता 500 स्व्म आर ओ रिवर्स असमस प्रणाली एक दिन में 20 से 30 हजार लीटर भूजल दोहन करती है।

जब की एनजीटी के कितने ड्राफ्ट और नियम लागू किये हुए है। उसके बाबजूद भूगर्भ जल विभाग जनमानस जल दोहन को लेकर गभीर नहीं होती। गंभीरता का उदहारण भूगर्भ जल एवं लघु सिचाई खंड के नोटिस के उपरांत भी अबैध आर ओ प्लांट पूर्ण रूप से बंद नहीं कर पाने में असमर्थ है। जब की उ.प्र. अधिनियम 2019 जल दोहन एक्ट के अनुसार जल दोहन करने वाले व्यक्ति पर 2 लाख से 5 लाख का जुर्माना और 6 महीने से 1 साल की सजा का प्रावधान भी है।

श्री दया शंकर सिंह जी,मा.परिवहन मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के स्वर्गीय पूज्य पिता जी श्री विंध्याचल सिंह के त्रयोदशी कार्यक्रम में उनके पैतृक निवास छुटका राजपुर जनपद बक्सर बिहार में

हिन्दी की गूँज का पावस कवि सम्मेलन

मन की छतरी ले गया साजन अपने संग
मुझको अब भाते नहीं, बादल मोर मृदंग

दिल्ली। देश की अग्रणी साहित्यिक संस्था हिंदी की गूंज के तत्वावधान में आयोजित पावस कवि सम्मेलन सफलतापूर्वक रविवार की शाम को संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भावना मिलन अरोड़ा जी की सुमधुर सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुधीर कुमार शर्मा जी ने अपनी पुस्तकष् दो बूंद जिंदगी की। की जानकारी देते हुए सभी कवियों का अभिनंदन किया और उन्हें निरंतर साहित्य की साधना करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बलरामपुर से जुड़े गौरव वाजपेयी ने सावन पिय की लाया पाती। पीड़ा अब उर नहीं समाती सुना सभी का मन मोह लिया तो वहीं डॉ ममता श्रीवास्तव सरुनाथ ने– जीवन में हो जब गमों की बारिश है यही गुजारिश तुम छतरी बन आ जाना सुनाया , चेन्नई से जुड़ी रोचिका अरुण शर्मा ने– मयूरा थिरक रहे रिमझिम रिमझिम पानी गिरे बिजुरी भी शोर करे सुनाया तो वहीं मधुर कंठ से गीत– चंद्र प्रकाशित है नभ में मन में अनुरक्ति की भाव लिए सुना साधना मिश्रा ने सभी को भावविभोर कर दिया। श्याम सुंदर श्रीवास्तव जी ने– द्वार पर बारात लेकर आ गए घन सुना कर बरसात के मौसम का बहुत ही सजीव चित्रण किया। मुंबई से कार्यक्रम में जुडी वर्षा महेश ने –तुम मेरे कौन हो यह बताओ कभी? प्यार करते हो तो निभाओ कभी सुना कर प्रेमी युगल के मनोभाव को प्रकट किया। मधुर कंठ के स्वामी सुकुमार कवि विनोद कुमार प्रसून ने– संग के साथ के और जज्बात के हमने कल जो लिखे गीत भूले नहीं सुना कर कवि सम्मेलन में समां बांध दिया। भावना मिलन अरोड़ा ने– यह दिलकश कैसा एहसास है बरसती बूंदें हैं मन में प्यास है सुनाकर पटल का ध्यान आकर्षित किया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जुड़े मनोज कुमार मनोज ने अपने मधुर गीत श्सावन की घनघोर घटा जब व्योम के आंगन में घिर आए शीतल मंद पवन चले जब गांव में सावन आएश सुनाकर सावन के आगमन की सभी को बधाई दी कार्यक्रम की कुशल संचालिका तरुणा पुंडीर तरुनिल ने – पावस की बूंदों ने जैसे नवजीवन का संचार किया सुनाया और शानदार संचालन किया। कार्यक्रम के संयोजक हिंदी की गूंज संस्था के संस्थापक नरेंद्र सिंह नीहार जी ने अपने गीत –सुबह की गुनगुनी धूप शाम की परछाई की तरह तेरा साथ रहा झील की अंगड़ाई की तरह–

मन की छतरी ले गया साजन
अपने संग, मुझको अब भाते नहीं,
बादल मोर मृदंग

सुना कर सभी का मनमोह लिया। लगभग ढाई घंटे चले कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रोताओं का विशेष योगदान रहा। निर्मला जोशी, गिरीश चंद्र जोशी, राज श्रीवास्तव, डॉ संजय कुमार सिंह, उर्मिला रौतेला,डॉ. चंचल वशिष्ठ, आभा शुक्ला, प्रवीण कुमार, डॉ संदीप बराला , डॉ. संजय कुमार सिंह, रमेश कुमार गंगेले, नेहा शर्मा, प्रमोद कुमार, सुधा आदि ने अपने संदेशों के माध्यम से सभी का उत्साहवर्धन किया। नरेन्द्र सिंह नीहार ने सभी कवियों और श्रोताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

अब तो जागिए सरकार...!

अब नगरीय निकायों, पंचायतों के चुनाव हो गए। अब मध्यप्रदेश की सरकार को पेंशनरों को महंगाई राहत देने में जरा भी विलंब नहीं करना चाहिए। जब महंगाई रूक नहीं सकती तो फिर महंगाई राहत रोके जाने का कोई औचित्य नहीं हैं। प्रदेश के लाखों पेंशनर्स और उनके परिवार बदहाली में जी रहे हैं। गुहार लगा रहे हैं कि अब तो जागिए सरकार। पेंशनर राहत रोकना बिलकुल नाइंसाफी हैं। पिछली विपरीत सरकार के बाद से इनकी सरकार आजतक बहुत अच्छी चली है, बहुत काम हुए हैं जिनके लिए धन की कोई कमी नहीं आई, बस एक पेंशनरों का काम ही रूका है, इसमें भी धन की कमी आड़े नहीं आ रही हैं, सरकार देना चाहती है, मगर जो अड़ंगा लगाया जा रहा हैं, वह क्लियर नहीं हो रहा, खत्म नहीं हो रहा, माकूल और मुकम्मल प्रयासों की कमी हैं, तो रोड़ा खत्म करना सरकार का कार्य है, जिससे पेंशनरों को बढ़ी महंगाई राहत मिले।

– मदन वर्मा माणिक

नवदंपतियों को खुशहाली का राह दिखा रही शगुन किट पुरुषों की भी परिवार नियोजन में बढ़ रही भागीदारी

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा, 22 जुलाई ।बेहतर योजना बनाकर काम करने से जीवन आसान हो जाता है। आज कल के युवा भी अपने जीवन को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा रहे हैं। रोजगार प्राप्त करने के बाद शादी करना और परिवार को नियोजित करते हुए एक तय अंतराल के बाद बच्चे को जन्म देना। इसमें नव दंपत्तियों के लिए शगुन किट राह आसान कर रही है। बाह ब्लॉक के कबारी गांव निवासी 25 वर्षीय रवि ने बताया कि उनके गांव में आशा द्वारा समय–समय पर परिवार नियोजन के प्रति जानकारी दी जाती है। वे बताती हैं कि शादी के दो साल बाद ही पहला बच्चा प्लान करना चाहिए। उन्होंने भी ऐसा ही करना तय किया। जब शादी हुई तो आशा ने उनकी मुश्किल को आसान कर दिया। उन्होंने बताया कि 12 मई 2022 को उनकी शादी हुई उसके बाद आशा संगिनी सुधा देवी ने उन्हें शगुन किट दी और इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी। अब वह शगुन किट में मिले परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों का उपयोग कर रहे हैं और खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकार डॉ अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि विवाह के बाद बहू के ससुराल में कदम रखते ही आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुभ शगुन के रूप में नई पहल किट का तोहफा देती हैं। इसका उद्देश्य नवविवाहित दम्पति को पारिवारिक और वैवाहिक जीवन के दायित्वों के लिए तैयार करना है ताकि वह अपना आगे का जीवन बिना संकोच और झिझक के खुशहाल, सुरक्षित और सुंदर बना सकें। सेहत के साथ ही आर्थिक बेहतरी के लिए जरूरी है कि बच्चे की योजना शादी के दो साल बाद ही बनाएं और दो बच्चों के जन्म में कम से कम तीन साल का अंतर जरूर रखें।

शगुन किट को जानिये

डॉ. विनय ने बताया कि शगुन के इस किट में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से एक पत्र भी होता है, जिसमें परिवार नियोजन के फायदों के बारे में लिखा होता है। इस पत्र का

उद्देश्य नवविवाहित दम्पति को जनसंख्या नियंत्रण के लिए सचेत करने के साथ दो बच्चों तक ही परिवार को सीमित रखने के लिए प्रोत्साहित करना है।

किट में पति और पत्नी के लिए आपातकाल में प्रयोग की जाने वाली गर्भनिरोधक गोलियां, सामान्य गर्भनिरोधक गोलियां और कंडोम होते हैं । किट में स्वास्थ्य और सफाई के लिए जरूरी कुछ सामान भी होता है।

संक्षिप्त समाचार

शिवसेना के बागी एकनाथ शिदे को शिवसैनिक अपना नेता नही मानतेःमनोज विद्रोही

दैनिक अयोध्या टाइम्स। बाराबंकी। शिवसैनिकों ने शिवसेना राष्ट्रीय प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के प्रति विश्वास एवं एकजुटता जताते व समर्थन देते हुए इस आशय का एक नोटरी शपथपत्र शिवसेना मुख्यालय को प्रेषित किया है ।

इस संबंध में शिवसेना जिला प्रमुख मनोज विद्रोही ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार शिवसेना के सभी पदाधिकारियों ने बीस

रुपये के स्टाम्प पेपर पर एक शपथ पत्र दिया है कि वे शिवसेना व शिवसेना पक्ष प्रमुख के साथ है शिवसेना के बागी एकनाथ शिंदे को शिवसैनिक अपना नेता नही मानते हैं और शिवसेना के चुनाव चिन्ह धनुषबाण पर सिर्फ शिवसेना का अधिकार है हमारी निष्ठा शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे के साथ है एकनाथ शिंदे गुट शिवसेना का अंग नही है इन्हें अयोग्य घोषित किया जाए,आज शिवसेना जिला प्रमुख मनोज विद्रोही के साथ जिला वरिष्ठ उप प्रमुख कमलेश सिंह चौहान,जिला उप प्रमुख दीपू बाल्मीकि उर्फ पंडित जी,जिला मीडिया प्रभारी कौशल शुक्ला,युवासेना जिला प्रमुख मनोज सिंह मिंटू, व्यापार सेना जिला प्रमुख सुशील जायसवाल उर्फ बब्लू ,जिला सचिव बलबीर वर्मा,बाराबंकी विधान सभा पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ नेता राज परीक्षित सिंह,भवानी सेना जिला प्रमुख मंडल प्रमुख अयोध्या सविता श्रीवास्तव, युवासेना मंडल उप प्रमुख सर्वेन्द्र प्रताप सिंह दीपक ,कुर्सी विधानसभा प्रमुख कमलेश राजपूत ,जिला सचिव आशीष कुमार यादव आदि ने कलेक्ट्रेट कचेहरी में अपने अपने शपथपत्र नोटरी मजिस्ट्रेट के समक्ष सत्यापित कराए।

राष्ट्रीय हिन्दू महासभा भारत की कावर यात्रा टीम बरेली से चलकर मध्यप्रदेश पहुंची

मनोज शर्मा ब्यूरो चीफ। मैनपुरी,राष्ट्रीय हिन्दू महासभा भारत की कावर यात्रा टीम बरेली से चलकर मध्यप्रदेश पहुंची टीम में संगठन के राष्ट्रीय

उपाध्यक्ष सत्यपाल गंगवार जी का मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह राणा जी ने भव्य स्वागत किया बरेली के संजय चौहान जी का स्वागत डा योगेश पाटीदार जी ने पुस्पमामा पहना के किया खेमपाल जी का स्वागत विशाल पाटीदार जी ने माला पहना कर किया ब ईश्वर दयाल जिमहंत जी का स्वागत विशाल पाटीदार जी ने किया डा हरदयाल सिंह जी का स्वागत संगठन सचिव मध्यप्रदेश प्रकाश पाटीदार जी ने किया महंत बनवारी लाल जी का स्वागत डा लोकेंद्र सिंह जी ने किया नरहरी गुप्ता जी का स्वागत गोगावा अध्यक्ष रामनारायण जी पटेल ने किया।

स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराएं

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो। आगरा, 22 जुलाई। राष्ट्रीय बाल एवं किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक यूथ हॉस्टल में सीएमओ डॉ.अरुण

श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीवास्तव ने सभी आरबीएस की टीमों द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी टीमें अपने क्षेत्र के स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर फोर डी के बच्चों का उपचार कराना सुनिश्चित करें।

नोडल अधिकारी डॉ.यूबी सिंह ने बताया कि आरबीएस की टीमें वर्ष में एक बार विद्यालयों व दो बार आंगनबाड़ी केन्द्रों का भ्रमण कर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करती हैं । चिन्हित बच्चों का सीएचसी, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में उपचार कराया जाता है। इस मौके पर में डीपीएम कुलदीप भारद्वाज, डीईआईसी मैनेजर रमाकांत शर्मा, एन आई से विद्या वर्मा, यूनिसेफ से ममता पाल आदि मौजूद रहे।

रोहित छोंकर ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी

अछनेरा रायभा रोड स्थित ग्रीनलैंड स्कूल के होनहार छात्र रोहित छोंकर

पुत्र रामवीर छोंकर निवासी अछनेरा के मोहल्ला चन्दपार्टी ने सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा में 98 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है इस होनहार छात्र को बधाई देने के लिए दूर दूर से आ रहे हैं साथ ही लोग रोहित छोंकर को वाट्सएप के जरिये भी शुभकामनाएं दे रहे हैं रोहित छोंकर के बड़े भाई ने बताया कि मेरा छोटा भाई रोहित का मन सबसे ज्यादा पढ़ाई में लगा रहता है इस मौके पर सभी क्षेत्रवासियों ने खुशी जताई है

छाता में चार दुकानों का शटर तोड़कर हजारों रुपये की नकदी व सामान चोरी

☒ नगर पंचायत अध्यक्ष के घर से 100 मीटर की दूरी पर हुई चोरी

मथुरा,छाता। कस्बे में गत रात्रि चोरों द्वारा चार दुकानों के शटर तोड़कर हजारों रुपये का सामान चुरा लिया गया।

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत छाता के निवास से 100 मीटर की दूरी पर नगला थोक निवासी महेश चौधरी के पुराना जीटी रोड बस स्टैंड स्थित चौधरी बीज भंडार का शटर तोड़कर चोर 35 हजार रुपये नकद 12 हजार रुपये का मोबाइल व अन्य कुछ

सामान चुरा ले गये। इसके समीप ही राहुल बर्तन वालों का शटर तोड़कर लगभग 60 हजार रुपये का सामान व नकदी अज्ञात चोर चुरा ले गए। इसके अलावा वहीं गोवर्धन रोड स्थित मार्केट से चतुर्भुजी मोहल्ला निवासी देव गुप्ता की परचून दुकान का शटर तोड़कर चार हजार नकद व तीन हजार का सामान और स्टेट बैंक निवासी रोहित वार्ष्णेय के कृति मेडिकल स्टोर से नकदी व करीब 10 हजार रुपये कीमत की दवाएं चुरा ले गए। चोरी की जानकारी व्यापारियों को सुबह हुई। जानकारी होने पर आसपास के व्यापारी वहां एकत्र हो गए और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई।एक ही रात में चार दुकानों का शटर तोड़कर चोरी होने से व्यापारियों में रोष व्याप्त है। व्यापारियों का कहना है कि गोवर्धन चौराहा एवं पुराना जीटी रोड पर पुलिस की गस्त होने के बाद शटर टूटना पुलिस की लापरवाही उजागर करता है। उन्होंने तत्काल चोरी का खुलासा करने और चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस ने आस–पास के सीसीटीवी खंगाले हैं।

कुछ संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं। कस्बा चौकी इंचार्ज सुधीर नागर घटना की जांच कर रहे हैं।

कृष्णकुलम ने सीबीएसई की 12वीं के परीक्षा परिणामों में फिर से रचा इतिहास

☒ छात्रों ने 40 प्रतिशत विषयों में प्राप्त की डिस्टिंक्शन।

☒ 12वीं के बैच में किसी भी छात्र की कोई कंपार्टमेंट नहीं। 12वीं के प्रथम बैच का रहा सबसे बेहतरीन परिणाम।

☒ सभी छात्र प्रथम श्रेणी से पास हुए। 50 प्रतिशत छात्रों ने 85 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए।

☒ सभी छात्रों ने 71: अधिक अंक प्राप्त किए 90: छात्रों का रहा 72: से अधिक परिणाम

☒ प्रथम बैच में ही बनाया कई विषयों में कीर्तिमान

☒ 12वीं के प्रथम वर्ष में ही प्राप्त किया शत प्रतिशत परिणाम

☒ आज सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षाओं का परिणाम घोषित हुआ, कोरोना के कारण से नई परीक्षा प्रणाली के कारण पिछले वर्षों से काफी कम रहा सीबीएसई का परिणाम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। मथुरा के कृष्णकुलम सीनियर सेकंडेरी स्कूल ने प्रथम बैच में शत प्रतिशत परिणाम के साथ ही कई कीर्तिमान स्थापित कर दिए हैं, जो किसी भी शैक्षणिक संस्थान के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। सभी छात्र बहुत खुश थे एवं उन्होंने शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की, जिन्होंने उन्हें पूरे सत्र में निर्देशित किया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में अंजू चौधरी ने (92:) प्रथम स्थान प्राप्त किया, करीब 10: छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, करीब 30: छात्रों ने 80: से अधिक,30: छात्रों ने 70 से अधिक तथा 90: छात्रों का रहा 72 प्रतिशत से अधिक परिणाम।

कृष्णकुलम के निर्देशक श्री कृष्ण कुमार शर्मा "मुन्ना भैया" ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा , कि आज मेरे पिता स्वतंत्रता सेनानी स्व० पं० लोकमणि शर्मा का सपना मूर्तिरूप ले रहा हैं द्य उन्हीं की प्रेरणा से कृष्णकुलम की स्थापना इस क्षेत्र में की गई थी। आज छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उनको सच्ची श्रद्धांजलि दी है। मैं सभी अभिभावकों व शिक्षको साधुवाद देता हूं जिनके विश्वास व परिश्रम से यह संभव हो पाया है। मैं सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं, इसके साथ ही उन्होंने 11वीं के छात्रों के प्रवेश के लिए विशेष छात्रवृत्ति की घोषणा की। एकेडमिक डायरेक्टर श्री पवन इन्द्रमणि ने कहा, मैं अपने प्रिय छात्रों को बधाई देता हूं, मुझे यकीन है कि जिस मेहनत और लगन से उन्होंने ये परीक्षा परिणाम प्राप्त किया हैं, वह इसी प्रकार आगे भी मेहनत कर के सभी का नाम रोशन करेंगे। कृष्णकुलम स्कूल के सचिव ई० दीपक मुकुटमणि ने कहा प्रथम वर्ष में यह सब हासिल करना छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के अथक प्रयास और अभिभावकों के साथ के कारण संभव हो पाया हैं, मैं सभी छात्रों को बधाई देता हूं और आशा करता हूँ कि आप सभी देश के आदर्श नागरिक बनेंगे।

एडमिन डायरेक्टर श्री अम्बरीश शर्मा ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि आखिरकार आप सभी की मेहनत रंग लाई, आप सभी को सफलता पर ढेर सारी बधाई और नई जिम्मेदारी व चुनौतियों के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। हम सभी चाहते हैं कि आप अपने जीवन में वह सब कुछ हासिल करें जो आप चाहते हैं। कृष्णकुलम के प्रधानाचार्य श्री राजेश कुमार यादव ने छात्रों व उनके परिवारों को बधाई दी, उन्होंने कहा कि प्रथम परिणाम होने की वजह से सभी पर अतिरिक्त मेहनत का दबाव भी था, शिक्षकों व स्कूल से जुड़े सभी लोगों की दिन रात की मेहनत का परिणाम है। छात्रों के माता–पिता ने स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों को अपने बच्चों को सर्वश्रेष्ठ बनाने के प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। स्कूल की डीन शुभम गोधर ने बताया कि कोरोना काल के कारण सीबीएसई बोर्ड ने नई परीक्षा प्रणाली से परीक्षाएँ कराई थी, जोकि बच्चों के साथ साथ स्कूल प्रबंधन के लिए भी चुनौती भरी थी और प्रथम टर्म में सेल्फ सेंटर होने के कारण पारदर्शिता के साथ एक उदाहरण प्रस्तुत करने की भी चुनौती थी, जिसके लिए स्कूल प्रशासन प्रतिबद्ध था, उसी का प्रणाम हैं यह परीक्षाफल, कक्षा 12 का पहला वर्ष होने के कारण सभी को थोड़ा और ज़्यादा मेहनत करनी पड़ी, जिसका परिणाम सभी के समक्ष हैं।

स्कूल के शिक्षक नवीन मिश्रा, नमन माहेश्वरी, पूर्णिमा गुप्ता, ऋतु सक्सैना, पुष्पेंद्र चौधरी, ललित आदि ने छात्रों को मिठाई खिला कर बधाई और शुभकामनाओं सहित उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया ।

अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा ने की चुनावों की घोषणा

☒ मथुरा जिला सभा एवम प्रदेश कार्यकारणी का चुनाव 07 अगस्त को

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा,गोवर्धन। अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन हाथी दरवाजा स्थित मंदिर ठाकुर श्री बिहारिजी महाराज पर हुआ।

सर्वप्रथम बिहारीजी महाराज की पूजा अर्चना महंत सुखदेव दास हरी महाराज ने सानिध्य में की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेंद्र कुमार शर्मा ने मैथिल ब्राह्मण महासभा की सभी प्रांतीय इकाइयों को भंग कर नवीन कार्यकारणी के गठन की घोषणा की। महासभा अधक्ष्य ने बताया की सर्वप्रथम राजस्थान प्रदेश इकाई का चुनाव 31जुलाई को डीग , उत्तर प्रदेश इकाई एवम मैथिल ब्राह्मण जिला सभा मथुरा का निर्वाचन 7 अगस्त 2022 रविवार को मंदिर ठाकुर श्री बिहारीजी महाराज

गोवर्धन में होगा। हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी का चुनाव 14 अगस्त को ब्राह्मण धर्मशाला पलवल में होगा। आगामी माह में होने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरप्रसाद शर्मा, भोगीराम शर्मा भरतपुर, शेरसिंह पटवारी, उप्र कार्यकारी अध्यक्ष पंडित रामदेव भारद्वाज, मंदिर समिति अध्यक्ष दाऊजी मैथिल, सतीश शर्मा, चेतनस्वरूप शर्मा अलीगढ़, पवनकुमार, रमेश चंद झा, आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन रामदेव भारद्वाज एवम सतीश शर्मा ने किया।

बीकेयू टिकैत के आगरा मंडल अध्यक्ष को बनाया प्रदेश प्रवक्ता, कार्यकारिणी में हुआ फेरबदल

☒ संगठन को मजबूत करने के लिये प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा ने लिया निर्णय

☒ मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह परिहार को दी उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी में दी गई नई जिम्मेदारी

☒ आगरा मंडल में नए मण्डल अध्यक्ष को दी जिम्मेदारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा,आगरा। भाकियू टिकैत ने संगठन को विस्तार ओर मजबूत करने व नया आयाम देने के लिए आगरा मंडल की कार्यकारिणी में फेर बदल कर कमेटी ने निर्णय लेते हुए आगरा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र सिंह परिहार पुत्र बनी सिंह निवासी बरौली बलदेव, मथुरा को पदोन्नति कर प्रदेश प्रवक्ता उत्तर प्रदेश बनाया व प्रमुख महासचिव मंडल रणवीर सिंह चाहर पुत्र कमल सिंह चाहर निवासी बाद ग्वालियर रोड आगरा को मंडल अध्यक्ष आगरा के पद पर मनोनीत किया। प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राजपाल शर्मा ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारी के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर संगठन के संविधान के अनुरूप कार्य करने की शपथ दिलाई। इस पर दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत, राष्ट्रीय महासचिव ठाकुर राजवीर सिंह जादौन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राजपाल शर्मा व प्रदेश कार्यकारिणी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन हित एवं संगठन के संविधान के अनुरूप कार्य करने की शपथ ली। ओर संगठन को मजबूत बनाने के जी जान से कार्य करने की शपथ ली। उधर चौधरी गजेंद्र सिंह परिहार के उत्तर प्रदेश प्रवक्ता बनने पर आगरा मंडल के जनपद आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद के जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। आगरा मंडल के जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश प्रवक्ता बनने पर गजेंद्र सिंह परिहार को शुभकामनाएं दी।

नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता गजेंद्र सिंह परिहार ओर मंडल अध्यक्ष रणवीर चाहर ने कहा संगठन ने हमे जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते है। गजेंद्र परिहार ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के हर जनपद में जाकर संगठन के लिए काम करेंगे और संगठन को ओर मजबूत बनाने पर जोर देंगे।

मथुरा वृंदावन नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाया जो अभियान चलाया बिहारी मंदिर से हरिनिकुंज चौराहा तक

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। नगर निगम मथुरा–वृन्दावन क्षेत्रान्तर्गत स्नेह बिहारी मन्दिर से हरिनिकुंज चौराहा तक एवं विद्यापीठ चौराहा से बांकेबिहारी पुलिस चौकी तक किये गये अवैध अतिक्रमण को श्री लवकुश गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त के दिशा–निर्देशन में पुलिस बल की उपस्थिति में आज दिनांक 22.07.2022 को अतिक्रमण हटवाया गया। साथ ही पॉलीथिन प्रयोग करने वाले दुकानदारों को जुर्माना लगाकर पॉलीथिन जब्त करने की कार्यवाही भी की गई। श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर मे विभिन्न स्थानों पर अवैध अतिक्रमणध्पॉलीथिन प्रयोग करने वाले व्यक्तियों से जुर्माना भी वसूला गया। इसी क्रम में हरिनिकुंज चौराहा से बांकेबिहारी पुलिस चौकी तक हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। नगर आयुक्त श्री अनुनय झा द्वारा स्पष्ट रुप से निर्देशित किया गया है कि वृन्दावन नगर के सप्त देवालयों के आस–पास स्थित अस्थाई एवं स्थाई अतिक्रमण को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त कराया जाये। इसी क्रम में नगर निगम की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये स्नेह बिहारी मन्दिर से हरिनिकुंज चौराहा तक एवं विद्यापीठ चौराहा से बांकेबिहारी पुलिस चौकी तक हो रहे अवैध अस्थाई एवं स्थाई कब्जों को मुक्त कराया गया। इस अवसर पर श्री श्रीगोपाल वशिश्ट, प्रधान लिपिक, श्री सुभाषचन्द, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक, श्री पवन शर्मा, लिपिक कर विभाग, श्री विपिन बल्लभ, लिपिक श्रीसत्यप्रकाश दीक्षित, लिपिक कर विभाग, श्री बृजलाल सैनी, लिपिक, श्री भरत राजपूत, श्री मोनू, श्री योगीराज, श्री सौरव ठाकुर, श्री देवेन्द्र चौधरी, श्री रॉबिन बधेल आदि एवं नगर निगम प्रवर्तन दल की टीम भी उपस्थित थी।

आग में झुलसे एक की इलाज के दौरान मौत

☒ थाना क्षेत्र के गांव कोठीपुर का मामला

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स फफूंद (औरैया)। थाना क्षेत्र के गांव कोठीपुर में खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर की नली में आग लग गई। आग को बुझाते समय तीन लोग झुलस गये। तथा 3 बकरिया भी झुलस गई है। घायलों को एम्बुलेंस से दिबियापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां से सैफई के लिए रिफर कर दिया गया था। गुरुवार की रात्रि में इलाज के दौरान घायल 16 वर्षीय अनमोल की मृत्यु हो गई। जबकि पिता का इलाज चल रहा है।

बीती 18 जुलाई दिन रविवार की दोपहर थाना क्षेत्र के गांव कोठीपुर निवासी राम स्वरूप की बहू सतीश कुमारी गैस सिलेंडर में खाना बना रही थी। तभी अचानक गैस सिलेंडर की नली में आग लग गई आग लगते ही सतीश कुमारी वहा से भाग कर बहार आई।

आग बुझाने गये ससुर राम स्वरूप उनका पुत्र अतवल सिह व नाती अनमोल आग की लपटों में झुलस गया। पास में बंधी 3 बकरी भी आग की चपेट में आकर के झुलस गई थी।

घायलों को दिबियापुर अस्पताल लेकर गये थे जहां से सैफई के लिए रिफर कर दिया था। गुरुवार की रात्रि में इलाज के दौरान सैफई में 16 वर्षीय अनमोल की मृत्यु हो गई। जब की पिता अतवल सिह का इलाज सैफई में चल रहा है।

बिल्डर की धोखाधड़ी के खिलाफ जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

☒ एडीएम ने दिए जांच के आदेश

☒ चंदा ग्रीन सोसाइटी की व्यवस्थाओं के संचालन से पहले बिल्डर द्वारा सोसायटी में आवश्यक सुविधायें देने, अधूरे कार्यों को पूरा कराने एवं माधव इंफ्राटेक कंपनी के पास बचे हुए फंड को सोसाइटी के खाते में स्थानांतरित कराने के संबन्ध में

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा। मथुरा चंदा ग्रीन्स सोसाइटी, ट्रांसपोर्ट नगर, मथुरा । इस सोसाइटी का निर्माण माधव इंफ्राटेक कंपनी ने कराया है। इस कंपनी के मालिक श्री के.डी.अग्रवाल एवं श्रीमती इंदिरा अग्रवाल पत्नी स्वर्गीय श्री जगदीश अग्रवाल हैं। यह सोसाइटी अभी बिल्डर के अधीन है। इस सोसाइटी में काफी लोग वरिष्ठ नागरिक हैं जिन्होंने अपने जीवन की पूरी कमाई इसमें लगा दी है लेकिन सोसाइटी के हालात देख कर हम अपने को ठगा ठगा सा महसूस करते हैं। इसके पीछे कुछ तथ्य हैं इन तथ्यों को हम आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं। 1. कुछ अति आवश्यक सुविधाओं का अभावरू ।. सोसाइटी में अग्नि शमन सिस्टम के नाम पर कहीं कहीं सांकेतिक ढांचे लगे हुए हैं वे चालू हालत में नही हैं। यदि कभी घटना हुई तो सोसाइटी के लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। ठ. कॉलोनी के मुख्य द्वार के पास सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के नाम पर एक ढांचा खड़ा है वह भी चालू हालत में नहीं है। सोसाइटी के सीवेज का गंदा पानी पंप सेटों से बाहर फेंका जाता है। इससे वायु प्रदूषण के साथ ध्वनि प्रदूषण भी होता है। ६ बिल्डर के द्वारा एक सोसायटी ऑफिस बनाकर देना चाहिए था लेकिन कोई ऑफिस नहीं बनाया। 2. कॉलोनी के अधूरे एवं वायदा किए गए कार्य ।. कॉलोनी के अधूरे अथवा वायदा किए कार्यों की सूची चंदा ग्रीन वासियों ने बिल्डर को एक साल पहले ही दे दी थी लेकिन कोई कार्य नहीं किया सभी कार्य ज्यों की त्यों हैं। कई बार समय समय पर बिल्डर

को कार्यों को पूरा कराने हेतु आग्रह करते रहे और बिल्डर हम को झूठे आश्वासन देते रहे। B. कुछ कार्य जैसे रोड लाइट के टूटे हुए खम्बों को थीक कराना। C- जर्जर एवं टूटी हुई बाउंड्री वॉल की मरम्मत कराना एवं उस पर कांटे दार तारों को लगवाना D. सोसाइटी की सड़कों पर जल भराव की समस्या का निराकरण कराना। ६. जिम को

चालू करवाना। F- क्लब हाउस के आस पास उखड़े हुए फर्श की मरम्मत कराना। G- किड्स पूल की मरम्मत करवाना H- चिल्ड्रेन पार्क में पर्याप्त मात्रा में झूले आदि लगवाना। I- हाई रेजोल्यूशन कैमरे लगवाना.श्र. डक्टो की स्थिति में सुधार कराना आदि। 3. बिल्डर द्वारा ग्राहकों को प्रलोभन देकर गुमराह करना द्य बिल्डर ने सोसायटी की सुरक्षा एवं रखरखाव के नाम पर 1BHK वाले फ्लैट स्वामियों से 40000/रूपये, 2 BHK वालों से 65000/–रूपये एवं 3ठभ्ज्ञ वालों से 80000/–रुपए एक मुस्त यह कहकर लिए थे कि यह फंड वन टाइम इन्वेस्टमेंट होगा इससे सोसाइटी का दीर्घ कालीन संचालन होता रहेगा अलग से मासिक पैसा देने की आवश्यकता नहीं है। इस प्रलोभन में आकर लोगों ने यहां फ्लैट खरीदे 4. माधव इंफ्राटेक से बचे हुए फंड को सोसाइटी के खाते में स्थानांतरित करना इस समय सोसायटी में 1924 (कमर्शियल बिल्डिंग के ऊपर) कुल 196 फ्लैट्स हैं उनका कुल फंड 13490000/– बनता है। बिल्डर ने सोसायटी को 5000000/– रुपए तथा कुछ फ्लैट स्वामियों ने लगभग 545000/– रुपए दिए हैं और शेष 7945000/– रुपए बिल्डर के पास है जिनको बिल्डर द्वारा सोसाइटी के खाते में भेजना है। सोसायटी के कैंपस में बिल्डर की 13 दुकानें भी हैं उनका कोई फंड इसमें शामिल नहीं हैं। दुकानों से कितना फंड लेना चाहिए यह नियमानुसार तय किया जाना जरूरी है। दुकानों का जो भी बनता है उसे भी बिल्डर को सोसाइटी के खाते में भेजना चाहिए अतः श्रीमान जी से अनुरोध है कि उपरोक्त सभी बिन्दुओं की जांच करा कर सोसाइटी के आवश्यक एवं अधूरे कार्यों को बिल्डर द्वारा पूरा कराया जाय तथा बचे हुए पूरे फंड के साथ चंदा ग्रीन्स सोसाइटी को यहां की कमेटी को हस्तांतरित कराने की कृपा करें जिससे कि हम अपनी सोसाइटी को अच्छी तरह से चला सकें। आपकी अति कृपा होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में सोसाइटी अध्यक्ष नवरत्न सिंह, सचिव एस पी सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद दीक्षित, ओमप्रकाश , शिवराज सिंह तोमर, रवि कुमार , मनोज कुमार, विष्णु बहादुर ,सी बी खड़के आदि मुख्य रूप से रहे शामिल।

एसपी ने पुलिस लाइन में अर्दलीरूम का निरीक्षण किया

संवाददाता विमल पाण्डेय दैनिक अयोध्या टाइम्स औरैया। पुलिस अधीक्षक चारु निगम ने पुलिस लाइन में अर्दली रूम का निरीक्षण किया , जिसमें पुलिस लाइन मे हाजिरी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया, जो भी कमियां पाई गई संबंधित अधिकारीध कर्मचारीगणो को जल्द से जल्द सुधार करने के निर्देश दिए गये तथा पुलिस अधीक्षक ने आगामी त्यौहारो को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस लाइन में स्टोर रूम में डंडा, हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, केन शील्ड आदि दंगा उपकरणों का निरीक्षण किया तथा उनके नवीनीकरण एवं सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

जिसमें प्रशिक्षु डिप्टी एसपी भरत पासवान व अन्य अधि0/कर्मगण उपस्थित रहें।

संक्षिप्त समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश सभी अधिकारी पत्रकारों के फोन अवश्य रिसीव करें

MP MLA की तरह ही पत्रकारों के भी फोन अवश्य रिसीव करें अधिकारी

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ मथुरा,लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री ने मंडल, रेंज, जोन और जनपद में तैनात वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की सीएम ने कांवड़ यात्रा के सुगम शांतिपूर्ण आयोजन और स्वतंत्रता सप्ताह के सफल आयोजन को लेकर आदेश दिए हैं सीएम ने कहा सारे अफसर डच डस। की तरह ही पत्रकारों से भी बात करेंगे उनके फोन उठाएंगे अगर कहीं व्यस्त हैं और फोन नहीं उठाया तो वापस कॉल बैक करेंगे देखना होगा कि माननीय श्री मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस फैसले को प्रशासन और शासन कितना पालन करता है और अधिकारी अपना कर्तव्य अच्छी तरीके से निभाए तो अपराध मुक्त यूपी हो सकता है जो आज तक पत्रकारों को अधिकारी तवज्जो नहीं देते थे शायद माननीय श्री मुख्यमंत्री जी के आदेश के बाद पत्रकारों को अधिकारियों से अच्छे बर्ताव की उम्मीद है।

विद्युत कटौती से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया पोरा बिजलीघर पर विरोध प्रदर्शन

सिकंदराराऊ। ग्राम पंचायत पोरा के लोगों ने ग्राम प्रधान देवेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में विद्युत कटौती को लेकर शुक्रवार को पोरा बिजली घर पर विरोध प्रदर्शन किया तथा विद्युत आपूर्ति सुचारू किए जाने की मांग की। विद्युत अधिकारियों ने आपूर्ति सुचारू करने के लिए 24 घंटे का समय मांगा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि विद्युत आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले काफी समय से क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था लड़खड़ाई हुई है ।लगातार विद्युत कटौती की जा रही है। जिससे किसान फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं और अन्य लघु उद्योग धंधे भी ठप पड़े हुए हैं। सभी लोग विद्युत कटौती से परेशान हैं। जिसे लेकर लोगों में गुस्सा है। इसी आक्रोश के चलते शुक्रवार को बिजली घर पर विरोध प्रदर्शन किया गया। विरोध प्रदर्शन करने वालों में देवेन्द्र कुमार कुशवाहा प्रधान, आमोद शर्मा, दीपक चौहान, अंकुर, अरुण राजू, कपिल राजौरिया, युवराज सिंह आदि लोग थे।

राज कमल पब्लिक स्कूल की छात्रा कनिका ने किया स्कूल टॉप

सिकंदराराऊ। शुक्रवार को सीबीएसई इंटरमीडिएट का परीक्षा फल घोषित हुआ । नगर के राज कमल पब्लिक स्कूल की छात्रा कनिका

कुमारी ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके नाम रोशन किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह राठौर ने बताया कि स्कूल की छात्रा कनिका कुमारी ने 95.98 प्रतिशत, खुशी माहेश्वरी ने 92.2 प्रतिशत, नितिन कुमार गौतम 85.8 प्रतिशत, इबरा खान ने 85 प्रतिशत तथा गीतिका जाखेटिया ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय परिवार एवं स्कूल की एमडी नीलम सिंह राठौर द्वारा सफल छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। गत वर्ष भी स्कूल का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा था और छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था ।

युवा भाजपा नेताओं ने युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

कन्नौज। भूजल सप्ताह समापन समारोह में सम्मिलित होने पहुंचे कन्नौज जनपद के युवा भाजपा नेताओं ने वरिष्ठ नेता प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा से मुलाकात की। बताते चलें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मे पहुंच कर वरिष्ठ नेता प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा प्राशु दत्त द्विवेदी के साथ–साथ प्रवक्ता आनंद दुबे शेख से कन्नौज के युवा भाजपा नेता सौरभ दुबे कुलदीप दुबे लिए मुलाकात कर संगठन से संबंधित चर्चा पर चर्चा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन लिया वही मुलाकात के बाद लोक भवन में भोजन सप्ताह के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

महंत मिट्ठू दास राजकीय मध्य विद्यालय सह संकुल संसाधन केंद्र अमरपुर

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार के प्रधाना अध्यापक देव मुकुंद एवं सभी शिक्षक गण मिलकर स्वेच्छा से एक नई पहल शुरुआत की जिसके तहत सभी छात्र छात्राओं के साथ–साथ अब वहां सभी शिक्षक भी एक जैसे ड्रेस कोर्ट में नजर आएंगे इस नई पहल को लेकर समाज में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है जिसको लेकर शिक्षक भी काफी खुश हैं और वहां के समाज भी प्रधानाध्यापक देव मुकुंद के द्वारा उठाए गए इस कदम से सभी शिक्षकों को बधाइयां दे रहे हैं। वही इस मौके पर प्रधानाध्यापक देव मुकुंद ने अपनी बात को रखते हुए कहा इस तरह की कदम से शिक्षक और छात्र/छात्राओं के बीच नजदीकियां

बढ़ेगी। इसका फायदा सभी छात्र/छात्राओं को मिल पाएंगे। वही प्रधानाध्यापक के द्वारा उठाए गए इस कदम मैं किसी भी प्रकार से कोई भी सरकारी राशि का उपयोग नहीं किया गया सभी शिक्षक स्वयं स्वेच्छा से अपने–अपने ड्रेस कोड सिलवाए ताकि बच्चों और शिक्षकों के बीच समानता विकसित हो सके इस मौके पर शिक्षिका प्रमिला देवी, तपेश्वर प्रसाद यादव ,पवन कुमार शर्मा, इशरत परवीन ,विद्यानंद आनंद श्री शंभू कुमार राम, कुमोद राम ,श्री राकेश कुमार पटवे,पवन कुमार, आदि शिक्षक अपनी ड्रेस कोड में उपस्थित नजर आए।

ग्रीन पॉइंट स्कूल के उच्च माध्यमिक के छात्र छात्राओ ने बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया

नियामतपुर। सीबीएसई के उच्च माध्यमिक परीक्षा फल की घोषणा शुक्रवार को बोर्ड द्वारा जारी करने के बाद छात्र छात्राओं में भारी उत्साह देखा गया। इस दैरान कुल्टी क्षेत्र के कुलतोड़ा स्थित ग्रीन पॉइंट स्कूल के उच्च माध्यमिक के छात्र छात्राओ ने बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस बार उच्च माध्यमिक में स्कूल के कुल 184 छात्र छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया था। जहा स्कूल का रिजल्ट 96.74 प्रतिसत छात्र छात्राएं उतीर्ण हुए। वही 90 प्रतिसत अंक प्राप्त करने वालो में 27 छात्र छात्राएं भी शामिल है। स्कूल में साइंस में पढ़ने वाले सौभिक मुखर्जी 95.8 प्रतिसत अंक प्राप्त कर प्रथम, अंकिता सिंह ने 94.8 प्रतिसत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं रक्षा कुशवाहा 94.2 प्रतिसत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। वही कोमर्ष में रितिका साह 92.2 प्रतिसत अंक प्राप्त कर प्रथम, अमन प्रसाद केशरी 88.6 अंक प्राप्त द्वितीय एवं सजता दत्ता 88 प्रतिसत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। स्कूल के परिणाम को लेकर छात्र छात्राओं में काफी हर्ष ओर उल्लाश का माहौल है। जिसका श्रेय छात्र छात्राओं ने स्कूल के शिक्षकों एवं स्कूल के मैनेजमेंट को दिया। वही स्कूल के डायरेक्टर डॉ राम बालक शर्मा ने उच्च माध्यमिक में उत्तीर्ण हुई सभी छात्र छात्राओं को दिल से बधाई दी । जिनके अपने परिणाम के कारण ये सफलता हासिल की। जिनकी जितनी मेहनत उतना उन्होंने फल प्राप्त किया। जिसमें स्कूल के सभी शिक्षकों की मेहनत के कारण ओर छात्र छात्राओं के परिश्रम का नतीजा है।

क्षेत्र में पेयजल समस्या को लेकर विधायिका अग्निमित्रा पाल मेयर से मुलाकात की

आसनसोल। आसनसोल दक्षिण की विधायक अग्निमित्रा पाल ने शुक्रवार आसनसोल नगर निगम के मेयर बिधान उपाध्याय से मुलाकात की और उनके विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में पानी की किल्लत से उनको अवगत कराया। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के ऐसे कई इलाके हैं जहां पानी की आपूर्ति बेहद कम है या फिर कुछ क्षेत्रों में पानी रात 12 बजे खोला जाता है। जिससे विशेषकर महिलाओं को काफी दिक्कतें आती हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी वह आसनसोल नगर निगम के डिप्टी मेयर से इस संदर्भ में बात कर चुकी है लेकिन अब तक कोई नतीजा नहीं निकला है। यही वजह है कि आज उन्होंने फिर से इन समस्याओं के समाधान के लिए मेयर से गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान उप मेयर अभिजीत घटक वसीम उल हक भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि अभिजीत घटक ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र के कई इलाकों में ईसको की तरफ से पानी की आपूर्ति की जाती है और ऐसे में इन क्षेत्रों में पानी की समस्या को दूर करने के लिए ईसको से भी बात करनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि वह इस संदर्भ में ईसको प्रबंधन से भी बात करेंगी । उन्होंने कहा कि सेनरेले इलाके में एक पाइप लाइन बिछाना है लेकिन वह रेलवे की जमीन से होकर गुजरेगी इसके लिए रेलवे से भी अनुमति की जरूरत होगी। इस विषय पर भी बैठक में चर्चा हुई साथ ही उन्होंने कहा कि उनको पता चला है कि बर्नपुर गुरुद्वारे में कुछ अवैध निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। अग्निमित्रा पाल ने साफ कहा कि वह किसी भी अवैध निर्माण को होने नहीं देंगे और अगर ऐसा कुछ हुआ है तो उसे तोड़ दिया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी को भी वंचित नहीं करना चाहती है और जहां भी लोग वंचित हो रहे हैं उनको उनका हक दिलवाने के लिए वह प्रयास करती रहेंगी।

सीबीएसई बोर्ड के बारहवीं के विद्यार्थियों ने किया टॉप

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता देवरिया, भटनी। स्थानीय नगर पंचायत के,के पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में पास होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया । सीबीएसई बोर्ड के 12वी के परिणाम घोषित हो गए हैं। भटनी क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र मे रहने वाले छात्र–छात्राओं ने 12वी की परीक्षा में अच्छे अंक के साथ पास किया । बताते चले कि सत्यम मणि त्रिपाठी ने सीबीएसई में 90.6: अंक हासिल किए हैं.तो वही रोहित कुमार श्रीवास्तव ने 89.2: अंक हासिल की तो अंकु गुप्ता ने 88: अंक हासिल रितिक बरनवाल ने 85.2: अंक हासिल सानिया प्रवीण ने 85: अंक हासिल डॉली कुमारी ने 83.6:अंक हासिल प्रदीप पाठक ने 82: अंक हासिल विशाल कुमार गुप्ता ने 81.4: अंक हासिल पूजा यादव ने 79.6: अंक हासिल शिवानी सिंह ने 79: अंक हासिल कर सभी ने केके पब्लिक एकेडमी भटनी का मान बढ़ाया। सभी भटनी केके पब्लिक एकेडमी की छात्र–छात्रा हैं रिजल्ट आने के बाद सेंट केके पब्लिक विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल है 12वी टॉपर सभी छात्र छात्राओं ने कहा कि हम लोगो को गर्व है कि हम लोग केके पब्लिक एकेडमी के छात्र है सभी छात्र छात्राओं ने अपनी कामयाबी पर अपने माता पिता व गुरुजनों को श्रेय दिया, सभी छात्र काफी खुश हैं।

पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकत्री पति शिक्षामित्र फिर भी अंत्योदय राशन कार्ड धारक

मिल्कीपुर,अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंधा में मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा शिक्षामित्र पति द्वारा अंत्योदय अन्न योजना का राशन कार्ड बनवा कर पात्र गरीबों का निवाला डकारने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के बाद ग्राम वासी युवक ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर करते हुए राशन कार्ड निरस्त कर गांव के किसी पात्र गरीब को आवंटित किए जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत तेंधा निवासी भैरव नाथ तिवारी पुत्र नंदकिशोर तिवारी मुख्यमंत्री से की गई शिकायत में आरोप लगाया है उनके गांव निवासी कुलेश्वरी देवी गांव में मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री हैं तथा उनके पति ओमप्रकाश गुप्ता प्राथमिक विद्यालय बरईपारा में शिक्षामित्र पद पर कार्यरत है। इसके साथ ही साथ उनके पास मोटरसाइकिल, पिकअप वाहन और 3 बड़े बड़े पक्के मकान भी हैं। इसके बावजूद भी कुलेश्वरी देवी के नाम से अंत्योदय योजना का राशन कार्ड जारी है। जबकि गांव के कई पात्र गरीब व्यक्तियों के पास किसी भी योजना का राशन कार्ड नहीं है जिसके चलते वह तंगहाली में जीवन गुजर बसर कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने उपरोक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री के नाम से आवंटित अंत्योदय योजना के राशन कार्ड को निरस्त करते हुए गांव के किसी गरीब एवं पात्र व्यक्ति को अंतोदय राशन कार्ड आवंटित किए जाने की मांग की है।

सोनिया गांधी से ईडी की पूछताछ पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की सोनिया गांधी से पूछताछ पर कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। अयोध्या में शुक्रवार को प्रेस क्लब तिराहे पर पुलिस ने कांग्रेसियों को रोका। इस पर कार्यकर्ताओं की पुलिस से धक्कामुक्की हुई। केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा जिस नेशनल हेराल्ड मामले में एक–एक पैसे का लेन देन पारदर्शी तरीके से है वहां सिर्फ परेशान करने के नाम पर ईडी को मनी लांड्रिंग दिख रहा है, इसके उलट जिस पीएम केयर्स फण्ड में हजारों करोड़ का घोटाला हुआ जिसका ऑडिट तक नहीं हुआ, जिसे सरकार ने सरकारी फण्ड मानने से इनकार कर दिया, जिसमे अरबों की लेन–देन हुई है, वहां ईडी को सब कुछ साफ सुथरा दिख रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिस तरह महंगाई अपने चरमोत्कर्ष पर है, उससे आम जनमानस की कमर टूट चुकी है, बेरोजगार युवक रोजगार की तलाश में दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं, किसान अपनी समस्याओं से लड़ते हुए दम तोड़ दे रहें हैं कांग्रेस उन सवालों को लगातार उठा रही है इन्हीं सवालों पर सरकार कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है और जनता की आवाज संसद में न उठे और जनता का ध्यान इन सब मुद्दों पर न जाए इसलिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग करके विपक्षी नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे इस अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है हम जनता की आवाज उनके हित के मुद्दों को उठाते रहेंगे।

जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा सरकार चाहे जितना प्रयास कर ले ये आवाज बंद होने वाली नहीं है, श्रीमती सोनिया गांधी और राहुल गांधी उस गांधी परिवार की परंपरा के वाहक हैं जो देश के लिए शहादत देने से पीछे नहीं हटा ये ई. डी. की क्या बिसात है। कांग्रेस पार्टी अन्याय और असत्य को लेकर सत्ता के दुरुपयोग का लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत जवाब देने से कतई पीछे नहीं हटेगी। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य उग्रसेन मिश्रा, रामदास वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलासन पांडे ,कोषाध्यक्ष अब्दुल हकीम, अनिल सिंह, रामकरण कोरी ,राम अवध, सेवा दल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा ,कर्मराज यादव, राम लोटन पांडे, भीम शुक्ला, बलवीर कोरी ,पंकज सिंह, रामसागर रावत, बृजेश रावत ,रामनरेश मौर्य, कमलेश यादव युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संजय तिवारी श्रीनिवास शास्त्री उमेश उपाध्याय, डीएन वर्मा ,चंचल सोनकर ,राम बहादुर सिंह, रामेंद्र त्रिपाठी, अमरीश पांडे, सोशल मीडिया इंचार्ज शैलेंद्र पांडे, शैलेश शुक्ला ,दिनेश शुक्ला मोहम्मद फैजान अहमद, बृजेश वर्मा ,उदयलाल वर्मा, प्रदीप वर्मा ,आशुतोष सिंह ,आशीष यादव, राजेश यादव, दिनेश चौधरी, विनोद यादव ,प्रवीण श्रीवास्तव ,डॉक्टर राजकुमार मौर्य ,अभिषेक तिवारी ,रोहित यादव, सभाजीत यादव आदि शामिल रहे।

बूथ सशक्तिकरण अभियान सकुशल सम्पन्न

पवन कुमार रुदौली,अयोध्या। भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत कूढा सादात रुदौली अयोध्या में भव्य कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रुदौली रामचंद्र यादव रहे।भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान के मुख्य अतिथि विधायक रुदौली रामचंद्र यादव ने बूथ अध्यक्ष कूढा सादात प्रभात कुमार एवं अशोक कुमार वर्मा को माला पहनाकर सम्मानित किया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुल्कराज यादव एवं उनकी सहयोगी टीम गौरियामऊ म्यूजिक ग्रुप ने भक्ति गीत के साथ। मौजूद लोगों का मन मोह लिया कार्यक्रम के दौरान भारत माता की जय जय श्री राम के नारे खूब लगाए गए।कार्यक्रम का संचालन राम राज ने किया विधायक रुदौली रामचंद्र यादव ने अपने सम्बोधन में कहा 2014 में भाजपा की सरकार बनी एवं नरेंद्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने उसके बाद से लगातार आप सबका आशीर्वाद मिलता रहा 2019 व 2017 व 2022 में भाजपा की सरकार बनी सेवा ही धर्म है सेवा ही हमेशा करना एक एक परिवार की चिंता करें 2019 व 2014 व 2017व 2022 व 2012 मे कूढा सादात का क्या प्रदर्शन था, कितना समर्थन मिला की समीक्षा करें ,सेवा करने का संकल्प लिया, सेवा ही धर्म है, काम शुरू किया है देश व प्रदेश से लगातार आशीर्वाद मिला है ,सेवा करें ,गांव पंचायत ,नौजवानों, सभी जाति धर्म मजहब के लोगों को लाभ मिला है आपका प्यार ,सम्मान मिला भरोसा देता हूं आप के सम्मान के लिए एक एक कदम आगे बढ़ा कर काम करेंगे आप सबका स्वागत एवं अभिनंदन।आगे श्री यादव ने कहा वर्षा का इंतजार था जिसकी शुरुआत हुई प्रकृति का आशीर्वाद मिल रहा है। वर्षा होने से बड़ी गर्मी का प्रकोप कम हुआ है प्रकृति के द्वारा जल, वायु ,धरती, अन्य जीवन उपयोगी वरदान के रूप में मिला। उसी से हम सब आत्मनिर्भर हैं ।जब जब परिवार की समीक्षा करें जो जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए परिवार को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कूढा सादात शबी रिजवी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ खुले मंच पर विधायक रुदौली रामचंद्र यादव के कर कमलों द्वारा भाजपा का झंडा थाम कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। शबी रिजवी ने अपने घर के सामने आयोजित कार्यक्रम में पधारे मुख्य अतिथि विधायक रुदौली रामचंद्र यादव सहित निर्मल शर्मा, तेज तिवारी, संतोष मिश्रा, तारिक खान आदि को माला पहनाकर अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता तेज तिवारी, निर्मल शर्मा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संतोष मिश्रा मंडल अध्यक्ष मवई तारिक खान मंडल अध्यक्ष मवई अखिलेश कुमार मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा मोहम्मद खान मंडल महामंत्री मवई मोहम्मद मेहंदी उर्फ बबलू जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा व मोहम्मद मुशीर, मोहम्मद नजीर, मोहम्मद फारुख, मोहम्मद सलमान, मोहम्मद सिद्धू, शिवराम, कुलदीप सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

भटनी सिसवा सेंट थॉमस स्कूल के छात्र छात्राओं ने सीबीएसई 10वी में किया टॉप

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज कुमार यादव संवाददाता देवरिया भटनी। विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सिसवा सेंट थॉमस स्कूल के बच्चों ने 10वी में टॉप किया सीबीएसई बोर्ड के 10वीं के नतीजे घोषित हो गए हैं. देवरिया के भटनी गॉव क्षेत्रो के रहने वाले छात्र–छात्राओं ने 10वीं की परीक्षा में टॉप किया बताते चले कि बरसात गॉव के रहने वाले संजीव तिवारी ने सीबीएसई में 95.5: अंक हासिल किए हैं.तो वही मकुनही नुनखार गॉव निवासी जूही यादव 90.2: अंक हासिल किया उसके आर्यन कुशवाहा ने 88.4: हासिल की तो वही अश्वनी यादव ने 88: हासिल किया तो आशा अंशा यादव ने 87:7 अंक विनय चौरासिया ने 87: सिमरन मद्धेशिया 83: अनाया अंसारी 82.5 महिमा कुशवाहा 80.2 प्रियांशू पाल 81: विपेश यादव 80: अंक हासिल कर सभी ने सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल भटनी सिसवा का मान बढ़ाया सेंट थॉमस सेकेंडरी स्कूल की छात्र–छात्रा हैं रिजल्ट आने के बाद सेंट थॉमस स्कूल में जश्न का माहौल है। 10वीं में सभी टॉपर ने कहा कि हम लोग भटनी सेंट थॉमस के स्टूडेंट है सभी ने कहा कि हम लोगो को गर्व है कि हम लोग सिसवा स्कूल के छात्र है। यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात है,सभी छात्र छात्राओं ने अपनी कामयाबी पर अपने माता पिता व गुरुजनों को श्रेय दिया, सेंट थॉमस स्कूल के 100 फीसदी बच्चे पास हो गए हैं। स्कूल के प्रबंधक संजय गुप्ता का कहना है कि यह हमारे लिए गर्व की बात है, हमारे सभी बच्चे पास हो गए हैं सभी बच्चों ने हमारे स्कूल का नाम रोशन किया।

26 जुलाई तक लखनऊ से अयोध्या हाईवे रहेगा बंद

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। सावन मास में 23 से 26 जुलाई तक अयोध्या पहुंचने वाले कांवड़ियों की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने 23 की सुबह चार बजे से 26 जुलाई तक लखनऊ से अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया है। इस दौरान कांवड़ियों के लिए दो लेन सुरक्षित रहेंगी। दो लेन आवश्यक सुविधाओं के लिए आरक्षित रहेंगी। भीड़ की स्थिति को देखते हुए छोटे वाहनों के संचालन की अनुमति दी जाएगी। रूट डायवर्जन का भी चार्ट तैयार कर लिया है। सावन में कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी व श्रावण शिवरात्रि पर अयोध्या में सरयू नदी से जल लेने के लिए बस्ती, आजमगढ़, अंबेडकरनगर, सुल्तानुपर, बाराबंकी समेत अन्य जनपदों से लाखों कांवड़िये आते हैं। उनका आगमन 23 जुलाई से ही शुरू हो जाएगा। माना जा रहा है कि जिले में 25 व 26 जुलाई सावन शिवरात्रि को रामनगरी में लाखों कांवड़ियों का डेरा होगा। इसको लेकर पुलिस ने सुरक्षा का मजबूत खाका खींचा है। इसी के तहत रूट डायवर्जन का चार्ट भी तैयार किया गया है। एसपी सिटी व मेला सुरक्षा अधिकारी विजयपाल सिंह ने बताया कि कांवड़ मेला को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर 23 जुलाई की सुबह चार बजे से 26 जुलाई को भीड़ समाप्ति तक जनपद गोंडा, बस्ती, बलरामपुर, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, अमेठी, बाराबंकी से आने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। इसी तरह गोंडा के लकड़मंडी चौराहे से सभी प्रकार के वाहन अयोध्या में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। फैजाबाद से आने वाले वाहन श्रीराम अस्पताल तक आ सकेंगे। रामघाट चौराहे से साकेत पेट्रोल पंप व नयाघाट की ओर सभी वाहनों का प्रवेश निषेध होगा। उन्होंने बताया कि कांवड़ियों के लिए लखनऊ–बस्ती हाईवे को आरक्षित रखा जाएगा। दो लेन आवश्यक सुविधाओं के वाहनों के लिए सुरक्षित रहेंगे। इस पर छोटे वाहनों के आवागमन की भी अनुमति दी जा सकती है, लेकिन यह कांवड़ियों की भीड़ पर निर्भर करेगा। यदि भारी भीड़ उमड़ी तो हाईवे को पूरी तरह से बंद करने का भी निर्णय लिया जा सकता है। सीओ अयोध्या व सीओ यातायात डॉ. राजेश तिवारी ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने के लिए मेला क्षेत्र में एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा पहले से लगे कैमरों को दुरुस्त कराया गया है। मेला क्षेत्र में विशेष दबाव वाले स्थान नयाघाट, सरयू तट, हनुमानगढ़ी आदि पर ड्रोन कैमरे से भी नजर रखी जाएगी।

सीओ ने बताया कि कांवड़ियों की भीड़ में सादी वर्दी में पुलिस के जवानों के साथ खुफिया विभाग के कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं। हाईवे व पुल पर भी पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। पूरे मेला क्षेत्र को सात जोन व 25 सेक्टर में बांटा गया है। इसकी सुरक्षा के लिए एक कंपनी सीआपीएफ, एक कंपनी पीएसी, 10 सीओ, 14 इंस्पेक्टर, 75 एसआई, 180 सिपाही, 80 कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई जाएगी। अयोध्या में उमड़ने वाले कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने रामनगरी के व्यापारियों के साथ बैठक कर उनसे सहयोग की अपील की। सीओ अयोध्या डॉ. राजेश तिवारी ने व्यापारियों से सुझाव भी मांगे। व्यापारियों ने कहा कि मेले में नाबालिग ई–रिक्शा व टैंपो–विक्रम वाहन न चलाने पाएं। इससे दुर्घटना की संभावना रहती है। अयोध्या व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने सुझाव दिया कि मेले के दौरान स्कूली वाहन को पास बनाकर दिया जाए। जिससे बच्चों को स्कूल आने–जाने में कोई असुविधा न हो। साथ ही शृंगारहाट से रामजन्मभूमि मार्ग के चौड़ीकरण को भी सावन मेला तक स्थगित करने की मांग की। सीओ ने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वे संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु आदि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में पार्षद नंदलाल गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राधेश्याम गुप्ता, विनोद श्रीवास्तव, विनोद पाठक, सुफलचंद्र मौर्य, अश्वनी गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

बिना गठबन्धन के रालोद लड़ेगा स्थानीय निकाय चुनाव रु रामाशीष राय

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। राष्ट्रीय लोकदल किसान मजदूर व नौजवानों की लड़ाई लडेगा। इसके लिए लोक दल ने यह निर्णय लिया है कि हम स्थानीय निकाय के चुनाव में जनता के बीच जाएंगे और वहीं से हमारा संघर्ष प्रारम्भ होगा। स्थानीय निकाय चुनाव में लोकदल किसी राजनैतिक दल के साथ मिलकर चुनाव नही लडेगा हम अकेले अपने दम पर चुनाव में उतरने जा रहे हैं। उक्त विचार राष्ट्रीय लोकदल के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने व्यक्त किए। रालोद के प्रदेश अध्यक्ष प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव तो हम अकेले दम पर लड़ने जा रहे हैं किन्तु लोक सभा चुनाव हम गठबन्धन के साथ ही लडेगें। उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनाव में पश्चिम में हम आशा के अनुरूप सीटें नही निकाल सके इसके लिए पार्टी ने समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि कोरोना का भय दिखा कर हमें रैलियां नही करने दी गई। हम जनता के बीच अच्छे से नही जा सके। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव में गठबन्धन में तमाम दल जुडे गे। यह पूछने पर कि विधान सभा चुनाव के समय किसानों के आन्दोलन का असर था उसके बावजूद भाजपा ने भारी जीत दर्ज की। ऐसे में लोक सभा में किस प्रकार गठबन्धन सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि अभी समय है। तब तक हम पार्टी को मजबूत करने में लगे हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारा मानना है कि सरकार की नीतियों के कारण देश में आर्थिक असमानता के कारण गैर बराबरी और गरीबी बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी व मंहगाई से लोग त्रस्त हैं। कानून नाम की चीज उत्तर प्रदेश में नही है। आए दिन महिलाओं पर जघन्य अपराध हो रहे हैं। प्रदेश सरकार अपराधों को रोकपाने में नाकाम साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि लोक दल ने पार्टी को मजबूत करने के लिए चौधरी चरण सिंह की जयंती 23 दिसम्बर से देश व प्रदेश में सदस्यता अभियान चलाकर लाखों लोगों को रालोद की सदस्यता दिलाने व पार्टी से जोड़ने का निर्णय लिया है। उन्होनें कहा कि गन्ना किसान आज अपने भुगतान को लेकर परेशान है। किसानों के लिए छुट्टा जानवर एक बड़ी समस्या बने हैं। सरकार अपने वादों व दावों से मुकर रही है। जिससे जनता में सरकार के प्रति आक्रोश है। लोकदल अब किसानों नौजवानों व मजदूरों की लड़ाई लडेगा। उनकी समस्याओं को सदन में उठाया जाएगा। प्रेसवार्ता में प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय के साथ राष्ट्रीय सचिव ओमकार सिंह ,वरिष्ठ नेता विश्वेषनाथ मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल, युवा इकाई के जिलाध्यक्ष राम शंकर वर्मा, अरविन्द सिंह महंथ व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

छत्तीमतला के जंगल से एक गला रेता हुआ शव बरामद

सालनपुर। शुक्रवार को रूपनारायणपुर फांड़ी के उत्तरामपुर जितपुर पंचायत के छतिमतला जंगल से एक व्यक्ति का गला रेता हुआ शव बरामद किया गया।। पुलिस सूत्रों के अनुसार, वह व्यक्ति चित्तरंजन साहा (54) है, जिसे लोग चित्तो कहकर बुलाते थें। जो कल्याणग्राम–5

के निवासी है। वह चित्तरंजन के अमलाडीही बाजार में चाय बेचते थे। ज्ञात हुआ है कि वह गुरुवार से लापता था। घटना के संबंध में बताता गया कि छत्तीमतला में कुछ स्थानीय लोगों ने शुक्रवार की सुबह गला रेता हुआ उनका शव पड़ा देखा। तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि उसका गला किसी धारदार हथियार से काटा गया था और उसके गले में रस्सी के निशान भी देखे गए हैं। इस संबंध में मृतक के पुत्र राजेश साहा ने बताया कि उसके पिता कल से लापता थे। शुक्रवार सुबह पुलिस ने उन्हें सूचना दी कि उनके पिता का शव बरामद कर लिया गया है। लेकिन उनके किसी से भी खराब संबंध नहीं थे। रूपनारायणपुर फांड़ी की पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है।

न्यायालय के आदेश पर फरार अभियुक्त के विरुद्ध 82 की कार्यवाही की गई

देवरिया,भटनी। थाना क्षेत्र के धर्मखोर बाबु तिवारी टोला निवासी

अभियुक्त कृष्ण कुमार उर्फ मुन्ना तिवारी जिसपर भटनी थाने पर मु0अ0सं0–132/2020 धारा 304, 506, 323 भादवि में मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त कृष्ण कुमार उर्फ मुन्ना तिवारी काफी समय से फरार चल रहा है जिनके विरूध्द न्यायालय अ्रड कक्ष सं0– 17 जनपद देवरिया के आदेश के क्रम में अभियुक्त के घर, सरकारी विघालय, ग्राम पंचायत भवन, व बाजार में अभियुक्त के विरूध्द 82 सीआरपीसी की उद् घोषणा किया गया । जिसमें प्रभारी निरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, एस एस आई विनय सिंह, का० आर पी चौधरी, का0 अनुराग शुक्ला, का0 गौरव यादव व म० का0 नन्दनी शामिल रहे।

भटनी पुलिस ने गुमसुदा महिला को सुपुर्द किया

देवरिया,भटनी। थाना क्षेत्र के पुतरी गांव निवासी विनोद राजभर ने 10 जुलाई को पुलिस को तहरीर देकर अपनी पुत्री सिन्टू देवी पत्नी पंचदेव राजभर के गुमसुदगी का रिपोर्ट दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले मे रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। 23 जुलाई को महिला के पिता ने

पुलिस को बताया कि उसकी पुत्री मध्यप्रदेश के सतना जनपद मे चली गई थी। वह 21 जुलाई को सकुशल वापस घर आ गयी है। पुलिस को पत्रक देकर विनोद राजभर ने पुलिस सहायता से संतुष्ट होकर पुलिस को धन्यवाद दिया। महिला को थाने पर लाकर पुछताछ के बाद छोड दिया गया। इस दौरान एस आई परवेज अहमद, महिला कांस्टेबल वर्षा सिंह, आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना में चयनित हुए चार बच्चे

पवन कुमार बारुन (अयोध्या)। शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय करमडांडा की छात्रा वान्या मिश्रा,खुशी कुमारी, प्रिया गुप्ता व छात्र कुंदन पाठक ने परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तर प्रदेश एलनगंज प्रयागराज द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित होकर विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया है।विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका वंदना श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2022 की संपन्न हुई

राज्य स्तरीय छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में विद्यालय के चार बच्चों ने परीक्षा को अच्छे अंकों से पास करते हुए सफलता अर्जित किया है। शासन द्वारा इन बच्चों को आगे इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई के लिए प्रतिमाह 1000 की दर से कुल चार वर्षों के लिए कुल 48000 छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में एक साथ चार बच्चों के चयन होने पर एआरपी विज्ञान पारिजा श्रीवास्तव, नोडल प्रभारी अजय गुप्ता,प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी यादव,शिक्षिका प्रतिमारानी श्रीवास्तव, छाया अग्रवाल,कुमारी छाया,वकार अहमद, राजकुमार, अभिभावक विनोद कनौजिया,अनिल पाठक,रामलौट,देवेन्द्र मिश्रा आदि ने बच्चों के चयन पर हर्ष व्यक्त किया है।

कांवड़ मेला में इस तरह बदला रहेगा रूट

दैनिक अयोध्या टाइम्स अजय मौर्या ब्यूरो चीफ अयोध्या। जनपद गोरखपुर से आने वाले भारी वाहन खलीलाबाद से मेंहदावल–बांसी, डुमरियागंज, बलरामपुर, गोंडा होते हुए बाराबंकी–लखनऊ की तरफ जाएंगे। जनपद बस्ती से आने वाले वाहनों को बस्ती से डुमरियागंज, मनकापुर, उतरौला, गोंडा के रास्ते बाराबंकी होते हुए लखनऊ की तरफ भेजा जाएगा। जनपद गोंडा–बलरामपुर की ओर से अयोध्या होकर आने वाले वाहनों को गोंडाध्मनकापुर से रोककर करनैलगंज, जरवल रोड, रामनगर चौराहा होते हुए जनपद बाराबंकी/लखनऊ की तरफ भेजा जाएगा। जनपद बाराबंकी–लखनऊ की ओर से गोरखपुर–बस्ती की तरफ जाने वाले वाहनों को रोककर बाराबंकी से ही जरवल रोड, करनैलगंज, गोंडा, उतरौला, डुमरियागंज से गोरखपुर की तरफ से जाएंगे। जनपद अमेठी–रायबरेली की ओर से अयोध्या होकर जनपद गोरखपुर, बस्ती की तरफ जाने वाले वाहन अमेठी से ही पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से आजमगढ़, दोहरीघाट होते हुए गोरखपुर की तरफ जाएंगे। जनपद सुल्तानपुर से अयोध्या होकर जनपद गोरखपुर, बस्ती की तरफ जाने वाले वा

संक्षिप्त समाचार

निबोहरा से शमशाबाद के मुख्य मार्ग पर जलभराव से ग्रामीण परेशान, अधिकारियों से लगाई गुहार

संवाददाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा।

• बिलईपुरा निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवराम वर्मा ने बताया नयापुरा में कोई तालाब नहीं होने के कारण गांव का पानी सड़क पर आ रहा है,एसडीएम फतेहाबाद जेपी पांडे का कहना है कि सड़क पर जलभराव के मामले में खंड विकास कार्यालय फतेहाबाद के अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का शीघ्र समाधान करवाया जाएगा

फतेहाबाद। निबोहरा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर ,नयापुरा ,डडनीया पुरा ,चमरौली ,बिलईपुरा को शमशाबाद से जोड़ने वाले मार्ग पर पिछले कई वर्षों से जलभराव की शिकायत चल रही है । ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही बरसात में हालात नारकीय हो जाते हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से कई बार की है लेकिन इस गंभीर समस्या का अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार शमशाबाद से नगला शादी, बड़ोवरा होते हुए निबोहरा थाना क्षेत्र के ग्राम बिलईपुरा, के साथ चमरौली,डन्डनियापुरा ,रामपुर, आदि गांवों को जाने वाले मार्ग पर विगत 3 वर्षों से गंभीर जलभराव के हालात हैं

।सड़क में एक 1 फीट के गहरे गड्ढे होने के कारण बारिश तथा घरों से निकला हुआ पानी भर जाता है। जिसके चलते आए दिन राहगीर चोटिल होते हैं। बिलईपुरा निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवराम वर्मा ने बताया नयापुरा में कोई तालाब नहीं होने के कारण गांव का पानी सड़क पर आ रहा है। जिससे जलभराव की गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। वही बारिश के मौसम में हालात नारकीय हो जाते हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य ने बताया कि नयापुरा में तालाब नाले का निर्माण हो जाता है तो समस्या का समाधान हो जाएगा। इस मामले में कई बार जनप्रतिनिधियों एवं उच्चाधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है । इस मामले में एसडीएम फतेहाबाद जेपी पांडे का कहना है कि सड़क पर जलभराव के मामले में खंड विकास कार्यालय फतेहाबाद के अधिकारियों से वार्ता कर समस्या का शीघ्र समाधान करवाया जाएगा।

फतेहाबाद पुलिस ने नाबालिग को घर से भगा कर दुष्कर्म के आरोपी को दबोचा शातिर गिरफ्तार

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा फतेहाबाद । फतेहाबाद पुलिस ने वाह तीराए के पास से गिरफ्तार का जेल भेज दिया। फतेहाबाद प्राप्त जानकारी के अनुसार फतेहाबाद क्षेत्र के एक गांव से दो युवक नाबालिग किशोरी को भगा ले गए थे ।साथ ही भगाने के एक आरोपी द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था ।इसके बाद पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही थी। इस मामले में फतेहाबाद क्षेत्र के बाह रोड पर कहीं जाने की फिराक में खड़े आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही घटना में उसकी मदद करने वाले आरोपी को भी साथ में दबोच लिया। मुख्य आरोपी रामू पुत्र स्व. रेवती प्रसाद निवासी गढ़ी उद्धा इरादतनगर, जिस पर नाबालिग को भगाने और दुष्कर्म का आरोप था ,गिरफ्तार कर लिया। वहीं इसके साथी सेठी पुत्र शिवचरण निवासी गढ़ी उद्धा ईरादतनगर को भी इसके साथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

उ0प्र0 के 14 जिलों में सिटी डेवेलपमेन्ट प्लान बनाये जाने के निर्देश दिये

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। वर्तमान में प्रयागराज, बरेली, सहारनपुर, चित्रकूट, झॉसी, वाराणसी, मुरादाबाद, लखनऊ, कानपुर, मेरठ, अयोध्या, गोरखपुर व मथुरा नगरों के तैयार किये जा रहे। आगरा में सिटी डेवेलपमेन्ट प्लान तैयार किये जाने के लिये। सिंगापुर द्वारा एक्स्प्रेशन ऑफ इंट्रेस्ट के अन्तर्गत विजन डॉक्यूमेन्ट तैयार किया गया। जिसके स्टेक होल्डर्स के समक्ष 22 जुलाई 2022 को प्राधिकरण के नवीन सभागार में अपना विजन डॉक्यूमेन्ट मा0 विधायकों, (डा0 धर्मपाल सिंह, चौधरी बाबूलाल, श्री छोटेलाल वर्मा, डा0 जी.एस. धर्मेश, श्री पुरूषोत्तम खण्डेलवाल) सांसदों (श्री हरिद्वार दुबे के पुत्र प्रान्शु दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष, श्रीमती मंजू भदौरिया, प्राधिकरण बोर्ड के मेम्बर के सदस्य श्री शिव शंकर शर्मा) एवं समाज के अन्य प्रतिष्ठित लोगो (श्री पूरन डाबर, श्री अशोक अरोड़ा,) के समक्ष तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के समक्ष रखा गया। विजन डॉक्यूमेन्ट पर मा0 जन–प्रतिनिधियों द्वारा अपने–अपने सुझाव दिये गये जैसे कि पूर्व में निर्मित एस.टी.पी को सुचारू रूप से चलाया जाये, जाम की समस्या से निजात के लिये आउटर रिंग रोड़ एवं यमुना किनारे रिंग रोड़ बनाने का सुझाव दिया गया है। कुछ प्रतिनिधियों द्वारा शहर में जाम की समस्या के निजात के लिये अन्डर पास एवं फ्लाई ओवर निर्माण के सुझाव दिये गये। जन–प्रतिनिधियों द्वारा सिकन्दरा, गुरूद्वारा, दयालबाग, स्वामी बाग, आदि के विकास के लिये सुझाव दिये गये। शहर के सम्मानित निवासियों द्वारा आगरा फोर्ट पर लाइट एण्ड साउण्ड प्रोग्राम चलाये जाने के लिये सुझाव दिये गये। जन–प्रतिनिधियों को विस्तृत सुझाव लिखित रूप में दिये जाने के लिये दिनांक 30 अगस्त, 2022 तक दिये जाने का निर्णय लिया गया। सिटी डेवेलपमेन्ट प्लान के विजन डॉक्यूमेन्ट की बैठक धन्यवाद के साथ समाप्त हुयी।

शाहगंज पुलिस ने मोबाइल चोर गिरोह में एक नाबालिग सहित पॉच को दबोचा

• कब्जे से विभिन्न कम्पनियों के नौ मोबाइल व एक मोटरसाइकिल अपाचे बरामद बरामद

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा, 22 जुलाई। को थाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में गश्त की जा रही थी गश्त के दौरान पुलिस टीम व्यासपुरा पहुंची, जहां मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि पांच शातिर मोबाइल चोर हजरत भूरे शाह बाबा की दरगाह के पास अपने मोबाइल बेचने के लिए खड़े हुए हैं, यदि जल्दी की जाये तो गिरफ्तार किये जा सकते हैं।

इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम बताये स्थान पर पहुंची पुलिस टीम को देख अभियुक्तगण भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा चारों ओर से घेरकर 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 9 मोबाइल विभिन्न कम्पनियों के व एक मोटरसाइकिल बरामद हुयी। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर अपना नाम रविन्द्र पिप्पल, रोहित मोर्य, दीपू उर्फ दीपक, राम शर्मा व बाल अपचारी बताया गया बरामदगी के सम्बन्ध में बताया गया कि हम लोग अलग–अलग स्थानों से मोबाइल चोरी की घटनाओं को अन्जाम देते हैं बरामद मोबाइल चोरी के एवं कुछ मोबाइल हमारे हैं। चोरी के मोबाइल बेचकर हमने यह मोटरसाइकिल खरीदी है। इस मोटरसाइकिल से हम चोरी की घटनाओं को अन्जाम देते है।

अभियुक्तगण का नाम, 1. रबिन्द्र पिप्पल पुत्र मुकेशचन्द्र नि० ताल सेमरी चौराहा देवरी रोड थाना ताजगंज आगरा। 02. रोहित मोर्य पुत्र कर्मवीर मोर्य नि० परसोती का नगला सेवला सदर बाजार आगरा। 03. दीपू उर्फ दीपक पुत्र बबलू नि० कोटली बगीची चौराहा, थाना ताजगंज जनपद आगरा। 04. राम शर्मा पुत्र गंगोली शर्मा नि० सेमरी ताल नोबरी थाना ताजगंज जनपद आगरा। 5. बाल अपचारी। पुलिस टीम, 1. प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह सिरोही, 2. उ0नि0 श्री विपिन सिंह तेवतिया, 3. उ0नि० अमन कुमार, 4. का0 गजराज, 5. का० कुशलपाल, 6. का0 हरिओम, 7. का0 रबिन्द्र, 8. का प्रशान्त थाना शाहगंज जनपद आगरा।

परिणाम पाकर खिल उठे छात्र-छात्राओं के चेहरे

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। शुक्रवार को सीबीएसई द्वारा घोषित किए गए परिणाम के बाद किरावली कस्बा स्थित के. एम.पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई और विद्यालय में सभी एक दूसरे को बधाई देते दिखाई दिए। दसवीं के परिणाम में 95.6: अंकों के साथ समीर चाहर ने विद्यालय में पहला तथा 95.4: अंकों के साथ मनीष कुमार और खुशी अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दूसरा तथा 94.4 प्रतिशत के साथ मोहित शर्मा तीसरे स्थान पर रहे एवं विद्यालय के अन्य होनहार छात्र छात्राओं में कनिष्का अग्रवाल कशिश राजपूत अंबर सिंगल अनुज सारस्वत कनिष्का सिंघल मोहित और ओम इंदौलिया ने अच्छे नंबर प्राप्त किए एवं 12वीं के परिणाम में 90.8: नंबर लाकर विवेक ने

विद्यालय में पहला तथा 90.4: के साथ देवेश कुमार दूसरे स्थान पर तथा लालहंस लवानियां 90: लाकर तीसरे नंबर पर रहे। और अन्य होनहार छात्र छात्राओं में जितेंद्र आयुष मंगल और रितिका अग्रवाल को अच्छे नंबर मिले विद्यालय में प्रबंधक विनोद अग्रवाल और प्रधानाचार्य एनपीएस ठेंनुआ ने होनहार छात्र छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर उनकी मंगलमय भविष्य की कामना की।

मतदाता सूची को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए एसडीएम ने की बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता –ईशू चेनानी अछनेरा। मतदाता सूची को आधार नंबर से लिंक करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए निर्वाचन आयोग एक अगस्त से मतदाताओं के आधार एकत्र करने का महाअभियान चलाने जा रहा है। उपजिलाधिकारी किरावली अनिल कुमार सिंह द्वारा इस संबंध में बीएलओ की बैठक करके उन्हें आयोग के निर्देशों से अवगत कराया। उपजिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि एक अगस्त से बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं से आधार नंबर एकत्र करेंगे। आधार नंबर स्वैच्छिक आधार पर लिए जाएंगे और इसके लिए किसी मतदाता को बाध्य नहीं किया जाएगा।

आधार नंबर का विवरण फार्म 6 बी पर दिया जा सकेगा। इसके अलावा आधार नंबर ऑनलाइन वोटर हेल्पलाइन व गरूड़ एप आदि के माध्यम से भी अपलोड किया जा सकता है। इस अभियान के अंतर्गत 7 अगस्त और 21अगस्त को संबंधित बूथों पर विशेष कैंप भी आयोजित किए जाएंगे। आधार नंबर के प्रयोग से मतदाता सूची में एक से अधिक बार नाम शामिल होने की संभावना कम होगी। साथ ही नए मतदाताओं को जोड़ने,नाम आदि में संशोधन व एक जगह से कटवाकर दूसरी जगह नाम जुड़वाना भी अत्यंत आसान हो जाएगा। उपजिलाधिकारी द्वारा विधानसभा फतेहपुर सीकरी के सभी मतदाताओं से इस अभियान में स्वेच्छा से सहयोग देने की अपील की गई है।

आजादी के बाद, पहली बार अनाज-खाद्यान्न पर टैक्स लगाना निंदनीयरु पवन बंसल

दै.अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। आगरा मंडल व्यापार संगठन के अध्यक्ष पवन बंसल,महामंत्री–त्रिलोक चन्द शर्मा, कोषाध्यक्ष–राजेश गोयल ने जीएसटी का विरोध व्यक्त करते हुए कहा कि देश की आजादी के बाद पहली बार अनाज, आटा, चावल, दैनिक आवश्यक अनब्रांडेड वस्तुओं जिसमें प्रमुख खाद्यान्न वस्तुएं शामिल है,पर टैक्स लगाया है।जिससे दाल, चना, गेहूं व अन्य आवश्यक वस्तुऐं महंगी हो जाएंगी। जीएसटी मल्टीपाइंट टैक्स होने के कारण प्रत्येक बिक्री पर जीएसटी जुडता चला जाएगा ,जिससे देश की 130 करोड़ जनता को भारी महंगाई का सामना करना पड़ेगा। जो निंदनीय है।

व्यापारी नेताओं ने कहा है कि हम ! सरकार द्वारा जरूरी खाद्यान्न जैसे–आटा, मैदा, सूजी, दूध, चावल, दाल जैसे नान ब्रांडेड खाद्यनो पर जीएसटी की 5: दर बढ़ाए जाने का विरोध करते हैं।

सरकार को पर्याप्त मात्रा में जीएसटी के रूप में कर प्राप्त हो रहा है, जिस कारण जीएसटी लागू किए जाते समय किए गए वादे को पूरा करने के लिए जीएसटी की दरें घटाने का समय है, ना कि जीएसटी की दरें बढ़ाने का। शराब व पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी में शामिल करे। व्यापार मण्डल ने मॉग करते हुये कहा कि बढ़ती हुई महंगाई को रोकने के लिए जीएसटी की बढ़ी हुई दरें तत्काल वापस ली जाए। सरकार की यह दबंगई है जिसका सीधा–सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा क्योंकि रोजमर्रा में खाने की चीजों पर जीएसटी लगाये जाने से मध्यम वर्गीय एवं गरीब परिवारों पर आर्थिक बोझ पड़ेगा, अर्थात रसोई पर महंगाई की मार पड़ना निश्चित है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जब पिछले 3 साल से ळैज का कलेक्शन बढ़ा है तो केंद्र सरकार बड़े कारपोरेट घरानों के दबाव में जीएसटी ना लगाएं, इसे तुरंत वापस ले जिससे कि छोटे–छोटे उद्योग बंद होने बचे रहें, नहीं तो इनका अस्तित्व खतरे में है।

विरोध जताने वालों में राजकुमार अग्रवाल, प्रभारी रिंकू अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, माधव अग्रवाल, किशन कु.गोयल, संजय गोयल, नीतू अग्रवाल आदि प्रमुख थे।

शहर में सबसे संकरी गलियों में लूट को सोशल मीडिया पर अंजाम दे रहे, लुटेरों ने दी पुलिस को चुनौती

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। व्यापार मंडल के अध्यक्ष टी एन अग्रवाल नें कहा कि शहर के सबसे भीड़ भाड़ वाले इलाके के सबसे संकरी गली में बदमाशों द्वारा लूट को अंजाम देने को वह भी दोपहर को, ये पुलिस प्रशासन के लिये चुनौती है, आगरा मे व्यापार मंडल इसकी घोर निन्दा करता है और पुलिस प्रशासन से मांग करता है कि शहर में व्यापारियों की सुरक्षा के लिये इंतजाम किये जाने चाहिए। अभी कल ही पुलिस लाइन में बैठक में एसपी सिटी से व्यापारियों की सुरक्षा के लिये चिंता वयक्त कीं गयी थीं कि शाम को दुकानों कें बंद होने कें समय 7–10 बजे तक फोर्स बढ़ाया जाये। गश्त जारी रखा जाये।

इस तरह की वारदातों से व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने जल्द से जल्द इस लूट कें खुलासे और लूटेरों को पकड़ने कीं मांग की गयी है। मांग करने वालों में टीएन अग्रवाल मीडिया प्रभारी जय पुरसनानी कोषाध्यक्ष नितेश अग्रवाल कन्हैया लाल राठौड़ संदीप गुप्ता राकेश बंसल अतुल बंसल रमेश कलयानी राजेश अग्रवाल तरूनसिंह राजेश सिंघल आशीष शर्मा मुकेश अग्रवाल आदि प्रमुख हैं।

शहर में सबसे संकरी गलियों में लूट को सोशल मीडिया पर तमंचा लहराना पडा भारी

पिनाहट। हीरो पंती दिखाने के चक्कर मे सोशल मीडिया पर तमंचा लहराते हुऐ फोटो बाइरल करना एक युवक को भारी पड गया।फोटो बाइरल होने के बाद पुलिस ने आरोपित को पकडकर जेल भेज दिया।

थाना पिनाहट के गांव विप्रावली निवासी कोमल सिह ने देशी तमंचा लहराते हुऐ सोशल मीडिया पर

अपना फोटो अपलोड किया था ।जिसके बाइरल होने के बाद हरकत मे आयी पिनाहट पुलिस ने शुक्रवार सुबह आरोपित को घर से गिरफ्तार कर तमंचा बरामद कर जेल भेज दिया।

25 तारीख को एफआरयू पर होगी गर्भवतियों की जांच

• माह में दो बार मनाया जाता है प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस, उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों का किया जाएगा चिन्हांकन

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो आगरा। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस का आयोजन अब माह में दो बार किया जाता है। हर माह की 9 व 24 तारीख को आयोजित होने वाले पीएमएसएमए दिवस में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इस बार 24 तारीख को रविवार होने के कारण इसे 25 जुलाई को सभी एफआरयू(प्रथम संदर्भण इकाई) पर मनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने इसके लिए सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र लिखकर तैयारी करने के निर्देश दे दिए हैं। सीएमओ ने बताया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए जनपद की शहरी व ग्रामीण स्वास्थ्य इकाइयों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें हर दूसरे व तीसरे त्रैमासिक की गर्भवतियों की एमएमबीबीएस डॉक्टर

की ओर से प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इस बार भी शत प्रतिशत गर्भवतियों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि हर आशा को कम से कम दो गर्भवतियों को स्वास्थ्य इकाई पर लाकर जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं। एसीएमओ आरसीएच डॉ. संजीव वर्मन ने बताया कि गर्भवतियों के लिए स्वास्थ्य इकाई पर अलग से कोविड टीकाकरण काउंटर लगाया जाएगा, जिससे कि वे अपना टीकाकरण आसानी से करा सकें। उन्होंने बताया कि पीएमएसएमए दिवस में गर्भवती की प्रसव पूर्व हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन जांच, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस, वजन, ब्लड प्रेशर एवं अन्य जांच की निरूशुल्क सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही टिटनेस–डिप्थीरिया (टीडी) का टीका, आयरन, कैल्शियम एवं आवश्यक दवाएं मुफ्त दी जाएंगी। एचआरपी युक्त महिलाओं की पहचान, प्रबंधन एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया जाएगा। पोषण, परिवार नियोजन तथा प्रसव स्थान के चयन के लिए सलाह भी दी जाएगी। जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता संगीता भारती ने बताया कि जनपद में सोमवार को जिला महिला चिकित्सालय आगरा, एसएन मेडिकल कॉलेज की एमसीएच विंग, बाह सीएचसी,खेरागढ़ सीएचसी,अछनेरा सीएचसी,एत्मादपुर सीएचसी, शमसाबाद सीएचसी पर प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य अभियान दिवस मनाया जाएगा।

चंबल के बढते जलस्तर से तटवर्ती गांव मे भय का माहौल

• चंबल घाट पर बना प्राचीन शिव मन्दिर डूबा

संवादाता हिमांशु गुप्ता पिनाहट। चंबल के बढते जलस्तर को देखकर तटवर्ती गांव मे भय का माहोल है।लोगो को लगता है कि गत बर्ष जैसे हालात न बन जाये। मध्यप्रदेश राजस्थान मे लगातार हो रही बारिस व बैराजो से पानी छोडे जाने चंबल नदी का जलस्तर लगातार बढ रहा है।हालांकि नदी का जलस्तर अभी भी खतरे के निशान से 132 मीटर से बहुत नीचे 118.5 पर बह रही है।जो कि खतरे से बहुत दूर है। नदी के जलस्तर मे हो रही बढोत्तरी से तटवर्ती गांव मे भय का माहौल है।इन गांवो के लोगो को पिछली बर्षो के हालात का भय सता रहा है।

बतादेकि विगत बर्ष चंबल नदी मे आयी बाढ से से तहशील के करीब तीन दर्जन तटवर्ती गांव का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया था।लोगो के घर जलमग्न हो गये थे।खाने पीने का सामान घरेलू उपयोगी सामान सब बुरो तरह बर्बाद हो गया था।लोगो को महीनो तक तम्बुओ मे रहना पडा था।उसी बर्बादी के मंजर को याद कर चंबल के बढते जलस्तर को देख इन गांव के लोगो दिनरात भयभीत है।

8000 यूनिट रक्तदान लक्ष्य के साथ आज आयोजित होंगे आठ शिविर

दै, अयोध्या टाइम्स ब्यूरो

आगरा। अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा केन्द्रीय युवादल, माथुर वैश्य मंडलीय परिषद 24 जुलाई को मंडल में आठ स्थानों पर आयोजित करेगा छठा राष्ट्रीय रक्तदान शिविर, आगरा अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा केन्द्रीय युवादल व माथुर वैश्य मंडलीय परिषद आगरा मंडल द्वारा भारत में छठा राष्ट्रीय रक्तदान शिविर होने जा रहा है। सम्पूर्ण भारत में 50–60 रक्तदान शिविरों के माध्यम से रक्तदान पज्ञव मनाया जाएगा। लक्ष्य 8000 यूनिट रक्त संग्रह का है, जिससे जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सके। आगरा मंडल में आठ शिवरों का आयोजन होगा। महासभा के मंडलाध्यक्ष आगरा मंडल अशोक गुप्ता ने पंचकुईयां स्थित माथुर वैश्य भवन में आयोजित पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में यह जानकारी देते हुए शहर की जनता से अधिक से अधिक रक्तदान करने का आग्रह किया। सभी रक्तदान करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र व तुलसी का पौधा उपहार स्वरूप प्रदान किया जाएगा। युवा पीढ़ि में सोशल मीडिया के क्रेज को देखते हुए सबी र्कदान शिविरों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए हैं, जिससे सोशल मीडिया के माध्यम से अन्य लोगों में भी रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा हो। रक्तदान शिविर प्रातः 9 बजे से प्रारम्भ होकर शाम 5 बजे तक चलेंगे, जिसमें सभी समाज के लोग रक्तदान कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंडलाध्यक्ष आगरा मंडल अशोक कुमार गुप्ता, मंडल मंत्री अचल गुप्ता, मंडल कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, केन्द्रीय युवादल अध्यक्ष आकांश मैरोठिया, मंडल संरक्षक विनोद सर्राफ, दिलीप

गिदौलिया, रक्तदान संयोजक रोबिन गुप्ता, रिषभ गुप्ता, नीकेश गुप्ता, मुकेश, विमल, दिलीप, अतुल गुप्ता, विनय, सौरभ, विकास आदि उपस्थित थे।

यहां आयोजित होगा रक्तदान शिविर

1–माथुर वैश्य महासभा भवन, पचकुईयां। 2–लोकहितम ब्लड बैंक, कमला नगर। 3–आगरा पब्लिक स्कूल, विजय नगर। 4–देश दीपक पब्लिक स्कूल, सेक्टर 10 सिकन्दरा। 5–आरती मनोज हॉस्पीटल, राजपुर चुंगी। 6–लक्ष्मी नारायण मंदिर, एत्मादपुर। 7–माथुर वैश्य धर्मशाला, इरादतनगर। 8–श्रीराम चौरिटेबिल ब्लड बैंक, शाहदरा चुंगी।

फतेहाबाद के मेधावी छात्र

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। सीबीएसई इंटरमीडिएट के आज घोषित हुए रिजल्ट में फतेहाबाद के अनेक प्रतिभाओं ने स्थान प्राप्त किया।जिनमे फतेहाबाद कस्बे के व्यापारी अशोक गुप्ता

की पुत्री श्रुति गुप्ता ने इंटरमिडियेट सीबीएसई परीक्षा में 93: अंक लाकर क्षेत्र ,परिवार और समाज का नाम रोशन किया ,वही कस्बे के व्यापारी पवन गुप्ता के पुत्र तनिष्क गुप्ता ने सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में 93.4: अंक प्राप्त किए हैं। वही फतेहाबाद के सीमेंट व्यवसाई योगेश गुप्ता की पुत्री तनिष्का गुप्ता ने 94: अंक सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में प्राप्त किए हैं इनकी उपलब्धि पर फतेहाबाद में माथुर वैश्य समाज में हर्ष की लहर है ।

सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत, क्लीनर घायल

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता–ईशू चेनानी अछनेरा। थाना फतेहपुर सीकरी क्षेत्र के अंतर्गत आगरा जयपुर हाईवे के कराही मोड़ पर शुक्रवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई वही ट्रक का कंडक्टर घायल हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है वही घायल क्लीनर को उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया है

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार सुबह पहले से ही एक ट्रक हादसे का शिकार होकर सड़क किनारे डिवाइडर पर चढ़ गया तभी कोलकाता से जयपुर अमेजॉन डिलीवरी का सामान लेकर जा रहे ट्रक चालक सलीम पुत्र पिनंगवा न्यू हरियाणा का तेज रफ्तार ट्रक ने पहले से डिवाइडर पर खड़े ट्रक को टक्कर मार दी हादसे में ट्रक चालक सलीम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि क्लीनर इरफान पुत्र लल्लू निवासी हरियाणा घायल हो गया हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख–पुकार मच गई घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों ने घटना की जानकारी इलाकाई पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार हेतु सीकरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा वहीं मृतक ट्रक चालक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

किशोरी को धमकाकर आपत्तिजनक वीडियो बनाया-चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

• क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल

• पुलिस की दबिश लगातार जारी

अछनेरा। क्षेत्र की एक किशोरी को धमकाकर आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वीडियो को वायरल कर दिया वीडियो वायरल होने से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई क्षेत्र में आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने से बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है पीड़िता के पिता की तहरीर पर थाना अछनेरा में चार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है पीड़िता के पिता का आरोप है कि पिछले कई दिनों से दूसरे समुदाय के चार युवक उसकी बेटी को धमका रहे थे साथ ही पीड़िता के परिवार को भी जान से मारने की धमकी दे रहे थे पीड़िता ने बताया कि मेरे ऊपर ज्वलनशील पदार्थ फेंकने की धमकी देकर मेरा आपत्तिजनक वीडियो भी बनाकर वायरल कर दिया साथ ही चारों आरोपियों ने पीड़िता के परिवार वालों को धमकी दी किसी को इस मामले के बारे में बताया और कही पर भी इस मामले की शिकायत की तो पूरे परिवार को जान से मार दिया जाएगा इधर क्षेत्र में वीडियो वायरल होने से क्षेत्र में तनाव का माहौल है स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी देते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है अछनेरा पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया

है। थाना प्रभारी अनुराग शर्मा का कहना है कि पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर इरशाद, मौसम,मुकीम एवम इसराइल के खिलाफ पोस्को एवम आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पुलिस आरोपियों के घरों पर लगातार दबिश दे रही है लेकिन सभी आरोपी फरार हैं पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा वही क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल है।

जीजीआईसी में प्रिंसिपल की अगुवाई में गरीब बच्चियों से प्रवेश पत्र के एवज में की जा रही अवैध वसूली

• विद्या के मन्दिर में भी भ्रष्टाचार का चल रहा काला कारोबार, प्रशासन बना अनजान

• प्रिंसिपल व अध्यापिका से बातचीत की रिकॉर्डिंग हुई वायरल

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। बोर्ड एग्जाम प्रवेश पत्र वितरण में जीजीआईसी प्रिंसिपल व विद्यालय स्टाफ द्वारा बच्चों से हो रही धन उगाही।

पूरा मामला राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज बहराइच से जुड़ा हुआ है, जहां पर बच्चियों से प्रवेश पत्र के एवज में 40–40 रू0 की अवैध वसूली प्रिंसिपल के संज्ञान में विद्यालय स्टाफ के द्वारा की जा रही है। भारत सरकार जहां एक ओर बच्चों का भविष्य को सुदृढ़ बनाने हेतु सब पढ़े– सब बढ़े का नारा दे रही है और विद्यालयों के कायाकल्प में अरबों की लागत लगाकर बच्चों में निशुल्क पुस्तकें,, भोजन व अन्य पठन सामग्री का वितरण कर रही है तो वही ऐसे भ्रष्ट कर्मियों द्वारा सरकार की मंशा पर फेरा जा रहा है पानी। जीजीआईसी के प्रिंसिपल किरण देवी से जब दैनिक जागरण कार्यालय से बात किया गया तो प्रिंसिपल द्वारा बताया गया कि 40 मेरे संज्ञान में नहीं लिए जाते हैं,, जबकि कक्षा 12 की क्लास टीचर के द्वारा बताया गया कि जो 40 लिए जाते हैं,, वह पैसे जो बोर्ड का कार्य देखता है उसके खाते में जाते हैं, इसमें हमारा कोई दोष नहीं है। विद्यालय प्रशासन से जो आदेश मिले हैं हम सिर्फ उसका पालन कर रही हैं। विगत 2 वर्षों से वैश्विक महामारी कोरोना के संकट काल में लगभग– लगभग सभी विद्यालय बंद ही रहे हैं, वहीं जब अब खुले हैं तो बच्चे परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए जी जान लगाकर मेहनत कर रहे हैं,, अब जब बोर्ड परीक्षा सिर पर आ चुकी है तो ऐसे में भ्रष्टाचार की गंगा में डूबे राजकीय गर्ल्स इंटर कॉलेज बहराइच के स्टाफ ने गरीब बच्चियों से रु0 40–40 लेकर उनके आत्मसम्मान को तो ठेस पहुंचाया ही है बल्कि अभिभावकों के हृदय को भी विदीर्ण व झकझोर दिया है। यदि जीजीआईसी में पढ़ने वाली बच्चियों के अभिभावकों के पास इतना अधिक धन ही होता तो क्या वह अपने बच्चियों को किसी अच्छे प्राइवेट कॉलेज में एडमिशन न दिला देते, क्योंकि उनको पता है कि यह भारत सरकार का उपक्रम है और इसमें अच्छी तालीम के साथ पैसे नहीं लिए जाते हैं, किंतु बोर्ड परीक्षा से पूर्व गरीब बच्चियों से अवैध धन उगाही भ्रष्टाचार की चरम सीमा पार कर चुकी है। इस विद्यालय के सभी कर्मियों के विरुद्ध तत्काल प्रभावी व त्वरित कार्यवाही कर आरोपियों को सस्पेंड किया जाना अति आवश्यक प्रतीत होता है।

समाजसेवी पुंडरीक पाडेय ने बाबा भंगड नाथ शिव मंदिर में 111 कमल पुष्पों को जन कल्याण के लिए किया अर्पित

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी महसी (बहराइच)। महसी के ग्राम पंचायत रेहुआ मंसूर में पिछले 100 वर्षों से भी अधिक का बना यह प्राचीन बाबा भंगड नाथ शिव मंदिर में दूरदराज से लोग मन्नत मांगने के लिए यहां आया करते हैं। शारदा प्रसाद पांडेय उम्र 80 वर्ष व गुरुदीन मिश्रा उम्र 79 वर्ष, योगेश्वर नाथ मिश्रा उम्र 85 वर्ष इनका कहना है कि यह मंदिर करीब 100 वर्ष पहले का बना हुआ है इस मंदिर का जीर्णोद्धार स्वर्गीय पन्ने लाल मिश्रा एवं राम जानकी देवी के द्वारा लगभग 40 वर्ष पहले कराया गया था। इस मंदिर के ऊपर रखी शिवलिंग का बड़ा महत्व है ।

लोग इस शिवलिंग को देखने बहुत दूर–दूर से आते हैं इसी बीच श्रावण माह के द्वितीय शुक्रवार को पंडित पुंडरीक पांडेय समाजसेवी अध्यापक जो की जगह जगह पूरे जिले में नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में चर्चा का विषय बने रहते हैं इन्होंने जनकल्याण के लिए बाबा भंगड नाथ शिव मंदिर में शिवलिंग पर पूजन, अर्चन, आरती के साथ 111 कमल पुष्पों को अर्पित किया।

नशे के प्रभाव से बर्बाद हो रही हैं नई पीढ़ियां मालवीय मिशन अध्यक्ष

• नशा कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए जन जागरण अभियान चलाएं जाना जरुरी संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच बाबागंज। ऐतिहासिक पौराणिक राम जानकी मंदिर बाबा परम हंस कुट्टी परिसर बाबागंज में आज विभिन्न राष्ट्रवादी संगठन के प्रतिनिधियों ने बैठक आयोजित कर सीमावर्ती इलाकों में बढ़ रहे नशा प्रचलन पर चिंता जताते हुए सीमायी इलाकों में अवैध नशा कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए जन जागरण अभियान चलाएं जाने की बात तय की ।

बाबा परमहंस कुट्टी परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए मालवीय मिशन अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि सीमावर्ती इलाकों में अवैध नशा कारोबार, उपभोग, उत्पाद व क्रय विक्रय तेजी से बढ़ रहा है अब तक सैकड़ों तरुण युवक युवतियां नशा के चपेट में आकर अकाल मृत्यु के मुख में पहुंच चुके हैं अथवा लाइलाज बीमारी से ग्रस्त होकर घर परिवार के ऊपर बोझ बन चुके हैं। मालवीय मिशन अध्यक्ष ने बताया कि तमाम राष्ट्र द्रोही ताकते व सफेद पोश प्रतिनिधि प्रायोजित तरीको से नसे के कारोबार ने लिप्त है इनपर नियंत्रण न पाया गया तो हालत भयावह होंगे बैठक की अध्यक्षता प्रधान संगठन ब्लॉक सयोजक चंद्र प्रकाश मिश्र ने किया संचालन समाज सेवी युवा नेता राज त्रिपाठी ने किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाज सेवी अरुण कुमार पाठक , किसान परिषद प्रतिनिधि श्रीधर शुक्ला , किसान परिषद नेता चंद्र मनी कांत वर्मा ,ननकऊ मिश्रा ,समाज सेवी पत्रकार धीरेंद्र कुमार शर्मा ,शिवालय बाग आश्रम नानपारा प्रतिनिधि विवेक श्रीवास्तव ,गायत्री परिजन अनूप कुमार शर्मा, किसान नेता विजय वर्मा सहित तमाम समाज सेवी उपस्थित रहे।

समापन अवसर पर सभी उपस्थित सामाजिक , धार्मिक संगठन प्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से पौराणिक शिवालय के समक्ष नशा उन्मूलन महा अभियान से जुड़ कर जन जागरण अभियान से जुड़ने का संकल्प लिया।

गांवों में गंदगी का अंबार, सफाईकर्मी रहते हैं नदारद

• (ग्रामीणों को खुद करनी पड़ती है सफाई)

• (सफाई व्यवस्था ध्वस्त, अफसर मस्त)

दैनिक अयोध्या टाइम्स कर्नलगंज गोंडा। एक तरफ जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दे रहे हैं और स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पीएम मोदी के मिशन स्वच्छता अभियान का ग्रामीण क्षेत्रों में बुरा हाल है। गांव में नियुक्त सफाई कर्मी नदारद रहते हैं। अधिकतर सफाई कर्मी अधिकारियों व प्रधानों की सेवा कर अपनी ड्यूटी कागजों में पूरी कर रहे हैं। दरअसल कुछ साल पहले प्रदेश सरकार ने गांव को स्वच्छ रखने को लेकर सफाई कर्मियों की नियुक्ति की थी। इससे सरकार की मंशा साफ थी की सफाई कर्मी गांव में रहकर गांव को स्वच्छ बनाने रखने का काम करेंगे, लेकिन नियुक्ति के बाद कुछ दिन तक तो सफाई कर्मियों ने गांव में काम किया। उसके बाद अचानक गांव से नदारद हो गए। जिससे गांव को स्वच्छ रखने की सरकार की मंशा को अब पलीता लग रहा है। क्योंकि गांव से सफाई कर्मचारी अब नदारद हो चुके हैं वहीं गांव में जगह कूड़े का अंबार लगता जा रहा है और नालियाँ भी गंदगी से बजबजा रही हैं। यही नही मजबूरन गाँव वासियों को खुद सफाई करनी पड़ रही है। मालूम हो कि कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के विकास खंड हलधरमऊ के अन्तर्गत कई गांवों की हालत यही है। जहां गांव में सफाई कार्य के लिए कर्मचारी तैनात हैं। निगरानी के लिए प्रधान का पहरा है, इसके बाद पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में एडीओ पंचायत की तैनाती है। लेकिन इन सबके बावजूद गांव में सफाई व्यवस्था दम तोड़ रही है। राजस्व ग्रामों मे तैनात सफाई कर्मी गांवों तक नही पहुँच रहे हैं। जिससे नालियों को ग्रामीण स्वयं साफ करने को विवश हैं। वहीं सफाई कर्मी की उपस्थिति सिर्फ प्रधान के घर व एडीओ पंचायत के कार्यालय तक ही सीमित है। जिसका जीता जागता उदाहरण विकास खंड हलधरमऊ के बरवलिया कुर्मी ग्राम पंचायत में देखने को मिला है। पूरे ग्राम पंचायत में जगह जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ हैं और झाडियाँ उगी हुई हैं। यहां सफाई न होने से नालियां चोक हो चुकी हैं। हैंडपंप के चारों तरफ घास उगी हुई है। गांव मे सरकारी पक्की नाली बनी है लेकिन उसकी सफाई नही हो रही है। स्कूल के शौचालय में गंदगी की भरमार है। गांव के लोगों ने बताया कि गांव में सफाई कर्मचारी कौन है ये जानकारी नहीं है। वह लोग खुद सप्ताह मे एक दिन घर के सामने बनी नाली की सफाई करते हैं और गांव में कई वर्षों से सफाईकर्मी को देखा तक नही है। गांव मे सफाई नहीं होती है। लोगों का कहना है कि सफाईकर्मी की तैनाती होने या नही होने से कोई फर्क नही पड़ता है। ब्लाक पर ही सब कागजों में सफाई कार्य कर रहे हैं।सफाईकर्मी की उपस्थित प्रधान के घरों और एडीओ पंचायत के कार्यालय तक सीमित है। जहाँ ग्रामीणों ने बताया कि अधिकतर गांव में तो सफाईकर्मी आते ही नहीं हैं। गांव वालों को खुद ही सफाई करनी पड़ती है। सफाई कर्मी प्रधान और ब्लॉक कर्मचारियों की मिलीभगत से सेटिंग और गेटिंग के खेल से अब सफाई नहीं करते। फिलहाल जमीनी हकीकत यही है कि सफाई कर्मी अब गांव से नदारद हो चुके हैं और गांव में कूड़े का ढेर लगने के साथ ही नालियाँ भी गंदगी से पट रही हैं। जिससे मच्छरों की समस्या उत्पन्न होने से संक्रामक बीमारियों के फैलने की भी आशंका बनी हुई है। लेकिन जिम्मेदार सब कुछ जानते हुए मौन हैं।

बारिश से कर्नलगंज कस्बे की तहसील रोड तालाब की शक्ल में तब्दील

• भारी जलभराव की समस्या से जूझ रहे वाहन चालक एवं राहगीर, आवागमन दूभर

• जिम्मेदार जान बूझकर बने अंजान, साधे मौन

दैनिक अयोध्या टाइम्स कर्नलगंज गोंडा। बुधवार को मौसम में आये बदलाव से हुई हल्की बारिश के कारण जहाँ लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली तो वहीं यह बारिश किसानों की फैसलों के लिए भी संजीवनी साबित होने के साथ ही मुसीबत भी लग रही है। बारिश के चलते क्षेत्र की कई गलियां व नाले जहाँ गंदगी से बजबजा रहे हैं तो वहीं स्थानीय तहसील मुख्यालय स्थित कस्बा कर्नलगंज की तहसील रोड जो कि विभागीय अनदेखी का शिकार होने से तालाब की शक्ल में तब्दील हो चुकी है। तहसील कार्यालय से कस्बे व हाईवे को जोड़ने वाले इस मार्ग की हालत बद से बदतर हो गई है। जिससे जलभराव एवं कीचड़ से लबालब इस मार्ग से राहगीरों,वाहन चालकों को निकलने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मालूम हो कि पूरे दिन और रात्रि इस मार्ग पर लोगों की आवाजाही बनी रहती है और बड़ी संख्या में पैदल एवं दोपहिया, चौपहिया वाहनों का आवागमन भी होता है। जहाँ हल्की सी बारिश भी कस्बे वासियों के साथ ही राहगीरों और वाहन चालकों की समस्या बढ़ा देती है। वहीं जल भराव के कारण इस सड़क पर चलना दूभर है। लेकिन जिम्मेदार लोगों को शायद यह समस्या नजर नही आती या वह जानबूझकर मौन साधे हुए हैं।

मामला तहसील मुख्यालय स्थित कस्बा कर्नलगंज से जुड़ा है, यहां तहसील रोड काफी जर्जर हो चुकी है। हल्की सी बारिश होते ही सड़क तालाब की शक्ल में तब्दील हो जाती है। जिससे सड़क पर पैदल चलना तो दूर बाइक व चौपहिया वाहन से भी संभलकर लोगों को निकलना पड़ता है। यही नहीं जरा सी चूक होने पर जलभराव युक्त गड्ढे में गिरकर चोट खाने का भी भय बना रहता है। यहां यह लाइन सटीक बैठती है कि तुम्हारे कागजों में क्षेत्र का मौसम गुलाबी है मगर यह आंकड़े झूंठे हैं और दावा किताबी है।ै मालूम हो कि जल भराव के बाद इस मार्ग पर चलना खतरे से खाली नही रहता। बताते चलें कि यह कस्बे का इकलौता मार्ग नही है, जहां बारिश होने पर जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। कमोबेश यही स्थित कस्बे के कई सड़कों, मुहल्लों की है। कारण यहां अधिकतर तालाबों की पटाई करके मकानों का निर्माण करा लिया गया है। जिससे जल निकासी बाधित है। वहीं आने वाले समय मे यह समस्या विकराल रूप धारण कर सकती है। जिससे जिम्मेदार लोग जान बूझकर अंजान बने रहकर मौन साधे हुए हैं। इस गंभीर समस्या के सम्बन्ध में नगर पालिका परिषद कर्नलगंज की अधिशाषी अधिकारी प्रियंका मिश्रा से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन संपर्क नहीं हो सका ।

संचारी रोग से बचाव को निकाली गई जागरुकता रैली

• खांसी बुखार पर सरकार का सीधा वार, सुरक्षित हो हर घर परिवार

शास्त्र तिवारी ब्लॉक रिपोर्टर अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। संचारी रोगों को काबू करने के लिए शुक्रवार से जिले में महाभियान की शुरुआत हो गई। सरकारी निर्देश के अनुपालन में कई जगह इस सम्बन्ध में रैली निकाल कर लोगो को जागरूक किया गया। इसी क्रम में क्षेत्र के मामराज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओ द्वारा रैली निकाली गई। रैली को प्रधानाचार्या वर्षा गौतम ने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में शामिल बच्चे हाथों में संचारी रोगों से बचाव के टिप्स लिखी तख्तियां लिए लोगों को खतरनाक बीमारियों के बचाव का संदेश दे रहे थे। रैली विद्यालय से निकल कर मुख्य रास्ते से होते हुए ब्लाक मुख्यालय पर सम्पन्न हुई। इस दौरान बच्चे खांसी बुखार पर सरकार का सीधा वार, सुरक्षित हो हर घर परिवार, हाथ धो साबुन से , रोग मिटाओ जीवन से नारा लगाते रहे। संचारी रोग प्रभारी मोनिका दुबे, प्रवक्ता माधुरी यादव, चंद्रावती वर्मा, ममता यादव ,मनीषा देवी, सहायक अध्यापकों में विनोद कुमार पांडेय, नीरज वर्मा, नीलम चौधरी, सारिका सिंह, कमल दिवाकर मिश्र बड़ी संख्या में छात्र छात्राए शामिल रहे।

एक अदद तमंचा के साथ हरदी पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय

दैनिक अयोध्या टाइम्स मनोज अवस्थी महसी (बहराइच)। थाना हरदी महसी चौकी प्रभारी आलोक सिंह ने एक अभियुक्त को एक अदद तमंचा व दो अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। पुलिस अधीक्षक बहराइच केशव कुमार चौधरी के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के धरपकड़ में उप निरीक्षक आलोक सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी महसी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक अनूप मणि त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक आलोक सिंह ने सोनू कहार पुत्र सुकई कहार निवासी कहारनपुरवा दाखिला आसमानपुर थाना राम गांव को रोड के किनारे नहर की पुलिया से एक अदद तमंचा 12 बोर नाजायज व दो अदर जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। जिसके तहत अभियुक्त के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया।

संक्षिप्त समाचार

मंडल अध्यक्ष बीजेपी चफरिया राजेश कुमार गुप्ता ने मनाया विजय उत्सव

• आदिवासी समुदाय बहुल गांवों में मनाया जाएगा विजय उत्सव दिवस

• संवादाता मोतीपुर रोशनी तिवारी दैनिक अयोध्या टाइम्स

सुजौली,बहराइच। आदिवासी समुदाय की गौरव द्रौपदी मुर्मू का देश के 15 वाँ राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर चफरिया मण्डल अध्यक्ष राजेश गुप्ता के आवास पर विजय उत्सव दिवस मनाया गया। जिसमें अनसूचित जनजाति के लोग भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश परिषद सदस्य प्रमोद आर्य रहे , कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर सभी को बधाइयां दी और उनके द्वारा किए गए जीवन भर संघर्ष से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को अवगत कराया वहीं इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने की खुशी में आदिवासी बहुल गांवों रमपुरवा, भेसाही,आंबा, विशुनापुर,बर्दिया, लोहरा इत्यादि जगहों पर विजय उत्सव मनाया जाएगा कार्यक्रम में प्रदेश परिषद सदस्य प्रमोद आर्य,वरिष्ट कार्यकर्ता राम खेलावन पाल ,मंडल महामंत्री विद्या प्रकाश,मण्डल मंत्री संतोष मौर्य,सेक्टर संयोजक इंद्रेश पांडेय,राहुल बाथम, सर्वेस मौर्य, वीरेंद्र सिंह,मुंशी साहनी, धीरज तिवारी,बूथ अध्यक्ष विश्वजीत मौर्य, राम सिंह,राम दुलारे मौर्य ,कालीचरण पाल, राहुल,संदीप पोरवाल,रघुवीर, राम सिंह,धीरज तिवारी, प्रफुल्ल जायसवाल आदि लोग मौजूद रहे।

श्मशान घाट की जमीन में धान की रोपाई कर दबंग भूमाफिया डीएम साहब आपको दे रहा खुली चुनौती

हिंदी दैनिक अयोध्या टाइम्स से ब्यूरो चीफ रंजीत तिवारी। गोंडा जिले में दबंग भू माफियाओं के खिलाफ अधिकारियों का विशेष अभियान ने पोल खोल कर रख दी है क्योंकि अभी तक तो सिर्फ चक मार्ग चारागाह ग्राम समाज खलियान जैसे सरकारी जमीनों पर दबंग भू माफियाओं का कब्जा बरकरार था परंतु अब शमशान घाट की जमीनों पर दबंग भूमाफिया धान की रोपाई कर शासन प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं वैसे यह वाक्य जिले के विकासखंड इटियाथोक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिशुनपुर तिवारी का है जहां गांव के दक्षिण तरफ शमशान की जमीनों में गांव के ही कुछ दबंग भूमाफिया धान की रोपाई कर जिला प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं बता दे इस प्रकरण की शिकायत कई बार करने के बावजूद व दबंगों के कब्जे से सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त करवा पाना अधिकारियों के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रही है वही इस संबंध में जब हल्का लेखपाल से बात की गई तो उन्होंने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने किया पुष्टाहार उत्पादन इकाई का उदघाटन

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आई. सी.डी.एस. विभाग के साथ कन्वर्जेन्स के माध्यम से विकास खण्ड रिसिया की ग्राम पंचायत गुरूचाही में दीप महिला लघु उद्योग द्वारा स्थापित पुष्टाहार उत्पादन इकाई का प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात निदेशक पंचायती राज विभाग अनुज झा, जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी व मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया।

पुष्टाहार उत्पादन इकाई के। उदघाटन के पश्चात कृषि उत्पादन आयुक्त श्री सिंह ने अन्य अधिकारियों के साथ इकाई का निरीक्षण करते हुए कार्यरत महिलाओं से वार्ता करते हुए उनका उत्साहवर्द्धन किया तथा उनके द्वारा किये जा रहे कार्य की सराहना करते हुये समूह के भविष्य के लिये शुभकामनाएँ दीं। श्री सिंह ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपद में महिलाओं को आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सबल बनाने में पुष्टाहार उत्पादन इकाई मील का पत्थर साबित होगी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि इस इकाई द्वारा ब्लाक रिसिया एवं हुजूरपुर के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों पर गुणवत्तापूर्ण पुष्टाहार के वितरण हेतु उत्पादन किया जायेगा। डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि जनपद में समूह की महिलाओं द्वारा कुल 8 विकास खण्डों (बलहा, रिसिया, शिवपुर, चित्तौरा, मिहींपुरवा, विशेश्वरगंज, कैसरगंज एवं फखरपुर) में पुष्टाहार उत्पादन इकाई का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें से 4 पुष्टाहार उत्पादन इकाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। इन ईकाईयों द्वारा 01 सप्ताह में उत्पादन प्रारम्भ कर दिया जायेगा। जब वितकि 4 पुष्टाहार उत्पादन इकाईयों का कार्य प्रगति पर है।

उपायुक्त श्रम रोजगार के.डी. गोस्वामी ने बताया कि पुष्टाहार उत्पादन इकाई के निर्माण हेतु प्रति इकाई रू. 90 लाख की मदद से किया गया है, जो 300 इच्छुक स्वयं सहायता समूहों के द्वारा रू. 30000 इक्वटी के रूप में अंशदान से किया गया है। पुष्टाहार उत्पादन इकाई योजना का उद्देश्य मुख्यतः समूह की महिलाओं को स्थायी रूप से आजीविका उपलब्ध कराना है एवं आई.सी.डी.एस. की मांग के अनुसार लाभार्थियों को गुणवत्तापूर्ण पुष्टाहार को समय से आंगनबाड़ी पर आपूर्ति करना है। श्री गोस्वामी ने बताया कि पुष्टाहार उत्पादन इकाई पर 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों हेतु आटा, बेसन व हलवा, 3 वर्ष से 6 वर्ष तक के बच्चों हेतु आटा, बेसन बर्फी व दलिया, मूंगदाल खिचड़ी, गर्भवतीधात्री महिलाओं हेतु आटा, बेसन बर्फी व दलिया, मूंगदाल खिचड़ी, अतिकुपोषित बच्चों हेतु ऊर्जायुक्त डेन्स हलवा एवं किशोरी बालिकाओं हेतु आटा, बेसन बर्फी व दलिया, मूंगदाल खिचड़ी का उत्पादन किया जायेगा। इस अवसर पर उपायुक्त मुख्यालय अखिलेश सिंह, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, डीपीआरओ उमाकान्त पाण्डेय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत प्रदीप कुमार गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी पारसनाथ, सीवीओ डॉ. एम.के. सचान, डीपीओ राज कपूर, बीडीओ विनोद यादव, जिला मिशन प्रबन्धक मानवेन्द्र यादव, ब्लॉक मिशन प्रबन्धक विवेक राव व अन्य अधिकारी, प्रमुखगण एवं उनके प्रतिनिधि सहित अन्य क्षेत्रीय गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

संविलियन विद्यालय गजाधरपुर के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन कक्षा आठ के 6 स्टूडेंट्स का चयन

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच उत्तर प्रदेश। संविलियन विद्यालय गजाधरपुर के बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन कक्षा आठ के 6 स्टूडेंट्स का चयन हुआ जिसमें विद्यालय की छात्रा साक्षी साहू पुत्री विनोद कुमार ने जिले में प्रथम रैंक प्राप्त किया एवं अन्य छात्र हिमालय वर्मा पुत्र संतोष कुमार असिब पुत्र इदरीश प्रदीप कुमार पुत्र राम उपकार दिलीप कुमार पुत्र राम प्रसाद मोहम्मद हसन पुत्र रफीक अहमद ने भी उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता प्राप्त किया। इस परीक्षा के परिणाम का वर्तमान में अध्ययनरत छात्रों पर अत्याधिक सार्थक प्रभाव पड़ेगा ।

विद्यालय के बच्चे बड़े उत्साहित हैं और भविष्य में सभी बच्चों ने लगन एवं निष्ठा से अध्ययन करने और आगे बढ़ने का संकल्प लिया वही विद्यालय के अध्यापकों तथा अभिभावकों में खुशी की लहर व्याप्त है।

गौरवशाली रहा है पयागपुर का इतिहास

• पयागपुर का स्टेचू महल और कोलकाता के विक्टोरिया महल का गुंबद देखने में लग रहा है एक ही जैसा

दैनिक अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। पयागपुर बहराइच जी हां आपको बताते चलें कि बहराइच से करीब पयागपुर की दूरी 30 किलोमीटर है। जहां पर आज भी पयागपुर कभी स्टेट पयागपुर के नाम से जाना जाता था पयागपुर का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। लेकिन जो विभिन्न अभिलेखों में दर्ज है वह तारीख है 11 नवंबर 1728 ई. वी में यह वही दिन था जब राजपूत क्षत्रिय राजा प्रयाग शाह ने पयागपुर नामक स्वतंत्र रियासत की स्थापना की थी इस रियासत कि कई हजारों किलोमीटर में स्थित है जिसमें विशेश्वरगंज,भूपगंज,खुटेहना चिलवरिया,चित्तौरा,बहराइच होते हुए फखरपुर है क्षेत्र शामिल है आगे चलके यही प्रयागपुर पयागपुर के नाम से जाना गया पयागपुर के राजा हिम्मत सिंह ने कोटबाजार की स्थापना वर्ष 18 से 84 ईसवी में किया इसी वंश के राजा भूपेंद्र सिंह ने भूपगंज बाजार की स्थापना की थी और अंग्रेज अधिकारियों के सहयोग से पयागपुर रेलवे स्टेशन की स्थापित भी आजादी के समय रियासत के द्वारा और अंग्रेजों के सहयोग द्वारा कराया गया था इस रियासत के राजा वीरेंद्र विक्रम सिंह का राज रहा था। हम इस समय नायाब इमारत की कर रहे हैं जिसे पयागपुर में स्टेचू भवन यह तस्वीर मकान नाम से जाना जाता है। या तस्वीर कोलकाता के विक्टोरिया महल के ऊपरी हिस्से का जो गुंबद है वह तस्वीर मकान से बिल्कुल मिलता जुलता हुआ दिखाई दे रहा है।

मेंहदी प्रतियोगिता किया गया भव्य आयोजन

• हुमाना पीपल टु पीपल इंडिया संस्था के द्वारा किया गया मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन

दैनिक अयोध्या टाइम्स तजवापुर बहराइच। बहराइच जनपद के तेजवापुर ब्लॉक में प्राथमिक विद्यालय शिशुवारा में हुमाना पीपल टू पीपल इंडिया संस्था द्वारा किया गया मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन इस प्रतियोगिता में गांव की महिलाएं वह स्कूल के बच्चों ने भी भाग लिया मेहंदी प्रतियोगिता में महिलाओं और बच्चों ने खुश होकर एक दूसरे के हाथों पर मेहंदी लगाई और संस्था द्वारा एक कंपटीशन भी किया गया इस कंपटीशन में प्रथम और दूसरे स्थान पर आने वाले को सम्मानित भी किया गया और बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए बधाई दिया मेहंदी प्रतियोगिता में स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका स्वाति दीक्षित ने कहा कि हमें भी इस प्रतियोगिता में अच्छा लगा और सभी महिलाओं ने खुश होकर भाग लिया और संस्था की तरफ से डिवीजन ऑर्गेनाइजर पीर चन्द, कदम एक्सीलेटर हेमकांत शर्मा,और हरिकिशन भी मौजूद थे।

संक्षिप्त समाचार

डीएम ने सुनी जन समस्याएं

चित्रकूट। शासन के मन्सा अनुरूप के क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोनेपुर कलेक्टरेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये जन सामान्य की कोविड–19 एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए जन सामान्य की समस्याओं, शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें, ताकि आम जन लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी राजस्व एवं वित्त कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक आकांक्षा सिंह आदि मौजूद रहे।

शिक्षा और सामाजिक कार्यों में समर्पित व्यक्तित्व हैं मेजर डॉ. एस. पी. सिंह : सुनील कुमार

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच

बहराइच। जनपद में शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में मेजर डॉ. एस. पी. सिंह ने अमूल योगदान दे रहे हैं। शिक्षा के साथ–साथ सामाजिक कार्यों में भी उनकी अभिरुचि हमेशा रही है। कोरोना संक्रमण के दिनों में कैसरगंज नगर पंचायत के गांवों में उनके नेतृत्व में मास्क वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ था। इस कार्यक्रम में मेरा उनसे प्रथम परिचय हुआ। वे किसान पी.जी. कॉलेज, बहराइच की प्रबंध समिति के सचिव के रूप में कॉलेज के उत्थान के लिए लगातार सक्रिय रहते हैं और उनके कुशल नेतृत्व में न केवल किसान पी.जी. कॉलेज, बहराइच बल्कि संपूर्ण जिले में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनका मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। वे अनेक समाजसेवी संस्थाओं के संरक्षक और मार्गदर्शक हैं। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि उनके जीवन पर आधारित पुस्तक शशिक्षा के शिखरश का प्रकाशन होने जा रहा है। यह वास्तव में ऐतिहासिक कार्य होगा। उनके बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डालने वाली यह पुस्तक उनके प्रशंसकों और उनके विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करेगी। उनके जीवन से जुड़े बहुत से प्रेरणादायक प्रसंगों पर जानकारी हासिल होगी। वे अपने छात्र जीवन से ही एक प्रतिभाशाली विद्यार्थी रहे और एक शिक्षक के रूप में उन्होंने पूरे जिले में व विश्वविद्यालय में अपनी ख्याति अर्जित की है। ये विचार कैसरगंज के सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार सुनील कुमार ने व्यक्त किए।

01 अगस्त से प्रारम्भ होगा मतदाता के आधार नम्बर एकलीकरण का कार्यक्रम

- राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच

बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने से सम्बन्धित कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए वृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित समयसारिणी के अनुसार आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही 01 अगस्त 2022 से प्रारम्भ की जायेगी।

डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि आयोग की मंशानुरूप बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर–घर भ्रमण के दौरान मतदाताओं से आधार नम्बर एकत्र करने के अतिरिक्त आवेदन पत्र फार्म–6बी जमा करने हेतु विशेष सुविधा भी प्रदान की जायेगी।

मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम के दौरान 07 व 21 अगस्त 2022 (रविवार) को विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थलों पर किया जाएगा। यदि विशेष कैम्प दिवस पर कोई मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में शामिलधिवलोपनध्संशोधन कराना चाहता है अथवा नया/संशोधित मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करना चाहता है, तो उसे फार्म–6, 7 व 8 उपलब्ध कराया जायेगा तथा संबंधित फार्मों को भरने में सहायता भी की जायेगी।

डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि विशेष शिविर में आने वालों को इस बात की भी जानकारी दी जायेगी कि आधार नम्बर उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नहीं किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नही कराया गया है।

किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। डीएम डॉ. चन्द्र ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील की कि 01 अगस्त से प्रारम्भ होने वाले आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान तथा विशेष अभियान तिथियों 07 व 21 अगस्त 2022 को व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार करने में सहयोग प्रदान करें ताकि स्वैच्छिक रूप से अधिक से अधिक मतदाताओं के आधार नम्बर एकत्र करने की कार्यवाही की जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज, भाजपा के श्रवण कुमार शुक्ल, कांग्रेस के मुकुन्द जी शुक्ला शेरा, सपा के जफरउल्ला खॉ, बी.एस.पी. के सुख राम प्रजापति, राष्ट्रवादी नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के मौजी लाल मिश्र, आर.एल.डी. के डॉ. अजीमउल्ला व आर.ए. सिद्दीकी मौजूद रहे।

70 क्वार्टर देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अतुल शर्मा के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 अभियुक्तों को 70 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

चौकी प्रभारी सीतापुर प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त नेकितन पुत्र स्वं भुलई निवासी राघवपुरी चौकी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान मुख्य आरक्षी शौकत खां, आरक्षी शिवम गुप्ता आदि मौजूद रहे।

इसी प्रकार आरक्षी लवलेश तथा मोनू राय थाना राजापुर द्वारा अभियुक्त पप्पू त्रिपाठी पुत्र संतोष त्रिपाठी निवासी रुपौली थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 40 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया ।

जिलाधिकारी ने निर्धारित किया समाधान दिवस का कार्यक्रम

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि माह अगस्त से दिसंबर 2022 के लिए जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में प्रथम एवं तृतीय शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 6 अगस्त 2022 को जिलाधिकारी तहसील मऊ, मुख्य विकास अधिकारी तहसील कर्वी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मानिकपुर तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजापुर, 20 अगस्त को जिलाधिकारी मानिकपुर, मुख्य विकास अधिकारी मऊ, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजापुर तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक कर्वी, 3 सितंबर को जिलाधिकारी तहसील कर्वी, मुख्य विकास अधिकारी राजापुर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मऊ तथा अपर जिलाधिकारी न्यायिक मानिकपुर, 17 सितंबर को जिलाधिकारी तहसील राजापुर, मुख्य विकास अधिकारी मानिकपुर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कर्वी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक मऊ, 1 अक्टूबर को जिलाधिकारी तहसील मऊ, मुख्य विकास अधिकारी कर्वी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मानिकपुर एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजापुर, 15 अक्टूबर को जिलाधिकारी तहसील मानिकपुर मुख्य विकास अधिकारी मऊ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजापुर एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक कर्वी, 5 नवंबर को जिलाधिकारी तहसील कर्वी, मुख्य विकास अधिकारी राजापुर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मऊ एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक मानिकपुर, 19 नवंबर को जिलाधिकारी तहसील राजापुर, मुख्य विकास अधिकारी मानिकपुर, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कर्वी एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक मऊ, 3 दिसंबर को जिलाधिकारी तहसील मऊ, मुख्य विकास अधिकारी तहसील कर्वी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मानिकपुर एवं अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजापुर तथा 17 दिसंबर को जिलाधिकारी तहसील मानिकपुर, मुख्य विकास अधिकारी तहसील मऊ, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजापुर एवं अपर जिलाधिकारी न्याय कर्वी में प्रतिभाग करेंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस में कोविड–19 संबंधी प्रोटोकॉल के अनुरूप आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

सडक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

मऊ, चित्रकूट। देवस्थान में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे बाईक सवार दो भाईयों को अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दिया। जिससे छोटे भाई की मौत हो गयी और दूसरा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊ तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत चंदई मजरा तिलौली गांव के निवासी रामसखा पाल के दो बेटे क्षेत्र के प्रसिद्ध देवस्थान परानूबाबा में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे थे। इस दौरान बरगढ मोड से परानूबाबा की ओर जाते समय एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाईक में पीछे से टक्कर मार दिया। जिससे बाईक चला रहा बडा भाई दिलीप कुमार व पीछे बैठा छोटा भाई विकास कुमार सडक पर गिर गये। इस हादसे में विकास की मौके पर ही मौत हो गयी और दिलीप गम्भीर हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया जहां प्राथमिक इलाज के बाद गम्भीर हालत के चलते दिलीप को रेफर कर दिया।

घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिवार में हडकम्प मच गया। मृतक की मां सुनीता का रो–रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि मृतक का पिता रामसखा गाडी चलाकर परिवार का पालन–पोषण करता है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए चिह्नित हुए 700 से अधिक वाद

चित्रकूट। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 13 अगस्त को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायधीश विष्णु कुमार शर्मा ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि सुलह समझौते के आधार पर वाद निस्तारण को अवगत कराया कि मुख्य निर्वाचन से वादकारी के धन और समय की बचत होती है। साथ ही न्यायालय पर मुकदमों का बोझ कम होता है। जिससे शेष बचे मुकदमों के निस्तारण में शीघ्रता आती है। इस दौरान प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव विदुषी मेहा ने बताया कि यह प्रचार वाहन जनपद के सभी तहसील और ब्लाक क्षेत्रों में जाकर लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक करेगा। जिससे आगामी 13 अगस्त को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लोग सुलह समझौते के आधार पर मुकदमों से छुटकारा पा सकें। इसके पूर्व जनपद न्यायधीश ने समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक में निर्देशित किया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण के लिए वाद चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस प्रेषित कर अधिक से अधिक मामलों को निस्तारित करने का प्रयास करें। बैठक में न्यायिक अधिकारियों द्वारा बताया गया कि 709 वादों को अभी तक चिह्नित किया जा चुका है ।

इस मौके पर राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी दीप नारायण तिवारी, अपर जिला जज रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विनीत नारायण पांडेय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार, सिविल जज सुशील कुमार वर्मा, प्रशांत मौर्य, वसुंधरा शर्मा, संघमित्रा आदि मौजूद रहे।

यातायात प्रभारी द्वारा स्कूलों में जाकर स्कूली वाहनों की चेकिंग की

- वाहन चालकों को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक कर पालन करने के लिए बताया

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अतुल शर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर यातायात शीतला प्रसाद पांडेय के पर्यवेक्षण में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव एवं उनकी टीम द्वारा ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज एवं सेठ मूलचन्द्र विद्या मंदिर कर्वी में स्कूल में चल रहे वाहनों की फिटनेस, बीमा प्रदूषण, जीपीएस, कैमरा, स्पीड गवर्नर एवं वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की चेकिंग की गयी ।

चेकिंग के दौरान जिन वाहनों में सुरक्षा जालियाँ एवं कैमरा नही लगे थे, उनमे लगवाने के लिए भी निर्देशित किया गया। वाहनों में मौजूद फर्स्ट एड बॉक्स चौक किया गया एवं फायर सिलेंडर की वैधता को देखते हुए उनको चला कर देखा गया । यातायात प्रभारी द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि बच्चों को लाने एवं ले जाने तथा उतारते–चढ़ाते, रोड क्रॉस करवाते समय सड़क के किनारे खड़ी करे एवं निर्धारित सीट अनुसार बच्चों को बैठाए क्षमता से अधिक न बैठाए। सतर्कतापूर्वक ध्यान देने एवं धीमी गति से वाहन चलाने के लिए निर्देशित किया गया । वाहन चालकों को समय–समय पर आंखों का चेकअप कराने के लिए भी बताया गया ।

यातायात प्रभारी द्वारा स्कूली वाहन चालको यातायात नियमों का पालन करने के लिए निर्देश भी दिये गये ।

खनिज अधिकारी ने जांच अभियान में सीज किए चार डम्फर

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आंनद के निर्देश पर जिले में लगातार चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के क्रम में गुरुवार की रात्रि में खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने खोह, कालूपुर, बेडीपुलिया, भरतकूप व शिवरामपुर में छापेमार अभियान चलाकर भारी वाहनों की चेकिंग की। जिसमें अवैध परिवहन, ओवरलोडिंग एवं बिना प्रपत्रों के दो वाहनों का चालान किया है। साथ ही 4 वाहनों को सीज कर भरतकूप थाने में सुपुर्द कर दिए गए हैं। जिला खनिज अधिकारी द्वारा लगातार किये जा रहे सघन चेकिंग अभियान से अवैध खनन

कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। वह रातभर अपने वाहनों के आगे पीछे रहकर अधिकारियों पर नजर गड़ाए रहते हैं। खनिज अधिकारी ने बताया कि जनपद में किसी भी हाल में बिना प्रपत्र, अवैध परिवहन व अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही जारी रहेगी।

नामकरण के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

दैनिक अयोध्या टाइम्स बहराइच

बहराइच। इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्मित बहुउद्देशीय क्रीड़ा हॉल एवं जनपद में स्थित रोडवेज बस स्टैण्डों के नामकरण के सम्बन्ध में एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी बलहा श्रीमती सरोज सोनकर की मौजूदगी में जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्मित बहुउद्देशीय क्रीड़ा हाल का नामकरण स्वतत्रंता सेनानी पं. भगवानदीन मिश्र ''वैद्य'' पुत्र स्व. चक्रदीन मिश्र ब्राम्हणीपुरा जिन्होने जनपद बहराइच के स्वतत्रंता संग्राम अंदोलन में वर्ष 1930 से 1942 तक आजादी के सत्याग्रह आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई है के नाम पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसी प्रकार रोडवेज बस स्टैण्ड का नामकरण चहलारी नरेश बलभद्र सिंह ग्राम मुरौवा तहसील महसी ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में वर्ष 1858 में बेगम हजरत महल के नेतृत्व में उबरी ग्राम जनपद बाराबंकी में अंग्रेज सेनापति होपग्रान्ट से संघर्ष करते हुये चहलारी में लगभग 600 सैनिको के साथ शहीद हुए थे के नाम पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अलावा रूपईडीहा बस स्टैण्ड का नाम स्थानीय स्वत्रंता सेनानी रामहर्ष विद्रोही पुत्र स्व. रामशंकर, ग्राम रामपुर निगहा थाना रूपईडीहा जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन वर्ष 1942 के दौरान एक वर्ष का कारावास हुआ था के नाम पर सर्व सम्मति निर्णय लिया गया। बैठक के अन्त में आजादी के अमृत महोत्सव अन्तर्गत ''हर घर तिरंगा'' कार्यक्रम के सफल आयोजन के उद्देश्य से सभागार में मौजूद जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व मीडिया प्रतिनिधियों के साथ डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र ने देश भक्ति गीत ''विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झण्डा ऊँचा रहे हमारा'' के सामूहिक गान से प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर सुभाष सिंह धामी, जिला क्रीड़ाधिकारी नीरज मिश्रा, नवांगतुक क्षेत्रीय प्रबन्धक रोडवेज डी.के. तिवारी उपायुक्त मनरेगा के.डी. गोस्वामी, मीडिया प्रतिनिधि मुकेश पाण्डेय, अजय शर्मा, दिवाकर सिंह, प्रभन्जन शुक्ला, मोहित सोनी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

आधार कार्ड और मतदाता पहचान पत्र होंगे लिंक

चित्रकूट। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने जनपद के समस्त अर्ह नागरिकों, राजकीय विभाग, अर्धसरकारी संस्थाओं, बैंक, पोस्ट आफिस में कार्यरत समस्त अधिकारी, कर्मचारियों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अपेक्षा की है कि स्वेच्छा से आयोग के निर्धारित फार्म–6 बी पर अपना आधार नम्बर अंकित करके हार्ड कापी सीधे जिला निर्वाचन कार्यालय, तहसील कार्यालय में अवस्थित मतदाता पंजीकरण केन्द्र अथवा बीएलओ के घर–घर भ्रमण के दौरान आधार नम्बर फार्म–6 बी पर मतदाताओं से आधार नम्बर एकत्र करने के अतिरिक्त आवेदन पत्र फार्म–6बी जमा करने हेतु विशेष सुविधा भी प्रदान की जायेगी।

मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम के दौरान 07 व 21 अगस्त 2022 (रविवार) को विशेष कैम्प का आयोजन प्रत्येक मतदेय स्थलों पर किया जाएगा। यदि विशेष कैम्प दिवस पर कोई मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में शामिलधिवलोपनध्संशोधन कराना चाहता है अथवा नया/संशोधित मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करना चाहता है, तो उसे फार्म–6, 7 व 8 उपलब्ध कराया जायेगा तथा संबंधित फार्मों को भरने में सहायता भी की जायेगी।

डीएम डॉ. चन्द्र ने बताया कि विशेष शिविर में आने वालों को इस बात की भी जानकारी दी जायेगी कि आधार नम्बर उपलब्ध कराना स्वैच्छिक है और इस आधार पर उनका नाम मतदाता सूची डेटाबेस से अपमार्जित नहीं किया जाएगा कि उनके द्वारा आधार नम्बर उपलब्ध नही कराया गया है।

किसी भी परिस्थिति में प्राप्त आधार नम्बर को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। डीएम डॉ. चन्द्र ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से अपील की कि 01 अगस्त से प्रारम्भ होने वाले आधार नम्बर एकत्रीकरण अभियान तथा विशेष अभियान तिथियों 07 व 21 अगस्त 2022 को व्यापक स्तर पर प्रचार–प्रसार करने में सहयोग प्रदान करें ताकि स्वैच्छिक रूप से अधिक से अधिक मतदाताओं के आधार नम्बर एकत्र करने की कार्यवाही की जा सके।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी मनोज, भाजपा के श्रवण कुमार शुक्ल, कांग्रेस के मुकुन्द जी शुक्ला शेरा, सपा के जफरउल्ला खॉ, बी.एस.पी. के सुख राम प्रजापति, राष्ट्रवादी नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के मौजी लाल मिश्र, आर.एल.डी. के डॉ. अजीमउल्ला व आर.ए. सिद्दीकी मौजूद रहे।

श्रीजी इण्टरनेषनल स्कूल ने पहले साल ही कराई जोरदार आमद

चित्रकूट : सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 10 सत्र 2021–22 के परीक्षा परिणाम में श्री जी इंटरनेशनल स्कूल के समस्त विद्यार्थियों ने अथक प्रयास करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। जिसमें 13 बच्चों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। प्रधानाचार्य ने बताया कि मोहित सिंह 95.80, श्रेया सिंह 95.60, सुदर्शन देव 94.60, मनु दुबे 94.00, हर्षित सिंह 93.80, आयुष सिंह 93.80, नितिन सिंह 92.60, अखंड केसरवानी 92.60, साहिल कुमार 92.20, आशुतोष सिंह 91.80, प्रांजलि सिंह 90.80, काजल मिश्रा 90.40, कृतिका तिवारी 90.40, वद्यालय सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

संजीवनी फाउंडेशन के पाठा क्षेत्र में फलदार वृक्षों के वृक्षारोपण का स्वयं इंद्र भगवान ने स्वागत किया

मानिकपुर, चित्रकूट। पाठा क्षेत्र की सरहद पंचायत के टिकुरी गाँव में संजीवनी फाउंडेशन ने प्रत्येक घर में दो फलदार वृक्ष लगवायें। फलदार वृक्षों के वृक्षारोपण के बाद बारिश के द्वारा स्वयं इंद्र भगवान ने स्वागत किया। विदित हो मानसून का समय निकला जा रहा है, लेकिन बारिश का कोई नामोनिशान नहीं है, लेकिन जिस दिन यह वृक्षारोपण हुआ, उसी दिन हुई बारिश से ग्रामीणों में प्रसन्नता भी दिखायी दी।

संजीवनी फाउंडेशन के अध्यक्ष रविंद्र गौतम ने बताया कि उनका उद्देश्य गाँव के निवासियों का सर्वांगीण विकास है और इसी कड़ी में यह कार्य किया गया है। बताया कि प्रत्येक परिवार को एक आँवला और एक करौंदा का पौधा दिया गया है। इन वृक्षों से भविष्य में आने वाले फल इनकी वार्षिक आय में कुछ वृद्धि करेंगे। बताया कि यह पहल यही नहीं रुकेगी आने वाले समय में भी ऐसे ही और फलदार वृक्षों के पौधे ग्रामीणों को दिए जायेंगे। जिससे इनकी वार्षिक आय में निरंतर वृद्धि हो सके। बताया कि यह पौधे सपहा के उद्यान विभाग से खरीदकर टिकुरी पहुँचाये गए है। कहा कि देश को विकसित देश बनाने के लिए हमें गावों का विकास करना पड़ेगा, गाँवों के विकास के बिना देश को विकसित देशों की श्रेणी में लाना मुश्किल कार्य है, विशेषकर उस देश को जहां की सत्तर प्रतिशत से ज्यादा जनता गावों में रहती हो।

सीडीओ की जाँच में 143 कर्मी मिले अनुपस्थित

- व्हाट्सएप के माध्यम से सभी 16 विकास खंडों के उपस्थिति पंजिका की हुई जाँच
- 143 कार्मिक सुबह साढ़े 10 बजे तक नहीं पहुंचे थे कार्यालय
- एक दिन का वेतन काटने तथा स्पष्टीकरण का दिया निर्देश

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने आज प्रातः साढ़े दस बजे व्हाट्सएप के माध्यम से सभी 16 ब्लॉकों की उपस्थिति पंजिका की जांच की, जिसमें 143 कार्मिक अनुपस्थित मिले। सीडीओ ने समस्त अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतनध्मानदेय काटने के निर्देश के साथ ही स्पष्टीकरण तलब किया है। उन्होंने कहा कि समय से कार्यालय नहीं आने वाले लापरवाह कार्मिकों के विरुद्ध शासन की नीति के अनुरूप कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों में रामपुर कारखाना ब्लॉक के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राजन कुमार गुप्ता, टी0ए0 मुक्तिनाथ तिवारी, चन्द्रभान कुशवाहा, सिद्धेश्वर प्रसाद, उदय प्रताप सिंह, कैलाश सिंह, बी0बी0एम अजय यादव, दीपमाला यादव, अभिषेक उपाध्याय, हरीकेष बहादुर शाही, कम्प्यूटर आपरेटर सोमनाथ यादव, उत्तम प्रकाश मिश्र, प्रियंका पाण्डेय सम्मिलित है। इसी प्रकार रुद्रपुर ब्लॉक के टी0ए0 दीपचन्द्र गुप्त, सतीश कुमार सिंह एवं सुरेन्द्र प्रताप, गौरी बाजार ब्लाक के ए0डी0ओ0(ए0जी0) मेवालाल भारती, बीओ पीवीडी कुँवर बहादुर यादव, जेई एमआई रामसरण, कम्प्यूटर आपरेटर सचित कुमार व नरेन्द्र दत्त, ब्लाक रुद्रपुर के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, एकाउटेंट नरेन्द्र गौतम, कम्प्यूटर आपरेटर दुर्गेश तिवारी, कृष्ण प्रजापति, बीएमएम अजय कुमार मिश्र, अमरदेव सिंह, पंकज कुमार सिंह, टीए संजय कुमार सिंह, महेश मल्ल, अरुण कुशवाहा, अतुल सिंह, संजय सिंह, वरिष्ठ सहायक ओमप्रकाश मिश्र समय से कार्यालय नहीं पहुंचे थे।

ब्लाक देवरिया सदर के एडीओ(क0) सौरभ द्विवेदी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शिव कुमार राव, एकाउटेंट मनरेगा जितेन्द्र तिवारी, टीए हरिगोविन्द सिंह,नागेन्द्र सिंह, संजय कुमार त्रिपाठी, सुनील कुमार, सुबाष चन्द्र, राजेश सिंह, अमरनाथ तिवारी, बीएमएम ज्योति बरनवाल, अनिता निषाद, सदानन्द, कम्प्यूटर आपरेटर ब्रजभूषण पाण्डेय, ब्लाक बरहज के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ओमकार सिंह, ए0ए0 विजय यादव, कम्प्यूटर आपरेटर प्रदीप कुमार, टीए रामकरण, संतोष शर्मा, त्रिभुअन नाथ पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार सिंह, बीटी सत्य प्रकाश, जाहिद अहमद, लेखाकार अंजनी कुमार पाण्डेय, एडीओ एस के ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, बनकटा ब्लाक के एडीओ कोआपरेटिव अभिवन, एकाउटेंट सुभाष चन्द्र गुप्ता, बीटी राजेश कुमार, दीपक कुमार, वरिष्ठ सहायक चन्द्र प्रकाश सिंह, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर सुनील कुमार, कन्हैया कुशवाहा, टीए दिनेश शर्मा, शैलेष शर्मा, ओम प्रकाश सिंह, आनन्द प्रकाश गुप्ता, बीएमएम बंदन कुमार, ब्लाक भागलपुर के व0स0 मनोज कुमार, बीओपीआरडी दीपक कुमार गुप्ता, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी निमित कुमार सिंह, टीए संतोष कुमार पाण्डेय, घनश्याम यादव, धमेन्द्र सिंह, कमलेश कुमार ओझा, अवशेष वर्मा, ले0स0 विजय यादव, ब्लाक भाटपाररानी के बीएमएम राजेश यादव, अभिषेक राय, टीए रामनक्षत्र सिंह, हृदय लाल कुशवाहा, व्यास नाथ राव, विजय शंकर पाण्डेय, रंजीत कुमार गुप्ता, उमेश यादव, धमेन्द्र कुमार उपाध्याय, सुनील कुमार प्रसाद, एडीओ आईएसबी शिव कुमार देवी, जेईआरईडी लाल बहादुर, व0स0 मनोज कुमार यादव, ब्लाक पथरदेवा के बी0टी0 कमलेश यादव, टीए मुरली मनोहर पाण्डेय, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, ब्लाक भटनी के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मंजू कुशवाहा, बीटी रामदेव राव, क0आ0 मनीष मद्धेसिया, टीए कमलेश भारती, विनोद कुमार सिंह, विमल किशोर, अरविन्द कुशवाहा, वैकेटेश्वर यादव, डीईओ रामनरायण यादव, जेईआरडी जितेन्द्र पाल, ब्लाक तरकुलवा के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राहुल कुमार, एकाउटेंट मनरेगा सुजीत कुमार राव, टीए संजय कुमार सिंह, ओमकार नाथ तिवारी, सतीश कुमार, गिरीश नरायण कुश्वाहा, सतेन्द्र प्रताप सिंह, विजय कुमार चौहान, श्रवण कुमार मल्ल, स0वि0अ0(सह0) विशाल कुमार सिंह, ब्लाक बैतालपुर के टीए दिग्विजय नाथ तिवारी, जय प्रकाश, उपेन्द्र प्रकाश राव, ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, रमेश चद्र मिश्र, बीओपीवीडी बसुधा पाण्डेय, ब्लाक देसही देवरिया के लेखाकार रघुनाथ यादव, टीए संतोष कुमार श्रीवास्तव, विनय कुमार राव, केशव प्रसाद तिवारी, उमेश गुप्ता, शेषनाथ शर्मा, कम्प्यूटर आपरेटर, जय प्रकाश गुप्ता, ब्लाक भलुअनी के टीए शत्रुमर्जन शाही, सभापति मणि त्रिपाठी, सुनील राय, रामचन्द्र राय, ब्लाक सलेमपुर के ग्रा0वि0अ0 विरेन्द्र सिंह, टीए ऋतुदेव तिवारी, राजेन्द्र मल्ल, परमात्मा सिंह, अरुण कुमार तिवारी, अमरजीत सुधाकर पाण्डेय, बीएमएम सत्यम सिंह आदि अनुपस्थित रहने वालों में सम्मिलित है।

नाली निर्माण में ग्राम प्रधान ने कराया भ्रष्टाचार

चित्रकूट। कसहाई निवासी समाजसेवी सौमित्र सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर ग्राम पंचायत के रहुनीपुरवा में प्रधान पर नाली निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनबाद के दरवाजे से अभिषेक के खाली मकान तक हो रहे निर्माण में अनियमितता बरती गई है

राज्य मंत्री ने प्रदेश सरकार के सफलतम 100 दिन पूरे होने पर विकास/निर्माण कार्यो व लाभ परक योजनाओं की दी गई जानकारी

• मा0 राज्य मंत्री ने जनपद में कराये गये विकास कार्यो की विस्तापूर्वक दी जानकारी

जिला रिपोर्ट विजय सिंह रायबरेली। उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास विभाग, जसवंत सिंह सैनी की अध्यक्षता में बचत भवन सभागार में प्रदेश सरकार के सफलतम 100 दिन पूरे होने के अवसर पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। मा0 राज्यमंत्री ने प्रदेश सरकार द्वारा कराये गये विकास एवं निर्माण कार्यो सहित लाभ परख योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसी क्रम में मा0 राज्यमंत्री ने जनपद में कराये गये कार्यो के बारे में बताते हुए कहा कि मत्स्य पालन विभाग द्वारा दस वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा 10.00 हे0 के लक्ष्य के सापेक्ष 51.965 हे0 पट्टा किया गया है 510 प्रतिशत पूर्ण हुई। लैब (जल मृदा नमूना) 85 के लक्ष्य के सापेक्ष 100 जल मृदा नमूना पूर्ति 117 प्रतिशत की पूर्ति की गयी। मत्स्य बीज वितरण 23.59 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष 67.75 लाख मत्स्य बीजों का 287 प्रतिशत वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि युवा कल्याण विभाग द्वारा युवक मंगल दल गठन के लक्ष्य 25 के सापेक्ष 25 युवक मंगल दल का 100 प्रतिशत गठित किये गये। महिला मंगल दल गठन के लक्ष्य 25 के सापेक्ष 25 महिला मंगल दल का 100 प्रतिशत गठित। पंचायती राज द्वारा एस0बी0एम0जी0 फेज–2 में 2176 व्यक्तिगत शौचालय के लक्ष्य के सापेक्ष 2176 की 100 प्रतिशत निर्मित। पशुपालन में निराश्रित गोवंश संरक्षण योजना में 500 संरक्षण केन्द्र के सापेक्ष 510 केन्द्र की 102 प्रतिशत निर्मि.त। ग्राम्य विकास विभाग प्रधानमंत्री आवास लक्ष्य की संख्या 1427 के सापेक्ष 1427 की 100 प्रतिशत पूर्ति। मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण लक्ष्य की संख्या 58 के सापेक्ष 58 की पूर्ति–100 प्रतिशत। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार श्रम बजट का लक्ष्य रू0 5342.55 लाख के सापेक्ष रु0 7784.37 लाख व्यय 102 प्रतिशत। सृजित मानव दिवस का लक्ष्य 1504944 के सापेक्ष 1595765 रोजगार सृजन–106 प्रतिशत किया गया जिसमें 686636 महिलाएं भी सम्मिलित रहीं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूह गठन का लक्ष्य जुलाई 2022 तक 2090 लक्ष्य के सापेक्ष 1780 समूह गठित 85 प्रतिशत।

खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा राशन कार्ड– राशन कार्ड धारकों की संख्या 5557213 के सापेक्ष 557213 पूर्ति–100 प्रतिशत। बेघरों तथा कचरा उठान करने वाले नागरिकों को राशन कार्ड बनाने के लक्ष्य 112 के सापेक्ष 112 की पूर्ति 100 प्रतिशत। सी0एस0सी0 सेवाओं तथा राशन कार्ड सेवाओं–1145 के सापेक्ष 672 की पूर्ति 56 प्रतिशत। खाद्य एवं विपणन 82000.00 मी0 टन गेहूं क्रय के सापेक्ष 2785.62 क्रय किया गया 3.39 प्रतिशत। विधिक माप विज्ञान– आनलाइन 06 सेवाओं के सापेक्ष 06 सेवाएं प्रारम्भ 100 प्रतिशत। उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन– प्रधानमंत्री रोजगार सृजन से लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या 12 लक्ष्य के सापेक्ष 11 की पूर्ति 99 प्रतिशत। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन से लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या 16 लक्ष्य के सापेक्ष 08 की पूर्ति 50 प्रतिशत। मा0 राज्यमंत्री ने बताया कि एक जनपद–एक उत्पाद वित्त पोषण लक्ष्य 04 के सापेक्ष 02 की पूर्ति 50 प्रतिशत। खादी ग्रामोद्योग– प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम से लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या के लक्ष्य 14 के सापेक्ष 13 की पूर्ति–99 प्रतिशत। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार से लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या के लक्ष्य 03 के सापेक्ष 02 की पूर्ति–66 प्रतिशत। मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार से लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या के लक्ष्य 02 के सापेक्ष 01 की पूर्ति 50 प्रतिशत। बेसिक शिक्षा–ऑपरेशन कायाकल्प बालक शौचालय लक्ष्य 2179 के सापेक्ष 2070 की पूर्ति 94 प्रतिशत। ऑपरेशन कायाकल्प बालिका शौचालय लक्ष्य 2216 के सापेक्ष 2127 की पूर्ति–95 प्रतिशत। माध्यमिक शिक्षा– राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 41 बायोमेट्रिक डिवाइस लक्ष्य के सापेक्ष 41 बायोमैट्रिक डिवाइस की पूर्ति–100 प्रतिशत। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में 41 वाई–फाई लक्ष्य के सापेक्ष 41 की पूर्ति–100 प्रतिशत। समस्त माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा–9 से 12 तक के छात्र – छात्राओं की 141982 ईमेल आई – डी के लक्ष्य के सापेक्ष 140786 बना ली गयी है 99 प्रतिशत। समस्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों की ई – मेल आई – डी 2822 लक्ष्य के सापेक्ष 2822 शिक्षकों की आई – डी तैयार कर ली गयी है 100 प्रतिशत। समस्त माध्यमिक विद्यालयों का वेब पेज –332 लक्ष्य के सापेक्ष 329 बना लिया गया है 98 प्रतिशत। वित्त–विहीन विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार संसाधन मैपिंग अपलोड 244 लक्ष्य के सापेक्ष 236 मैपिंग अपलोड कर दी गयी है–90 प्रतिशत। जल निगम (ग्रामीण)– रेट्रोफिटिंग– 01 नग लक्ष्य के सापेक्ष कार्य प्रगति पर है। ऑनगोइंग पाइप– 02 नग लक्ष्य के सापेक्ष 01 पूर्ति 01 कार्य प्रगति पर है–50 प्रतिशत। जेजेएम फेज–2– 42 नग योजनाओं पर 18119 नग लक्ष्य के सापेक्ष 2711 नग ए0एफ0टी0सी0 की पूर्ति–14 प्रतिशत। समाज कल्याण– छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिप्यूट की 250 संस्थाएं तथा अनुसूचित जाति के 500 मेधावी छात्रों को सम्पूर्ण शिक्षा हेतु 15.00 करोड़ की धनराशि प्रस्तावित है। किन्नर बोर्ड द्वारा उनयलिंगीय व्यक्तियों को वृद्धाश्रम की व्यवस्था मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना संचालित है। अल्पसंख्यक कल्याण– व्यक्तिगत शादी अनुदान की योजना संचालित है धनराशि आना शेष है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग– दिव्यांग भरण पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) 14382 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष 14382 पूर्ति 100 प्रतिशत। कृत्रिम अंगध्सहायक उपकरण योजना 89 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष 89 पूर्ति –100 प्रतिशत। दुकान निर्माण/ संचालन योजना 16 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष 07 पूर्ति 43 प्रतिशत। दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना 17 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष 05 पूर्ति–29 प्रतिशत।

मा0 राज्यमंत्री ने जनपद के कार्यो के बारे में बताया कि महिला कल्याण विभाग– पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेन्शन अनुदान (विधवा पेन्शन) 45797 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष 30132 पूर्ति 66 प्रतिशत। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना– 4946 लाभार्थियों के लक्ष्य के सापेक्ष 4946 पूर्ति– 100 प्रतिशत। बाल विकास विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार, आँगनबाड़ी केन्द्र निर्माण 41 के लक्ष्य के सापेक्ष 13 निर्मित 31 प्रतिशत। आँगनबाड़ी केन्द्रों पर शौचालय निर्माण 105 के लक्ष्य के सापेक्ष 65 निर्मित 61 प्रतिशत। खेल विभाग जनपद रायबरेली में एक जनपद एक खेल योजनान्तर्गत हॉकी खेल का चयन किया गया है। जिस हेतु प्रशिक्षक का चयन पूर्ण किया जा चुका है। लोक निर्माण जनपद रायबरेली में के हास्टलध्बैरक एवं 01 विवेचना कक्ष आदि 16 निर्माण कार्यो के लक्ष्य के सापेक्ष 06 पूर्ति 37 प्रतिशत तथा शेष पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। गन्ना विकास गन्ना मूल्य भुगतान रू0 1645.53 लाख के लक्ष्य के सापेक्ष रू0 1645.53 लाख का भुगतान किया गया –100 प्रतिशत। शिक्षुता प्रशिक्षण योजनान्तर्गत 137 लाभार्थियों के सापेक्ष 163 लाभार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया–118 प्रतिशत। सेवायोजन अन्तर्गत 224 लाभार्थियों के सापेक्ष 148 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया –66 प्रतिशत। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत 400 लाभार्थियों के सापेक्ष 351 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया– 87 प्रतिशत। लघु सिंचाई– उथले घरे नलकूप बोरिंग 2860 लक्ष्य के सापेक्ष 2860 बोरिंग की गयी –100 प्रतिशत। दुग्ध विकास– दुग्ध समिति का गठन 03 समिति के गठन के लक्ष्य के सापेक्ष 03 समिति गठित– 100 प्रतिशत। सहकारिता अल्पकालीन फसली ऋण वितरण रू0 1500.00 लाख ऋण वितरण के सापेक्ष रू0 1157.85 लाख वितरित –77 प्रतिशत। उर्वरक वितरण–3100 मी0 टन उर्वरक वितरण लक्ष्य के सापेक्ष 2138 मी0 टन उर्वरक वितरित 68 प्रतिशत। नगरीय विकास अभिकरण (डूडा)– प्रधानमंत्री आवास (शहरी) लक्ष्य की संख्या 910 के सापेक्ष 609 की पूर्ति–66 प्रतिशत। स्वयं सहायता समूह गठन का लक्ष्य 19 के सापेक्ष 20 समूह गठित –105 प्रतिशत। रियाल्विंग फण्ड वितरण 28 रिवाल्विंग फण्ड वितरण के सापेक्ष 22 समूह को वितरित 78 प्रतिशत। उद्यान विभाग– एकीकृत बागवानी विकास मिशन– खरीफ मौसम हेतु 1790 में आम, अमरूद, केला, पपीता एवं प्याज रोपण का लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति शत–प्रतिशत। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना कृषकों के पंजीकरण शत–प्रतिशत पूर्ण हो गयी। प्रस्ताव आधारित कार्यक्रम (पॉलीहाउसध्शेड नेट हाउस, शीतगृह, प्याज भंडार गृह पैक प्रस्ताव प्रेषित।

उन्होंने कहा कि नगर विकास डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन– जनपद में 127 वार्डों के लक्ष्य के सापेक्ष 127 वार्डों में पूर्ति– 100 प्रतिशत। प्लास्टिक वेस्ट– समस्त नगरीय निकायों में 1.88 टन प्लास्टिक जब्त तथा 6.97 लाख जुर्माना वसूला गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन– खाद्य प्रतिष्ठानों के लाइसेन्स का लक्ष्य निर्धारण 361 लाइसेन्स के लक्ष्य के सापेक्ष 396 की पूर्ति– 109 प्रतिशत। खाद्य प्रतिष्ठानों के पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारण– 2712 पंजीकरण के लक्ष्य के सापेक्ष 2366 की पूर्ति–87 प्रतिशत। चकबन्दी विभाग– चकबन्दी योजनान्तर्गत कब्जा परिवर्तन कार्य–10 ग्रामों के लक्ष्य के सापेक्ष 09 ग्रामों सीमांकन का कार्य पूर्ण है 90 प्रतिशत। 33– राज्य सड़क परिवहन निगम बसों का रंग – रोगन– 84 बसों के लक्ष्य के सापेक्ष 84 बसों का रंग – रोगन किया गया 100 प्रतिशत। गृह विभाग (कानून व्यवस्था)– पास मशीन 20 पास मशीन लक्ष्य के सापेक्ष 20 पास मशीन की पूर्ति– 100 प्रतिशत। 18 ब्लॉकों में 100 स्वयं सेवी अग्निसचेतकों को प्रशिक्षित कर 100 प्रतिशत की प्रगति की गयी है। मुख्य चिकित्साधिकारी कुल 335544 गोल्डेन कार्ड बनाया गया है। इस गोल्डेन कार्ड से 14147 लाभार्थियों ने अपना ईलाज कराया। सिंचाई विभाग– कुल 435 नहरों में टेल में से 357 टेलों तक पानी पहुचाकर 82.07 प्रतिशत की प्रगति की गयी है। 37 वन विभाग जनपद में दिनांक 05 से 07 जुलाई 2022 तक कुल 5280700 पाच रोपित किये गये। जनपद का कुल लक्ष्य 6669742 है, जिसे 15 अगस्त 2022 तक पूर्ण किया जायेगा।

इस मौके पर जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष रामदेव पाल, नगर मजिस्ट्रेट पल्लवी मिश्रा, डीएसटीओ पन्ना लाल, अपर जिला सूचना अधिकारी इजेश सिंह, मो0 राशिद रियाज, प्रचार–सहायक बड़े लाल यादव सहित बड़ी संख्या में मीडिया बन्धु उपस्थित रहे।

अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) किराया प्राधिकारी नियुक्त

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) कुँवर पंकज ने बताया कि उत्तर प्रदेश नगरीय परिसर किराएदारी विनिमयन (द्वितीय) अध्यादेश 2021 का क्रियान्वयन सुनिश्चित किये जाने के लिए धारा–30 में दिए गए विधि व्यवस्थाओं के अनुपालन में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नागेंद्र कुमार सिंह को किराया प्राधिकारी नियुक्त किया है।

चोरी की बाइकों समेत दो गिरफ्तार, तीसरा भागा

जैतपुर। ब्रहस्पतिवार की रात खेडा राठौर पुलिस ने बाह कैंजरा रोड पर चौकिंग के दौरान चोरी की दो बाइकों के साथ गौंसिली गांव के दो लोगों को धर दबोचा। जबकि उनका तीसरा साथी चंबल के बीहड के रास्ते से होकर भाग निकला। एसओ खेडा राठौर राजीव सोलंकी ने बताया कि ब्रहस्पतिवार की रात करीब 10 बजे पुलिस की टीम कैंजरा रोड पर चौकिंग कर रही थी। चौकिंग के दौरान खेडा राठौर के गौंसिली गांव के राधेश्याम और सुभाष को पकड लिया। दोनो के पास से चोरी की दो बाइकें बरामद हुई। जबकि उनका तीसरा साथी बाह के हिंगोटखेडा गांव का संदीप भाग निकला। पुलिस ने उसकी तलाश में दविश दी है। दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले छात्रों को प्रधानाचार्य कमल बाजपेई जी द्वारा किया गया सम्मानित

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य महाराजगंज। रायबरेली महावीर स्टडी स्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज सीबीएसई बोर्ड का हाईस्कूल तथा इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ हाईस्कूल 100: जिसमें दिव्यांशी रस्तोगी 97: पाकर प्रथम, रिया मौर्या 94: इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम 85: जिसमें निशा यादव 89: श्रुति मिश्रा 84: राज सिंह 60: पाकर उच्च स्थान पर रहे।

अन्य बच्चों ने प्रथम प्रतिशत पाकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया प्रबंधक अवधेश बहादुर सिंह ने बच्चों को मिठाई खिलाई प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने बच्चों को सम्मान में पुष्प माला पहनाई बच्चों का प्राप्तांक प्रतिशत महाराजगंज में सबसे ऊंचा था तथा जिला स्तर पर भी बच्चों ने टॉप टेन में अपना स्थान सुरक्षित किया प्रबंधक ने बच्चों एवं उनके अभिभावकों को पुरस्कृत किया उपहार दिए प्रधानाचार्य कमल बाजपेई ने इस महान उपलब्धि पर सभी अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी तथा बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया कालेज कठिन परिश्रम से भविष्य में और भी ऊंचे कीर्तिमान स्थापित करेगा इस अवसर पर श्रीमती गिरिजा शुक्ला पी आर ओ राजू मिश्रा सौरभ श्रीवास्तव सुरेंद्र नीरू मंजू अनुपम लक्ष्मी ज्योति जयसवाल फातिमा सरिता सालनी सिंह फातिमा साधना ज्योति सिंह आलोक अभिषेक अमित सिंह विवेक सुमन बहादुर निशांत प्रशांत सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं स्टाफ मौजूद रहा।

महराजगंज थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह से नहीं थम रही कोतवाली क्षेत्र की बागडोर

• आखिर क्यों नहीं रुक रहा महराजगंज क्षेत्र में हैं चोरों का आतंक

• महराजगंज थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह से नहीं थम रही कोतवाली क्षेत्र की बागडोर

• आखिर क्यों नहीं रुक रहा महराजगंज क्षेत्र में हैं चोरों का आतंक

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य रायबरेली। रात्रि गस्त की खुली पोल मऊ नहर चौकी से मात्र डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित बेडसरी मजरे सिकंदरपुर गांव से बाइक (स्प्लेंडर प्रो) यूपी 33, AE ,7681 चोरों ने पार कर दिया है

।मोहमद असलम पुत्र जमील अहमद पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से किया है। पीड़ित द्वारा बताया गया 21/7/2022 को समय लगभग रात्रि 1:00 बजे प्रार्थी की गाड़ी स्प्लेंडर प्रो रेड कलर घर में दरवाजे पर खड़ी थी जिसको प्रार्थी ने सुबह उठकर देखा तो गाड़ी नहीं थी प्रार्थी ने काफी खोजबीन की रिश्तेदारों में पता किया परंतु गाड़ी का कहीं नहीं पता चला। पीड़ित द्वारा थाने में तहरीर दिया वही कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा बताया गया कि मामला संज्ञान में है जल्द ही चोरी के घटना का खुलासा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजना जनता दरबार में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

• जनता दर्शन में दूर – दराज से आये फरियादियों की जन समस्याओं को सुनने के साथ ही साथ निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश सरकार के मन्सा अनुरूप को मद्देनजर रखते हुए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोनेपुर कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन आयोजन में सामान्य कोविड –19 एवं सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन कराते हुए जन सामान्य की समस्याओं/ शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें, ताकि आम जन लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके। समय से निस्तारण कराएं इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। हम अधिकारियों की प्राथमिकता है

की हम लोगों की जनसमस्याएं पर ज्यादा से ज्यादा ख्याल रखें और उनकी समस्याओं का निस्तारण करें। जनता दर्शन के मौके पर अपर जिला अधिकारी(राजस्व एवं वित्त) कुंवर बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक आकांक्षा सिंह उपस्थित रहे।

डॉल्फिन पब्लिक स्कूल प्रतापगढ़ के छात्र हर्षित मिश्र ने रचा इतिहास

दैनिक अयोध्या टाइम्स प्रतापगढ़। डॉल्फिन पब्लिक स्कूल छीटपुर दिलीपपुर प्रतापगढ़ के छात्र हर्षित मिश्र पुत्र ओम प्रकाश मिश्र ने दिनांक 22 जुलाई 2022 को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा घोषित कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में 500 अंको में से 483 अंक (96.6:) प्राप्त करके प्रतापगढ़ जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्षित मिश्र ने इतिहास विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त करके नया कीर्तिमान रच दिया। हर्षित मिश्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार गदगद है। चारो तरफ खुशी का माहौल है।

संक्षिप्त समाचार

जमीनी विवाद को लेकर दो अलग-अलग गांव में घर में घुसकर दबंगों ने महिला समेत चार लोगों को मारा पीटा

शास्त्र तिवारी ब्लॉक रिपोर्टर अयोध्या टाइम्स पयागपुर बहराइच। थाना पयागपुर क्षेत्र के अंतर्गत जमीनी विवाद को लेकर दो अलग–अलग गांव में घर में घुसकर दबंगों ने महिला समेत चार लोगों को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया है। ग्राम मोहम्मदपुर ककरहा कुट्टी में सीमा सिंह व उसके पति मनोज सिंह को गांव के दबंगों ने रात में घर में घुसकर लाठियों से पीटकर घायल कर दिया। जिसमें सीमा सिंह की तरफ से गांव के दिनेश नकेल सरवन हरकेश सहित चार लोगों को नामजद करते हुए प्रार्थना पत्र पयागपुर थाने पर दिया है। सीमा सिंह ने बताया कि गांव के लोग खेत में लगी फसल का नुकसान करा रहे थे। विरोध करने पर रात 8:00 बजे घर पर चढ़ आए और घर में घुसकर मारा पीटा गया। ग्राम सोनारनपुरवा दाखिला अकरौरा में गीता देवी पत्नी अर्जुन प्रसाद व मुस्कान को जमीनी विवाद को लेकर गांव के वीरेंद्र विकास राजू आकाश ने हमला बोल कर घायल कर दिया। जिसे गंभीर चोटें आई हैं। गीता देवी के पति अर्जुन प्रसाद ने बताया कि जमीन का विवाद था पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई की थी जमानत करा कर पहुंचे विपक्षियों ने घर में घुसकर गीता देवी व उसकी पुत्री मुस्कान को लाठियों से पीटकर लहूलुहान कर डाला। जिसकी भी नामजद तहरीर थाने पर दी गई है।इस बाबत में थानाध्यक्ष पयागपुर राजकुमार पांडे ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है कार्रवाई की जा रही है। मालूम हो कि बरसात होते ही थाना पयागपुर क्षेत्र में मारपीट की घटनाएं लगातार बढ़ने लगी है।

दामिनी एप से 4 घंटे पहले पाए वज्रपात की चेतावनी

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नोडल अधिकारी जिला आपदा प्रबंधन समिति नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मानसून सीजन में वज्रपात की घटनाएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में समय पूर्व वज्रपात की चेतावनी प्राप्त हो जाने से मानवीय क्षति को रोका जा सकता है। समय पूर्व चेतावनी प्राप्त करने में दामिनी एप एक प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है। दामिनी एप के माध्यम से 4 घंटे पूर्व वज्रपात की सूचना मिल जाती है, जिससे आकस्मिक मौसमी बदलाव होने की स्थिति में मानवीय क्षति को रोका जा सकता है। एडीएम (वित्त एवं राजस्व) ने बताया कि पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी ने वज्रपात की पूर्व चेतावनी/ अलर्ट प्रेषित किये जाने हेतु दामिनी एप विकसित किया गया है। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। दामिनी एप लगभग 20 किमी० व क्षेत्र में संभावित लाइटनिंग अलर्ट का नोटिफिकेशन लगभग 04 घंटे पूर्व प्रेषित करता है जिससे व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचने तथा बचाव का अवसर प्राप्त हो सकेगा। एडीएम (वित्त एवं राजस्व) ने कहा कि वज्रपात की पूर्व चेतावनी ६ अलर्ट को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिये दामिनी एप को जनपद, तहसील, ग्राम ब्लाक स्तर के सम्बन्धित अधिकारियों, समस्त ग्राम प्रधानों, लेखपालों, आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा एप को डाउनलोड करें तथा आम जनमानस को भी दामिनी एप को डाउनलोड करने के लिये प्रेरित करें, जिससे वज्रपात की पूर्व चेतावनी ६ अलर्ट अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके तथा वज्रपात से होने वाली क्षतियों को कम किया जा सके।

पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

दैनिक अयोध्या टाइम्स देवरिया

देवरिया। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशि सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों का आयुष्मान भारत– प्रधानमंत्री आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा। जनपद में बोर्ड के अंतर्गत 30198 श्रमिक पंजीकृत हैं। 25 जुलाई से 14 अगस्त तक अभियान चलाकर गोल्डन कार्ड बनाया जाएगा, जिससे श्रमिकों को पाँच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज कराने की सुविधा प्राप्त होगी। इस संबंध में श्रमिकों का डाटा वीएलई, आरोग्य मित्र तथा कोटेदार को उपलब्ध कराया जाएगा। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए श्रमिक पहचान पत्र, आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं मोबाइल नंबर साथ लाना आवश्यक होगा। उक्त अवधि में सीएससी, राशन वितरण केंद्र(कोटेदार), आरोग्य मित्र के माध्यम से गोल्डन कार्ड बनाये जाएंगे।

जी.एस.टी. की बढ़ी दरें वापस ली जायें : बसन्त सिंह बग्गा

• जी.एस.टी. की बढ़ी दरों से सभी वर्ग प्रभावित – मुकेश रस्तोगी

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य,रायबरेली। बढ़ी हुई जी0एस0टी0 की दरों को वापस लिये जाने के उद्देश्य से व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल जिलाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा के नेतृत्व में जमकर नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सम्बोधित मांग–पत्र जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव को सौंपा। जिलाधिकारी ने माँग–पत्र को सम्बन्धित तक पहुँचाने का आश्वासन दिया। व्यापारियों ने मांग–पत्र के माध्यम से कहा कि व्यापारियों को दुर्घटना बीमा एवं पेंशन का उपहार देकर सराहनीय कार्य किया था। व्यापारियों को देश में प्रथम बार ये सुविधाएँ दी गयी थीं, जिसकी सराहना भारतवर्ष के सात करोड़ व्यापारियों ने की थी।

अब सरकार द्वारा की गयी जीएसटी वृद्धि का उत्तर प्रदेश का ढाई करोड़ व्यापारी कड़ा विरोध करता है। 25किग्रा. वजन के सिंगल पैकिंग और लेविल वाले अनब्रांडेड वस्तुओं पर 18 जुलाई से 5 प्रतिशत जीएसटी आपने लागू किया है, इससे दाल, चावल, आटा, दूध, दही, छाछ समेत खाद्य वस्तुओं की कीमतों में 2 से 5 रूपये प्रति किलो बढ़ोत्तरी हो गयी है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा ने कहा कि एक, पाँच, दस और पच्चीस किलो के ब्रांडेड उत्पादनों पर जीएसटी लागू की गयी है जो उचित नहीं है। अगर पांच–पांच किलो के पैकेट मिलाकर वजन 25 किलो से ज्यादा है तो 5 फीसदी की दर से जीएसटी देनी पड़ेगी। छूट तभी मिलेगी, जब सिंगल पैकेट 25 किलो से अधिक होगा। डेरी कम्पनियों के पैक्ड फूड आइटम दूध, दही, छाछ आदि पर भी जीएसटी की दरें बढ़ाई गई हैं जो नितान्त अनुचित है। ब्लैड, पेपर, कैंची पेंसिल, शार्पनर, चम्मच, कांटे वाली चम्मच आदि कई वस्तुओं पर भी जीएसटी बढ़ा दिया गया है, पहले जीएसटी 12 प्रतिशत था अब इसे 18 प्रतिश कर दिया गया है, इससे बच्चों के पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। सोलर वाटर हीटर पर पहले जीएसटी 5 प्रतिशत थी, अब 12 प्रतिशत कर दी गयी है। होटल में 1 हजार रूपये तक कमरे अभी तक जीएसटी के दायरे से बाहर थे अब इन पर 12 प्रतिशत जीएसटी देना होगा। इसका प्रभाव गरीब लोगों के जेब पर पड़ेगा क्योंकि एक हजार रूपये से कम किराये के कमरे कम आय वाले लोग ही लेते हैं। श्री बग्गा ने कहा कि एलईडी लाईट पर 18 प्रतिशत जीएसटी लागू किया गया है, यह करके सरकार द्वारा घरों की रोशनी छीनने का काम किया गया है।

प्रान्तीय संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने कहा कि आजादी के बाद से लेकर आज तक 75 वर्षो में खाद्य पदार्थो पर पहली बार जीएसटी लागू की गयी है। पैकिंग में बिकने वाला आट, दूध, दही, चावल सभी कुछ मंहगा हो गया है। जीएसटी की बढ़ायी गयी दरों से आम आदमी किसान हो या मजदूर, व्यापारी हो गया वकील, छात्र हो या अध्यापक, विधायक हो या सांसद, महिला या पुरूष सभी पर इसका खराब असर पड़ेगा, इसका सीधा भार भारत के 90 प्रतिशत जनता पर पड़ेगा।

नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि सरकार ने जीएसटी की दरें बढ़ाकर बच्चों के मुँह से दूध, दही, छीनने का काम किया है। इस जीएसटी वृद्धि की जितनी भी निंदा की जाये कम है। इससे देश की गरीब जनता लहूलुहान और परेशान होगी। हम इस वृद्धि की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। अभी तक केवल ब्रांडेड सामानों पर ही जीएसटी लगती थी, परन्तु अब सब पर लागू कर दिया गया है।

नगर महामन्त्री अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि पढ़ने वाले बच्चों के पेपर, शार्पनर, पेंसिल आदि पर जीएसटी लगाने से इसका बोझ छात्रों पर पड़ेगा और गरीब घरों के बच्चों में पढ़ने के प्रति रूचि कम होगी। सरकार का ऐसा करना किसी भी हालत में उचित नहीं कहा जा सकता। व्यापारियों ने मांग–पत्र के माध्यम से मांग किया है कि जीएसटी वृद्धि पर पुर्नविचार कर इसे तत्काल वापस लिया जाये।

ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सत्यांशु दुबे, अनुज त्रिवेदी, बाबू भाई, आशु श्रीवास्तव, शिव प्रकाश बाजपेयी, शाकिब कुरैशी, जितेन्द्र मौर्या, दिलीप हसानी, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अश्वनी श्रीवास्तव, पवन अग्रहरि, प्रदीप पटेल आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

सेना के जवान को बचाने की पुलिस अधीक्षक से गुहार

दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता स्वदेश कुमार मौर्य भदोखर, रायबरेली। सेना के जवान को गांव की कुछ महिल

संक्षिप्त समाचार

पूर्व मंत्री की बहू को आया तिहाड़ जेल से फोन, मांगी दस लाख की रंगदारी, आवास पर पुलिस तैनात

• पूर्व मंत्री व सपा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना वर्मा को तिहाड़ जेल से रंगदारी मांग मामले को लेकर वीडियो वायरल होने की घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने पुलिस कर्मचारियों को तैनात कर दिया है

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। जनपद में सपा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना वर्मा से फोन पर तिहाड़ जेल से 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी मांगने वाले नें खुद को तिहाड़ जेल में बंद नीरज बवाना शूटर बताया है। सिर्फ इतना ही नही रंगदारी मांगने बाले बदमाश ने अर्चना वर्मा के पति राजेश वर्मा को भी फोन कर दस पेटी की रंगदारी मांगी है।रंगदारी ना देने पर फोन करने वाले ने पति समेत पूरे परिवार की हत्या करने की धमकी भी दी है। रंगदारी मांगने और हत्या की धमकी के बाद से पूरा परिवार दहशत में है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना वर्मा के ससुर राममूर्ति सिंह वर्मा समाजवादी पार्टी सरकार में मंत्री रह चुके हैं। शाहजहांपुर के थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला इंदिरा नगर कालोनी में रहने वाली सपा की पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना वर्मा के फोन पर 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी मांगने वाला शख्स उनके मोबाइल फोन कर लगातार धमकी दे रहा है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना वर्मा के पति राजेश वर्मा जो कि ददरौल विधानसभा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भी रहे हैं। इसके अलावा उनके ससुर स्वर्गीय राममूर्ती सिंह वर्मा समाजवादी पार्टी सरकार में

मंत्री रह चुके हैं। धमकी देने वाले ने अपना नाम नीरज बवाना बताया है और खुद को तिहाड़ जेल में बंद बताया है। धमकी देने वाले ने अकाउंट में 10 लाख रुपये ट्रांसफर करने की बात कही है। पैसा ना देने पर उनके पति राजेश वर्मा और उनके पूरे परिवार की हत्या की धमकी मिलने के बाद से पूरा परिवार दहशत में है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने पुलिस प्रशासन से परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। साथ ही उन्होने अपनी पार्टी के मुखिया को भी इस घटना से सूचित करा दिया है। पूर्व मंत्री व सपा के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना वर्मा को तिहाड़ जेल से रंगदारी मांग मामले को लेकर वीडियो वायरल होने की घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने पुलिस कर्मचारियों को तैनात कर दिया है।

गांधी भवन में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन

• योगी के मंत्रीमंडल में कोई भी मंत्री योगी से नाराज नहीं : स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री असीम अरुण

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

शाहजहांपुर। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राजनीतिक सफर के 20 साल पूरे होने पर शाहजहांपुर के गांधी भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री असीम अरुण आज शाहजहांपुर पहुंचे।

यहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए योगी मंत्रिमंडल में मंत्री दिनेश खटिक द्वारा इस्तीफा दिए जाने के सवाल पर कहा कि योगी के मंत्रीमंडल में कोई भी मंत्री योगी से नाराज नहीं है। उन्होंने कहा कि मंत्रियों की योगी सरकार से जो भी नाराजगी थी वह बातचीत के द्वारा दूर कर ली गई है। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल पूरा एक समूह है और हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज कल्याण विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि योगी और मोदी सरकार जीरो टॉलरेंस के तहत कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके अपने विभाग समाज कल्याण विभाग में पेंशन के नाम पर अब से पहले जो भी घोटाले हुए हैं उन सभी घोटाले बाजो के खिलाफ अब कार्रवाई जरूर होगी। मंत्री ने यह भी कहा कि समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में कोई भी बाहरी व्यक्ति प्राइवेट तौर पर कार्य नहीं करेगा। और अगर ऐसा करते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व सांसद स्व. राममूर्ति सिंह वर्मा के परिवार से 10 लाख की फिरौती के मामले में लोध समाज ने जताया विरोध

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

शाहजहांपुर। पूर्व सांसद स्व. राममूर्ति सिंह वर्मा की पुत्रवधु एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अर्चना वर्मा के फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए एक अज्ञात नम्बर से 10 लाख की फिरौती मांगी और ना देने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने के मामले में लोध समाज के लोगों ने कलेक्ट्रेट में अर्चना वर्मा को सुरक्षा दिए जाने की मांग करने हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। लोध समाज ने ज्ञापन के माध्यम से

प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व सांसद पूर्व मंत्री स्व. राममूर्ति सिंह वर्मा का परिवार जनपद का सम्मानित परिवार है। उनके परिवार पर खतरा मंडरा रहा है। जिसे प्रशासन गम्भीरता से ले और परिवार को सुरक्षा प्रदान करे तथा फोन करने बाले व्यक्ति की तलाश कर उसपर अतिशीघ्र कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में ललितेश शास्त्री, मनोज वर्मा, लालजीत वर्मा, अनूप वर्मा, हीरा लाल वर्मा, फकीरे लाल वर्मा, अखिलेश वर्मा, प्रदीप वर्मा, विष्णु वर्मा, प्रभात वर्मा, अमित लोधी, राजपूत, देवीदीन वर्मा, राकेश वर्मा, अनिल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

राष्ट्रपति के निर्वाचित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान खिलाकर दी शुभकामनाएं

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

शाहजहांपुर। जनपद के ब्लॉक जलालाबाद में ब्लाक प्रमुख के पति अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के विजई होने पर मिष्ठान वितरित किया और एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी,और जलालाबाद केनगर मण्डल भाजपा शक्तिकेन्द्र भगतसिंह पर स्थित ब्लॉक परिषर में सभी कार्यकर्ताओं ने एनडीए की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार श्रीमती द्रोपदी मुर्मू के राष्ट्रपति निर्वाचित होने पर सभी ने हर्ष और उल्लास के साथ एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख लता सिंह ,अमित सिंह, शक्तिकेन्द्र प्रभारी गौरव प्रताप राघव , राकेश सिंह बहुगुणा, अरुण सिंह उर्फ डैंनी एवं. अमित परमार, निर्भय सिंह, सभासद जोनू चौहान, राजीव गुप्ता, अमित खन्ना ,संचालक प्रयास एकेडमी रजत शर्मा, और. सर्वेश सिंह राठौर, विनय सिंह, बूथ अध्यक्ष रवि कुशवाह ,भाजपा नेता प्रदीप मिश्रा, निर्भय सिंह,अनंतराम सागर, अमित सिंह , राजीव गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे,।

हादसे को बुलावा दे रहा आबादी क्षेत्र में खड़ा जर्जर टावर

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो बंडा। शाहजहांपुर बंडा की रामनगर कॉलोनी में जर्जर हो चुका रिलायंस का टावर बड़े हादसे को बुलावा दे रहा है। जिससे आसपास में रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। परंतु निसप्रयोज्य खड़े इस टावर की सुध लेने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है। आसपास के बाशिंदों ने जर्जर हालत में खड़े रिलायंस के इस टावर को हटाए जाने की मांग की है। बंडा के मोहल्ला रामनगर में रिलायंस कंपनी द्वारा कई वर्ष पूर्व एक विशालकाय मोबाईल टावर स्थापित किया गया था। जो धीरे धीरे लोगों के लिए निष्प्रयोज्य हो गया। और कंपनी द्वारा उसे बंद कर दिया गया। बंद पड़े इस टावर से धीरे–धीरे लोगों ने नट बोल्ट और लोहे के एंगल खोलना शुरू कर दिए। वर्तमान में जहां टावर का लोहा जर्जर हो चुका है वहीं टावर के ढांचे में से अधिकतर नट बोल्ट खुल जाने की वजह से उसके गिरने की संभावनाएं प्रबल हो चुकी हैं। जिसे लेकर आसपास बसे लोगों में दहशत का माहौल है। परंतु संबंधित कंपनी द्वारा इस जर्जर टावर को हटाने की कोई पहल नहीं की गई है। जिसे लेकर किसी बड़े हादसे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। देवेंद्र, श्रीधर, शिवपूजन, अभय मिश्रा, शिव शर्मा, मझलेश, सुशील, छोटेलाल, नीतेश, रामकृष्ण, रमाकांत, समेत दर्जनों लोगों ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर जर्जर हालत में निसप्रयोज्य खड़े रिलायंस के इस टावर को हटवाए जाने की मांग की है।

बिजली का तार टूट कर गिरने से 3 लोग झुलसे हालत गंभीर

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

जलालाबाद,शाहजहापुर। जलालाबाद क्षेत्र के गांव गुनारा में 11000 बोल्टेज की लाइन का तार टूटकर गिरने से दुकान के पास खड़े तीन लोग बुरी तरीके से झुलसे,बालक नसीम एवं उसके पिता की हालत नाजुक,,सभी को आनन फानन में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जनपद के ब्लॉक जलालाबाद क्षेत्र की गांव गुनारा में बिजली का तार टूटने से बड़ा हादसा हो गया, यह हादसा उस समय हुआ जब कब्रिस्तान के निकट लगी एक दुकान पर चाट के ठेले पर कुछ लोग चाट खा रहे थे। तभी ऊपर से निकली 11000 वोल्टेज के बिजली का तार टूट कर लोगों के ऊपर गिर गया। इससे उसकी चपेट में आने से तीन लोग बुरी तरीके से से झुलस गए।बिजली की चपेट में आने से अनीष पुत्र गफूर ,कल्लू पुत्र लल्ला ,नसीम पुत्र कल्लू हैं ।सभी गाँव गुनारा के ही रहने वाले है। हादसे की खबर लगते ही गांव में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी ।108 एम्बुलेंस को सूचना दी गयी पर कोई फोन रिसीव न होने पर तीनों घायलों को ई रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरिया ले जाया गया ।जहाँ तीनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में पिता पुत्र की हालत नाजुक बताई जा रही है।

पौराणिक तीर्थ स्थल है 'छोटी काशी' गोला गोकर्णनाथ

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। गोला गोकर्णनाथ जिसे गोला भी कहा जाता है। भारत के उत्तर प्रदेश राज्य की राजधानी लखनऊ से लगभग 170 किलोमीटर, सीतापुर से लगभग 70 किलोमीटर शाहजहांपुर से पचास किलोमीटर लखीमपुर जिले में स्थित एक नगर गोला गोकरण नाथ है। यह एक पौराणिक तीर्थस्थल है, जिसे छ्होटी काशी भी कहा जाता है। त्रेता युग में राम–रावण युद्ध के समय रावण ने अपनी तपस्या से भगवान शिव को प्रसन्न किया ताकि वह युद्ध जीत सके। शिवजी ने शिवलिंग का आकार लेकर रावण को लंका में शिवलिंग स्थापित करने का निर्देश दिया। इसके लिए भगवान शिव ने एक शर्त रखी कि शिवलिंग को बीच में कहीं पर भी नीचे नहीं रखना है। लेकिन रास्ते में रावण को लघुशंका लगी तो उसने एक गड़रिये को शिवलिंग पकड़ने को कहा। गड़रिया का रूप धारण करके स्वयं भगवान विष्णु आये थे,कहते हैं कि भगवान शिव ने अपना वजन बढ़ा दिया और गड़रिये को शिवलिंग नीचे रखना पड़ा। रावण को भगवान शिव की चालाकी समझ में आ गयी और वह बहुत क्रोधित हुआ। रावण समझ गया कि शिवजी लंका नहीं जाना चाहते ताकि राम युद्ध जीत सकें। क्रोधित रावण ने अपने अंगूठे से शिवलिंग को दबा दिया जिससे उसमें गाय के कान (गौ–कर्ण) जैसा निशान बन गया। गड़रिये को मारने के लिए रावण ने उसका पीछा किया। अपनी जान बचाने के लिए भागते समय वह एक कुएं में गिर कर मर गया। इसके बाद भगवान शिव ने चरवाहे की आत्मा को बुलाकर कहा कि आज के बाद लोग तुम्हें भूतनाथ के नाम से जानेंगे और मेरे दर्शन के बाद तुम्हारे दर्शन करने पर भक्तों को विशेष पूण्यलाभ मिलेगा।

इसके बाद से श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने के लिए गोला के गोकर्णनाथ आते हैं। सावन के महीने में भगवान शिव दर्शनों को आने वाले लाखों भक्त शिवलिंग के दर्शनों के बाद बाबा भूतनाथ के भी दर्शन अवश्य करते हैं।वराह पुराण की एक कथा के अनुसार एक बार भगवान शंकर ने तीन सींगों वाले एक मृग का रूप धारण कर लियाद्य देवतागण विष्णु के नेतृत्व में उन्हें खोजने पृथ्वी पर आयेद्य ब्रह्मा और इंद्र मृगरुपी शिव के दो सींग पकड़ लिएद्य तभी शंकर अपने तीनों सींग छोड़ कर अदृश्य हो गएद्य ये सींग लिंगरूप में बदल गएद्य देवताओं ने शिव के तीन लिंगों में से यहाँ गोकर्णनाथ में स्थापित किया, दूसरा शुंगेश्वर (भागलपुर, बिहार में और तीसरा शिवलिंग इंद्र इन्द्रलोक ले गएद्य जब रावण ने इंद्र पर विजय हासिल की तो इन्द्रलोक से वह तीसरा सींग (गोकर्ण लिंग) उठा लाया किन्तु लंका के मार्ग पर जाते हुए भूल से उसने इसी गोकर्ण क्षेत्र में भूल से भूमि पर रख दियाद्य शिव तब यहीं स्थिर हो गए। यहाँ के बड़े से सरोवर में महादेव की विशाल प्रतिमा सुशोभित है सरोवर के किनारे श्रीगोकर्णनाथ महादेव का बड़ा मंदिर है। (8)किलोमीटर की परिधि में (5) प्राचीन कुंड हैं, जहाँ हर कुंड के पास शिवालय हैं। गोकर्णनाथ महादेव के अलावा अन्य (4) शिव मंदिर हैं– देवेश्वर महादेव/गदेश्वर महादेव/बटेश्वर महादेव और स्वर्णेश्वर महादेव (स्वर्णईश्वर = स्वर्णेश्वर)मन्दिर लक्ष्मणजती मन्दिर व प्राचीन बाबा भूतनाथ मन्दिर।श्रवण मास में विशेष मेला लगता है यहाँ लाखों की संख्या में श्रद्धालु ढाई घाट रामगंगा एवं हरिद्वार से शाहजहांपुर

हाईवे से होकर मोहम्मदी स्थित कस्बे से गुजर कर छोटी काशी गोला गोकरण नाथ पहुचते हैं।जनपद शाहजहांपुर पुलिस अधीक्षक एस आनन्द ने कांवर यात्रियों के लिए मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था एक विशेष प्रबंध किए गए हैं। इस दौरान जनपद द्वारा श्रावण मास के अंत तक छोटे–बड़े वाहनों को निकालने के लिए मार्गों का डायवर्जन कर श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं।

महाराणा प्रताप चौक याकूबपुर पर हुआ कांवरिया सहायता केंद्र का उद्घाटन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम जलालाबाद, शाहजहापुर। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषदध्राष्ट्रीय बजरंग दल संगठन के जलालाबाद याकूबपुर तिराहे पर कांवरिया सहायता केंद्र बनाया गया है जिसमें कांवरियों के लिए आकस्मिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं किसी कावरिया को गर्मी में डिहाइड्रेशन ,फीवर या किसी की बाइक या मोबाइल संबंधी कोई समस्या किसी को चिकित्सा संबंधी कोई समस्या होती है तो उसके लिए कांवरिया सहायता केंद्र पर राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा एक माह तक सुविधाएं मुहैया कराई जाती हैं इसी क्रम में आज कांवरिया सहायता केंद्र का उद्घाटन पूजनीय संत जवाहर आनंद महाराज जी, मुख्य अतिथि जलालाबाद ब्लाक प्रमुख पति

अमित सिंह जी व विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार बहुगुणा समाजसेवी के द्वारा कराया गया। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत अध्यक्ष मुनिराज सिंह द्वारा आए हुए अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं को तिलक बंधन कर स्वागत किया गया।जिसके पश्चात मिठाई खिलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। यह केंद्र पूरे सावन माह भर याकूबपुर तिराहे पर बना रहेगा। किसी भी असुविधा के लिए कोई भी कांवरिया यहां लिखे हुए फोन नंबरों पर कॉल करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं।इस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल प्रांत अध्यक्ष मुनिराज सिंह,जितेंद्र कुशवाहा,सनी ठाकुर,राजन बनिया सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

वाणिज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी पंजीयन के लिए डोर टू डोर किया कैंपेन

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। वाणिज्य कर विभाग द्वारा इन दिनों जीएसटी पंजीयन के लिए डोर टू डोर कैंपेन किया जा रहा है इस दौरान कार्यक्रम तथा व्यापारियों को जीएसटी में पंजीयन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। राज्य कर अधिकारी प्रमोद मिश्रा द्वारा जीएसटी पंजीयन बढ़ाने हेतु डोर टू डोर कैंपेन चला कर व्यापारियों को पंजीयन से होने वाले लाभों तथा सरकार द्वारा दी जाने वाली लाभकारी योजनाओं से भी अवगत कराया ।तथा उपभोक्ताओं को भी समझाया कि वह कोई भी माल बिल प्राप्त करके ही खरीदेंद्य व्यापारियों को समझाया गया कि उन्हें पंजीयन प्राप्त करने पर 1000000 का बिना किसी प्रीमियम के दुर्घटना बीमा प्राप्त होगा एवं भविष्य में पेंशन योजना का भी लाभ मिलेगाद्यइस दौरान वाणिज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त एमपी सिंह ने कहा केजीएससी में पंजीयन के बाद व्यापारी निश्चिंत होकर व्यापार कर सकते हैं इस दौरान उन्होंने धिमीश्री, फतेहाबाद क्षेत्र में डोर टू डोर कैंपेन किया।

खन्नौत नदी की झोपड़ियों में अवैध कच्ची शराब का शाम ढलते होता है कारोबार

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–

शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र कि पुलिस के संरक्षण के चलते हैं जनपद खन्नौत नदी पुल के पास झुग्गी झोपड़ियों में शाम ढलते ही अभय कच्ची शराब का कारोबार शुरू हो जाता है इस अवैध कारोबार की जानकारी क्षेत्र के पुलिस कर्मचारियों को भलीभांति होने के बावजूद इन पर कार्रवाई नहीं की जाती है पुलिस की संरक्षण के चलते इन झोपड़ियों में अराजक तत्व का जमावड़ा देर रात तक बना रहता है जिससे आए दिन लड़ाई झगड़े होते रहते हैं पुलिस की ढिलाई के चलते ऐसा ही एक मामला कई दिनों से चर्चा में बना हुआ है जीसी बाबा पेट्रोल पंप के निकट एक सब्जी की ठेले लगा कर महिला को एक अराजक तत्वों द्वारा पिटाई किए जाने का मामला थाना तक पहुंचा किंतु पीड़ित महिला की पुलिस द्वारा मदद न किए जाने के कारण अराजक तत्वों द्वारा महिला को लगातार धमकी दी जा रही है पीड़ित महिला अपनी सब्जी की दुकान भी लगाने से डर रहे हैं महिला लगातार पुलिस के चक्कर लगा रहे हैं अभी तक पीड़ित महिला की पुलिस ने गुहार सुनना तो दूर उसको गाली गलौज करके जेल भेजने की धमकी दी जा रही है प्रदेश में महिला सशक्तिकरण अभियान को माननीय मुख्यमंत्री जी भरसक प्रयास में लगे हैं किंतु थाना क्षेत्र की पुलिस महिला का लगातार उत्पीड़न कर रही है जिससे महिला आत्महत्या करने के लिए मजबूर है। महिला ने बताया यदि पुलिस ने अराजक तत्वों को जेल नहीं भेजा तो मजबूरन मुझे आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ेगा।

लिटिल फ्लावर कान्वेंट के बच्चों ने किया धमाल

• 12 वीं की परीक्षा में हरमन सिंह ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पाया पहला स्थान

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

पुवायाँ,शाहजहाँपुर। लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल के हरमन सिंह ने 89: 88.4: प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय और अभिषेक त्रिवेदी 87.4 : अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय प्रबंधन की ओर से मिष्ठान खिलाकर और माल्यार्पण कर शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। प्रभारी प्रधानाचार्य कमल कुमार ने बताया कि बारहवीं का परीक्षा फल बहुत ही सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों की लगन और कठिन परिश्रम रंग लाया। जिससे विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है जिसके लिए सम्पूर्ण विद्यालय परिवार और सभी विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं।

फतेहाबाद की ऐतिहासिक कंस मेले के लिए शेखर गुप्ता को दधिलीला कमेटी का अध्यक्ष चुना गया

संवादाता सभा जीत बर्मा फतेहाबाद आगरा

फतेहाबाद। फतेहाबाद के ऐतिहासिक कंस मेले के लिए बृहस्पतिवार रात मंदिर श्री बिहारी जी महाराज में धधिलीला कमेटी का चुनाव संपन्न हुआ। इस दौरान नई कार्यकारिणी के लिए शेखर गुप्ता को अध्यक्ष चुना गया ।इस दौरान बड़ी संख्या में कमेटी के संरक्षक मौजूद रहे करोना काल के 2 वर्ष फतेहाबाद में ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया गया था। इस वर्ष धूमधाम से मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के आयोजन की प्रमुख कमेटी दधीलीला कमेटी का चुनाव बृहस्पतिवार को फतेहाबाद के मंदिर श्री बिहारी जी महाराज पर संपन्न हुआ।

इस दौरान संरक्षक मंडल के जयपाल सिंह यादव के नेतृत्व में शेखर गुप्ता को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया ।इस दौरान प्रमुख रुप से रमाकांत सराफ ,गोविंदा पोद्दार, श्री भगवान गोड, सचिन सर्राफ, आलोक बछरबार, राजेश शर्मा, हरीश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

GST के विरोध में प्रदर्शन कर व्यापारियों ने एडीएम को दिया ज्ञापन

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम शाहजहांपुर। केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में आटा,चावल और दूध, दही पर जीएसटी लागू करने के विरोध में व्यापार मंडल ने शाहजहांपुर के जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर एडीएम को ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैनर तले दर्जनों व्यापारियों ने सात सूत्रीय मांगो बाला एक ज्ञापन प्रदर्शन करने के बाद केंद्र की वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा। व्यापार मंडल द्वारा जिला प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि केंद्र सरकार द्वारा गरीब तबके के लोगों के इस्तेमाल में आने वाली रोजमर्रा की वस्तुएं जैसे कि आटा, चावल, दूध ,दही, मैदा ,बेसन, पेपर, पेंसिल, एलईडी लाइट इत्यादि वस्तुओं पर जो जीएसटी लागू

की गई है वह सरासर गलत है। इसलिए केंद्र की वित्त मंत्री को इन चीजों पर लागू की गई जीएसटी को वापस लेना चाहिए । ज्ञापन देने के दौरान व्यापारियों ने कहा कि आजादी के बाद से आज तक 75 वर्षों में खाद्य पदार्थों पर पहली बार जीएसटी को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि पैकिंग में बिकने वाला आटा चावल दूध दही और मैदा इत्यादि वस्तुएं महंगी हो गई है। जिससे यह चीजें गरीबों की पहुंच से दूर होती चली जा रही हैं ।गरीबों के लिए रोजमर्रा की चीजों पर केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी लागू करने के बाद बढ़ती महंगाई के विरोध में व्यापार मंडल के दर्जनों व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर प्रदर्शन किया और जीएसटी के विरोध में एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

ऑल इंडिया आशा बहू कार्यकत्री कल्याण सेवा समिति कार्यकर्ताओं के साथ किया प्रदर्शन

• कमलजीत कौर ने पिछले 8 माह से रुके हुए भुगतान को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन किया तथा जिला अधिकारी को 7 सूत्रीज्ञापन देकर तत्काल समस्या का निराकरण कराए जाने के लिए गुहार लगाई है

अयोध्या टाइम्स ब्यूरो–अरुण बाथम

शाहजहांपुर। ऑल इंडिया आशा बहू कार्यकत्र कल्याण सेवा समिति कमलजीत कौर ने पिछले 8 माह से रुके हुए भुगतान को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यकर्ताओं के साथ प्रदर्शन किया तथा जिला अधिकारी को 7 सूत्रीज्ञापन देकर तत्काल समस्या का निराकरण कराए जाने के लिए गुहार लगाई है।ऑल इंडिया आशा बहू कार्यकत्री कल्याण सेवा समिति की जिला अध्यक्ष कमलजीत कौर ने जिलाधिकारी को 7 सूत्री ज्ञापन देते हुए बताया की आशा व संगिनी का पूरे जिले में 8 माह भुगतान नहीं किया गया ज्ञापन में साड़ी वाउचर भरने के बावजूद भी भुगतान नहीं किया गया, 12000 की धनराशि उत्तर प्रदेश राज्य से स्वीकृत की जाती है जिसमें 500 सुविधा शुल्क , सुविधा शुल्क की प्रथा समाप्त किए जाने, एच बीएनसी प्रपत्र भरने पर ढाई सौ रुपए दिए जाते हैं जो 4 माह से उपलब्ध नहीं कराए गए, जे एस वाई दिसंबर 2021 से रुका हुआ है ।

इसे शीघ्र दिलाया जाए फाइलेरिया सर्वे कराया गया लेकिन फरवरी 2022 से कोई भी प्रतिफल नहीं दिया गया प्रधानमंत्री मातृ वंदना के अंतर्गत प्रति फार्म पर 100 का भुगतान होता है जो 2019 से नहीं दिया गया एड अकाउंट सर्वे का पिछला हिसाब 2019 से नहीं किया गया जिसे शीघ्र कराया गया, मार्च माह से अब तक 6000 तथा 11000 की दर से मानदेय का तत्काल भुगतान कराया जाए कॉविड प्रोत्साहन राशि 12000 का भुगतान

अभी भी कई जनपदों में नहीं किया गया और शाहजहांपुर के भावल खेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संगठनों के भुगतान से 500 की अवैध कटौती कर ली गई बाराबंकी जिले में 22 से अधिक आशा कर्मियों के भी भुगतान रूम किए गए 500 की कटौती की गई जिसका तत्काल भुगतान कराया जाए शाहजहांपुर में नवंबर माह में आशा संगिनी का भुगतान उत्पीड़ित करने की नियत से रोक रखा है उसका भी तत्काल भुगतान सुनिश्चित कराया जाए जिला अध्यक्ष कमलजीत कौर बिंदुवार भूटान कराते हुए स्वास्थ्य विभाग में फैला हुआ भ्रष्टाचार की जांच की मांग की है तथा बुजुर्गों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर आशाओं तथा आशा संगिनी यों के साथ हो रहा पक्षपात को शीघ्र दूर करा कर दोषियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है इस मौके पर कमलजीत कौर नीतू सागर सुनीता त्रिपाठी रविंद्र बीना मिश्रा सुमन तिवारी सरिता हेमलता ओम कुमारी उषा सक्सेना उषा कनौजिया मीरा मिश्रा सविता आदि समिति के पदाधिकारी मौजूद थीं ।

आदित्य राज ने 92.5: अंक हासिल कर जिले में उच्च स्थान प्राप्त किया

☒ परिवार परिजनों में आई खुसी की लहर बढ़ाई देने के लिये लोगो का लगा ताता

☒ दैनिक अयोध्या टाइम्स संवाददाता उत्कर्ष कुमार मोनू की रिपोर्ट शिवहर। सीबीएसई के दसवीं बोर्ड में माधोपुर अनंत निवासी सेवानिवृत शिक्षक राज नारायण सिंह के पौत्र और श्री राम कुमार उर्फ फूल बाबू के पुत्र आदित्य राज ने 92.5: अंक हासिल कर जिले में उच्च स्थान प्राप्त किया है।आदित्य राज के इस सफलता से पूरे परिजनों के साथ साथ पूरे जिले में खुशी की लहर है।और बधाइयों का तांता लगा हुआ है। ज्ञात हो कि आदित्य राज कोटा के एक संस्थान से JEE की तैयारी कर रहें हैं। आदित्य राज के दादा राज नारायण ने बताया कि शिक्षा ही हमारी जमा पूंजी है और शिक्षा से ही इस संसार का कल्याण हो सकता है। जदयू जिला उपाध्यक्ष नेयाज अहमद उर्फ मोती ने आदित्य राज के घर पहुंचकर आदित्य राज के परिजनों को बधाई दी और उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि बहुत खुशी होती है जब अपने जिले के बच्चे उत्तम प्रदर्शन कर अपने माता पिता के साथ अपने जिले का नाम रौशन करते हैं।जिले में प्रतिभावान की कमी नहीं है,हर परीक्षा में जिले के छात्र सफलता प्राप्त कर रहें है और अपने जिले का नाम रौशन कर रहें हैं,हमारा कर्तव्य है कि हम ऐसे प्रतिभावान की हौसला अफजाई करें। उक्त मौके पर आदित्य राज के परिजनों के अतिरिक्त इश्तियाक आलम, फसीह फराज,नैयर आजम, बशर नवाज इत्यादि उपस्थित रहे।

शतप्रतिशत रिजल्ट से सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल के छात्रों में हर्षोल्लास

विकास कुमार पाण्डेय (अनुमंडल ब्यूरो चीफ) दलसिंगसराय! शुक्रवार को सीबीएसई द्वारा 12वीं के नतीजे घोषित किए गए जिसमें विभूतिपुर प्रखंड स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल के

छात्रों का प्रदर्शन बेहतर रहा ! आज प्रकाशित 12वीं के परीक्षाफल में सेंट जेवियर्स के छात्रों ने 100: रिजल्ट लाकर शिक्षा के क्षेत्र में एक कीर्तिमान स्थापित किया। शत प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त करना विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण है तथा यह कुशल प्रबंधन एवं सफल नेतृत्व का परिचायक है। 12वीं के टॉप टेन छात्रों में सक्षम राज. अभिकृत वर्मा, अंशु राज, अन्नु कुमारी, तंजील शमशाद, रत्नदीप फजान हसमत अभिषेक कुमार, आदित्यचंद्रा, तथा नायनसी कुमारी प्रमुख हैं जिन्होंने 90: से अधिक अंक प्राप्त किया। इनमें सक्षम राज ने 97: अंक प्राप्त कर सभी विद्यार्थियों को यह प्रेरणा दी है की कड़ी मेहनत और लगन तथा सार्थक प्रयास से मनुष्य मनोवांछित सफलता को प्राप्त कर सकता है।

इस सफलता से प्रभावित होकर विद्यालय प्रबंधक सह निदेशक विजय कुमार चौधरी, प्रधानाचार्य प्रकाश कुमार ठाकुर एवं उप प्राचार्य दीपक कुमार चौधरी व अमरजीत कुमार पाठक ने उर्तीण सभी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य कि कामना की और कहा की सतत प्रयास और दृढ संकल्प के कारण ही सफलता प्राप्त हुई है। समारोह के दौरान विद्यालयी शिक्षक विक्की कुमार, सुबोध मिश्रा, तरुण कुमार झा ऋषी कुमार, एस एन झा आदि मौजूद थे।

दलसिंहसराय में अवैध रूप से विद्युत चोरी कर उपयोग करते हुए, दो लोगो को पकड़ा गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ–निरंजन जायसवाल समस्तीपुर, दलसिंहसराय। मुख्यालय के निर्देश पर बीते कई दिनों से विद्युत विपत्र बकाएदारों के विरुद्ध राजस्व वसूली एवं विद्युत संबंध विच्छेदन अभियान लगातार जारी है। इसको लेकर दलसिंहसराय विद्युत विभाग के जे ई गंगा सागर व कनीय विधुत अभियंता इंदुवाला व विधुत अधीक्षण अभियंता चंद्रशेखर कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी करते हुए दो लोगो को अवैध रूप से विद्युत चोरी का उपयोग करते पकड़ा गया। इससे विभाग को एक लाख नो हजार 878 रुपए की क्षति पहुंची है। इस संबंध में जे ई गंगा सागर ने गुरुवार को दलसिंहसराय थाना में लिखित आवेदन देते हुए विरुद्ध ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना को दिए गए आवेदन में जे ई ने बताया है कि जांच के दौरान वह धावा दल के साथ बसढिया स्थित स्व मुन्नू सिंह के पुत्र रामपुकार सिंह के घरेलू परिसर पहुंचे। जहां जांच के क्रम में पाया गया की ये मीटर के अलावे एक अन्य तार से अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी कर बिजली उपयोग कर रहे हैं। विद्युत ऊर्जा की इस चोरी से विभाग को 13878 को रुपए की क्षति हुई है। वहीं दूसरी और गुदरी रोड स्थित हाजी मार्केट में मो अनवर हुसैन के पुत्र मो इजहार के द्वारा अवैध रूप से विधुत उर्जा की चोरी कर बिजली का उपयोग कर रहे थे, जिसमें विभाग को 96 हजार रुपये की क्षति हुई हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुमार ब्रजेश ने बताया कि दो लोगो पर विद्युत चोरी की प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

आए दिन घटते अपराधिक घटनाओं और ढाका समेत पूरे देश में देश विरोधी कार्यक्रम चलाए जाने का कड़ा विरोध किया

डॉ.बिपिन बिहारी मौर्य,संवाददाता अयोध्या टाइम्स, ढाका ,पूर्वी चंपारण सिकरहना। विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल ने चौनपुर मे मंदिर पुजारी सह हिन्दू वादी नेतासुरेश मस्तान जी की अपराधियो द्वारा हत्या किए जाने व आए दिन घटते अपराधिक घटनाओं और ढाका समेत पूरे देश में देश विरोधी कार्यक्रम चलाए जाने का कड़ा विरोध किया है।

विहिप के बिहार झारखंड क्षेत्र संपर्क प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता ने इस घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से मांग किया है कि हत्यारा कोई भी हो उसकी गिरफ्तारी अविलंब होनी चाहिए। इन्होने कहा कि पुजारी व हिन्दूवादी नेता की हत्या एक प्रकार का षडयंत्र है इसकी जांच के साथ अविलंब हिन्दू नेताओ की सुरक्षा प्रशासन को बढाना चाहिए। इन्होने इस घटना के विरोध मे कल चौनपुर बाजार को

बन्द करने का आह्वान लोगो से किया है। घटना की निंदा करने वालो मे ढाका बजरंगदल के संयोजक सत्येन्द्र कुमार सिंह अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह धननजय कुमार व अन्य लोग प्रमुख थे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत, विभिन्न योजनाओं की हुई गहन समीक्षा

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ कल्याणकारी और विकासात्मक कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : डीएम

किशनगंज। किशनगंज जिलाधिकारी, श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में विकासात्मक व कल्याणकारी योजनाओं तथा किए जा रहे अन्य कार्यों की गहन समीक्षा की गई। जिला समन्वय समिति की बैठक में सभी बीडीओ, सभी कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा),सभी अंचलाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। इस बैठक में पूर्व के बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के साथ विभागवार विभिन्न योजनाओं व कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने सभी बीडीओ, सीओ व कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया कि आपसी समन्वय के साथ मनरेगा,जल जीवन हरियाली, स्वच्छता अभियान, आवास योजना व अन्य योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों तथा अन्य विकासात्मक व लोककल्याणकारी योजनाओं का सतत अनुश्रवण करें तथा लंबित कार्य को शीघ्र पूर्ण कराएं।

जिला समन्वय समिति की बैठक में सभी सीओ भी उपस्थित थे ताकि लंबित भू अधिग्रहण, अतिक्रमणवाद, भूमि विवाद, राजस्व,आपदा व उनके स्तर से किए जाने वाले कार्यों पर संबंधित अधिकारियों के समन्वय से कार्य त्वरित गति से पूर्ण हो सके।

सर्वप्रथम विधि उप समाहर्ता ,श्री श्वेतांक लाल के द्वारा माननीय न्यायालय में दायर वाद की अद्यतन स्थिति से अवगत करवाया।विधि प्रशाखा के अंतर्गत विभिन्न न्यायालय में लंबित सभी वादो की समीक्षा में जिलाधिकारी ने विधि उप समाहर्ता सहित सम्बंधित कार्यालय प्रधान को निदेशित किया कि वादों के निष्पादन हेतु तथ्य विवरणी आदि ससमय तैयार कर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।साथ ही, सीडब्ल्यूजेसी में तथ्य विवरण तैयार करने में शिथिलता बरतने पर कड़ी चेतावनी के साथ डीएम ने माननीय न्यायालय में ओथ(शपथ) शीघ्रातिशीघ्र दायर करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात,श्रम अधीक्षक के स्तर से क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई।उन्हे एक सप्ताह के अंदर लंबित आवेदन व अन्य कार्यों के निष्पादन का निर्देश दिया गया।योजनाओं को समेकित कर प्रचार प्रसार का निर्देश दिया गया। पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता की अनुपस्थिति पर जिलाधिकारी ने खेद प्रकट कर कारण– पृच्छा किए जाने का निर्देश दिया। इसी प्रकार,अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से संबंधित प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पूर्व में एमएसडीपी) अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र निर्माण ,मुख्यमंत्री स्वरोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री मुस्लिम महिला परित्यकता योजना,मदरसा सुदृढ़ीकरण लंबित योजनाओं में उत्पन्न समस्या के निराकरण हेतु किए जा रहे कार्यों की समीक्षा हुई।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ऐसी योजनाएं जिनके कार्यान्वयन की संभावना नगण्य है,उन्हे छोड़ने(ड्रॉप) का प्रस्ताव समर्पित करें। सहायक निदेशक ,अल्पसंख्यक कल्याण श्री सुबोध कुमार ने पीएमजेवाई के (एमएसडीपी) अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र हेतु भूमि चयन समेत विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।परित्यकता महिलाओं को 25000 का लाभ दिलाने हेतु कार्य पर जानकारी दी।मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना,इंटर मौलवी और फोकानिया के चिन्हित छात्रों को योजना की स्वीकृति तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिया गया। पंचायत राज विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों के अन्तर्गत सभी पंचायत सरकार भवनध्पंचायत भवन में आरटीपीएस काउंटर की व्यवस्था,ग्राम पंचायत विकास योजना का संबंधित इ पोर्टल पर अपलोड किया जाना,पक्की नली गली योजनाओ का अभिलेख संधारण, ऑडिट आदि की समीक्षा हुई। समीक्षा उपरांत लंबित पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु भूमि चयन शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। भू अर्जन और वृहद परियोजनाओं की समीक्षा के क्रम में भारतमाला परियोजना अंतर्गत इंडो नेपाल सड़क हेतु भू अर्जन,किशनगंज बहादुरगंज (एलआरपी) सड़क ,अररिया गलगालिया सड़क व अन्य में प्रक्रियाधीन भू अर्जन को शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया है।संबंधित अंचल अधिकारी को एजेंसी के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया गया।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में विभागीय पदाधिकारी के द्वारा भूमिहीन विद्यालय को जमीन उपलब्ध किए जाने की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई।समीक्षा के क्रम में उन्हे निर्देश दिया कि विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण होने पर संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय कर अतिक्रमण मुक्त कराए तथा विद्यालय में पेय जल सुनिश्चित कराने हेतु चपाकल मरम्मती का आकलन कर ठीक करवा लें।

आईसीडीएस के अन्तर्गत संचालित योजनाओं और आंगनबाड़ी केन्द्रों की समीक्षा की गई।भवनहीन

आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि अधिग्रहण कर भवन निर्माण मनरेगा या अन्य योजना से कराने का निर्देश दिया गया। डीपीओ आईसीडीएस को निर्देश दिया गया कि भूमिहीन आईसीडीएस केंद्र को सर्वप्रथम उस क्षेत्र के विद्यालय में संचालन की संभावना को देखे तत्पश्चात संभावना नहीं होने पर भूमि चिन्हित कराकर केंद्र का भवन उपलब्ध करवाएं। जिला निबंधन व परामर्श केंद्र के कार्यों कि समीक्षा के उपरांत डीएम ने प्रबंधक, डीआरसीसी को अपने कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना के प्राप्त आवेदन का शीघ्र भौतिक सत्यापन करवाकर निष्पादन करने,स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड की लक्ष्य अनुरूप स्वीकृति, आवश्यक कार्यालय संसाधन दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डीआरसीसी प्रबंधक कुशल युवा कार्यक्रम समेत सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार करवाएं तथा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराकर ज्यादा से ज्यादा लाभ वांछित को दिलवाएं। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अन्तर्गत सभी प्रकार के सामाजिक सुरक्षा योजनाध्पेंशन, प्रोत्साहन स्कीम,मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह अनुदान योजना, निरूशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना ,कबीर अंत्येष्टि ,जीवन प्रमाणीकरण ,मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना व राष्ट्रीय परिवार लाभ योजना के आवेदनों में प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया।कबीर अंत्येष्टि, अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ आधिकाधिक लाभुको को दिलवाने हेतु सभी बीडीओ को सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया।मुख्यमंत्री वृद्धजन योजना, अंतरजातीय विवाह योजना ,जीवन प्रमाणीकरण आदि अन्य सामाजिक सुरक्षा संबद्ध आवेदन के शीघ्रता से निष्पादन का निर्देश दिया गया। आपूर्ति कार्यों में राशन कार्ड व पीडीएस डीलरों के कार्यों की समीक्षा हुई।

डीएम ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री साकेत सुमन सौरभ समेत एसडीओ को निर्देश दिया कि नए राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदन पर आवेदक का भौतिक सत्यापन एसडीओ के स्तर से निश्चित रूप से कराकर राशन कार्ड बनाएं,किसी भी परिस्थिति में लंबित नहीं रखें। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत स्वच्छ बिहार मिशन, ओडीएफ,जल जीवन हरियाली,सात निश्चय तथा पंचायत अंतर्गत जलापूर्ति,नलकूप व अन्य योजनाओ की भी समीक्षा की गई। सेक्योर पोर्टल के लक्ष्य अनुरूप जलाशय निर्माण,प्लांटेशन आदि के कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। डीडीसी मनन राम के द्वारा बताया गया कि ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जल जीवन हरियाली, सात निश्चय ,सोखता निर्माण,टपकन सिंचाई,जलाशय अतिक्रमण मुक्ति,पौधारोपण, पौधशाला सृजन हेतु सतत कार्रवाई जारी है।उनके द्वारा 5 एकड़ के सार्वजनिक तालाब निर्माण, रैन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रामीण क्षेत्र में कुंआ जीर्णोधार,सार्वजनिक चपाकल के समीप सोखता निर्माण तथा संबंधी पोर्टल पर ऑनलाइन एंट्री पर विस्तार से बताया गया। जीविकाध्मनरेगा अंतर्गत कृषि विभाग के मामले पर भी समीक्षा हुई। डीआरडीए का कार्य सराहनीय रहा। इसी प्रकार,जिला कोषागार, जिला लेखा,कृषि,जिला योजना, बाल संरक्षण,बिहार राज्य पुल निर्माण निगम,राजस्व, वुडको, खनन,लघु सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा हुई। सभी प्रखंडों में लेखा, रोकड बही संधारण,अन्य वित्तीय समस्याओं पर चर्चा हुई। सभी बीडीओ व सीओ को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के निमित जो भी आवंटन ,उपावंटन या अग्रिम राशि उपलब्ध कराई जाती है उसका ससमय विपत्र,राशि का समायोजन सुनिश्चित कराएं।

जिला समन्वय समिति की बैठक में डीएम के अतिरिक्त डीडीसी मनन राम,अपर समाहर्ता,डीएलएओ संदीप कुमार,अनुमंडलाधिकारी अमिताभ कुमार गुप्ता, निदेशक डीआरडीए विकास कुमार, डीपीआरओ अमित कुमार समेत अन्य सभी संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी,सभी बीडीओ,सभी सीओ,जिला समन्वयक मनरेगा, जेई मनरेगा उपस्थित थे।

जिलाधिकारी ने जिला टास्क फोर्स टीम के साथ की समीक्षात्मक बैठक, दिए निर्देश

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ जिलाधिकारी ने जिला टास्क फोर्स टीम के साथ की समीक्षात्मक बैठक, दिए निर्देश

☒ प्रखंडवार निर्धारित लक्ष्य की 90 प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित कराने का होगा प्रयास

☒ किशनगंज। जिले में 12 से 14 साल के बच्चों के टीकाकरण को बढ़ावा देने एवं नियमित टीकाकरण तथा जिले में चल रहा सघन दस्त पखवाड़ा के सफल क्रियन्वयन के उद्देश्य से सोमवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजित की गयी। वीडियो आयोजित बैठक में सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर , डीआईओ डॉ देवेन्द्र कुमार , डीपीएम डॉ मुनाजिम , स्वास्थ्य, शिक्षा, आईसीडीएस, जीविका सहित संबंधित विभागों के जिला व प्रखंड स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया ।समीक्षा बैठक में जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार ने बताया, जिला पदाधिकारी के द्वारा जल्द से जल्द शत–प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। ताकि वैक्सीनेशन अभियान को और तेज गति मिल सके एवं जल्द से जल्द शत–प्रतिशत लोगों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा सेकेंड डोज एवं प्रीकॉशनरी डोज अभियान को भी गति देने के लिए ऐसे लाभार्थियों का हर हाल में निर्धारित समय पर वैक्सीनेशन सुनिश्चित कराने का भी निर्देश दिया गया। वहीं, उन्होंने बताया, जिले में लगातार वैक्सीनेशन अभियान चल रहा है। जिसके माध्यम से नियमित तौर पर शिविर आयोजित कर योग्य लाभार्थियों को सुविधाजनक तरीके से वैक्सीन दी जा रही है। साथ ही लोगों को वैक्सीनेशन के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। प्रखंडों में संबंधित बीडीओ व चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित कर लक्ष्य के 90 प्रतिशत टीकाकरण का निर्देश दिया गया है । वहीं स्कूलों में अभिभावक व शिक्षकों के साथ बैठक का आयोजित कर बच्चों के टीकाकरण के प्रति आम लोगों को प्रेरित व जागरूक किया जायेगा । 12 साल से अधिक आयु वर्ग के निर्धारित लक्ष्य 13.60 लाख की तुलना में 12.30 लाख लोगों की प्रथम डोज का टीकाकरण हो चुका है। जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ देवेन्द्र कुमार ने बताया कि 12 साल से अधिक आयु वर्ग के निर्धारित लक्ष्य 13.60 लाख की तुलना में 12.30 लाख लोगों की प्रथम डोज का टीकाकरण हो चुका है। 1.30 लाख लाभुक टीका की प्रथम डोज से वंचित हैं। जिले में सबसे अधिक 12–14 साल आयु वर्ग के लाभुकों को 97.2प्रतिशत टीकाकरण किया गया है। जो पूरे सूबे में दूसरे स्थान पर है वही इसी वर्ग के दूसरे डोज देने के मामले में सूबे में प्रथम स्थान पर है ।पहली डोज के टीकाकरण को बढ़ावा देते हुए योग्य लाभुकों को टीका की दूसरी व 60 साल से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों को प्रीकॉशन डोज का टीका लगाने के उद्देश्य को उन्होंने अभियान के लिए महत्वपूर्ण बताया। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने जिले में शतप्रतिशत टीकाकरण की सफलता को लेकर जीविका, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों को समुचित मदद उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में इसके लिये व्यापक जनसंपर्क अभियान संचालित किये जायें। सत्र आयोजन से संबंधित जानकारी को प्रचारित किया जाये। प्रखंड स्तर पर अभियान की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी संबंधित चिकित्सा प्रभारी व बीडीओ को सौंपा गया है। वरीय स्वास्थ्य अधिकारियों की प्रखंडवार प्रतिनियुक्ति करते हुए अभियान के नियमित अनुश्रवण व निरीक्षण का इंतजाम सुनिश्चित कराने का निर्देश जिलाधिकारी ने दिया। डीएम ने कहा कि कोरोना का संकट फिलहाल पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। इसलिये टीकाकरण एवं जांच के कार्य में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाये। शत प्रतिशत लोगों का टीकाकरण सरकार व जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शुमार है। विभागीय अधिकारियों को उन्होंने गंभीरतापूर्वक अपनी जिम्मेदारियों के निवर्हन का आदेश दिया।

सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर ने बताया कि जिले में टीकाकरण अभियान तेज है। सामुदायिक स्तर पर टीकाकरण महाअभियान एवं हर घर दस्तक अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लाभार्थियों को टीकाकृत किया जा रहा है। इसके साथ हीं जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों सहित टीकाकरण केंद्रों में नियमित रूप से टीकाकरण अभियान अनवरत जारी है। हर घर दस्तक टीकाकरण अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में टीकाकरण टीम घर–घर पहुंच कर टीकाकरण से वंचित लाभार्थियों को टीकाकृत कर रही है।जिसकी उपलब्धि 61 प्रतिशत है ।जो व्यक्ति किसी भी कारणवश अभी तक टीका नहीं ले पाएं हैं, उन्हें टीकाकरण के प्रति प्रेरित कर टीके की पहली डोज लगाया जा रहा हैं।दूसरा डोज लेने के बाद अब 9 महीने के बदले 6 महीने के बाद ही बूस्टर डोज लगवा सकेंगे।अभियान को गति देने के लिए हर घर दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। ताकि शत–प्रतिशत लक्ष्य को हासिल किया जा सके। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किया है। हर घर दस्तक अभियान के तहत डोर टू डोर भ्रमण कर स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, आंगनबाड़ी सेविका एवं आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा बूस्टर डोज पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इसके लिए टीकाकरण टीम द्वारा सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में पहुंच कर एक–एक व्यक्ति को चिह्नित कर टीकाकृत किया जा रहा है। इसके अलावा संबंधित क्षेत्र की एएनएम, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों एवं स्थानीय पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा टीकाकरण के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकरी डॉ. कुमार ने बताया कि वैश्विक महामारी के इस दौर में नियमित टीकाकरण की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। इसमें सुधार के लिये विशेष प्रयास की जरूरत है। उन्होंने बताया कि नियमित टीकाकरण के मामले में फिलहाल जिले की उपलब्धि 81 फीसदी के करीब है। 02 वर्ष उम्र तक के बच्चे व गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण सौ फीसद तक ले जाने का प्रयास किया जा रहा है।जिले में आरोग्य दिवस के दिन गर्भवती महिलाएं व बच्चों के टीकाकरण का इंतजाम सुनिश्चित कराया जाता है। यहां दो वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को बीसीजी, ओपीवी, पेंटावेलेंट, रोटा वैक्सीन, आईपीवी मिजल्स, विटामीन–ए, डीपीटी बूस्टर डोज व बूस्टर ओपीवी के टीके लगाये जाते है इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को अभियान के क्रम में टेटनेस–डिथेरिया के टीके लगाए जा रहे है।

संक्षिप्त समाचार

जुलाई में होनी चाहिए थी 296.3 एमएम औसत बारिश हुई 52.27 एमएम

हरिओम राय (ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स कैमूर)। रोपनी कार्य में जुटे किसान। धान का कटोरा कहे जाने वाले कैमूर जिले में कम बारिश होने की वजह से धान की रोपनी अधर में जुलाई महीने में अब तक 296.3 एमएम औसत बारिश होनी चाहिए थी, पर बारिश औसत 52.27 एमएम ही हुई है। जिला सांख्यिकी विभाग से प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि कैमूर जिले में औसत 244.3 एमएम बारिश कम हुई है। धान का कटोरा कहे जाने वाले कैमूर जिले में कम बारिश होने की वजह से धान की रोपनी अधर में लटकी है। निजी संसाधन से लैस किसान भी जैसे– तैसे धान रोपनी के कार्य में जुटे हुए हैं। इस स्थिति में जिले में अब तक महज 4: ही धान रोपनी का कार्य किसान अपने खेतों में कर कर सके हैं। बाकी किसान अभी भी अच्छी बारिश होने और नहरों में टेल एंड तक पर्याप्त पानी आने की बात जोह रहे हैं। लेकिन किसानों का कहना है कि आखिर वे कब तक बारिश होने का इंतजार करेंगे।संभावना जताई जा रही है कि अगर अच्छी बारिश नहीं हुई तो खेती बारी पिछड़ जाएगी।

बाइक की ठोकर से भेलवा ग्राम के छात्र की मौत

(राकेश कुमार सिंह प्रखण्ड संवादाता मधुबन अयोध्या टाइम्स मधुबन पूर्वी चंपारण) मधुबन। मधुबन थाना अन्तर्गत एनएच 104 पर भेलवा गांव के पास एक बाइक द्वारा ठोकर मार दिए जाने से शुक्रवार को एक स्कूली छात्र की मौत हो गयी है। मृत बालक भेलवा गांव के अखिलेश सहनी का

पुत्र संदीप कुमार (8) था। ग्रामीणों के अनुसार वह मध्य विद्यालय भेलवा से पढ़कर घर जा रहा था। मधुबन की ओर से जा रहे बाइक सवार ने उसे ठोकर मार दी है। इससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी है। मृत बालक दो भाईयों व एक बहन में बड़ा था। इस घटना से मृतक के घर में कोहराम मच गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

सीबीएसई 12 वीं की परीक्षा में हर्ष को मिला 92.5 प्रतिशत अंक

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

मोतिहारी द्य जिले के वरीय पत्रकार और ईस्ट चम्पारण डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव ज्ञानेश्वर गौतम के घर सीबीएसई(12वी) परीक्षा परिणाम खुशियों का पैगाम लेकर आया द्य जब उनके पुत्र हर्ष राज गौतम ने 92.5% अंक के साथ मॉडर्न पब्लिक स्कूल मोतिहारी में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बेलबनवा मोतिहारी निववासी हर्ष राज गौतम शरू से ही एक मेधावी

छात्र रहा हैं।बातचीत के क्रम में छात्र हर्ष राज गौतम ने बताया कि परिवार के सदस्यों के साथ–साथ मॉडर्न पब्लिक स्कूल के शिक्षक सतीश टंडन ने समय–समय पर हमेशा मार्गदर्शन किया हैं। हर्ष राज गौतम के इस शानदार उपलब्धि पर गुरु सतीश टंडन,दादा डॉ(प्रो.) शोभाकांत चौधरी,दादी सरोज चौधरी,माता श्वेता गौतम(महिला पर्यवेक्षिका),पिता ज्ञानेश्वर गौतम और बहन वैष्णवी गौतम ने बधाई व उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दिया हैं। उक्त आशय की जानकारी स्वेता गौतम ने दी।

श्रीकांत शास्त्री भा.प्र.से. जिला पदाधिकारी किशनगंज के द्वारा ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। श्रीकांत शास्त्री भा.प्र.से. जिला पदाधिकारी, किशनगंज के द्वारा ईवीएम वेयर

हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। प्रत्येक माह ईवीएम वेयर हाउस का बाहरी निरीक्षण के प्रावधान के आलोक में डीएम के द्वारा माह जुलाई 2022 का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस में लगे दोनों मुख्य ताले सील पाया गया। इसके अतिरिक्त वेयर हाउस सीढ़ी के तरफ लगे दो अतिरिक्त ताला को भी सील करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। ईवीएम वेयर हाउस में तैनात सभी सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे। उन्हें ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा सतर्कता पूर्ण करने का निदेश दिया गया। ईवीएम वेयर हाउस के निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री मनिरूल शेख भी मौके पर उपस्थित थे।

दृष्टिदिव्यांग बालिका को मुंबई की दंपति ने लिया गोद

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)। जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के कार्यालय कक्ष में मुंबई की दंपति के द्वारा एक दृष्टि दिव्यांग बालिका को गोद लिया गया । जिला बाल संरक्षण इकाई वैशाली एवं बाल श्रम बाल कल्याण समिति वैशाली के संयुक्त तत्वाधान में क्या प्रक्रिया संपन्न करायी

गयी।इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा गोंद लेने वाले दंपति को बधाई दी गई और कहां गया इस बच्ची का पालन पोषण बेहतर ढंग से किया जाए। यह चौलेंज है जिसे आप सभी पूरा करें ।दत्तक ग्रहण प्रक्रिया के समय सहायक निदेशक बाल संरक्षण इकाई श्री प्रशांत , हाजीपुर की अपर अनुमंडल पदाधिकारी डॉक्टर प्रेरणा ,श्रीमती प्रिया शर्मा अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी उपस्थित थे।

एसपी डॉ कुमार आशीष के कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया 250 से अधिक शिकायतों का निष्पादन

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

पूर्वीचम्पारण। एसपी डॉ0 कुमार आशीष के कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक

जनता दरबार का आयोजन किया गया। 250से अधिक शिकायतों का निष्पादन,एसडीपीओ सदर एवं डीएसपी HQ रहे मौजूद। पुलिस कप्तान के नेतृत्व में ज

सीबीएसई की दशवीं बोर्ड के घोषित परिणाम में मधुबन सेन्ट्रल स्कूल के बच्चों का बेहतर रिजल्ट विद्यालय निदेशक रणवीर सिंह ने बच्चों को दी बधाई

राकेश कुमार सिंह प्रखण्ड संवादाता मधुबन पूर्वी चंपारण। सीबीएसई द्वारा दशवीं कक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। मधुबन सेन्ट्रल स्कूल के दर्जनों छात्र–छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर इस क्षेत्र सहित विद्यालय का नाम रौशन किया है। इस विद्यालय से कुल 384 बच्चें दशवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल हुये थे। 22 छात्र 90 प्रतिशत से अधिक ,54 छात्र 80 से 90 प्रतिशत अंक,83 छात्र 70 से 80 प्रतिशत अंकों से उतीर्ण हुया है।विद्यालय के शिक्षकों तथा सफल छात्रों को बधाई देते विद्यालय के निदेशक रणवीर सिंह ने कहा कि विद्यालय के संस्थापक बिहार विभूति सीताराम सिंह के सपनों को साकार करते हुए सुदूर देहात क्षेत्र में अवस्थित यह विद्यालय निरंतर नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सीबीएसई के निर्देशन में यह विद्यालय छात्रों के पठन– पाठन की उच्चस्तरीय व्यवस्था करता है।उन्होंने कहा कि आज के प्रतियोगी युग में छात्रों के जीवन में सफलतापूर्वक स्थापित होने के लिए समय –समय पर प्रशिक्षण की भी

व्यवस्था करता है साथ ही खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतिभाओ से छात्रों को अवसर उपलब्ध कराती है। मौके पर विद्यालय के प्रशासक प्रो वीरेन्द्र कुमार सिंह, प्राचार्य क्यूडी अंसारी, सीबीएसई कॉडिनेटर नागेन्द्र सिंह, संयोजक प्रो राजू सिंह,अम्बुज तिवारी, शैलेंद्र प्रसाद सिंह, अरुण सिंह, सच्चिदानंद कुमार, रंजन सिंह, विपुल सिंह, मृत्युंजय सिंह, संजय तिवारी,सोनी सिन्हा,, संजय तिवारी, मंजीत कुमार, संदीप कुमार सिंह, रविन्द्रनाथ तिवारी आदि शिक्षक मौजूद थे।

नवनिर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जीत पर रक्सौल में जश्न, उड़ी गुलाल व बटी मिठाईयां

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण) रक्सौल रू भाजपा जिला संगठन कार्यालय रक्सौल में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की जीत के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिस में उपस्थित सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाने के साथ ही मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं दिए.इस दरम्यान मौके पर अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि अजय पटेल ने कहा कि भारत के 15 वें राष्ट्रपति पद की गौरवशाली भूमिका की निर्वहन करने की

जिम्मेवारी श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को मिली है ,यह देश के लिए गर्व की बात है. जिला प्रवक्ता राज किशोर राय ने बताया कि इतिहास में पहली बार कोई आदिवासी महिला राष्ट्रपति बनी है. उनका राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित होना एकता व समता का एक अद्भुत उदाहरण है . उनके पास कुशल व समृद्ध प्रशासनिक अनुभव है जिसके बूते पद पर रहते हुए देश सेवा कर एक नए कीर्तिमान स्थापित करेगी. एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति पद पर मौका देने हेतु उपस्थित सभी लोगों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्रति सहृदय आभार प्रकट करते हुए कोटि–कोटि धन्यवाद दिए. कार्यक्रम मे जिला महामंत्री अशोक पांडे, नगर अध्यक्ष कन्हैया सर्राफ, मंडल अध्यक्ष सुभाष सिंह, कमलेश साह, नगर महामंत्री रवि गुप्ता, राकेश कुशवाहा, विजय कुशवाहा, मदन पटेल, अवधेश साहनी, किशोरी पटेल, ओम प्रकाश ठाकुर ,राजेश आर्य, इंद्रासन पटेल मौजूद थे।

द्रोपदी मुर्मू की 15 में राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर संगठन जिला बाढ़ भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े एवं एक दूसरे को अबीर लगा कर जश्न मनाया

देवेन्द्र कुमार दैनिक अयोध्या टाइम्स बाढ़। आदिवासी समाज की महिला द्रोपदी मुर्मू की 15 में राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर संगठन

जिला बाढ़ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े एवं एक दूसरे को अबीर लगा कर जश्न मनाया इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सिया राम सिंह एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश सिंह ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार आदिवासी समाज से आने वाली महिला महामहिम की कुर्सी पर विराजमान होने जा रही है । नेता द्वय ने कहा कि अंतिम पायदान पर बैठी जनजातीय समुदाय की महिला को देश के सर्वोच्च पद पर बैठा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , गृहमंत्री अमित शाह तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार किया है । भाजपा के केंद्र की सरकार में ही अंत्योदय का सिद्धांत साकार हुआ है वरना देश की कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां तो अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लोगों को धोखा ही देती रही है । इस कार्यक्रम में जिला मंत्री प्रियरंजन कुमार , रविंद्र सिंह , अवधेश सिंह , सत्यनारायण प्रसाद , संतोष कुमार सिंह , संजय गिरी , सुषमा गुप्ता सत्येंद्र सिंह , भूपेंद्र सिंह , अमित पांडे , राजेश कुमार , हीरा कुमार सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सुलिंदाबाद परविनिया मुख्य सड़क पर पूल के आगे किए जा रहे गृह निर्माण कार्य

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सुभाष सहरसा बिहार। सुलिंदाबाद में पूल के आगे कर रहा कंस्ट्रक्शन का निर्माण , जल निकासी की होगी समस्या द्य कहरा जलजमाव से जहां शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोग परेशान है । वहीं सुलिंदाबाद पड़विनियां मुख्य सड़क पर महादलित टोला समिप जल निकासी के लिए बनाए गए पूल के आगे रंजन कुमार द्वारा नये कंस्ट्रक्शन का निर्माण कर जल निकासी को अवरुद्ध कर रहे हैं । प्राप्त जानकारी अनुसार इस पूल से शहर एवं आसपास के जलजमाव वाले एरिया में बरशात का पानी भरने के बाद जल निकासी होता है । लेकिन लोगों द्वारा जानबूझकर पुल के सामने भी जमिनदारों से जमीन की खरीदारी कर नये कंस्ट्रक्शन बनाकर जल निकासी को अवरुद्ध करने में तुले हुए हैं। पुल के आगे भवन निर्माण कार्य करने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। वही बुधवार को दर्जनों ग्रामीणों ने पूल के आगे नये कंस्ट्रक्शन देखकर निर्माण कार्य को रोकने का असफल प्रयास किया । स्थानीय लोगों का कहना था कि यहां जमींदारों से बाहरी लोगों द्वारा जमीन की खरीदारी कर जल निकासी को रोकने का प्रयास किया जा रहा हैं । जिस कारण बरसात के समय में आसपास अत्यधिक पानी जमा होने के बाद लोगों के घरों और मुख्य

सड़क सहित रेलवे के पटरियों पर जल जमाव होने की संभावना हैं । वही इस संबंध में अंचलाधिकारी लक्ष्मण प्रसाद से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी मिली हैं। संबंधित राजस्व कर्मचारी को जांच करने का निर्देश दिया गया है। जांचोपरांत पुल के आगे कंस्ट्रक्शन कर जल निकासी को अवरुद्ध करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई किया जाएगा ।

लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए सरकार कार्य कर रही है : माननीय मंत्री ग्रामीण विकास

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

हाजीपुर। श्री सरवन कुमार माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग बिहार सरकार के द्वारा ग्रामीण विकास की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के क्रम में कहा गया कि सरकार लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कार्य कर रही है। ग्रामीण विकास की जो भी योजनाएं हैं उसे समय पर कॉल किया जाए। लोगों को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके इसके लिए रोजगार सृजन किया जाए। मनरेगा के तहत अगर जॉब कार्ड धारी श्रमिक के द्वारा कार्य के लिए आवेदन दिया गया है तो उसे अविलंब कार्य दिया जाए।

आज वैशाली समाहरणालय सभागार में माननीय मंत्री महोदय के द्वारा ग्रामीण विकास की योजना प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण इंदिरा आवास योजना लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान मुख्यमंत्री आवास स्थल करें सहायता योजना मनरेगा जल जीवन हरियाली वृक्षारोपण जीविका से संबंधित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला अधिकारी श्री यशपाल मीणा अपर समाहर्ता श्री जितेंद्र प्रसाद साह एवं उप विकास आयुक्त श्री चित्रगुप्त कुमार सभागार में उपस्थित थे।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी के द्वारा माननीय मंत्री का स्वागत किया गया इसके पश्चात उप विकास आयुक्त के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी गई।प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के विषय में बताया गया कि 2022 23 में कुल 44000 आवास निर्माण का लक्ष्य मिला है जिसके विरूद्ध 42000 आवास की स्वीकृति दी गई है। उसमें 38500 लाभुकों के प्रथम किस्त की राशि दी गई है। अभी तक 4506 आवास पूर्ण कराए गए हैं। इस पर माननीय मंत्री ने कहा कि कार्यों में तेजी लाई जाए और प्रतिदिन समीक्षा कर 15 अगस्त तक लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। पदाधिकारी क्षेत्र भ्रमण करें। पर्यवेक्षक एवं आवास सहायक पर कढ़ाई की जाए। माननीय मंत्री ने कहा कि वैसे लोग जो पैसा उठा लिए हैं और आवास पूर्ण नहीं कराए हैं उनको चौकीदार के माध्यम से नोटिस निर्गत किया जाए। माननीय मंत्री के द्वारा निर्देश दिया गया कि इंदिरा आवास के तहत पूर्व में स्वीकृत आवास जो अभी तक का पूर्ण है उसे पूर्ण कराने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी मेहनत करें और इसके लिए एक माह का समय दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर लोन की जरूरत है तो बैंक कर से वाराणसी पर लोन भी दिलवाई जाए परंतु आवास हर हाल में पूर्ण कराई जाए।

मनरेगा के कार्यो की समीक्षा में कहा कि जॉब कार्ड धारी सभी श्रमिकों को उनके मांग के आधार पर कार्य उपलब्ध कराई जाए। अगर कोई श्रमिक कार्ड के लिए आवेदन करता है तो उसे कार्य कराए जाए। प्राप्त आवेदन के विरुद्ध कार्य नहीं कराई जा रही है तो यह घोर लापरवाही है। विकास आयुक्त को इसकी जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। आवास निर्माण में मानक दिवस के आधार पर मनरेगा का कन्वर्जेंस 75: पाया गया जिसे और बढ़ाने का निर्देश माननीय मंत्री के द्वारा दिया गया। बैठक में बताया गया कि जिला में कुल 360000 सक्रिय श्रमिक है जिसमें 139000 का आधार सीडिंग है। माननीय मंत्री के द्वारा सभी का दार सेटिंग कराने और आधार बेस्ट भुगतान करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा के तहत संचालित खेल

मैदान पशु शेड मुर्गी सेठ आंगनवाड़ी राजीव गांधी सेवा केंद्र मनरेगा मॉल के निर्माण की समीक्षा की गई। माननीय मंत्री ने कहा कि सभी प्रखंडों में बच्चों के खेलने के लिए एक एक खेल मैदान का निर्माण कराई जाए। इसका चयन प्रखंड मुख्यालय ना कर कुछ दूरी पर किया जाए ताकि ग्रामीण बच्चे अधिक लाभान्वित हो सकें। यहां वृक्षारोपण भी कराई जाए और इसे सुंदर रूप दिया जाए। जल जीवन हरियाली के तहत पौधारोपण के विषय में बताया गया कि कुल 556000 पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है माननीय मंत्री के द्वारा नीम पीपल बरगद का पौधा अधिक लगाने की बात कही गई। माननीय मंत्री ने जानना चाहा कि जब 2016 में शौचालय योजना आरंभ की गई थी उस समय जिला में कितने घरों में शौचालय थे और कितने घरों में नहीं थे। इस पर बताया गया कि 214696 घरों में शौचालय पहले से थे और 261684 घरों में नहीं थे।इस योजना के तहत 256523 शौचालयों का निर्माण कराया गया है वर्तमान में 8167 घरों में शौचालय नहीं है। जिला में कुल 320 सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है और 46 जगह यह कार्य अभी चल रहा है। इससे कूल 3285 परिवार को इसका लाभ मिल रहा है। माननीय मंत्री ने कहा कि लोगों को व्यवहार परिवर्तन के लिए जागरूक करें ताकि लोग इसका उपयोग करें। जीविका के कार्यों में शतक जीविकोपार्जन की समीक्षा में बताया गया कि 4708 परिवार को इससे जोड़ा गया है जिसमें से 1600 परिवार को आर्थिक लाभ भी दिया गया है। माननीय मंत्री के द्वारा उनके जीवन स्तर में आए परिवर्तन के बारे में पूछने पर बताया गया कि इसमें सुधार हुआ है। परिवार में सद्भाव बढ़ा है। माननीय मंत्री ने कहा कि जीविका के उत्पादों को बाहर का बाजार उपलब्ध कराई जाए। इसका ब्रांडिंग किया जाए और बढ़ेगा स्तर के मेले में जीविका का स्टॉल लगवाई जाए ताकि इसके उत्पाद को एक अलग पहचान मिले। बैठक के अंत में माननीय मंत्री के द्वारा सभी उपस्थित पदाधिकारी को शुभकामना दी गई और कहा गया कि अगर कोई समस्या है तो बता दिया जाए। बैठक में माननीय मंत्री के साथ जिला अधिकारी अपर समाहर्ता विकास आयोग निदेशक डीआरडीए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी पर्यवेक्षक जीविका एवं संबंधित अभियंता उपस्थित थे।

जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय की अध्यक्षता में संयुक्तरुप से अभियोजन से संबंधित बैठक समाहरणालय के परिचर्चा भवन में आयोजित की गई

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय की अध्यक्षता में संयुक्त रुप से अभियोजन से संबंधित बैठक समाहरणालय के परिचर्चा भवन में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित एपीपी एवं स्पेशल पीपी से अनुरोध किया गया कि फैसला हेतु लंबित कांडों में अविलंब सजा दिलाने का प्रयास करें। जिले के विभिन्न न्यायालय में लंबित एवं निष्पादित कांडों मामलों में लोक अभियोजक, अपर लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक, जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक अभियोजन अधिकारी, अनुमंडल अभियोजन पदाधिकारी के साथ लंबित वादों की स्थिति की समीक्षा की गई । जिला पदाधिकारी द्वारा एसपीडी ट्रायल के वादों में अभिलंब दोषियों को सजा दिलाने का निर्देश दिया गया, उत्पाद एक्ट के तहत वादों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित कराने का निर्देश दिया गया। जिले में पॉक्सो एक्ट के तहत वादों के संबंध में स्पेशल पीपी द्वारा बताया गया की वादों की सुनवाई दिन प्रतिदिन की जा रही है। उन्होंने एससी एसटी एक्ट एवं सभी एक्ट के मामलों में के तहत सजा की संख्या कम होने पर असंतोष व्यक्त किया। अगले बैठक से पूर्व अधिक से अधिक वादों का निष्पादित कराने हेतु निदेश दिया गया। लंबित वादों की बिंदुओं का अनुपालन करने हेतु सभी अभियोजन पदाधिकारियों को जिला पदाधिकारी द्वारा निदेशित किया गया। कितने मामलों में समन एनबीडब्ल्यू किया गया है। आरोप गठन मामले में अनुपस्थित अभियुक्तों के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू कितने मामलों में निर्गत किया गया है। अभियोजन साक्ष्य मामले में कितने महत्वपूर्ण साक्षियों का साक्ष्य कराया गया तथा कितने मामले में 309 सीआरपीसी का अनुपालन किया गया एवं कितने अनुपस्थित साक्ष्यों पर एनबीडब्ल्यू निर्गत कराया गया है। सफाई साक्ष्य मामले में सफाई साक्ष्य हेतु कितने लंबित मामलों में शॉट डेट लेने हेतु लिखित रूप से अनुरोध किया गया है। बहस में कितने मामले में प्रतिदिन बहस किया गया तथा लिखित बहस दाखिल किया गया एवं कितने मामले में लिखित रूप में बहस समाप्ति की सूचना दी गई। निर्णय में कितने मामले में बहस की समाप्ति के पश्चात लिखित रूप में निर्णय करने का अनुरोध किया गया हैं। साथ ही उन्होंने उत्पाद अधिनियम पाक्सो एक्ट एवं अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति अत्याचार (अधिनियम) लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर ससमय करवाई करने का निर्देश दिया। वहीं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय द्वारा लोक अभियोजकध्अपर लोक अभियोजकध्विशेष लोक अभियोजकध्द जिला अभियोजन पदाधिकारी से स्पीडी ट्रायल हेतु जघन्य एवम गंभीर अपराधों की सूची बनाने का अनुरोध किया गया ।वही बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी द्वारा लोक अभियोजक ,अपर लोक अभियोजक, विशेष लोक अभियोजक, एवं अभियोजन पदाधिकारियों से सरकार का पक्ष निष्ठा पूर्वक मजबूती से रखने का अनुरोध किया गया साथ ही लंबित मामलों में आरोप गठित करने की संख्या में वृद्धि के लिए कार्य करने का अनुरोध किया गया ।उक्त बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश कुमार दास,ए0 पी0 पी0, डीपीओ, एस0डी0पी0ओ0, ए0पी0ओ0 उपस्थित थे।

खनन टास्क फोर्स की बैठक में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर कार्रवाई का जिलाधिकारी ने दिया निर्देश

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

☒ विभागीय लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्त करने हेतु लगातार करें छापामारी : डीएम

किशनगंज। जिलाधिकारी, श्री श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स और तकनीकी पदाधिकारियों की बैठक उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित की गयी।बैठक में डीएम द्वारा एजेंडावार समीक्षा की गई।जिलांतर्गत बालू घाट बंदोबस्त बालू घाट पर घर्मकांटा उपलब्धता, प्रतिबंधित गाड़ियों से बालू परिवहन, अवैध उत्खनन,अवैध परिवहन, ईट भट्ठा संचालन, जांच, अवैध संचालकों पर कार्रवाई , रॉयल्टी संग्रहण, माइनिंग ईनफोर्समेंट हेतु वन के अधिकारियों से समन्वय आदि के बिन्दु पर गहन समीक्षा हुई। खनन विकास पदाधिकारी और खान निरीक्षक को जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि लगातार क्षेत्र भ्रमण कर अवैध खनन के विरुद्ध छापामारी करें तथा विभागीय पत्र के आलोक में कार्य करना सुनिश्चित करें। ओवरलोडिंग के विरुद्ध डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि वाहनों की जबतीध्शमन की कार्रवाई अवश्य करें ,अन्यथा उदासीनता बरतने पर गंभीरता से लेकर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी बालू घाट पर पर्यावरण सुरक्षा हेतु निर्धारित पौधा लगवाना,राजस्व

संग्रहण ,अवैध इट भट्ठा पर नियमानुसार कार्रवाई करें।खनन कार्य विभागीय प्रावधान के अनुसार ही बंद और चालू रहे ,इसे सुनिश्चित करवाएं। जिला खनन कोष (डीएमएफ) से नियमानुसार व्यय करना,घाट का खनन प्लान तैयार करना सुनिश्चित करें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि जहा भी इट भट्ठा का संचालन कामर्शियल रूप से हो रहा है,उस जमीन का संपरिवर्तन एसडीएम के माध्यम से निश्चित रूप से करवाए। अवैध खनन पर प्राप्त आसूचना पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु खनन पदाधिकारियों समेत पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। निरीक्षण/छापामारी में क्यूआरटी टीम का उपयोग करने, तेज रफ्तार गाड़ियों को नियंत्रित करने,तदनुसार चेकपोस्ट पर आवश्यक व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया।मालूम हो कि हैवी लोडिंग और तेज रफ्तार से सड़क क्षतिग्रस्त होने की संभावना के साथ राजस्व हानि की भी संभावना होती है।समीक्षा के क्रम में खनन विकास पदाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अवैध रूप से खनन में संलिप्त वाहनों, ईट भट्ठा पर जुर्माना कर नियमानुसार राशि वसूला गया है। निर्धारित राजस्व लक्ष्य के विरुद्ध रॉयल्टी राशि का संग्रहण किया जा रहा है। डीएम ने निर्देश दिया कि वैद्य तरीके से एवं स–समय रॉयल्टी भुगतान कर रहे हैं, उन्हें किसी तरह का कठिनाई का सामना ना करना पड़े। जिलाधिकारी द्वारा बालू परिवहन एवं ईट भट्टे के कार्यों पर निरंतर निगरानी करने तथा ईट भट्ठे के मालिक द्वारा रॉयल्टी भुगतान ससमय प्राप्त करने को कहा गया। साथ ही, इन सभी ईट भट्ठो का सत्यापन यथाशीघ्र कराने का निदेश दिया गया। कामर्शियल ईट भट्ठा मालिकों से भूमि परिवर्तन कराने हेतु कार्रवाई का निर्देश दिया गया। तकनीकी पदाधिकारियों के कार्यो की समीक्षा के क्रम में सभी कार्यपालक अभियंता के दायित्व व कार्यो और उपलब्धि की समीक्षा किया गया।जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण ससमय पूरा करने का निदेश दिया गया। इस बैठक में जिलाधिकारी के अतिरिक्त अपर समाहर्त्ता,अनुज कुमार,जिला स्तरीय विभिन्न विभागों के पदाधिकारी यथा अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,कार्यपालक अभियंता ,भवन प्रमंडल ,जिला खनन पदाधिकारी,खान निरीक्षक एवं इससे संबंधित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

मनरेगा के द्वारा मोतिहारी जिला के तुरकौलिया एवम अरेराज प्रखंडों में मनरेगा द्वारा अमृत सरोवर परियोजनाओं के जीर्णोद्धार कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया

(रवि कुमार भार्गव राज्य को आर्डिनेटर अयोध्या टाइम्स बिहार)

जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत , यूनाइटेड नेशन डेवलपमेन्ट प्रोग्राम (न्छक्द्ध) के एक्सपर्ट श्री सुभेन्द्र सान्याल , डॉ कृष्णमुरारी तथा श्री अनीश रंजन राव, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा के द्वारा मोतिहारी जिला के तुरकौलिया एवम अरेराज प्रखंडों में मनरेगा द्वारा अमृत सरोवर परियोजनाओं

के जीर्णोद्धार कार्य का स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण के उपरांत जांच दल द्वारा जिलाधिकारी , श्री शीर्षत कपिल अशोक एवम उप विकास आयुक्त श्री कमलेश कुमार सिंह को जलवायु अनुकूल परिवर्तन संरचनाओं के निर्माण से संबंधित तथ्यों से अवगत कराया गया। जांच दल द्वारा पोखर के बंड ,इनलेट एवम आउटलेट मैनेजमेंट पर महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई।

राष्ट्रपति चुनाव में एनडीए प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू की जीत पर बीजेपी कार्यालय में मना जश्न, होली और दीवाली सा दिखा माहौल

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ(नालंदा) आदिवासी समाज से आने वाली द्रोपदी मुर्मू के देश की 15वां राष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होने पर संगठन जिला बाढ़ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े एवं एक दूसरे को अबीर लगा कर जश्न मनाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉक्टर सियाराम सिंह एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश सिंह ने कहा कि देश के इतिहास में पहली बार आदिवासी समाज से आने वाली महिला महामहिम की कुर्सी पर विराजमान होने जा रही है। स्थानीय नेताओं ने कहा कि अंतिम पायदान

पर बैठी जनजातीय समुदाय की महिला को देश के सर्वोच्च पद पर बैठा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार किया है। भाजपा के केंद्र की सरकार में ही अंत्योदय का सिद्धांत साकार हुआ है।वरना देश की कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां तो अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लोगों को धोखा ही देती रही है। इस कार्यक्रम में जिला मंत्री प्रियरंजन कुमार,रविंद्र सिंह,अवधेश सिंह,सत्यनारायण प्रसाद,संतोष कुमार सिंह,संजय गिरी,सुषमा गुप्ता, सत्येंद्र सिंह,भूपेंद्र सिंह ,अमित पांडे राजेश कुमार, हीरा कुमार सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

सीबीएससी के 10 वीं में फिर सेंट के छात्रों ने लहराया परचम जोसफ का जलवा जारी

☒ 90 फीसदी अंक के साथ उतीर्ण दर्जन भर छात्र

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय

सिवान महाराजगंज शहर स्थित सेंट जोसेफ्स स्कूल के छात्रों ने इस साल भी सीबीएससी के 10 वीं की परीक्षा में अपना परचम लहराया है। 90 फीसदी अंक लाकर दर्जन भर छात्रों ने स्कूल के साथ–साथ क्षेत्र का मान बढ़ाया है। रिजल्ट आने के बाद जोसफ परिवार में खुशी वयाप्त है। स्कूल के निदेशक सीओ पुन्नूस ने बताया कि शुक्रवार को परिणाम घोषित होने के साथ अभिभावकों ने बधाई देना शुरू कर दिया है। इस वर्ष के परिणाम को लेकर उतीर्ण छात्रों को शुभकानाएं देते हुए उन्होंने बताया कि इस वर्ष लगभग 1 दर्जन से ऊपर छात्रों ने 90 फीसदी और उससे ज्यादा अंक लाकर स्कूल की गरिमा को बढ़ाने का कार्य किया है। लगभग दो दर्जन छात्र 80 व 85 फीसदी अंक प्राप्त कर उतीर्ण हुए है। साक्षी ने 95 फीसदी अंक लाकर स्कूल टॉपर बनी है। वहीं आदित्य कुमार तिवारी ने 92 फीसदी, रोहन कुमार तिवारी ने 92 फीसदी, समीर नवाज ने 90.4 फीसदी, पलक कुमारी ने 90 फीसदी अंक लाकर स्कूल का नाम रौशन करने के साथ क्षेत्र का मान बढ़ाया है।

नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले युवक को समझाने गए लोगों की पिटाई

नागेंद्र कुमार राजा अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स बिहार शरीफ (नालंदा)। बाढ़ बिचली मलाही में एक नाबालिग लड़की के साथ कुछ बदमाशों ने छेड़छाड़ की, जिसकी शिकायत लड़की ने अपने मां–बाप से की, जिसके बाद लड़की के अभिभावक ने बाढ़ थाने में बाढ़ थाने में युवक के खिलाफ लिखित शिकायत की है और छेड़छाड़ करने वाले युवक को उचित कदम उठाते हुए दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए पुलिस उसके घर गई तथा थाने में हाजिर होने के लिए कहा, परंतु वह भाग गया था। बताया जाता है की जब शाम के समय लड़की के परिजन उसे समझाने बुझाने के लिए उसके घर पर गए, तो लड़का तो था,उसके और लोगों ने मिलकर कुछ लोगों की पिटाई कर दी। जिससे दो लोग बुरी तरह से जख्मी हो गया। दोनो का सिर फूटा हुआ है। जख्मी हालत में दोनों का इलाज कराया जा रहा है। धीरे–धीरे नाबालिग से छेड़खानी का मामला तुल पकड़ रहा है।

नुक्कड़ नाटक के जरिए युवाओं को कुशल युवा कार्यक्रम की दी जानकारी, युवाओं को किया गया जागरुक

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)।कौशल विकास मिशन योजना के अंतर्गत मशरक प्रखंड कार्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटक का आयोजन शुक्रवार को किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पढ़े–लिखे बेरोजगार युवाओं को जागरूक किया गया। इसके साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। यह नुक्कड़ नाटक कौशल विकास से संबंधित है। भारत सरकार और बिहार सरकार द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कौशल विकास में ट्रेनिंग चल रही है। शिक्षित बच्चों को जागरूक कर उन्हें तीन से छह माह का कोर्स कराया जाता है। इसके बाद बेरोजगार बच्चों को रोजगार से जोड़ा जाता है। कार्यक्रम में दर्जनों युवा छात्र भी मौजूद रहे।

बगहा विधायक ने उरांव समाज के लोगों को खिलाया मिठाई

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। देश की पहली आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुने जाने पर बगहा अनुमंडल अंतर्गत प्रखंड बगहा दो के डढ़िया गांव के आदिवासी उरांव समाज के लोगों के बीच बगहा विधायक राम सिंह ने जा कर मिठाईया खिला कर उनके खुशी

मे शामिल हुए। आदीवासी समाज की रहने वाली मूर्मू को राष्ट्रपति चुने जाने पर उरांव समाज के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस शुभ अवसर पर गांव के महिलाओ ने परम्परागत झमटा नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री भूपेन्द्र तिवारी, अचिन्त्य कुमार लल्ला, रतन उरांव, राजेश उरांव, विवेक सिंह, आईटी एवं सोशल मीडिया सेल के जिला सह संयोजक गोविन्द जायसवाल सहित तमाम कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित रहें।

नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्यों को अभी तक नहीं मिला प्रभार, विकास कार्य हो रहा बाधित

(संजय कुमार अनुमंडलीय ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स रक्सौल पूर्वी चंपारण) छौडादानो रू विगत संपन्न हुई ग्राम पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित अधिकांशतरू ग्राम पंचायत के सदस्यों को अभी तक प्रभार नहीं मिलने से विकास कार्य बाधित हो रहा है .संबंधित जिला विभाग से बार–बार प्रभार संबंधित आदेश आने के बावजूद भी प्रखंड स्तरीय अधिकारी सहित पंचायत अधिकारी नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत के सदस्यों को प्रभार दिलाने में अभी तक असमर्थ दिख रहे हैं. ग्राम पंचायत राज एकडरी के वार्ड नंबर 08 के नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य का कहना है कि चुनाव परिणाम के लंबे समय के बाद भी आज तक वार्ड सदस्य को प्रभार नहीं मिला।उन्होंने इसके संबंध में बताया है कि प्रखंड की लचर व्यवस्था के चलते अभी तक वार्ड सदस्यगण अपने हक व अधिकार से वंचित रहे हैं.अपने को असंतुष्ट बताते हुए कहा की पिछले कई महीनों से अपने हक और अधिकार के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह पंचायत सचिव और मुखिया जी से गुहार लगाते रहे पर अभी तक अपनी अधिकारों से वंचित रहा .आज पुनरू प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय को एक आग्रह पत्र दिया जिसमें जिला से मिले कुछ पत्रों की भी चर्चा थी ,जिसमें ज्ञापांक 1331 दिनांक 30/04/2022 ,और पत्रांक 1942 दिनांक 13/06/2022 के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय को प्रभार दिलाने की आदेश की चर्चा की गई थी।

उपर्युक्त प्रपत्र के साथ आवेदन देकर पुनः प्रभार दिलाने की विनती की है. संबंधित जिला विभाग के आदेश को बार बार अवहेलना कर नवनिर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्य को प्रभार नहीं मिलने पर वार्ड क्षेत्र में विकास बाधित हो रही है इसको लेकर क्षेत्र के आम जनों में प्रखंड स्तरीय अधिकारी सहित पंचायत अधिकारी के प्रति काफी आक्रोश है।

सिवान में पॉलीटेक्निक छात्र की गोलीमार कर हत्या, आक्रोशित लोगो ने किया सड़क जाम

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय

सिवान। सिसवन के चौनपुर ओपी थाना क्षेत्र के बावनडीह गांव के समीप शुक्रवार के दोपहर 12 बजे के करीब, बाइक सवार बेखौफ अपराधियो ने पॉलीटेक्निक की छात्र की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी द्य बताते चले की आए दिन सिवान में अपराधी किसी न किसी दिन लोगो को गोलियों से अपना शिकार बना रहे द्य लेकिन पुलिस सिवान में अपराध को नियंत्रण करने में असफल साबित हो रही है द्य लोग अब अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे है द्य कब किसकी हत्या कर दी जाए कोई नही जानता द्य बुधवार के दिन अपराधियो ने प्रॉपर्टी डीलर मृत्युंजय पाण्डेय की गोलीमार कर हत्या कर दी थी द्य अपराधियो का तांडव लगातार सिवान में जारी है। आय दिन सिवान जिले में बेखौफ अपराधी लगातार हत्या जैसी गंभीर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। लोगो का विश्वास सिवान में पुलिस के ऊपर से उठ चुका है द्य इसी कड़ी में आज फिर एक पॉलीटेक्निक छात्र को अपराधियों ने मौत की नींद सुला दिया है। मृतक की पहचान चौनपुर ओपी क्षेत्र के चौनपुर गांव निवासी खुर्सीद अली के 20 वर्षीय पुत्र सनी अली के रूप में की गयी है। घटना के सम्बन्ध में बताया जा रहा हैं कि जिले के चौनपुर ओपी थाना क्षेत्र के चौनपुर में युवक को अपराधियों ने गोली मार दी। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक युवक के बाइक के साथ उसके चाचा इकबाल भी मौजूद थे द्य जो पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ाते है द्य घटना के बाद उसके चाचा मौके पर ही बेहोश हो गए द्य मिली जानकारी के अनुसार मृत युवक बावंडीह स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में पढ़ाई करने के बाद अपने घर वापस लौट रहा था द्य इधर का छात्र के मौत के बाद परिजनों में चीख–पुकार मच गई। मृतक के मां हसीना खातून का रो–रो कर बुरा हाल है द्य मृतक दो भाईयों में सबसे बड़ा तथा पॉलीटेक्निक कालेज में कंप्यूटर का छात्र था। घटना के बाद आक्रोशित लोगो ने शव को सड़क

पर रखकर यातायात को टायर जलाकर बाधित कर दिया। और कई घंटो अपराधियो के गिरफ्तारी के लिए प्रदर्शन किए। फिलहाल अपराधियो कौन है, सीसीटीवी के द्वारा शिनाख्त करने की कोशिश की जा रही है द्य इस घटना के बाद बाजार में अफरा–तफरी का माहौल कायम कायम हो गया। लोग अपनी अपनी दुकानें बंद करने लगे। वही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिवान सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक के पडोसियो ने बताया मृतक एक होनहार युवक था द्य इस घटना के बाद से चौनपुर में माहौल गर्म हैं। लोगों में पुलिस के खिलाफ बहुत आक्रोश हैं। लोग सड़क जाम कर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग भी कर रहें हैं। हालाँकि पुलिस घटनास्थल पर तैनात होकर आक्रोशित लोगों को समझाने में जुटी हुई हैं।

भारतीय जन मोर्चा द्वारा जिला के विकास कार्यो के बारे समीक्षा

☒ पार्टी अध्यक्ष मुमन झा के नेतृत्व में बैठक का आयोजन

वीरेंद्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढी। भारतीय जन

मोर्चा पार्टी बिहार प्रदेश कार्य–कारणी द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि भारतीय जन मोर्चा पार्टी बिहार प्रदेश के सभी पदाधिकारी व कार्यकत्रा आंदोलन करेंगे अगर अयोध्या में श्री राम जन्म भूमि का विकास हो सकता है तो सीतामढ़ी मां जानकी जन्म भूमि का विकास क्यों नहीं हो सकता है केंद्र सरकार और बिहार सरकार को सीतामढ़ी के विकास पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि अयोध्या का इतना विकास हो सकता है तो सीतामढ़ी में एक जग् –जननी मां जानकी के नाम से जानकी एयरपोर्ट का भी निर्माण का विचार करना चाहिए लेकिन बिहार सरकार तो सिर्फ अपनी सरकार अपनी कुर्सी बचाने में लगे हुए हैं आज जातीय जनगणना पर करोड़ों रुपया खर्च कर रहे हैं इनका नल जल योजना का क्या हाल है यह जनता से छुपी नहीं है महंगाई चरम सीमा पर है आज सीतामढ़ी में वर्षों से रेलवे ओवरब्रिज का कार्य चल रहा है लेकिन यह कब पूरा होगा यह बिहार सरकार को भी मालूम है कि नहीं यह तो सुशासन बाबू ही जाने अगर जल्द से जल्द हमारी मांगों की पूरा नहीं किया गया तो भारतीय जन मोर्चा पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मुनन झा के नेतृत्व में पूरे बिहार में आंदोलन व धरना प्रदर्शन चक्का जाम करेगी।

विद्यापति प्रखंड के आर टी पी एस पर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए लिया जा रहा है सौ सौ रुपया

संजीव कुमार विद्यापति प्रखंड संवाददाता दैनिक अयोध्या टाइम्स समस्तीपुर! विद्यापति प्रखंड के बाजितपुर पंचायत के वार्ड संख्या 4 एवं वार्ड संख्या 3 के कुछ महिला एवं पुरुषों ने विद्यापति प्रखंड स्थित आर टी पी एस कर्मी पर साफ आरोप लगाया है कि हम लोग जब जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए गए तो आर टी पी एस पर काम करने वाले कर्मी के द्वारा प्रत्येक जन्म प्रमाण पत्र के लिए सौ– 100 की मांग किया गया। जो भी महिला एवं पुरुष पैसा नहीं दिए उनका फॉर्म या तो जमा नहीं रूलिया गया या उन्हें रिसीविंग नहीं दिया गया बाजितपुर पंचायत निवासी राजकुमारी देवी का कहना था कि हम भी तीन (3) फॉर्म लेकर अपने गांव निवासी महिला चंद्रकला देवी के साथ आर टी पी एस विद्यापति प्रखंड स्थित पर जमा करने गई तो हमसे भी 300 की मांग आर टी पी एस कर्मी के द्वारा किया गया, लेकिन मेरे पास उस समय पैसा नहीं था क्योंकि हमारे पंचायत बाजितपुर निवासी मुखिया मुकेश कुमार जी ने कहा था कि आप ब्लॉक पर जाकर आपना फॉर्म जमा कर दें। इसमें एक भी रुपया नहीं लगता है।लेकिन मेरे पास उस समय पैसा नहीं होने के कारण मेरा फॉर्म जमा कर लिया गया। लेकिन मुझे रिसीविंग नहीं दिया गया और कहा गया कि पैसा लेकर आओ तो तुम्हारा रिसीविंग हम देंगे। वही मेरे साथ गई। महिला चंद्रकला देवी ने अपने पास से अपने जन्म प्रमाण पत्र के लिए एक सौ रुपया निकाल कर दी तो उसे उसी समय रिसीविंग मिल गया साथ ही वहीं मौजूद बाजितपुर पंचायत वार्ड संख्या 1 निवासी हेमंत कुमार सिंह उम्र लगभग 70 वर्ष ने कहा कि विद्यापति प्रखंड आर टी पी एस कार्यालय में यह रवइया आज से नहीं बल्कि सालों से चलता आ रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आर टी पी एस कर्मी गणेश पासवान जब से विद्यापति प्रखंड आए हैं। तब से भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है।उन्होंने यह भी बताया कि एक बार गणेश पासवान का तबादला भी यहां से हो चुका है, लेकिन फिर वे अपना ट्रांसफर करा कर विद्यापति प्रखंड में आ गए क्योंकि यहां की जनता भोले– भाले हैं जिससे वे मोटी रकम कमा सके गौरतलब हो कि हेमंत कुमार सिंह जी का अनुभव पंचायत में काम करने का 22 वर्षों का है। वह आज तक पांच (5) मुखिया जी के साथ लगातार काम करते आ रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि हमारे ग्राम खनुऑ वार्ड संख्या 1 विद्यापति, बाजितपुर पंचायत निवासी बुद्धि दास, लालू पासवान, गौरीदास , सुरेश पासवान एवं रमिया देवी को कबीर अंत्येष्टि योजना का 3000 भी दावा करता होने के बाद भी नहीं दिया गया और उनका फॉर्म घूस लेने के कारण रिजेक्ट कर दिया गया उन्होंने यह भी बताया कि कबीर अंत्येष्टि योजना का पैसा जो बीपीएल (BPL) परिवार को मिलता हैं उसमें उस परिवार के कोई भी सदस्य दावा कर सकता है, लेकिन घुस खाने के लिए गणेश पासवान सभी व्यक्ति का फॉर्म रिजेक्ट बिना कारण बताए कर दिए जो वह सभी गरीब न्याय के लिए भटक रहे हैं।

सिवान में निगरानी की टीम ने राजस्व के बड़ा बाबू को घूस लेते किया गिरफ्तार

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सिवान गगन कुमार पाण्डेय

सिवान में निगरानी के टीम ने राजस्व विभाग के बड़ा बाबू को घूस लेते किया गिरफ्तार द्य विजिलेंस के टीम ने राजस्व विभाग के प्रधान लिपिक जियाउल हक को एक लाख रुपए के साथ घुस लेते धर दबोचा है द्य प्रधान लिपिक की गिरफ्तारी समाहरणालय स्थित राजस्व कार्यालय से शुक्रवार की दोपहर को हुई द्य जहां निगरानी विभाग ने पूछताछ के लिए अपने साथ राजस्व विभाग के प्रधान लिपिक को लेकर गई द्य बताया जाता है कि निगरानी विभाग को पहले से ही इसकी सूचना थी द्य इसके बाद प्रधान लिपिक को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है द्य जहां प्रधान लिपिक को गिरफ्तार कर अपने साथ पूछताछ के लिए पटना चली गई द्य इधर प्रधान जियाउल हक के गिरफ्तारी के बाद सिवान जिला प्रशासन में हडकंप मच गया है द्य जिसके बाद विजिलेंस के विभाग के डीएसपी अरुरोदय पाण्डेय के नेतृत्व में टीम सिवान पहुंची थी और करीब एक लाख रुपया के साथ उनको अपने साथ गाड़ी में बैठकर लेकर चली गई द्य जिसको लेकर विभाग के कर्मियों में खलबली मच गई। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निगरानी टीम ने राजस्व कार्यालय से करीब एक लाख रुपए के साथ उनकी गिरफ्तारी की है । बताया जाता है की गिरफ्तार प्रधान लिपिक से निगरानी विभाग की टीम पूछताछ करेगी जिसके बाद उनके खिलाफ कड़ी करवाई की जाएगी। वही राजस्व के कर्मी प्रेम कुमार मांझी ने बताया की निगरानी विभाग की टीम समाहरणालय स्थित राजस्व कार्यालय पहुंची तो सभी लोगो को एक तरफ करके प्रधान लिपिक

जियाउल है अंसारी को अपने साथ ले गई द्य जब हमलोगो ने उनका आइडेंटी कार्ड मांगी तो उन्होंने अपना आइडेंटी कार्ड दिखाते हुए उन्हें अपने साथ गिरफ्तार कर लेकर जाने लगे द्य प्रेम कुमार मांझी ने बताया की उनके साथ धक्का मुक्की भी किया गया द्य फिलहाल राजस्व विभाग के लिपिक के गिरफ्तारी के बाद पूरे सिवान में हड़कंप मच गई है।

मध्यान्ह भोजन के 75 बैग चावल मिला सड़ा गला भोजन करने से बच्चे हो सकते थे बीमार

वीरेन्द्र कुमार सिंह अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ सीतामढ़ी। सोनबरसा प्रखण्ड के सरवरपुर मध्य विद्यालय में गुरुवार ।से चल रहे हाई प्रोफाईल ड्रामा के बीच शुक्रवार को विद्यालय में मध्याह्न भोजन में हुई गड़बड़ी का बहुत बड़ा मामला उजागर हुआ। जिसमें सडे गले चावल से भोजन तैयार किया गया खाना खाने से इंकार किया। मामला अभिभावक तक पहुंचने पर अभिभावक मध्य विद्यालय पहुंचे। भोजन देख अभिभावक अवाक रह गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना मध्य विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वंश लाल महतो को दी। महतो ने इसकी शिकायत बीईओ को दी। बीईओ ने जांच का जिम्मा मध्याह्न भोजन प्रभारी को दिया। शुक्रवार को बीआरपी उमेश चंद्र झा विद्यालय पहुंच जांच की। झा ने जांच में 75 बोरा चावल पाया जो सडा गला है। वह चावल खाने योग्य नही है। इस चावल को खाने से बच्चे बिमार पर सकते है। साथ ही बच्चों द्वारा प्रधानाध्यापक पर जो मारपीट गाली गलौज का आरोप लगाया गया था वह सत्य पाया गया। इसी दौरान पूर्व उप प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य जय किशोर साह ललित विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे, उन्हें भी ग्रामीणों का आक्रोश झेलना पड़ा। उन्होंने लोगों को समझाया। प्रधानाध्यापिका के खिलाफ निश्चित कारवाई की जायेगी। इनका स्थानांतरण कराया जायेगा ताकि मध्य विद्यालय सुचारू रूप से चल सके।

मध्याह्न भोजन प्रभारी झा द्वारा बताया गया कि अप्रैल, मई एवं जून का चावल उपलब्ध कराया गया था। मध्य विद्यालय में 75 बोरा चावल 2019–20 मिलना कई सवाल खड़ा करता है। कोरोना काल में बच्चों के बीच चावल बांटा गया या नहीं या विद्यालय को यही चावल उपलब्ध गया या फिर कोरोना काल में बच्चों के बीच राशन नही दिया गया। वैसे ग्रामीणों का आरोप है कि कोरोना काल में बच्चों को चावल नही बांटा गया। वही प्रधानाध्यापिका कल्याण कुमारी ने आरोपो का खंडन करते हुए इसे राजनीतिक से प्रेरित बताया। जिले में मध्यान्ह भोजन में

चल रहा बड़ा खेल शिक्षा व्यवस्था में सुधार हेतु सरकार द्वारा योजनाएं लाई जाती है। परंतु पदाधिकारी के मिलीभगत के कारण शिक्षा व्यवस्था दम तोड़ रही है। जमीनी सतह उन योजनाओं का क्रियान्वयन नही होता। बच्चों के कुपोषन के शिकार को देखते हुए देश के प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों को फोर्टीफाइड चावल मुहैया कराने की बात की ताकि बच्चे कुपोषण से बच सके। सरकार द्वारा बच्चों को फोर्टीफाइड चावल उपलब्ध कराया जाता है। आखिर सवाल उठता है कि वह चावल विद्यालय में न जाकर कहां जाता है। यह कहीं न कहीं बड़े खेल की ओर इशारा करता है। मध्याह्न भोजन प्रभारी ने भी पुछने पर बताया कि विद्यालयों में फोर्टीफाइड चावल ही देना है लेकिन एफसीआई से जो उपलब्ध कराया जाता है वही चावल हम विद्यालय को उपलब्ध कराते है।

भाजपा शिवहर ने जीत का जश्न मनाया

(गोपाल कुमार ठाकुर ब्यूरो चीफ शिवहर दैनिक अयोध्या टाइम्स।)

शिवहर। भाजपा जिला कार्यालय में भारत के आजादी के 75 वर्ष बाद पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के जीत का जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओ ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर जीत की हार्दिक बधाई शुभकामना दी। जिला प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह , जिलाध्यक्ष संजीव कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी जाति, धर्म ,भाषा क्षेत्र के राष्ट्रवादी विचारधारा वाले व्यक्तित्व को सम्मान देने का काम किया है, इससे देश की एकता ,अखंडता, संप्रभुता को मजबूती प्रदान किया है। सबका साथ सबका विकास ,सबका विश्वास सबका प्रयास के साथ जनमानस के विश्वास को जीते हैं ,2014 के बाद देश को राष्ट्रिय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने का कार्य मोदी जी के नेतृत्व में किया गया है ।उनको बदनाम करने के लिए विरोधी देश विदेश में जाकर देश के खिलाफ बोले है जो निंदनीय है। जश्न में किसान मोर्चा जिला प्रभारी हरेश कुमार सिंह, योगेन्द्र प्रसाद गुप्ता, राम कृपाल शर्मा ,विनय कुमार सिंह, प्रतिमा देवी,डॉ नुतन सिंह, अनिल कुमार सिंह ,रवि शंकर सिंह ,राजेश कुमार राजू, राम नाथ सुमन, दीनबंधु सिंह, संजय साह ,अशोक चंद्रवंशी, पंकज पाण्डेय ,पवन साह, राजीव पाण्डेय, पैक्स अध्यक्ष रंजन कुमार सिंह, धर्मेन्द्र पाण्डेय,गोपाल कुमार ठाकुर, मनोज कुमार, अनिल कुमार, विनय सिंह, प्रदीप कुमार सोनू, जय प्रकाश गुप्ता, राजीव कुमार राजू सिंह शामिल हुए ।

जाति आधारित गणना एक वृहद कार्य

(सुवेश जी ,अनुमंडल ब्यूरो चीफ दैनिक अयोध्या टाइम्स सुपौल)

–विमर्श कर जिला के अधीन किसी भी प्रखंड धनिकाय क्षेत्र में संलग्न सूची में से कोई भी जाति छुट्टी हुई नहीं है। यदि कोई जाति छुट्टी है , तो इसकी सूचना साक्ष्य के साथ उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त है। उक्त के आलोक में दिनांक 20 जुलाई 2022 को श्री कौशल कुमार , जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई , जिसमें सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/ कार्यपालक पदाधिकारी,नगर निकाय को निर्देशित किया गया कि विभाग से प्राप्त जाति सूची को अपने अपने क्षेत्र के अंतर्गत जाति सूची का मिलान नियमानुसार करते हुए नगर निकाय ६ प्रखंड स्तर से जाति सूची की संपुष्टि कर ली जाए , साथ ही इस आशय के प्रमाण पत्र के साथ जाति सूची भेजी जाए कि सूची में आपके क्षेत्रांतर्गत किसी भी जाति का नाम छुपा हुआ नहीं है । बैठक में अपर समाहर्ता , जिला सांख्यिकी पदाधिकारी,जिला कल्याण पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी , जिला सुपौल उपस्थित थे।

सुपौल। सामान्य प्रशासन विभाग , बिहार , पटना के अधिसूचना संख्या – 9077 दिनांक 6 जून 2022 के द्वारा जाति आधारित गणना का विधिवत शुभारंभ किया जा चुका है। जाति आधारित गणना एक वृहद कार्य है , जिसमें कार्य की समयबद्धता, महत्ता एवं अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए की जानी है । सामान्य प्रशासन विभाग , बिहार , पटना के पत्रांक 9987 दिनांक 20 जून 2022 जिसमें सामान्य प्रशासन विभाग , बिहार , पटना द्वारा उपलब्ध कराई गई जाति सूची को नगर निकाय ६ प्रखंड स्तर पर उपलब्ध अभिलेख , साक्ष्य एवं व्यापक विचार

सोनिया गांधी से ईडी के पूछ ताछ की विरोध में कांग्रेस ने निकाला आक्रोश मार्च

पंचानन सिंह अयोध्या टाइम्स बगहा पश्चिमी चंपारण। कांग्रेस नेताओं के द्वारा सोनिया गांधी से ईडी के पूछ ताछ की विरोध में जिला समाहरणालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन और आक्रोश मार्च का आयोजन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने नगर के मुख्य मार्ग से तीन लालटेन चौक,लाल बाजार,जनता सिनेमा के रास्ते विरोध प्रदर्शन व नारेबाजी करते हुए समाहरणालय समक्ष पहुंचे।जिसमें जिले भर से आए कांग्रेस के पदाधिकारी और नेता शामिल थे। कांग्रेसी नेता मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारा लगाया।

मौके पर पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह ने कहा की जान बूझकर केंद्र की मोदी सरकार गांधी परिवार को टारगेट कर बदनाम करना चाहती है। यह केंद्र सरकार की सोची समझी साजिश का एक हिस्सा है। केंद्र की मोदी सरकार जो हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है अपनी असफलता को छुपाने के लिए केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है। जिसे देश की जनता अच्छी तरह समझ रही है।आज देश में अघोषित आपातकाल जैसी स्थिति बनाकर रख दिया है। आज महंगाई और बेरोजगारी से देश की गरीब मजदूर जनता परेशान है। वहीं दूसरी ओर मोदी सरकार पूंजीपतियों के हाथों का खिलौना बनकर जनता को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ऐसे ही महंगाई से परेशान है वहीं जीएसटी के नाम पर जनता पर अतिरिक्त बोझ दिया जा रहा है। देश की स्थिति इतनी बदतर कर दी है कि अब आटा, चावल दाल घी दूध पनीर

आदि सामान पर जी एस टी लगाकर गरीब लोगों को परेशान करने का काम केंद्र सरकार कर रही है। इस आक्रोश मार्च में बगहा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह, शाश्वत केदार, इरशाद हुसैन,म. जुनैन के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

जिया सिंह ने सी बी एस ई 102 में कुल अंक 454 लाकर परिवार सहित विद्यालय का नाम की रोशन किया

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक (सारण) मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा चौहान टोला ग्राम निवासी समाजसेवी अधिवक्ता सरोज सिंह की पुत्री, पूर्व प्रधानाध्यापक स्वर्गीय शत्रुघ्न प्रसाद सिंह की पोती जिया सिंह ने सीबीएसई बोर्ड102 में 454 अंक लाकर गांव सहित अपने विद्यालय की नाम रोशन की है। जिया सिंह सेंट्रल स्कूल छपरा की छात्रा है। कुल अंक–454/प्रतिशत 90.8 लाने पर परिवार सहित विद्यालय में खुशी की लहर है। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने अच्छे अंक लाने के लिए जिया सिंह को बधाई देते हुए मिठाइयां खिलाई। छात्रा जिया सिंह भविष्य में डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती हैं।

जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा आयोजित जनता दरबार में आम जनता से साक्षात्कार के उपरांत प्राप्त 28 आवेदनों पत्रों का निष्पादन किया गया

अलोक बादल जिला संवाददाता सुपौल (बिहार)। समाहरणालय स्थिति टी0सी0पी0 भवन, सुपौल में जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा आयोजित जनता दरबार में आम जनता से साक्षात्कार के उपरांत प्राप्त 28 आवेदनों पत्रों का निष्पादन किया गया। जनता से प्राप्त आवेदनों में मुख्यतरू भूमि–विवाद एवं मारपीट से संबंधित मामले थे। जनता दरबार में श्री कौशल कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल, श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल, श्री विधु भूषण चौधरी, अपर समाहर्ता, एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

हसनपुर में मौत की खबर सुनते ही, मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफसमस्तीपुर– निरंजन जायसवाल

हसनपुर प्रखंड के मल्हीपुर निवासी रामकुमार यादव के 25 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार का शुक्रवार को ईलाज के दौरान मौत हो गई। बात दे की नीतीश कुमार आज से एक सप्ताह पहले मोटरसाइकिल से सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे, हालत बहुत गंभीर थीं, लेकिन परिजनों ने इन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना ले गए थे। लेकिन पटना में ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मौत की जानकारी सुनते ही उनके घर मे मातम छा गया, मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। इस घटना की जानकारी प्राप्त होने पर हसनपुर राजद व्यावसायिक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष अमित जायसवाल ने दुःख जाहिर किया।

अक्षर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया,जीता इनाम

दैनिक अयोध्या टाइम्स गोपाल कुमार ठाकुर शिवहर ब्यूरो चीफ।

शिवहर,सीतामढ़ी। स्वजजम बेवबव च्यम कंपनी द्वारा अक्षर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल शिवहर में एक प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिनमें सभी

बच्चों ने भाग लिया और कंपनी द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देकर आकर्षक उपहार पाने के हकदार बना। विद्यालय के प्रिंसिपल प्रियंका सिंह ने बताया है कि साथ ही साथ चोको पाई और चॉकलेट बच्चों के बीच बांटा गया और उन्हें विद्यालय, देश, शिक्षक के महत्व को बताते हुए अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए तत्पर रहने को कहा गया। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती प्रियंका सिंह और सभी शिक्षक मौजूद थे। सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम को खूब इंजॉय किया।

कोचिंग से छात्रा नहीं लौटी घर प्राथमिकी दर्ज

☒ परिजनों ने शादी के नियत से अगवा करने का लगाया आरोप

हरि किशोर सिंह ब्यूरो चीफ अयोध्या टाइम्स मशरक(सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के सोनौली गांव की 14 वर्षीय छात्रा गोढना बाजार पर कोचिंग में पढ़ने गई । गुरुवार को देर शाम तक जब घर नहीं लौटी तो परेशान परिजन काफी खोजबीन करने के बाद मशरक थाना पहुंच पुलिस से गुहार लगाया। छात्रा के पिता ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया है कि खोजबीन करने के क्रम में मिली जानकारी के अनुसार सोनौली के सूरज कुमार तिवारी पिता उमाशंकर तिवारी अपने सहयोगी गोढना गांव के उमाशंकर तिवारी पिता स्व रामबृक्ष तिवारी एवम चंदन तिवारी पिता हरेंद्र तिवारी के सहयोग से बहला फुसलाकर शादी के नियत से भगा ले गया है। इसके अलावे 5 अज्ञात लोग भी अगवा करने में शामिल थे। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है।

समस्तीपुर में मोबाइल और गले से चेन छीन कर भाग रहे तीन अपराधियों में से एक को ग्रामीणों ने पकड़ा, कर दिया जमकर पिटाई

दैनिक अयोध्या टाइम्स ब्यूरो चीफ समस्तीपुर– निरंजन जायसवाल

समस्तीपुर जिले में बेखौफ अपराधियों का तांडव थमने का नाम ही नही ले रहा है। ताजा मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गरूआरा का है जहां तीन की संख्या में हथियारबंद बेखौफ अपराधियों ने लूटपाट की घटना

को अंजाम दिया है। वहीं लूटपाट के दौरान स्थानीय लोगों ने एक अपराधी को पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी, और दो अपराधी फायरिंग करते फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक अपराधी को पकड़ कर अपने कब्जे में लेकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया गया कि वहां पर पीड़ित व्यक्ति के अनुसार गरूआरा में रत्नेश तिवारी गौशाला का सेड का निर्माण कर रहा था तभी बाइक सवार हथियारबंद तीन अपराधियों ने पहुंचकर रत्नेश तिवारी के साथ मारपीट की। इस दौरान अपराधियों ने रत्नेश का मोबाइल और गले से चेन छीन लिया। जिसमें एक को ग्रामीणों ने दबोच लिया अन्य दो अपराधी फायरिंग करते फरार हो गया। वहीं स्थानीय लोगों ने एक अपराधी की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस द्वारा घायल अपराधी का इलाज समस्तीपुर सदर अस्पताल में कराया जा रहा है, वहीं पुलिस इस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।